पण्डितमधुसूदन ओझा-ग्रन्थमाला - ६


पण्डितमधुसूदन ओझा-विरचितः

# आवरणवादः

टिप्पणानुवादसहितः

16

पण्डित-मधुसूदन-ओझा-ग्रन्थमाला-५



पण्डितमधुसूदन-ओझाविरचितः

# आवरणवादः

प्रधानसम्पादकः

**डॉ. गणेशीलालसुथारः**

निदेशकः

**पण्डितमधुसूदन-ओझाशोधप्रकोष्ठः**

संस्कृतविभागः, जयनारायणव्यासविश्वविद्यालयः

जोधपुरम्

पण्डित-मधुसूदन-ओझा-ग्रन्थमाला-५

पण्डितमधुसूदन-ओझाविरचित:

# आवरणवादः

टिप्पणानुवादकर्त्ता
**पण्डितोऽनन्तशर्मा**

सम्पादक:
**डॉ. दयानन्दभार्गव:**

प्रकाशक:
**पण्डित-मधुसूदन-ओझा-शोध-प्रकोष्ठ :**
संस्कृतविभाग:, जयनारायणव्यासविश्वविद्यालय:,
जोधपुरम्
१९९३

प्रकाशक
**पण्डित-मधुसूदन-ओझा-शोध-प्रकोष्ठ**
संस्कृतविभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

© प्रकाशक

प्रथम संस्करण
दिसम्बर, १९९३

मूल्य : एक सौ पांच रुपये मात्र

मुद्रक :
कम्प्यूटर कम्पोजिंग
सुरेश कुमार
**चीनू प्रकाशन**
बी-३५, शास्त्रीनगर, जोधपुर (राज.)
फोन : ३०९५६

प्राप्तिस्थान
निदेशक
**पण्डित-मधुसूदन-ओझा-शोध-प्रकोष्ठ**
संस्कृतविभाग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर — ३४२ ००१ (राजस्थान)

# विषयानुक्रमणिका


| | | | पृष्ठ |
|---|---|---|---|
| (i) | प्रधानसम्पादकीयं प्रास्ताविकम् | | i |
| (i) | शुभाशंसा | | vii |
| (iii) | भूमिका | | ix |
| (iv) | पूर्वपीठिका | | xv |
| | **आवरणवाद : सानुवादः** | **पद्यसंख्या** | |
| १ | उपोद्घातः | | १ |
| | १. वयोवयुनवयोनाधानां सामान्यपरिचयः | १-५ | |
| | २. प्राणानां वयस्त्वं वयोनाधत्वंच | ६,८ | |
| | ३. छन्दसां वयोनाधत्वम् | ७,८ | |
| | ४. प्राणानां छन्दसाञ्च सारूप्यम् | ९, १० | |
| २. | प्राणव्याख्यानम् | | ३ |
| | १. प्राणानां वयोवयोनाधवयुनरूपेण 'इदं सर्वत्वम्' | १ | |
| | २. प्राणानां जगदावरकत्वम् | २-५ | |
| | ३. प्राणानां प्रस्तुतिः | ६ | |
| | ४. प्राणानामुक्थत्वम् | ७-८ | |
| | ५. इदं सर्वं प्राणेषु सक्तम् | ९-१० | |
| | ६. प्राणानां सर्वमयत्वं लोकपालत्वमीशत्वञ्च | ११-१२ | |
| | ७. सौरब्रह्माण्डमूलं सूर्यः प्राणा एव | १३ | |
| ३. | छन्दोव्याख्या | | ७ |
| | १. छन्दोविषयकभूमिका छन्दसां पर्यायवाचकानि विश्वरूपता च | १-८ | |
| | २. पञ्चभावगणना | ९ | |
| | ३. भावसामान्यलक्षणम् | १० | |
| | ४. आलम्बनभावाः (प्रथमो भावः) | ११-३१ | |
| | ५. प्राकृतभावाः (द्वितीयो भावः) | ३२-३३ | |

६. भूतभावा: (तृतीयो भाव:) ३४-३७
७. त्रयाणामेषामात्मत्वम् ३५-३७
८. अनुभावा: (चतुर्थो भाव:) ३८-११७
९. व्यभिचारिभावा: (पञ्चमो भाव:) ११८-११९
१०. उपचारा: १२०-१३२
११. पञ्चभावोपसंहार: १३३-१३४
१२. छन्द एवेदं सर्वम् १३५-१४५

४. दशवादरहस्यान्तर्गत आवरणवाद: सानुवाद: ५०

५. ब्रह्मविनयगत आवरणवादानुगम: सानुवाद: ५४

६. टिप्पणभाग: ५६-११०

१. आवरणवादटिप्पण्य: ५६
२. दशवादगतावरणवादटिप्पण्य: १०७
३. ब्रह्मविनयगतावरणवादानुगमटिप्पण्य: ११०

# प्रधानसम्पादकीयं प्रास्ताविकम्

सृष्टिकारणताप्रतिपादकपूर्वपक्षसम्बन्ध्यपरवादव्योमवादाभिधवादग्रन्थद्वयप्रकाशनमनु वेदविज्ञानप्रकाशनपरायणवैदिकविचारकाननकान्तारान्तःप्रवेशनकुशलपण्डितमधुसूदनशर्म्म-मैथिलमहाभागप्रणीत आवरणवादाभिधो वादग्रन्थोऽयं पण्डितमधुसूदन-ओझा-ग्रन्थ-मालायां पञ्चमपुष्परूपो माधुसूदनवेदविज्ञानविवेचनविचक्षणश्रीमदनन्तशर्म्मविहित-सानुवादटिप्पणैः प्रस्फुटीकृत्य प्राकाश्यं नीयमानः सुधियां मुदे आमोदमातनिष्यतीत्यास्माकीनः सुदृढो विश्वासः। जोधपुरस्थजयनारायणव्यासविश्वविद्यालये इदम्प्रथमतया स्थापित-पण्डितमधुसूदन-ओझाशोधप्रकोष्ठद्वारा सम्प्रवर्तितेयं ग्रन्थमाला पण्डितानन्तशर्म्मपरिष्कृत-ग्रन्थकुसुमसुगुम्फिता कामप्यभिख्यां ददातीति। एतादृशा वेदविज्ञानपरिशीलनपरिश्रम-शालिनः सन्ति सुधियः कियन्तः? दशवादरहस्यगतावरणवाद-ब्रह्मविनयगतावरणवादानु-गमसानुवादटिप्पणसंयोजनेन ब्रह्मसिद्धान्तादिग्रन्थप्रतिपादितसृष्टिप्रक्रियोपकारकत्वेन निरू-पितस्यावरणस्य यथाप्रसंगोल्लेखैर्ब्राह्मणादिग्रन्थगताविसंवाद्युद्धरणैश्च परिबृंहितोऽयं टिप्पणानुवादसंवलित आवरणवादः परिपूर्णतां गमित इति वेदोक्तवादसमन्वयाय महान् प्रयत्नः। "मात्सर्य्यमुत्सार्य विचार्य्य वर्य्या युक्तीः समस्ता अवधारयन्तु। क्षुण्णे तदित्थं पथि संचरन्तो मार्गं परिष्कारमिमं नयन्तु॥" इत्ययं पण्डितमधुसूदनकृतदिङ्निर्देशस्तैश्चरितार्थी-कृतः। तेषां माधुसूदनवेदविज्ञानगहनाधीतिरूपाया वाटिकाया भाविनि कालेऽपि सद्व्याख्यानामोदपरिव्याप्तानां ग्रन्थपुष्पाणामवचयं कर्तुं शक्ष्यामो वयमित्याशास्महे।

आवरणवादस्वरूपमधिकृत्य न ह्यत्र किमपि प्रपञ्चनमपेक्ष्यते, पण्डितप्रवरानन्तशर्म्म-विहिततुलनात्मकटिप्पणैरतिवैशद्येन निरूपितत्वात्। अत एव समासेनाऽत्र किमप्युपन्यस्यते। किमिदं नामाऽऽवरणमिति विचिकित्सा सञ्जायते। किमेतत् "सदसद्भ्यामनिर्वचनीयं त्रिगुणात्मकं ज्ञानविरोधि भावरूपं यत्किञ्चिदिति वदन्त्यहमज्ञ इत्याद्यनुभवात् 'देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम्' इत्यादिश्रुतेश्च।" इत्येवमद्वैतवेदान्ताभिमतमज्ञानमाहोस्वित्तस्य शक्तिद्वया-न्यतराऽऽवरणशक्तिस्वरूपं यद् गौडपादाचार्यैः 'निद्रा तत्त्वमजानतः' [२] इति निरदेशि शङ्करभगवत्पादैश्च 'तत्त्वाज्ञानलक्षणा निद्रा' इति व्यपदिष्टम्।

अत्रेदमवधेयम् — वेदान्तार्थसम्प्रदायविद्भिर्गौडपादाचार्यैरन्यैश्च वेदान्तविद्भिर्विहिता-वरणपरिकल्पनापेक्षया पुरातनमेतदावरणविज्ञानं 'किमावरीवः कुह कस्य शर्मन्' इत्येतन्नासदी-यसूक्तस्थमन्त्रवर्णसंकेतितं पण्डितमधुसूदननिरूपितसाध्यदेवोद्भावितदशसृष्टिवादेष्वन्य-तमदिति। दशविज्ञानीयं प्रथितदर्शनषट्कापेक्षया पुरातनीति प्रतिपादयद्भिः पण्डितप्रकाण्डै-र्मधुसूदनमहाभागैरेवमवोचि—

"लोकायतादिदर्शनषट्कं यद् दृश्यतेऽद्यत्वे।
अर्वाचीनयुगे तद् भारतवर्षे मनीषिभिः क्लृप्तम्॥१८॥

इह तु वयं यां ब्रूमो दशविज्ञानी पुरातनी सा तु ।
स्वर्गे देवैर्दृष्टा वेदग्रन्थोऽवतारिता धन्या ॥१९॥
षण्णां तु दर्शनानां यस्मिन् काले पुरोद्भवो नासीत् ।
तर्हि स्वर्गे लोके दशविज्ञानप्रचारणा श्रूयते ॥
तानीदानीं लोके विज्ञानानि प्रचारयितुम् ।
वेदग्रन्थसमूहादुद्धृत्यात्र प्रदर्श्यन्ते ॥२१॥
(ब्रह्मसिद्धान्तादुद्धृतमिदं पद्यचतुष्टयम्)

श्रीमधुसूदनवेदविज्ञानसमुद्रतलावगाहनकुशलैः पण्डितमोतीलालशास्त्रिभिरपि—

"तम आसीत्तमसा गूळ्हमग्रेऽप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम् ।
तुच्छ्येनाभ्वपिहितं यदासीत् तपसस्तन्महिनाऽजायतैकम् ॥"
(ऋक्संहिता १०/१२९/३)

इत्यादिश्रुतिवचनानि " आसीदिदं तमोभूतमप्रज्ञातमलक्षणम् । अप्रतर्क्यमनिर्देश्यं प्रसुप्तमिव सर्वतः ॥" (मनुस्मृतिः १/५) इत्यादिस्मृतिवचनानि चावरणवादसमर्थकत्वेनोदाहृतानि । किञ्च, तैस्तु स्वगुरुपण्डितमधुसूदनोन्नीतमार्गोन्मुखैर्गीताशास्त्रं वेदशास्त्रस्यैव भाषान्तरमिति मन्वानैर्वेदोक्तवादा इमे गीतायामपि निर्दिष्टा इति हिन्दीगीताविज्ञानभाष्यभूमिकाया ब्रह्मकर्मपरीक्षाख्यखण्डे तत्प्रतिपादककतिपयपद्यानि स्थालीपुलाकन्यायेनोदाहृतानि । गीतासम्मतावरणवादसमर्थकत्वेनाधोनिर्दिष्टानि पद्यानि तैरुद्धृतानि —

क —यथोल्बेनावृतो गर्भस्तथा तेनेदमावृतम् । (गीता ३/३८)
ख —आवृतं ज्ञानमेतेन ज्ञानिनो नित्यवैरिणा । (गीता ३/३९)
ग —अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः । (गीता ५/१५)
घ —ज्ञानमावृत्य तु तमः प्रमादे संजयत्युत । (गीता १४/९)
ङ —तमस्येतानि जायन्ते विवृद्धे कुरुनन्दन । (गीता १४/१३)
च —सर्वारम्भा हि दोषेण धूमेनाग्निरिवावृताः । (गीता १८/४८)

यदिदं "आसीदिदं तमोभूतमप्रज्ञातमलक्षणम् । अप्रतर्क्यमविज्ञेयं प्रसुप्तमिव सर्वतः ॥" इति स्मृतिपद्यमावरणवादसमर्थकतया पण्डितप्रवरैर्मोतीलालशास्त्रिभिरुदाहारि, तत्प्रयुक्तं तमः- शब्दं व्याचक्षाणैर्मन्वर्थमुक्तावलीकारैः कुल्लूकभट्टैरभाणि — "इदं जगत् तमोभूतं तमसि स्थितं लीनमासीत् । तमःशब्देन गुणवृत्त्या प्रकृतिर्निर्दिश्यते तम इव तमः । यथा तमसि लीनाः पदार्था अध्यक्षेण न प्रकाश्यन्त एवं प्रकृतिलीना अपि भावा नावगम्यन्त इति गुणयोगः । प्रलयकाले सूक्ष्मरूपतया प्रकृतौ लीनमासीदित्यर्थः । तथा च श्रुतिः — 'तम आसीतमसा गूळ्हमग्रे' इति ।"

वेदविज्ञानभाष्यकारमूर्धन्यैः पण्डितमोतीलालशास्त्रिभिरावरणस्वरूपं विशदं व्याख्यायि । तद्यथा — अर्थदृष्टिप्रधानैः साध्यैरावरणमेव सृष्टिमूलमित्यमानि । कार्यस्य बाह्यरू-

पमेव तत्कारणं परिचाययति। "वातो देवेभ्य आचष्टे यथा पुरुष ते मनः" (शतपथब्राह्मणम् ३/४/२/७) इत्यादिश्रौतसिद्धान्तानुसारेण नो बाह्यं वातावरणमन्तर्भावार् सङ्केतयति। बाह्यधर्मस्वरूपपरिस्थितीनामाभ्यन्तरकारणपरिचायकत्वात् सृष्टिमूलविषयेऽपि सूक्ष्मचिन्तनमकृत्वा बाह्यदृष्ट्यैव कारणमन्वेषणीयम्। वस्तुनो बाह्यरूपमेव तन्मूलकारणं प्रत्याययिष्यति। समष्टिव्यष्ट्यात्मकविश्वस्य यावन्तोऽपि कार्यरूपा भूतभौतिकपदार्थाः सन्ति, सर्वेषां तेषां बाह्यरूपं तमोगुणप्रधानम्। एततमोगुणप्राधान्येन सृष्टेर्वस्तूनि पदार्था इत्यभिधीयन्ते। पदार्थशब्दे पदमर्थश्चेत्ययं विभागः। पदशब्दस्तु वस्तुनो नामधेयं संकेतयति। अर्थशब्दः स्वयं वस्तु बोधयति। वस्तुनो बाह्यरूपमर्थरूपमेवेति। अर्थभावोऽयमावरणम्। महामहिममयमाकाशमस्त्येकं महदावरणम्। अस्मन्नाकाशायतने प्रतिष्ठिताः सर्वे पदार्था अल्पीयांस्यावरणानि। असंख्यानामेषामावरणानां समष्टिरेव विश्वस्यास्ति वास्तवं स्वरूपम्। एतदेवावरणमास्तिकदर्शनप्रस्थानैस्तमोगुण इति व्यवहृतम्। अयमेव तमोगुणो भौतिकसृष्टेर्मूलम्। अर्थप्रधानसृष्टेर्मूलं केवलस्तमोगुण एव भवितुमर्हति, अर्थस्य स्वयमाव- रणस्वरूपत्वात् सजातीयसंबन्धसिद्धान्तानुसारेणैतन्मूलकारणास्याप्यावरणस्वरूपताया अवश्यम्भावित्वात्। एतदेवावरणं वैदिक्यां परिभाषायां वयुनमित्युदीर्यते। आवरणवाद-स्वरूपं विवृण्वानैर्वेदविज्ञानाधीतिबोधाचरणप्रचारणपरायणैरग्रवालोपाह्वडॉ.वासुदेवशरण-महाभागैर्ब्रह्मसिद्धान्तस्य प्राक्कथने सम्यगभ्यधायि — *"Creation is governed by the principle of Finitisation. The Infinite is cast in the finite mould for the purpose of becoming manifest. That which is made concrete and material assumes a finite shape. This is the doctrine of Avarana. A significant term for it is Maya. The power that measures out all created things is Maya."*

न हि ब्रह्मवादनिरपेक्षोऽयमावरणवादः प्रतनसाध्यदेवविप्रतिपत्तिविषयभूतः पूर्वपक्षकुक्षिनिक्षिप्तः सृष्टिकारणतासमस्यां सामस्त्येन समाधातुमर्हतीत्यफलरूपोऽयम्। ब्रह्मसिद्धान्तादिग्रन्थेषु रसापरपर्यायब्रह्मवादोपकारकत्वेन निरूपितमेदावरणं 'फलवत्सन्निधावफलं तदङ्गम्' इति न्यायेन सार्थकमेव। वस्तुतो मूलकारणमेकमेव भवितुं युक्तम्। यदैकसत्ताऽऽधारत्वेन स्वीक्रियते, तर्हि विश्वगर्भप्रतिष्ठिता दशाऽपि कार्यरूपाः कारणवादाः सृष्टिमूलकदृष्टिकोणभेदेन यथावत् सामञ्जस्येनोपपद्यन्ते। न हि कार्यकारणभावः समानप्रकारक एव भवतीति ध्रुवं सत्यम्, परन्तु केवलेऽस्मिन् विशृङ्खले कारणवाद एव कारणता न विश्राम्यति। यथाऽन्येषां वादानां तथैव ब्रह्मवादोपकारकत्वेनाऽऽवरणवादस्याऽपि सृष्टिप्रक्रियायामपेक्षा तु न निवार्यते। एतदपेक्षां प्रतिपादयद्भिर्वेदविज्ञानविवेचकैः डॉ.वासुदेवशरणाग्रवालमहाभागैः सम्यगेवावोचि — *'The principle of Envelopment is important for creativity. It determines the depth and dimensions of the projected creation."* (ब्रह्मसिद्धान्तस्य प्राक्कथनस्य पञ्चदशपृष्ठे)

विद्यावाचस्पतिमधुसूदनशर्म्ममैथिलमहाभागैः श्रौतब्रह्मवादे आवरणं कथं सङ्गमितमिति जिज्ञासा समुदयमासादयति। अत्रोच्यते — 'रसो वै सः' इति सुप्रसिद्धतैत्तिरीयकश्रुतिमनुसृत्य

तैर्ब्रह्म रससंज्ञया व्यवहृतम् । श्वेताश्वतरश्रुत्यनुसारेण तस्य परा शक्तिर्बलमित्युदीरिता । तद्यथा—

"ब्रह्म श्रुतौ तद् रस इत्युदीरितं परास्य शक्तिर्बलमित्युदीर्यते ।
बलं रसाद् भिन्नमिदं न गण्यते न श्रौतमद्वैतमसौ विरुद्ध्यते ॥"
(ब्रह्मसिद्धान्तस्य पञ्चदशपृष्ठे)

बलमेतद् मायापदव्यपदेशभाक् कथं भवतीति प्रतिपादयद्भिस्तैरुक्तम् —

"अथो रसे तत्र बलस्य सर्गादुदेति योयं विविधो विशेषः ।
कुतः स आयाति वियाति स क्वेत्यजानता सा कथितात्र माया ॥"
(ब्रह्मसिद्धान्तस्य सप्तत्रिंशत्तमे पृष्ठे)

बलपरिवर्तनाज्जगतो विचित्रा स्थितिर्भवति । तथा चोक्तं ब्रह्मसिद्धान्ते —

"बलं हि मृत्युर्मरणस्वभावं न चैकभावेन सदा स्थितं स्यात् ।
क्षणं क्षणं तत्परिवर्तते यत् ततो विचित्रा जगतः स्थितिः स्यात् ॥
(१५३तमे पृष्ठे)

तदेतद् बलमशनायाविक्षेपावरणभेदेन त्रिविधं भवति । विभूतियोगबन्धाभिधैः स्वरूपसर्गैर्बलशक्तिरियं त्रिधा जायते । तथा चाभ्यधायि समीक्षाचक्रवर्तिमहाभागैः —

"स्वरूपसंसर्ग इहोदितस्त्रिधा बन्धोऽपि योगोऽपि विभूतिरित्यपि ।
तैर्जायते शक्तिरियं त्रिधा तमो रजश्च सत्त्वं गुणा इमे ॥"
(ब्रह्मसिद्धान्तस्य १४१तमे पृष्ठे)

आवरणबलस्य स्वरूपं विशदयद्भिस्तैरुक्तम्—

''बलं यदन्तश्चरमस्ति सर्गतस्ततो रसो याति घनात्मतां क्रमात् ।
संवृत्य संवृत्य पृथक् पृथग्भवेदूचुस्तदेवावरणाभिधं बलम् ॥
(ब्रह्मसिद्धान्तस्य १५२तमे पृष्ठे)

तैर्ब्रह्मसिद्धान्तस्यावरणाधिकरणे "क्षणेन कम्पस्य गतिर्विलीयते न स्थीयते तेन सर्ग उद्भवेत् । सर्गस्य तस्मादुपपत्तये रसे बलं वदन्त्यावरणाभिधं पृथक् ॥" इत्येवं सृष्ट्युपपत्तये आवरणबलस्याऽऽवश्यकतां प्रतिपाद्य तत्स्वरूपं विधाश्च विशदं न्यरूपिषत ।

ब्रह्मसिद्धान्ते सांख्याभासनिरूपणार्थं पण्डितमधुसूदनमहाभागैस्तमःप्राधान्यवादिनां यन्मतं प्रतिपादितं तदप्यावरणप्रतिपादकश्रुतिमाधारीकृत्य निरूपितमिति दिक् । तद्यथा—

"अथो तमः शक्तिरमुष्य नित्या सत्त्वं रजश्चेति तमोविवर्तौ ।
सर्वं यदव्यक्तमिदं तदादावव्यक्तमव्यक्तमथान्ततः स्यात् ॥
अव्यक्तरेवास्य तमस्तदेषां परायणं तत् प्रभवो यतश्च ।
तस्मात्तमो मूलममुष्य शक्तिस्ततो रजः स्यात् तत एव सत्त्वम् ॥

नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि।
तम आसीत् तमसागूढमग्रे प्रजापतिः परमेष्ठीदमाह॥
मनुस्तथैवाह भृगुस्तथाह शाकायानिः प्राह तथैव मैत्र्याम्।
द्वैपायनोऽप्याह तथैव तस्मात् सिद्धं यदासीत् प्रथमं तमस्तत्॥"

(२०५-२०६ तमपृष्ठयोः)

समीक्षाचक्रवर्तिपण्डितमधुसूदनोद्भावित-पण्डितमोतीलालशर्म्मव्याख्यातवेदविज्ञानाधीतिबोधाचरणप्रचारणेषु मनःप्राणवाग्योगतत्पराणां श्रीकर्पूरचन्दकुलिशमहाभागानां शुभाशंसया पण्डितमधुसूदन-ओझाग्रन्थमालायां वादग्रन्थकुसुमग्रथनप्रयासं प्रत्यस्माकमुत्साहो-द्विगुणं संवर्धित इति महानयमुपकारः। तेषामेव विभूतिमतां सततसत्प्रयासैर्देशविदेशविहित-व्याख्यानैश्च विस्मृतिगुहान्तर्हितस्य विद्यावाचस्पतिश्रीमधुसूदनोद्भावितवेदविज्ञानस्य महिममण्डलं विश्वस्मिन्नधुना पुनर्विततमित्येतदवितथं वृत्तम्। पण्डितमधुसूदनओझा-शोधप्रकोष्ठस्य परामर्शदातृमण्डलस्य संरक्षका अस्माकं कुलपतिमहाभागा आचार्य-डॉ.वी.श्रीनिवासन्महोदया अभियान्त्रिकीविद्याविशारदाः सन्तोऽपि संस्कृताभिज्ञत्वात् वेद-विज्ञानसमुन्नतितत्परत्वाच्च शोधप्रकोष्ठकार्यप्रगतिग्रन्थप्रकाशनकार्यक्रमविषये सविशेषं परिज्ञातुमौत्सुक्यं प्रदर्श्य दिशानिर्देशं कुर्वन्तीत्यतस्तेषां महान्तमुपकारभरं विभृमो वयम्। समीक्षाचक्रवर्तिपण्डितमधुसूदनशर्म्ममैथिलमहाभागानां शिष्यायमतमैरस्मत्गुरुचरणैर्विश्व-विद्यालयेऽस्मिन् संस्कृतविभागस्य संस्थापकाध्यक्षचरैर्ब्रह्मलीनस्वामिसुरजनदासमहाभा-गैस्तत्सान्निध्यप्राप्तेः श्रीमाधुसूदनवेदविज्ञानस्य महत्वातिशयं १९६८तमखृष्टाब्दादेव सञ्जानानोऽहं तदध्ययनप्रवृत्त्यर्थं नैकवारं प्रेरित इति तेषां महदुपकारं शिरसा वहामि। वेदविज्ञानपारदृश्वभिस्तैः स्वगुरुवर्य्यपण्डितमधुसूदनशर्म्ममैथिलरचितानेकग्रन्थानामन्वेष-णानुवादसम्पादनप्रकाशनैर्वेदविज्ञानविषयकनिबन्धव्याख्यानादिभिश्च वेदविज्ञानसमुन्नयनार्थं यावज्जीवं सततं सत्प्रयासो व्यधायि। स्वजीवनकाले पण्डितमधुसूदनओझाशोध प्रकोष्ठस्थापनया वेदविज्ञानस्य परिबृंहितायति विचार्य्य तैरानन्दातिरेकोऽन्वभावि। ग्रन्थस्यैतस्य कम्प्यूटरटङ्कणादिकार्यं जोधपुरस्थचीनूप्रकाशनाधिकारिभिः कौशलेन तत्परतया च सम्पादितमित्यतस्ते हृदयेन धन्यवादार्हाः। विश्वस्मिन् जगति वेदविज्ञानस्य सतत-श्रवणमननाध्यसनैस्त्रिधारात्मिका ब्रह्मयज्ञभूतविज्ञानत्रयी सामञ्जस्येन प्रतिपद्येत परीक्षणा-त्मकविकृतिविज्ञानापरपर्यायमाधुनिकभूतभौतिकविज्ञानं च ब्रह्मविज्ञानेन समन्वितं स्यादित्याकाङ्क्षमाणः—

**गणेशीलालसुथारः**
निदेशकः
पण्डितमधुसूदन-ओझाशोधप्रकोष्ठः
संस्कृतविभागः
जयनारायणव्यासविश्वविद्यालयः
जोधपुरम् (राजस्थानम्)

# शुभाशंसा

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के अन्तर्गत पण्डित मधुसूदन ओझा शोध-प्रकोष्ठ द्वारा ओझाजी के ग्रन्थों का अनुवाद और प्रकाशन जिस गति से हो रहा है, वह अतीव उत्साहवर्द्धक है। 'आवरणवाद' इसी प्रकाशन अभियान की एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है। मूर्धन्य विद्वान् श्री अनन्त शर्मा ने जिस निष्ठा एवं परिश्रम से ओझाजी द्वारा लिखित पूर्वपक्ष के ग्रन्थों का अनुवाद एवं टिप्पणकार्य हाथ में लिया है, वह वैदिक वाङ्मय में अनूठा योगदान करने वाला है। पण्डित ओझा ने वेद, वेदांग, पुराण, प्रस्थानत्रयी एवं तन्त्रशास्त्र पर जितने विपुल वाङ्मय की रचना की है, वह भारतीय संस्कृति के इतिहास की अभूतपूर्व धरोहर है। उन्होंने नासदीय सूक्त में वर्णित पूर्वपक्ष के भिन्न-भिन्न वादों पर भी पृथक्-पृथक् ग्रन्थ लिखे हैं। पूर्वपक्ष संबंधी ये सभी ग्रन्थ विलक्षण हैं। ओझाजी के दृष्टिकोण की एक विशेषता यह है कि वे किसी वाद का खण्डन नहीं करते अपितु ब्रह्मवाद के परिप्रेक्ष्य में उसकी सीमा का भान भली भांति करा देते हैं और वाद विशेष का विशद विवेचन करते हैं। आवरणवाद की भी यही विशेषता है।

आवरणवाद का संबंध प्रत्यक्ष पदार्थ से है। इसे वयुनवाद, छन्दोवाद आदि संज्ञाओं से भी प्रस्तुत किया गया है। जो कुछ आवृत है, सीमाबद्ध है, प्रत्यक्ष है, वही आवरणवाद का आधार है। पं. मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ के अनुरोध पर श्री अनन्त शर्मा ने पूर्वपक्ष के ग्रन्थों के अनुवाद का बीड़ा उठाकर इस महत् कार्य को बल प्रदान किया है। उन्होंने जिस सुचारूता से यह कार्य किया है, अभिनन्दनीय है। पं. मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ उनका ऋणी रहेगा और वैदिक वाङ्मय का पाठकवर्ग अवश्य ही इससे लाभान्वित एवं गौरवान्वित होगा।

मेरे लिये इससे अधिक प्रसन्नता क्या हो सकती है कि ओझाजी का वेदविज्ञान प्रकाश में आ रहा है और निरन्तर बढ़ता जा रहा है। मेरी एक ही इच्छा रही है कि विद्वज्जन इस कार्य को अपने हाथ में लें। मैं देखता हूँ कि एक के बाद एक विद्वान् आगे बढ़ कर वेदविज्ञान के कार्य को प्रकाश में लाने में रत हो रहे हैं।

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर का पण्डित मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ इस कार्य को बड़ी द्रुत गति से आगे बढ़ा रहा है।

कार्य अपने आप में बहुत बड़ा है। देशभर में इसका प्रसार होना है। अब आशा बंधी है कि अधिकाधिक विद्वान् प्रेरित होंगे और कार्य की गति को बढ़ायेंगे।

**कर्पूरचन्द कुलिश**
संस्थापक, राजस्थान पत्रिका

**सदस्य**
**परामर्शदातृमण्डल**
**पण्डित मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ**
**संस्कृतविभाग**
**जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर**

# भूमिका

नासदीय सूक्त में **पं. मधुसूदन ओझा** ने जिन दस वादों का संकेत माना है उनका विवरण हम अपनी अपरवाद की भूमिका में दे चुके है । इन दस वादों में **पं. अनन्त शर्मा** द्वारा टिप्पणी सहित अनूदित होकर **पं. मधुसूदन ओझा** के अपरवाद और व्योमवाद का विवेचन करने वाले ग्रन्थ प्रस्तुत सम्पादक द्वारा ही सम्पादित होकर प्रकाशित हो चुके हैं । प्रसन्नता की बात है कि अब आवरणवाद का विवेचन करने वाला यह ग्रन्थ **पं. अनन्त शर्मा** कृत अनुवाद तथा टिप्पणी सहित **जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय** के संस्कृतविभाग के **पं. मधुसूदन ओझा शोध-प्रकोष्ठ** द्वारा प्रकाशित हो रहा है ।

आवरणवाद भी अन्य वादों के समान सृष्टि के मूलकारण को खोजने का एक प्रयास है । किसी भी वस्तु के तीन अंग होते हैं —नाम, रूप और कर्म, इन तीनों को मिलाकर वय: कहा जाता है । यह वय: वस्तु है । उस वस्तु का आकार वयोनाध है । आकार अथवा वयोनाध को छन्द भी कहते हैं, क्योंकि यह वय: अर्थात् वस्तु को आच्छादित या आवृत करता है । वय: और वयोनाध को मिलाकर वयुन कहा जाता है । शतपथ ब्राह्मण में वय: को प्राण भी कहा गया है । इस सारे विवेचन में वयोनाध अथवा छन्द का महत्त्व स्पष्ट है । पदार्थ एक आकारविशेष ही तो है और इस आकार को छन्द ही बनाता है । पदार्थ को हम दो रूप में ग्रहण करते हैं —वर्तुल, लम्बा, चौकोर आदि आकृति और लाल, पीला, हरा आदि वर्ण । इनमें आकार को त्वष्टा बनाता है और वर्ण को इन्द्र । छन्द पदार्थ के परिमाण को निश्चित करता है । परिमाण की भिन्नता से ही पदार्थ भिन्न होते हैं । अग्नि एक परिमाण में अन्न को पचाता है, दूसरे परिमाण में उसे पकाता है, और तीसरे परिमाण में उसे जलाकर भस्म बना देता है ।यह छन्द की ही महिमा है, क्योंकि छन्द ही पदार्थ के परिमाण को निश्चित करता है ।

वय: भी प्राण है, छन्द भी प्राण है । दोनों की युति ही वस्तु है । इस प्रकार प्राण ही वस्तु के स्वरूप को सुरक्षित रखता है, इसलिए वेद में प्राण को गोपा कहा गया है । ऐतरेय आरण्यक में इस गोपा प्राण की अन्तर्मुख और बहिर्मुख दो गतियों का उल्लेख है । ऐतरेय आरण्यक कहता है कि प्राण कभी विश्राम नहीं करता । यह सब कुछ प्राण से आवृत है । यजुर्वेद में कहा गया है कि प्राण के बिना कोई क्रिया नहीं हो सकती । समस्त भूत प्रज्ञा में टिके हैं और प्रज्ञा प्राणों में टिकी है । प्राण न साधु कर्म से बढ़ता है न कलुष कर्म से छोटा होता है । वस्तुत: ब्राह्मण ग्रन्थ प्राण की महिमा के वर्णन से भरे हुए हैं ।

छन्द के रूप में प्राण वस्तु की सीमा बान्धता है । छन्दों की भिन्नता के कारण ही देवताओं की भिन्नता बनती है । एक वस्तु दूसरी वस्तु से पांच कारणों से भिन्न होती है:— (१) आलम्बन भाव (२) प्राकृत भाव (३) भूतभाव (४) अनुभाव और (५) व्यभिचारी भाव ।वस्तु का आलम्बन, देव, मनुष्य, पितर तथा असुर प्राण हैं । इन प्राणों के तारतम्य से प्रकृति बनती है, मनुष्य तुच्छ,

पितर विरक्त, असुर उग्र, तथा देव दयावान् होते हैं । इन प्रकृतियों के परस्पर मिलने से सोलह प्रकृतियाँ बनती हैं जिनमें सात सत्त्वप्रधान हैं ब्रह्मा, ऋषि, गन्धर्व, कुबेर, इन्द्र, यम और वरुण छः रजःप्रधान हैं राक्षस, पिशाच, असुर, प्रेत, सर्प और पक्षी तथा तीन तमःप्रधान हैं —मत्स्य, पशु तथा वृक्ष । देवशरीर सत्त्वप्रधान है, मनुष्यशरीर रजःप्रधान है तथा पशुशरीर तमःप्रधान है । स्वभाव जन्म से होता है, कर्म से होता है तथा व्रत से होता है । इनमें सहज जन्मजात स्वभाव ही मुख्य है । स्वभाव का संबंध भी छन्दों से है । ब्राह्मण ग्रन्थों में किस छन्द का संबंध किस धर्म से है यह विस्तार से दिया गया है । गायत्री का ब्रह्मवर्चस् से, उष्णिक् का आयु से, अनुष्टुप् का स्वर्ग से, बृहती का श्री और यश से, पंक्ति का यज्ञ से, त्रिष्टुप् का इन्द्रियों के वीर्य से, जगती का पशु से और विराट् का अन्न से संबंध है । इनमें गायत्री का देवता अग्नि है । यह ब्राह्मण वर्ण का छन्द है । त्रिष्टुप् का देवता इन्द्र है । यह क्षत्रिय वर्ण का छन्द है । जगती का देवता विश्वेदेव हैं । यह वैश्यवर्ण का छन्द है, क्योंकि ब्राह्मण के छन्द में आठ अक्षर हैं इसलिए उसके उपनयन की आयु भी आठ वर्ष है । इसी प्रकार क्षत्रिय के त्रिष्टुप् छन्द में ग्यारह अक्षर हैं । उसके उपनयन की आयु भी ग्यारह वर्ष है । वैश्य के जगती छन्द में बारह अक्षर हैं । उसके उपनयन की आयु भी बारह वर्ष है । पं. मोतीलाल जी शास्त्री ने इन सातों छन्दों का संबंध खगोल से भी स्थापित किया है । पृथिवी के बीचो-बीच जो भूमध्य रेखा है, वह पृथिवी की अन्य रेखाओं से मध्य में होने के कारण बड़ी है, इसलिए उस रेखा को बृहती कहा जाता है । भूमध्यरेखा पर सूर्य निरन्तर तपता है —सूर्यो बृहतीमध्यूढस्तपति । आधा खगोल इस रेखा के दक्षिण की ओर है, आधा खगोल उत्तर की ओर है । इसी के एक ओर १२, ८ और ४ के अंशों पर ३ वृत्त हैं, जिसमें दक्षिण भाग का सबसे अन्तिम वृत्त मकर वृत्त कहलाता है । उत्तर भाग में भी इसी प्रकार तीन वृत्त हैं जिनमें सबसे अन्त में वृत्त कर्कवृत्त कहलाता है । मकर वृत्त का संबंध गायत्री छन्द से है और कर्कवृत्त का संबंध जगती छन्द से है । इनमें गायत्री सबसे छोटा है और जगती सबसे बड़ा है । गायत्री के एक पाद में ६ अक्षर होते हैं, उष्णिक् में ७, अनुष्टुप् में ८, बृहती में ९, पंक्ति में १० त्रिष्टुप् में ११ और जगती में १२ । ये छन्द ही पदार्थ का आकार निर्धारित करते हैं ।

इस प्रकार तीन मुख्य छन्दों का संबंध तीन वर्णों से है, उसी प्रकार उनका संबंध तीन शरीरयात्रोपयोगी पदार्थों से भी है —अन्न, जल और वायु । इनमें अन्न घन, जल तरल और वायु विरल का उपलक्षण है । विश्व के समस्त पदार्थों का इन तीन भावों में ही अन्तर्भाव हो जाता है ।

आलम्बन से प्राकृत भाव उत्पन्न होते हैं । सरस्वती से वाक्, पूषा से पशु, अग्नि से तेज, वरुण से ओज, भग से श्री, त्वष्टा से रूप, सविता से प्रेरणा तथा सोम से द्युम्न भाव उत्पन्न होता है । इसी प्रकार अन्य देवताओं से अन्य भाव उत्पन्न होते हैं ।

पंच भूतों से शरीर का निर्माण होना भूतभाव है । इन्हें स्थायी भाव कहा जाता है । आलम्बन, प्राकृत तथा स्थायी भाव ये तीनों आत्मा हैं, क्योंकि इन तीनों से वस्तु के स्वरूप की

स्थिति होती है। इनमें आलम्बन भाव जीवात्मा है, प्राकृतभाव अन्तरात्मा है तथा स्थायीभाव भूतात्मा है। ये तीन आत्मधर्म हैं। अनुभाव आत्मानात्मरूप है। व्यभिचारी भाव अनात्मरूप है।

अनुभाव चार हैं —मा, प्रमा, प्रतिमा और अस्रीवय: । मा संख्या है। यही एक पदार्थ को दूसरे पदार्थ से पृथक् करती है। चाहे सजातीय भेद हो चाहे विजातीय, चाहे स्वगत, तीनों में संख्या ही हेतु बनती है। प्रमा वस्तु की प्रतिष्ठा है, प्रतिमा अनुरूपता और शेष धर्म अस्रीवि। डॉ. वासुदेवशरण अग्रवाल के अनुसार मा वह उपादान कारण है जिससे कोई पदार्थ बनता है, प्रमा उस उपादान कारण का परिमाण है तथा प्रतिमा वह आकार है जिस आकार में अमुक पदार्थ को अमुक परिमाण में ढाला जाता है। इस प्रकार इन मा, प्रमा, प्रतिमा आदि छन्दों के कारण जब परात्पर, जो असीम है, एक छन्द अर्थात् सीमा में बन्ध जाता है तो पुरुष कहलाता है। अव्यय पुरुष, अक्षर पुरुष और क्षर पुरुष इसी पुरुष के भेद हैं। सब संख्याओं के मूल में एक है, यही दश शत और सहस्र बन जाता है। इसी प्रकार तन्मात्राभूत भूत-भौतिक और भौतिक विश्व बन जाता है।

पृथिवी अन्तरिक्ष और द्यौ ये तीन लोक तो प्रसिद्ध हैं ही, चौथा लोक भी है —अस्ति वै चतुर्थो देवलोक आप: । इन चार लोकों के चार ही देवता है —अग्नि, वायु, आदित्य और चन्द्रमा। इन चार लोकों और चार देवताओं का चार छन्दों से संबंध है। अग्नि देवता तथा पृथिवी का संबंध माछन्द से, वायु देवता तथा अन्तरिक्ष का प्रमा से, सूर्य देवता तथा द्यौ का प्रतिमा से तथा सोम देवता एवं दिशाओं का संबंध अस्रीवि से है। यहाँ मा का अर्थ संख्या परिच्छेद, प्रमा का अर्थ वस्तु की आयतनरूपा वस्तुप्रतिष्ठा तथा प्रतिमा का अर्थ सादृश्य है। किसी भी वस्तु के निर्माण में संख्या, संख्या का क्रम तथा प्रतिमान अर्थात् मॉडल चाहिये। छन्द ये तीनों देता है।

छन्द वाक् का परिमाण है —वाक्परिमाणं छन्द: । वाक् के गर्भ में प्राण है, प्राण के गर्भ में मन। मन का संबंध रूप से है, प्राण का कर्म से, वाक् का नाम से। यह रूप, कर्म और नाम की समष्टि ही पदार्थ है। वाक् का मन्द रूप गायत्री है, मध्य रूप त्रिष्टुप् और तार रूप जगती। प्रात:काल अग्नि मन्द होती है इसलिए वाक् भी मन्द होती है। इसका छन्द गायत्री है। यह ब्राह्मण वर्ण का छन्द है। ब्राह्मण प्रात:कालीन सूर्य के समान शान्त किन्तु उत्तरोत्तर वर्धमान होता है। मध्याह्न की वाक् मध्य होती है। इसका छन्द त्रिष्टुप् है। इसका संबंध क्षत्रिय से है। क्षत्रिय मध्याह्न के सूर्य के समान प्रचण्ड होता है। सायंकाल की वाक् तारस्वर वाली है। इसका छन्द जगती है। यह वैश्य वर्ण का छन्द है। वैश्य वर्ण सायंकालीन सूर्य के समान नम्र, किन्तु क्षयिष्णु होता है। मन्दवाक् उर:स्थान तक जाती है, मध्यमवाक् कण्ठपर्यन्त, और तारस्वर वाली वाक् मुखपर्यन्त। इसलिए मनु ने ब्राह्मण के लिए उर:स्थलपर्यन्त, क्षत्रिय के लिए कण्ठ-पर्यन्त और वैश्य के लिए मुखपर्यन्त जल के स्पर्श करने वाले आचमन का विधान किया है।

शरीर के भूत, प्राण और प्रज्ञा ये तीन पाद हैं । उसमें ऊपर भी चार प्राण तथा नीचे भी चार प्राण- इस प्रकार आठ प्राण हैं । यही आठ प्राण त्रिपाद् होकर चौबीस अक्षरों वाली गायत्री होती है । भूतगायत्री के आठ अक्षर हैं— अप्, फेन, ऊष (क्षार), सिकता, शर्करा, अश्मा, अयः तथा हिरण्य । इस गायत्री के तीन पाद हैं— भूत, प्रज्ञा तथा तेजस्, जो क्रमशः वाक्, गौ तथा द्यौ कहलाते हैं । आदित्य गायत्री के आठ अक्षर हैं— मित्र, वरुण, भग, अंश, धाता, अर्यमा, सविता तथा विवस्वान् । द्युगायत्री के तीन पाद हैं— ज्योतिः गौ तथा आयु । सर्वात्मिका गायत्री के आठ अक्षर हैं— पृथिवी, अप् , अग्नि, वायु, विद्युत्, सोम, रवि, आत्मा । लोकगायत्री के चौबीस अक्षर हैं— व्याघ्र, सिंह, महिष, वराह, ऋक्ष, मतंग और कपि ये सात आरण्य पशु, गौ, अवि, अज, अश्वतर, अश्व, रासभ और मनुज ये सात ग्राम्य पशु, वृक्ष, गुल्म, लता, प्रतान और तृण ये पांच उद्भिज्ज, वाङ्मय, पार्थिव तैजस, आप्य और वायव्य ये पांच जीव । वर्ष के १२ मास के २४ पर्व भी गायत्री के २४ अक्षर हैं । पृथिवी, अन्तरिक्ष तथा द्युलोक की आठ आठ दिशाएं मिलकर २४ दिशाएं भी गायत्री के २४ अक्षर हैं । इस प्रकार सब कुछ गायत्रीमय ही है ।

विराट् के दश अक्षर हैं । अग्नियाँ भी दस हैं । आठ धिष्ण्य तथा दो आहवनीय एवं गार्हपत्य । अक्षर ब्रह्मवाक्रूप है । इसका परिच्छेदविशेष ही छन्द है ब्रह्मा जिसके अनेक भेद हैं । संवत्सर पुरुष है । उसके पीछे ऋग्वेदियों का अग्नि है । ये तीन वेद समुद्र हैं । जिनके पीछे छन्द है, उनके पीछे लोक तथा लोकों के पीछे आत्मा ।

बुद्धि में अन्तःस्थित घट प्रमा है । वह अविनाशी है ।यही आन्तरिक घट बाह्य घट की प्रतिष्ठा है । वस्तु का आवरण ही उसे वस्त्वन्तर से भिन्न करता है ।

मिट्टी घड़ा नहीं है, आकृति ही घड़ा है । अन्यथा मिट्टी के बने तो दीपक भी हैं । हाथी घोड़े से आकृति में ही भिन्न है, हाड मांस की दृष्टि से नहीं । सागर सरोवर नदियों के भेदक आकृतियां ही है, जल नहीं । आकृति ही पदार्थ की पहचान कराती है ।

वस्तुओं की एक सहज आकृति है जो बदली नहीं जा सकती; अन्यथा वानर हाथी के प्रमाण का बन जाता । वानर के शिशु के छन्द की पूर्णता होने पर वह आगे नहीं बढ़ता, किन्तु मनुष्य का बालक जन्म के समय वानर के बच्चे जितना होने पर भी बढ़ता रहता है, क्योंकि दोनों का छन्दपरिमाण न्यूनाधिक है ।

संसार के सभी पदार्थ मित हैं, अतः छन्द हैं । दोनों में गिनवाये गये अनेक छन्द तो केवल उपलक्षण हैं, वस्तुतः छन्द असंख्य हैं । बालुकण अनन्त हैं । ग्रहण किया हुआ आकाश देश है, ग्रहण न किया हुआ आकाश दिक् है । सूर्योदय के निकट पूर्व दिशा ध्रुव के निकट उत्तर दिशा है । सत्ता ही अपने अन्तराल में काल बनाती है । जब तक घट है तभी तक घटकाल है । सूर्यकाल अहः है । उससे भिन्न निशा है ।

छन्द अग्नि का वसन है। अस्त्रीवय:, प्रतिमा, प्रमा तथा मा से दैहिक अग्निमात्र आवृत्त है, अत: वे अग्नि का वस्त्र कहलाते हैं।शिल्प दो प्रकार का है –अपूर्व तथा प्रतिरूप।ये शिल्प अनुभाव कहलाते हैं।

व्यभिचारी भाव अनात्मभाव हैं, यथा उष्णता, शीतलता मलिनता, स्वच्छता आदि। ये आगमापायी हैं। ये नित्य नहीं हैं।

आना जाना आदि भाव उपचार है, क्योंकि जो एक के लिए आना है वही दूसरे के लिए जाना है। अत: उनका आना या जाना नाम औपचारिक ही है, पारमार्थिक नहीं।

वेदों में छन्द का इतना सर्वव्यापक रूप दिया गया है कि समस्त जगत् ही छन्दोमय बन गया है। एक इस प्रकार का रूपक है सूर्यरथ का। इस सूर्यरथ के दो चक्र हैं गायत्री तथा जगती। उष्णिक् तथा त्रिष्टुप् जुआ है, पंक्ति और अनुष्टुप् अश्व है। बृहती आसन का फलक है। इस सूर्यरथ का एक चक्र भी बताया गया है। यह एक चक्र क्रान्तिवृत्त है। छन्द उसी रथ के अश्व हैं। कर्कवृत्त जगती है जो उत्तर में है। बृहती विषुवत है जो मध्य में है। नीचे दक्षिण में गायत्री मकर है। गायत्री और बृहती के मध्य में उष्णिक् तथा अनुष्टुप् है। उसके ही अनन्तर विषुवत रूप बृहती है। बृहती तथा जगती के मध्य में त्रिष्टुप् तथा पंक्ति है।

इस प्रकार प्रत्येक वस्तु में आलम्बन, प्राकृत, स्थायी, अनुभाव तथा संचारीभाव होते हैं। अनुभाव छन्द है। संचारी अनात्मधर्म है। शेष तीन अनात्मधर्म हैं। आत्मधर्म वय है तथा कुछ अनात्मधर्म भी वय है। अनुभाव वयोनाध है। उपचारधर्म भी वयोनाध है।

सूर्य ही महेश्वर है। यह भी अनवच्छिन्न नहीं है बल्कि मित है। इस मित से ही मित जगत् उत्पन्न होता है। छन्द अनन्त हैं किन्तु विभु तथा एक नहीं हैं। सभी पदार्थ मित हैं, अत: छन्दोबद्ध हैं। मित ही प्रमिति का विषय बनता है। आकाश भी मित होकर ही प्रतीति का विषय बनता है।

न कुछ कारण है न कार्य। स्वस्तिक से रुचक तथा रुचक से स्वस्तिक बन जाता है। केवल रूपपरिवर्तन करना होता है। अप् से पृथिवी तथा पृथिवी से अप् उत्पन्न होता है। मिट्टी से घट तथा घट से मिट्टी बनती है। सभी कारण अवान्तर हैं, आदिकारण कुछ भी नहीं है। अत: ब्रह्म की खोज निरर्थक है। जब सभी मित है, तो अपरिमित ब्रह्म के होने का क्या प्रमाण है?

उपर्युक्त वर्णन से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि अन्य वादों के समान आवरणवाद भी सृष्टि के रहस्य उद्घाटित करने में समर्थ है, किन्तु ऐसा तभी संभव है जब यह सिद्धान्तपक्ष अर्थात् ब्रह्मवाद से जुड़कर चले। इसके विपरीत यदि आवरणवाद ब्रह्मवाद का प्रतिद्वन्द्वी होकर आता है तो यह केवल शब्दजाल होकर रह जाता है, तत्त्व तक नहीं पहुँच पाता। आवरणवाद की इसी महत्ता को देखकर **पण्डित मधुसूदन ओझा** ने इसका इतना विस्तृत वर्णन किया है। उस वर्णन का आधार तो शास्त्र में है किन्तु उसका इतना विस्तार **पण्डित ओझा** की

**मौलिक** प्रतिभा का फल है ।निश्चय ही इतना विस्तार इन वादों को किसी प्राचीन या अर्वाचीन, पाश्चात्य या पौरस्त्य विद्वान् ने अब तक नहीं दिया था । इतना क्रमबद्ध और विस्तृत व्याख्यान करने के लिए **पण्डित ओझा** की प्रतिभा के सम्मुख सभी को नतमस्तक होना होगा ।

आवरणवाद के अतिरिक्त **पं. मधुसूदन ओझा** ने अपने दो ग्रन्थों में भी आवरणवाद का संक्षिप्त उल्लेख किया है । इनमें दशवादरहस्य के अन्तर्गत अठारह श्लोकों में और ब्रह्मविनय के अन्तर्गत आठ श्लोकों में आवरणवाद का उल्लेख है । **पं. अनन्त शर्मा** ने इन अंशों को भी अनुवाद सहित ग्रन्थ के अन्त में विषय की परिपूर्णता की दृष्टि से समाविष्ट कर दिया है । प्रस्तुत ग्रन्थ के तैयार करने में **पण्डित शर्मा** का श्रम इससे स्पष्ट हो जाता है कि ग्रन्थ का जितना कलेवर मूल तथा अनुवाद का है उतने ही कलेवर में टिप्पणी भाग भी है । इस टिप्पणीभाग में विभिन्न शास्त्रों से संदर्भसहित अनेक ऐसे दुर्लभ उद्धरण दिये हैं जिनसे **पं. ओझा** के प्रतिपादन की शास्त्रसम्मतता प्रकट होती है । इन टिप्पणियों में वह समस्त सामग्री आ गई है जिसको आधार बना कर कोई भी अध्येता विषय का अग्रेतर अध्ययन कर सकता है । अपने इस श्रम के लिए **पं. अनन्त शर्मा** सभी वेद के अध्येताओं के धन्यवाद के पात्र हैं । इस ग्रन्थ के साथ दश वादों में तीन वादों का पं. अनन्त शर्मा का सटिप्पण अनुवाद प्रकाश में आ गया है । आशा की जाती है कि शेष सात वादों का भी टिप्पण तथा अनुवाद उनके द्वारा हमें प्राप्त होगा । जैसा कि हम अपने पहले दो ग्रन्थों की भूमिका में कह चुके है **पं. अनन्त शर्मा** और हम सबकी प्रेरणा के मूल स्रोत श्री **कर्पूरचन्द जी कुलिश** हैं । उनके प्रयत्नों से **पं. मधुसूदन ओझा** का शेष साहित्य भी शीघ्र ही अनुवाद, भूमिका तथा टिप्पणी सहित प्रकाश में आ जायेगा । हमें प्रतीक्षा रहेगी ऐसे अध्येताओं की जो इस साहित्य का अध्ययन करके वेदविज्ञान के विषय को और भी आगे बढ़ायेंगे । हमारा सम्बल इस बार इस बात से और भी अधिक बढ़ा है कि **पं. मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ** के परामर्शदातृमण्डल के संरक्षक तथा हमारे विश्वविद्यालय के कुलपति **डॉ. वी. श्रीनिवासन्** अभियन्ता होते हुए भी संस्कृत-साहित्य तथा वेद के मर्मज्ञ विद्वान् हैं । उनके मार्गदर्शन में निश्चय ही हम अधिक प्रगति कर पायेंगे ।

*दयानन्द भार्गव*
आचार्य तथा अध्यक्ष, संस्कृतविभाग
एवं अध्यक्ष, परामर्शदातृमण्डल
पं. मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ,
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय,
जोधपुर

# पूर्व पीठिका

नासदीय सूक्त (ऋग्वेद शौनक संहिता १०.१२८) के प्रथम मंत्र—

**नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमापरो यत् ।**
**किमावरीवः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीद् गहनं गभीरम् ॥**

के नासदादि भिन्न भिन्न पदों से १ सदसद्वाद २ रजोवाद ३ व्योमवाद तथा ४ अपरवाद का निरूपण कर अब प्रसङ्गप्राप्त 'किमारीवः' पद से ५म आवरणवाद का निरूपण किया जा रहा है।

मंत्र के अर्थ से स्पष्ट है कि 'तदानीम् न असद् आसीत् नो सद् आसीत्' अर्थात् उस समय- जब सृष्टि नहीं थी उसके जनक रूप में—न असत् था और न सत् था जैसे स्पष्ट कथन से असत् सत् और सदसत् का निषेध किया गया है। तदानीम् पद सृष्टि के पूर्वकाल अथवा सृष्टिपूर्व की अवस्था का सङ्केतक है। असत् सत् आदि का यह स्पष्ट निषेध निश्चित रूप से इस बात का ज्ञापक है कि उस समय किसी न किसी द्वारा सृष्टिमूलत्वेन सत् असत् आदि माने गये थे।

इस सूक्त के ऋषि परमेष्ठी प्रजापति तथा देवता परमात्मा हैं। अपने काल में विद्यमान इन मतों का नामग्रहणपूर्वक निषेध कर परमात्मा को सृष्टि का मूल प्रजापति द्वारा बताया जा रहा है। इस प्रकार सूक्त के स्पष्ट ही दो विभाग हैं १ पूर्वपक्ष तथा २ उत्तरपक्ष या सिद्धान्त।

सृष्टिवेद (पुराण) के व्याख्याभूत वर्तमान पुराण भी इस संदर्भ का यही अभिप्राय लेते हैं। निदर्शन रूप में विष्णुपुराण का यह पद्य प्रस्तुत है :—

**नाहो न रात्रिर्न नभो न भूमिर्नासीत् तमो ज्योतिरभूच्च नान्यत्।**
**श्रोत्रादिबुद्ध्यानुपलभ्यमेकं प्राधानिकं ब्रह्म पुमाँस्तदासीत् ॥**

इस आवरणतत्त्व का निषेध करने (१.२.२३) वाले 'किमावरीवः' पद का अर्थ सायणाचार्य भी कुछ ऐसा ही करते है :— अथ तदावरकत्वेन पुराणेषु प्रसिद्धानि यानि वियदादिभूतानि, तेषामवस्थानप्रदेशम्, तदावरणनिमित्तञ्च आक्षेपमुखेन क्रमेण निषेधयति किमावरीवरिति।

स्वयं पूर्वपक्ष की उद्भावना कर बुद्धिस्थ उस पक्ष का आक्षेप करना भी अन्ततः उन आधारों की सत्ता को बता ही रहा है जिनसे 'ऐसा' सोचा जा सकता है तथा सिद्धान्त-स्थापना के लिए जिनका निराकरण अपेक्षित है।

श्री ओझाजी ने वाङ्मय में विकीर्ण इन आधारों को चुनकर उन्हें एक सूत्र में पिरोकर एक क्रमबद्ध युक्तियुक्त पूर्वपक्ष दशवादों में प्रथित किया है। शेष ५ वाद क्रमशः ६ अपर-वाद ७ अमृतमृत्युवाद ८ अहोरात्रवाद ९ दैववाद और दसवां संशयवाद है। इनमें यह पञ्चमवाद 'आवरणवाद' यहाँ प्रस्तुत है।

वस्तु एवं वस्तुविषयक अस्तित्व का विज्ञान वयुन कहलाता है। इस वयुन में विद्यमान उपादान रूप प्राण वयः कहा जाता है। परिच्छेद सीमा आदि वयोनाध है। ये ही तीन तत्त्व हैं जिनसे यावन्मात्र वस्तुओं का अस्तित्व है। वयः का वयोनाध से आवरण ही वयुन का रूप है अतः इस प्राधान्य को लेकर इसे आवरणवाद नाम दिया गया है।

वयः छन्द भी है, प्राण भी है अतः उपादान की प्रधानता के आधार पर इसे वयोवाद, छन्दोवाद तथा प्राणवाद भी कह सकते हैं। प्रत्यक्ष का विषय वयुन ही है भले ही तात्त्विक दृष्टि से वह वयोनाध से आच्छादित वय ही हो तथापि सर्वजनप्रत्यक्षावगाही ज्ञान वयुन का ही होता है अतः इसे वयुनवाद भी कहते हैं। व्यासवृत्ति से इसे वयोवयोनाध नाम भी दिया गया है।

ब्रह्मसिद्धान्त की व्याख्या (पृष्ठ ७७) में महामहोपाध्याय पं. गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी जी 'योगदर्शनम् आयतनवादच्छटामनुसरति' जैसे भाव से इसे 'आयतनवाद' नाम देने के पक्ष में भी हैं। छन्द और आयतन की एकदेशीय सरूपता से यह उचित भी है।

ये सभी नाम पूज्य ओझाजी ने ही दिये हैं जो निम्नलिखित पद्यों से स्पष्ट हैं:—

**'आवरणवाद एव च्छन्दोवादश्च वयुनवादश्च।**
**स प्राणवाद एवं स वयोवादश्च शक्यते वक्तुम्** ॥(दशवादरहस्य पृ. १४)
**'वयोवयोनाधमुशन्ति केचित्'** (जगद्गुरुवैभव पृ. १९)

प्रमुख रूप से आवरणवाद नाम ही उनके अन्य ग्रन्थों में है।

यद्यपि ब्रह्मविनय, ब्रह्मसिद्धान्त, ब्रह्मचतुष्पदी तथा ब्रह्मसमन्वय आदि अनेक अन्य ग्रन्थों में आवरणविषयक चर्चा न्यूनाधिक रूप में हुई है किन्तु वहाँ उसका वादात्मक रूप नहीं है, सिद्धान्त विषय के उन ग्रन्थों में आवरण सृष्टिप्रक्रिया के अंग रूप में है।

इसी भाँति अन्य वादग्रन्थों में भी छन्द माया मिति आवरण संवरण आदि भावों की प्रत्यक्ष या परोक्ष चर्चा है वहाँ भी आवरणवाद नहीं है अपितु स्वसाध्यवाद की स्थापना में उपकारी रूप से है जो प्रकारान्तर से सिद्धान्तपक्ष की छाया ही है।

वादस्वरूपबोधक रूप से विचार का प्रतिनिधि ग्रन्थ 'आवरणवाद' ही है। इन दस वादों का एक ग्रन्थ में सिद्धान्त सहित स्वरूप प्रदर्शन करने की दृष्टि से श्री ओझा जी ने 'दशवाद-रहस्यम्' नामक एक लघुकाय ग्रन्थ भी बनाया है जिसमें भी 'आवरणवाद' है। सिद्धान्तग्रन्थों में भी पूर्वपक्ष का सामान्य निदर्शन करने के प्रसंग में आवरण की चर्चा वाद रूप में हुई है ऐसे

ग्रन्थों में ब्रह्मविनय का 'आवरणवादानुगम' भी उल्लेखनीय है। आवरणवाद की अग्विलना की दृष्टि से इन दोनों ग्रन्थभागों का भी मूलसहित अनुवाद आवरणवाद के साथ ही प्रस्तुत किया गया है।

यह सतत स्मरणीय है कि पूज्य ओझाजी वेद का भाष्य नहीं कर रहे हैं अपितु निरुक्त आदि जैसे शास्त्रों की भाँति वेदभाष्य की सरणि के रूप में कतिपय परिभाषाएं दे रहे हैं। ये भी उपलक्षण रूप में। ये ही एकमात्र पारिभाषिक अर्थ हैं ऐसा उनका आग्रह तनिक भी नहीं है, किन्तु यह वे हृदय से चाहते हैं कि वेदश्रमी विद्वान् इन परिभाषाओं को भली भाँति हृदयंगम करें और विचार की नाना दिगवगाहिनी व्यापक दृष्टि प्राप्त करें। यही कारण है कि अपने किसी व्याख्या-विषय को पुन: प्रसंग आने पर कभी तो वहीं, तो कभी अन्यत्र साधारण रूप में, तो कहीं 'अथवा' के द्वारा निर्दिष्ट रूप में भिन्न प्रकार से प्रस्तुत करते हैं। यही वह प्रवृत्ति है कि 'दशवादरहस्य' में आवरणवाद को कुछ अन्य प्रकार से प्रस्तुत किया है। अन्यत्र जहाँ वय: प्राण छन्द अथवा अन्न बताया गया वहीं उसे यहाँ ज्योति: कहा गया है। यह ज्योति ही वय: और वयोनाध होते हुए वयुन है। ज्योति: को वयुनम् के रूप में 'इदं सर्वम्' बताना श्री ओझाजी का न तो अतिवाद है और न प्रौढिवाद। भगवान् याज्ञवल्क्य कहते हैं :—

प्राणो वै ज्योति: (शतपथ ८.३.२.१४)। प्राणो वै विश्वज्योति: (वही ७.४.२.२८, ८.३.२.४)। शतपथ का ज्योतिर्ब्राह्मण ज्योतिर्विभूति का विशद व्याख्यान है। कठ और काठक का प्रवचन है कि ज्योतिर्वै यज्ञ: (कठ ४७.११, काठक ३१.११.३२.५)। काठक ४०/६ के अनुसार 'अग्निर्ज्योतिज्योतिरग्नि:, इन्द्रो ज्योतिर्ज्योतिरिन्द्र:, सूर्यो ज्योतिर्ज्योति: सूर्य:' इस स्पष्ट कथन से पृथिवी अन्तिरक्ष और द्युलोक में ज्योति: का ही वितान है।

इसी भाँति यज्ञ को लें। वाक् प्राण मन: का अपने को देना अन्य से संगति करना तथा उसे आप्यायित करने का निरन्तर परिवृत्ति चक्र ही यज्ञ है और यज्ञ ही यह सब कुछ है। इस प्रकार यज्ञ की वयुनात्मकता स्पष्ट है। इस प्रकार मन: प्राण वाक् के त्रिक में यज्ञ रूप से प्राधान्य प्राण का ही है 'प्राणेन यज्ञ: सन्तत:' (मैत्रा. सं. ४.६.२) जैसे वाक्यों से यह स्पष्ट है। इस प्रकार दशवादरहस्यान्तर्गत आवरणवाद आवरणवाद से पृथक् न होकर आवरणवाद की एक और चिन्तन-दिशा प्रस्तुत करता है।

ब्रह्मविनयगत आवरणवादानुगम में रस बल युति को वयुन का आधार बताया गया है। बल रस का आच्छादक होने से वयोनाध है तथा आच्छादित रस वय: है। वय: वयोनाध का अनवरत क्रम वयुन है। यह प्रतिपादन भी मूलत: पूर्वोक्त दोनों से भिन्न नहीं है। इससे यह और भी स्पष्ट है कि वय: और वयोनाध वैयक्तिक नाम नहीं हैं। गुणनिर्वर्त्य ये नाम इस प्रकार के यच्च यावत् पदार्थों के संकेतक हैं जो वयुन अर्थात् पदार्थ के घटक हैं। प्राणियों के प्रजनन में वय: शुक्र है, रज वयोनाधच्छन्द है इनसे निष्पन्न गर्भ वयुन है। सांख्य का पुरुष बलाच्छादित रस है, प्रकृति बल है, पुरुष और प्रकृति अथवा रस और बल रूप वय: और वयोनाध की युति

यह जगत् है । यही वैदिक सांख्य है जो मूलतः अद्वैत सिद्धान्त पर प्रतिष्ठित है । सम्पूर्ण द्वैत सिद्धान्त इससे व्याख्यात है ।

दशवादों के उपलब्ध ८ ग्रन्थों में (अमृतमृत्युवाद और दैववाद को छोड़कर जो अनुपलब्ध है) लगभग ५००० पद्य हैं जब कि 'दशवादरहस्य' में कुल २६७ पद्य हैं जिन्हें कलेवर की दृष्टि से इन दस ग्रन्थों के विषयों की पद्यात्मक अनुक्रमणिका कहना भी उपयुक्त नहीं होगा, तथापि इसका महत्त्व आज की तिथि में बहुत ही अधिक है । जैसा कि ऊपर संकेत किया गया है श्री ओझाजी की व्यापक दृष्टि का परिचायक है, अन्यवादग्रन्थों का पूरक है । यह तो है ही, अनुपलब्ध अमृतमृत्युवाद तथा दैववाद के स्वरूप का पता इसी ग्रन्थ से चलता है । अतः इसके भागों का तत्तद्वादग्रन्थों के साथ प्रकाशन अतीव उपयुक्त है ।

एक बात और भी है जिस पर ध्यान अतीव आवश्यक है कि ब्रह्मविनय सिद्धान्त पक्ष का ग्रन्थ है । यहाँ आवरणवादानुगम में रस और बल को वयो वयोनाध के रूप में लेकर श्री ओझाजी व्यञ्जित करना चाहते हैं कि पूर्वपक्ष विज्ञानदृष्टि से शून्य नहीं है अतः सृष्टिव्याख्या में यह ग्राह्य है । यह एक भिन्न बात है कि इनकी दृष्टि सीमित है, आग्रहिल है । कुछ उदारता से लेते तो इन वयः और वयोनाध के सूत्र से विश्व के अद्वैतमूल ब्रह्म तक पहुँचा जा सकता था । रस का अपनी ही उपज बल से आच्छादित होना द्वैत नहीं है, आच्छादित रस मूल रस से भिन्न वस्तु नहीं है, फलतः वय और वयोनाध एक ही हैं, रस के ही ये विवर्त अथवा परिणाम हैं । रस ही जगन्मूल है । यही ब्रह्म है ।

अमृतमृत्युवाद में भी वयः और वयोनाध का विशद वर्णन है ऐसा श्री ओझाजी के शिष्य वेदवाचस्पति पं. मोतीलाल जी शास्त्री के शतपथविज्ञान भाष्य के प्रथम भाग के उल्लेख "वय और वयोनाध का विशद स्वरूप श्रीगुरुप्रणीत १० वादग्रन्थों में से अमृतमृत्युवाद नाम के आठवें वादग्रन्थ में देखना चाहिये" (पृष्ठ ११ २टिप्पणी ) से प्रतीत होता है । अमृत (वय) का मृत्यु (वयोनाध) से आवरण यह विश्व है यह भी द्वैत की अद्वैतव्याख्या ही है जैसा ऊपर संकेत दिया था ।

ब्रह्मसिद्धान्त में भी आवरण का स्वरूप अनेकत्र व्याख्यात है । आवरणाधिकरण (पृ. १९१-१९८, २३९ से २६७ तक २९ पद्य) इस विषय का एक स्वतंत्र प्रकरण है ही । पृष्ठ ५६-५७ गद्यभाग में यज्ञपुरुष को वयः तथा पुराणपुरुष को वयोनाध बताते हुए इनकी उपयोगिता सिद्धान्तपक्ष में बतायी गयी है, यहाँ श्री महामहोपाध्याय जी की टीका भी मननीय है । आवरण का स्वरूप पृष्ठ १४२ पद्य १७, पृष्ठ १५ २ पद्य ५१ में भी बताया गया है ।

ब्रह्मसमन्वय पृष्ठ १८-१९ में १७४ से १९४ तक २१ पद्यों में वयो वयोनाध वयुन का स्वरूप इनके भेद तथा वयः में ५ प्रकार के बलग्रामों का अस्तित्व आदि बताये गये हैं । पृष्ठ ५१ पर १९४, १९८, २०६ क्रमांक के पद्यों में आवरण के कार्य बताये गये हैं । ६७वें पृष्ठ पर ३८३ से ३९५ तक १३ पद्यों में छन्दोऽव्यय शीर्षक से छन्द का स्वरूप बताया गया है ।

इस प्रकार इन वादों के सिद्धान्त में उपयोग के ये कतिपय निर्देश हैं जिनके अनुसरण से वेद की वैज्ञानिक व्याख्या में मार्ग सुगम हो सकता है ।

वेद में विभिन्न प्रसंगों में आये वय: वयोनाध वयुन छन्द आदि के निर्देश के साथ कुछ मन्त्रों की व्याख्या यद्यपि निदर्शन रूप में अभीष्ट है तथापि टिप्पणियों में ऐसे मूलपाठों को पर्याप्त रूप से उद्धृत किया जा चुका है, अत: यहाँ विस्तार से बचने के लिये इस लोभ का संवरण ही उचिततर है ।

प्राचीन और अर्वाचीन भाष्यकारों ने नासदीयसूक्त के प्रथम द्वितीय और षष्ठ मंत्रों के भाष्य से जिन भावों को प्रकट किया है उनसे उनका मन्तव्य असद् आदि के निषेध का ही प्रतीत होता है इनके जगत्कारणत्व का निषेध व्यञ्जित नहीं होता है अत: उनकी दृष्टि में इस सूक्त के इन मंत्रों से इन दस दार्शनिक वादों का उद्धार श्री ओझाजी की कल्पना मात्र है, अत: परम्पराविरहित ये वाद निर्मूल हैं ऐसा प्रश्न उठ सकता है । अत: इस विषय पर विहंगावलोकन अप्रासंगिक नहीं होगा ।

व्योमवाद तथा अपरवाद की पूर्वपीठिका में प्राचीन वाङ्मय से ऐसे कुछ उद्धरण प्रस्तुत किये गये हैं जिनसे व्योम की सृष्टिकारणता स्पष्ट होती हैं । इसी भांति अपरवाद में स्वभाववाद परिणामवाद यदृच्छावाद नियतिवाद और पौरुष-नियतिवाद की जगत्कारणता को मानने वाले प्रमाण पूर्वपीठिका तथा टिप्पणी क्रमांक २,५,६-१०, १३,१४,१८ तथा २१ में दिये गये हैं । वे इस प्रसंग में अनुसन्धेय हैं । आवरणवाद के समर्थक कुछ प्रमाण निम्नलिखित हैं :—

यस्तन्तुनाभ इव तन्तुभि: प्रधानजै: स्वभावतो देव एक: स्वमावृणोत् । सनोदधाद् ब्रह्माप्ययम् ।-श्वेताश्वतरोपनिषत् ६/१०

यहाँ आचार्य शंकर आवृणोत् का अर्थ समावृणोति एवं सञ्छादितवान् करते हैं । लज्जा, शीत आदि से बचने के लिए वस्त्र से ढक लेने जैसा आवरण यह नहीं है न परकृत अनिष्ट-शंका, आक्रमण आदि से बचने के लिए अथवा खेल में प्रतिद्वन्द्वियों की दृष्टि से बचने के लिए छिपने के हेतु लिया गया आवरण ही है । इस आवरण का फल यह सृष्टि है अत: इसे सृष्टि-मूल के रूप में लेने के अतिरिक्त अन्य योजना न युक्तियुक्त और न सम्भव है । आवरण को संवरण लेते हुए आचार्य की दृष्टि में संभवत: यह गोडपादीय कारिका रही है :—

**संवृत्या जायते सर्वं शाश्वतं नास्ति तेन वै ।**
**सद्भावेन ह्यजं सर्वमुच्छेदस्तेन नास्ति वै ।।**
**५७ अलातशांतिप्रकरम्, माण्डूक्यकारिका**

वेद में भी इस विषय के अनेक मंत्र हैं, केवल दो मंत्र प्रस्तुत हैं :—

**स वेद पुत्रः स मातरं स सूनुर्भवत् स भुवत् पुनर्मधः ।**
**स द्यामौर्णोदन्तरिक्षं स्वः स इदं विश्वमभवत् स आभवत् ॥**

**अथर्व. ७.१.२**

निम्नलिखित मंत्र प्राणव्याख्या के प्रारम्भ में ही दिया गया है :—

**अपश्यं गोपामनिपद्यमान मा च परा च पथिभिश्चरन्तम् ।**
**स सध्रीचीः स विषूचीर्वसानः आवरीवर्ति भुवनेष्वन्तः ॥**

ऋग्वेद में दो स्थलों पर, अथर्ववेद, यजुर्वेद आदि अनेक ग्रंथों में यह मंत्र आया है । यहाँ टिप्पणीक्रमांक १२ में द्रष्टव्य है । यदि इन बाह्य प्रमाणों को थोड़ी देर न भी लें तथा इस (नासदीय) सूक्त की ही शरण लें तो भी इन असदादि के पूर्वपक्षत्व का ज्ञान हो जाता है । आनीद् अवातम् स्वधया तद् एकम् तस्माद ह अन्यत् न परः किंचन आस (२) यहाँ उस परमात्मा को अकेले बताया गया है तथा उससे भिन्न किसी पर (तदपेक्षाया उत्कृष्ट) सत्ता का सर्वथा निषेध किया गया है । 'अर्वाग् देवाः अस्य विसर्जनेन अथ कः वेद यत आबभूव' (६) में स्पष्ट ही उस तत्त्व की जानकारी से निषेध किया गया है जिससे यह सृष्टि हुई है । प्रकरण का यह उपसंहार प्रक्रम के स्वरूप को बताने में यथेष्ट है कि असत् आदि किस रूप में यहाँ ना का विषय बनाये गये हैं ।

ग्रन्थकार के साथ सहमति रखना अनिवार्य नहीं है, अनिवार्य है निरपेक्ष रूप में ग्रन्थ के विचारों का मनन कर तत्त्वार्थानुसन्धान करना । इस दृष्टि से ओझावाङ्मय सर्वथा अनुपम है । पाठक को यहाँ पदे पदे आर्षदृष्टि मिलेगी जो इस प्रत्न वाङ्मय को देखने की प्रत्नतम दृष्टि नवीन विधा में देगी ।

आवरणवाद का निष्कर्ष श्री ओझाजी के शब्दों में :—

**न कारणं किञ्चिदवान्तरं यत्र चाखिलारम्भणकारणं यत् ।**
**अकारणं विश्वमिदं ततोऽस्मिन्न ब्रह्म मृग्यं क्वचिदीश्वरो वा ॥**

यह सम्पूर्ण पूर्वपक्ष किस अलौकिक क्रान्तदृष्टि से इदम्प्रथमतया सुस्पष्ट रूप में व्यक्त किया गया है इसका साक्षात् ज्ञान प्राप्त करने के लिये मूलग्रन्थ का परिशीलन ही एक मात्र उपाय है । अनुवाद भी इंगित करने मात्र का साथी है । आशा है विज्ञजन इसे इसी रूप में लेकर पदे पदे गतिवैकल्य को अनुवाद के स्वरूप के साथ अनुवादक की सीमा तथा अक्षमता को दृष्टि में रखकर क्षमा करेंगे । इस विनम्र निवेदन के साथ यह पुष्प विद्वज्जनों को सादर अर्पित है ।

इस समर्पण की पूर्णता तथा अमोघफलता के लिए यह न केवल अपेक्षित अपितु अनिवार्य है कि कृतज्ञताज्ञापन के रूप में कुछ पथिकृत् महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों के प्रति, जो अपने

आप में एक प्राणपूर्ण समष्टि हैं, कृतज्ञताज्ञापन के माध्यम से आनृण्यप्राप्ति का सा नम्र प्रयास किया जावे जिनके अनवरत तप के फलस्वरूप यह स्थिति सुलभ हुई है।

इनमें प्रथम स्मरणीय श्री कुलिश जी हैं जो इस सागरसन्तरण तुल्य महान् संकल्प के न केवल मूर्तरूप हैं अपितु ऐसे अनेक उद्भवों के जनक तथा प्रकाशस्तम्भ हैं। द्वितीय हैं डा. दयानन्द जी भार्गव, जिनके सौजन्य एवम् अनन्यसाधारण नित्योद्योग से प्रेरणा और पथ-प्रदर्शन के द्वारा इस कार्य में लगने का उत्साह मिला। इस कार्य को मूर्तरूप प्रकाशन के क्षेत्र में देनें का श्रेय: जाता है डॉ. जी. एल. सुथार, निदेशक, पं. मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ को। अपनी नवोदीयमान सीमित व्यवस्थाओं में भी अत्यन्त सुन्दर ढंग से प्रकाशन कर भावी शुभ का भव्यलक्षण प्रस्तुत किया है। वेद, वैदिक वाङ्मय एवम् ओझा ग्रन्थरत्नों के प्रति श्रद्धालु पाठकों के साथ इनका हृदय से कृतज्ञ हूँ।

विदुषामाश्रव:
**अनन्त शर्मा**
**निदेशक**
गोदावरी आर्यकन्याशिक्षणसमिति
ब्यावर (राज०)

# अथ आवरणवादः

## विषयावतारः

### वयुन, वय और वयोनाध का सामान्य परिचय

अस्ति त्विदं वस्त्विति रूपतो यद्
विज्ञायते तद् वयुनं[१] वदामः ।
विज्ञानमेतद् वयुनं तदन्तर्
[२]वयो वयोनाध[३] इमे तु सत्ते ॥ १ ॥

यह कोई वस्तु है इस रूप में जो कुछ भी जान पहिचान में आता है, उसे वयुन कहते हैं । यह वयुन विज्ञान है, उसके अन्तर् (अन्दर) में वय और वयोनाध ये दोनों सत्ता हैं ।१ ।

यदस्ति किञ्चिद् वयुनं तदेतत्
सर्वं प्रतीयादपृथक् पृथग् वा ।
यदन्यदन्यद् भवति स्वरूपं
सर्वं तदेतद् वयुनं प्रतीयात् ॥२ ॥

जो कुछ भी है वह यह सब कुछ वयुन ही समझना चाहिये भले ही समष्टि रूप में हो अथवा पृथक् पृथक् व्यष्टिरूप में हो । जितने भी भिन्न भिन्न स्वरूप होते रहते हैं उन सबको वयुन समझना चाहिये ।२ ।

वयोवयोनाधयुतिस्वरूपं
प्रत्येकमेतद् वयुनं वदामः ।
वयोवयोनाधपदप्रसिद्धा-
वारम्भकौ द्वौ भवतो ह्यमीषाम् ॥३ ॥

वय और वयोनाध की युति से निष्पन्न प्रत्येक स्वरूप को वयुन कहते हैं । इन सभी वयुनों के आरम्भक तत्त्व वय और वयोनाध नाम से प्रसिद्ध ये ही दोनों हैं ।

तद् वै वयो वस्तुनि येन भारः
तथा वयोनाध इहास्ति सीमा ।
सीमापि रूपञ्च वयोऽपि रूपं
नाभ्यां परं किञ्चिदिहास्ति वस्तु[४] ॥४ ॥

जिससे वस्तु में भार होता है वह तत्त्व वय है, वयोनाध उस वस्तु की सीमा है । सीमा भी स्वरूप है और वय भी रूप है, इन दोनों (वय और वयोनाध) से भिन्न अन्य कुछ भी नहीं है ।(अर्थात् वय वयोनाध की युक्ति ही वयुन है) ।४ ।

**वयोऽन्नमारम्भणमर्थकुक्षिगं**
**द्रव्यं, वयोनाध इहान्नसंवृतिः ।**
**न चान्यदन्येन विनाकृतं भवेत्**
**परस्पराक्रान्तमिदं परस्परम् ।।५ ।।**

पदार्थ की कुक्षि में वर्तमान द्रव्य वयः है यह अन्न है यही आरम्मण (आरम्भक तत्त्व) है । वयुन में वयोनाध उस अन्न का संवरण—आच्छादन—करने वाला तत्त्व है । वय वयोनाध के बिना और वयोनाध वय के बिना नहीं रह सकता है । ये दोनों परस्पर एक दूसरे से आक्रान्त हैं ।५ ।

**प्राणा वयः[५] प्राणमयं हि सर्वम्[६]**
**न प्राणतोऽन्यत् किमपीह वस्तु ।**
**प्राणं तमन्ननाद इति ब्रुवन्ति[७]**
**[८]प्राणो भवत्यन्नमिदं हि भुक्तम् ।।६ ।।**

प्राण ही वय हैं, यह समस्त प्रपञ्व प्राणमय है, प्राणों से भिन्न यहाँ कोई वस्तु नहीं है । उस प्राण को अन्नाद कहते हैं । यह भुक्त अन्न ही प्राण है । (अन्न को आत्मसात् करने वाला प्राण अन्नाद तो है ही वह अन्नरूप भी है क्योंकि युक्त अन्न ही प्राण रूप से परिणत होता है इस प्रकार अन्न और अन्नाद रूप यह द्विविध जगत् वस्तुतः प्राण ही है ।।६ ।।

**छन्दो वयोनाध इति प्रतीयाच्-[९]**
**छन्दस्तदन्नं कुरुते पिनद्धम् ।**
**छन्दो वयोनाध इहान्यमन्यं**
**प्राणं स्वकुक्षौ प्रकरोति नद्धम् ।।७ ।।**

(प्राण की भाँति) छन्द को भी वयोनाध समझना चाहिये । छन्द ही उस (भुक्त) अन्न को बांधता है । वयोनाध रूप छन्द अन्न रूप अन्यान्य प्राण को अपनी कुक्षि में आबद्ध करता जाता है ।७ ।

**छन्दोऽपि तत्प्राणविशेष एव[१०]**
**प्राणो वयोनाध इति स्म केचित् ।**
**छन्दस्यभेदाच्च वयस्यभेदात्[११]**
**प्राणो द्विधा तत्र वयः प्रधानम् ।।८ ।।**

वह छन्द भी प्राणविशेष ही है और कतिपय विद्वान् प्राण को वयोनाध मानते हैं। फलस्वरूप छन्दस्यभेद से और वयस्यभेद से प्राण दो प्रकार का हो जाता है और इन (दोनों) में प्रधानता प्राण की ही है ।८।

**छन्दो वयोनाध इदं वयोऽपि**
**छन्दोविशेषोन्विति केचिदाहुः ।**
**छन्दो द्विधाऽकल्प्यत वर्णमात्रा-**
**विभेदतस्तत्र परं प्रधानम् ॥९॥**

छन्द वयोनाध है और वय को ही कतिपय मनीषी छन्दोविशेष ही मानते हैं। छन्द वर्ण और मात्रा भेद से दो प्रकार का है। इन दोनों (वर्णच्छन्द और मात्राछन्द) में पर अर्थात् वर्णच्छन्द प्रधान है ।९।

**प्राणो वयोनाध इति स्म तद्वच्-**
**छन्दो वयोनाध इति स्म पूर्वैः ।**
**प्राग् वैश्वदेवीं चितिमन्वनूक्तं**
**काण्डेऽष्टमे शातपथश्रुतौ च ॥१०॥***

पुराकाल में पूर्व ऋषियों ने अर्थात् भगवान् याज्ञवल्क्य ने शातपथश्रुति के आठवें काण्ड में वैश्वदेवी चिति के प्रसंग में कहा है कि जैसे प्राण वयोनाध है वैसे ही छन्द भी वयोनाध है ।१०।

## तत्रादौ प्राणं व्याख्यास्यामः

## (इन दोनों में प्रारम्भ में प्राण की व्याख्या करेंगे)

**प्राणो वयोनाध इदं वयश्च**
**प्राणो, न तस्माद् वयुनं विभिन्नम् ।**
**द्विधा भवन् प्राण इदं समस्तं**
**स आवरीवर्ति तदेव तत्त्वम् ॥१॥**

प्राण वयोनाध है प्राण ही यह वह (भी) है, इस प्रकार वयुन उन (प्राणरूप वयोनाध और वय) से विभिन्न नहीं है। वह प्राण (वयोनाध और वयरूप में) दो प्रकार का होता हुआ इस समस्त (प्रपञ्चभूत) वयुन जात को आवृत्त करता है। यह आवरण ही तत्त्व है। ।१।

* प्राणा वै देवा वयोनाधाः। प्राणैर्हीदं सर्वं वयुनं नद्धम्। अथो छन्दांसि वै देवा वयोनाधाः। छन्दोभिर्हीदं सर्वं वयुनं नद्धम्। (इति माध्यन्दिनयजुः श्रुतौ वैश्वदेवी चितिः। शत० ब्रा. ८.२.२.८) इति मूलमन्थ-टिप्पणी।

**विधारकत्वादिव रक्षको यो**
**यो निर्व्यथः प्राणदपानदङ्गे ।**
**यो वायुवद् विक्रमतेंऽशुवद् वा**
**स आवरीवर्ति जगत्सु गूढः ॥ २ ॥**

जो विधारकभाव से रक्षकतुल्य है, जो सर्वथा व्यथाशून्य होते हुए अङ्गों में प्राणन अपानन व्यापार युक्त है । जो वायु की भाँति विक्रमणशील है, स्थावर जंगम जगत् में गूढ वह प्राण अंशुओं (किरणों) की भाँति सभी को अतिशय आवृत्त किये हुए है । ।२ ।

**तमेतमर्थं भगवान् पतङ्गः**
**प्रजापतेः पुत्र उवाच पूर्वम् ।**
**पश्चादसौ दीर्घतमा महर्षि-**
**स्तथैव तद्वाक्यमुदाजहार ॥३ ॥**

इस विषय को कभी अतीत में प्रथम प्रजापति पुत्र पतङ्ग ने और फिर (पतंगवाक्यो के रूप में ही) महर्षि दीर्घतमा ने व्यक्त किया है । (जो ऋङ्मन्त्र निम्नलिखित है) :—

**अपश्यं गोपामनिपद्यमानमा च परा च पथिभिश्चरन्तम् ।**
**स सध्रीचीः स विषूचीर्वसान आवरीवर्ति भुवनेष्वन्तः[१२] ॥**
**(१.१६४.३१, १०.१७७.३)**

मैंने सदैव अविषण्णभाव से अपने पथों से अभिमुख आते हुए तथा दूर जाते हुए गोपा को देखा है । वह सहभाव से सभी ओर गमन करती हुई दीप्ति को धारण किये हुए इन सभी लोको में बार बार आवृत्ति करता है ।

**योऽयं बहिः प्राण इवैष सूर्यः**
**स एष गोपा इति तैत्तिरीयाः ।**
**अथान्तरः प्राण इहैष गोपा**
**इत्यैतरेयस्तत एव सृष्टिः ॥४ ॥**

महर्षि तित्तिरि के अनुयायी गोपा सूर्य को मानते हैं जो भुवनों के बहिः प्राण की भाँति है । महर्षि ऐतरेय के विचार में गोपा आन्तर प्राण है । इसी से यह सम्पूर्ण सृष्टि है । ।४ ।

*** प्राणेन विष्टब्धमिदं बृहत्याऽऽ-**
**काशं तथा भूतकुलानि विद्यात् ।**

---

* ऐतरेयद्वितीयारण्यके प्रथमाध्याये षष्ठखण्डेऽयं मन्त्रो व्याख्यायते — एष वै गोपाः। एष हीदं सर्वं गोपायति । न ह्येष कदाचन सं विशति । आच ह्येष पराच पथिभिश्चरति । सध्रीची ह्येष विषूचीश्चवस्ते । इमा ह्येव दिशः। एष ह्यन्तर्भुवनेष्वावरीवर्ति। अथो आवृतासोऽवतसो न कर्तृभिरिति। सर्वं हीदं प्राणेनावृतम् ।सोऽयमाकाशः प्राणेन बृहत्या विष्टब्धः। तद्यथायमाकाशः प्राणेन बृहत्या विष्टब्धः। एवं सर्वाणि भूतानि आ पिपीलिकेभ्यः प्राणेन बृहत्या विष्टब्धानि, इत्येव विद्याद् इति ।

सर्वाण्यमून्या च पिपीलिकाभ्यः
प्राणेन सर्वं जगदावृतं स्यात् ॥५ ॥

जैसे यह आकाश प्राण बृहती से विष्टम्भभाव को प्राप्त है वैसे ही चीटीं तक समस्त भूत-निकाय इस प्राण से इस बृहती से व्याप्त हैं तथा टिके हुए हैं, सम्पूर्ण जगत् प्राणों से आवृत है यह जान लेना चाहिये । ।५ ।

● ये देवा देवेष्वधिदेवत्वमायन् ये ब्रह्मणः पुर एतारो अस्य ।
येभ्यो न ऋते पवते धाम किञ्चन न ते दिवो न पृथिव्या अधिस्नुषु ॥
(यजुर्वेद १७ .१४, तै. संहिता ४.६.१.१९)

इस यजुर्मन्त्र की व्याख्या करते हुए भगवान् याज्ञवल्क्य प्राणों के विषय में कहते हैं कि सभी के उपजीव्य होने के कारण इन प्राणरूप देवों ने देवों में अधिदेवभाव प्राप्त किया । सर्वात्मक होने के कारण जो इस अग्नि रूप ब्रह्म के पुरोगन्ता हैं जिन (प्राणो) के बिना कोई भी पिण्ड (शरीर) गति नहीं कर सकता है । ये प्राण न द्युलोक में हैं और न पृथिवी में हैं अपितु केवल प्राणभृत् निकाय में ही हैं । ( यह मंत्र पद्यक्रम पाँच के समर्थन में है) ।

[१३]चाक्रायणोषस्तिरुवाच पूर्वं
प्राणादिह प्रस्तुतिरस्ति सर्वा ।
प्राणं हि भूतान्यभि सं विशन्ति
तं प्राणमभ्युज्जिहते स सर्वः ॥६ ॥
(छान्दोग्य उप. १.११)

उषस्ति चाक्रायण ने भी प्राचीनकाल में यही कहा था कि सभी प्रस्तुति — प्रस्ताव— प्राण से ही है । समस्य भूत प्राणों के सहारे ही हैं । प्राणों के प्रति ही समस्त भूतों का अभ्युद्गमन है । (अर्थात् प्राण में ही लीन होते हैं प्राण से ही उत्पन्न होते है) ।६ ।

प्रतर्दनः काशिपतिः स दैवो
दाक्षिः पुरासीत् तमवोचदिन्द्रः[१४] ।
प्रज्ञात्मकः प्राण इहेन्द्रशब्द-
स्तमायुमेषाममृतं च विद्यात्[१५] ॥७ ॥

---

● नवमकाण्डे प्रथमप्रपाठके तृतीयब्राह्मणेऽमुं मन्त्रं भगवान् याज्ञवल्क्यः प्राणानधिकृत्य व्याचष्टे :— देवा ह्येते देवेष्वधि देवत्वमायन् । अयमग्निर्ब्रह्म । तस्यैते पुर एतारः । न हि प्राणेभ्य ऋते पवते धाम किञ्चन, नैव दिवि न पृथिव्याम्, यदेव प्राणभृत् तस्मिँस्त इत्येतत् इति । (शत. ब्रा. ९. २.१.१५ अध्यायादिक्रम में)

प्राचीनकाल में प्रसिद्ध राजर्षि दिवोदास पुत्र काशी नरेश प्रतर्दन थे। उन्हें देवराज इन्द्र ने कहा था :— प्रज्ञात्मक प्राण इन्द्र को बताने वाला शब्द ही है। इस प्राण को इन समस्त भूतों का सर्वायुष और अमृत समझो (तथा इसी की उपासना करो) ।७।

**प्रज्ञात्मकः प्राण इदं शरीरं प्रगृह्य चोत्थापयति प्रसह्य।**
**ये प्राणतः प्राणगणाः स्युरेभ्यो देवाः स्युरेभ्यः प्रभवन्ति लोकाः ।।८ ।।**

प्रज्ञात्मक प्राण ही इस शरीर को प्रगृहीत कर अपने बल से इसे उठाता है। प्राण से जो प्राण गण होते हैं उन (विभिन्न प्राणगणों) से देव उत्पन्न होते हैं। इन (देवों) से सभी लोक उत्पन्न होते हैं ।८।

**घ्राता च वक्ता च स कर्मकर्ता श्रोता च मन्ता च स एव बोद्धा।**
**प्रज्ञानमात्रा अपि भूतमात्रा अन्योन्यसक्ता इह सन्निविष्टाः ।।९ ।।**

प्राण ही घ्राता (सूंघनेवाला) हैं, यही वक्ता (बोलने वाला) है। यही कर्मकर्ता और श्रोता है। प्राण ही मन्ता (मनन करने वाला) और बोद्धा (बोध करने वाला) है। प्रज्ञानमात्रा और भूतमात्रा परस्पर सक्त होते हुए प्राण में ही सन्निविष्ट हैं ।९।

**अरेषु नेमिर्निहिताथ नाभावरा यथा तद्वदिहापि विद्यात्।**
**प्रज्ञासु भूतान्यथ ता निगीर्णाः प्राणेऽखिलं ह्यर्पितमस्ति तस्मिन् ।।१० ।।**

जैसे अरों में नेमि निहित है और अरें नामि में निहित हैं, वैसे ही यहाँ समझना चाहिये। समस्त भूत प्रज्ञा में हैं, प्रज्ञा प्राण में निगीर्ण है, इस प्रकार यह सब कुछ (अन्ततो गत्वा) प्राण में ही अर्पित है ।१०।

**● प्राणो न भूयानिह साधुकर्मणा न वा कनीयान् कलुषेण कर्मणा।**
**यत् साधु चासाधु करोति कर्म तत् प्राणात् प्रवृत्तं न विना ततो भवेत्**
**।।११ ।।**

प्राण कभी साधु कर्मों से अभिवृद्ध नहीं होता है और न कलुष कर्मों से जघन्य— नीच—ही-। प्राणी जो कुछ सत् असत् अथवा साधु असाधु कर्म करता है उनकी प्रवृत्ति प्राण से ही होती है, उसके बिना कुछ भी नहीं होता है ।११।

**आनन्द एषोऽस्त्यजरोऽमृतश्च**
**स लोकपालोऽधिपतिः स ईशः।**
**तमेव जानीत हितं स एव**
**ज्ञातो मनुष्याय हितं तनोति ।।१२ ।।**

● दृश्यतां कौषीतकोपनिषत् (टिप्पणी भाग में मूल पाठ)

यह (प्राण) आनन्द अजर और अमृत है, यही लोकपाल अधिपति और ईश है । हे प्रतर्दन ! उसी को जानो, वही 'हित' है, जाना हुआ यह प्राण ही मनुष्य का हितविस्तारक है ।१२ ।

* प्राणोऽक्षरं प्राण इमे च वेदाः
प्राणादृते नाम न कि किञ्चिदस्ति ।
भूतानि देवा ऋषय स एव
प्राणः प्रजानामयमस्ति सूर्यः[१६] ।।१३ ।।

प्राण अक्षर है, प्राण ही ये वेद हैं, प्राणों के बिना कुछ भी तो नहीं है । भूत, देव और ऋषि भी यही है । प्राण ही प्रजामात्र का सूर्य है ।१३ ।

## अथ छन्दो व्याख्यास्यामः

### (अब छन्दोविषय की व्याख्या करेंगे )

छन्दो वयोनाध इति ब्रुवाणा-
श्छन्दोभिरेवाहुरिमां प्रसृष्टिम् ।
[१७]छन्दोऽपिनद्धं खलु यावदन्नं
तच्छन्दितं तिष्ठति न स्वतन्त्रम् ।।१ ।।

छन्द को व्योनाध कहते हुए विद्वान् छन्दों से ही इस सृष्टि (के उद्भव) को बताते हैं । यह समस्त अन्न छन्दोबद्ध ही है । यह (वयः रूप) अन्न छन्दित-छन्द से आवृत-होते हुए ही बना रह सकता है स्वतंत्र होकर नहीं ।१ ।

वृतिः ~~स्वरूप च यया नियत्या-~~[१८]
वष्टम्यते क्वापि कयापि सीम्ना ।
निर्बन्ध एष प्रतिबन्धहेतुः
स्वच्छन्दनं 'छन्द' इति स्म तस्मात् ।।२ ।।

वृति अर्थात् आवरण और स्वरूप जिस किसी भी नियति से और जिस किसी भी सीमा से बद्ध है उसका यह निर्बन्ध (आवश्यक परीणाह) जो कि प्रतिबन्ध-अनिवार्य अविच्छिन्न संबंध-का हेतु स्वच्छन्दन है, अतः स्वच्छन्दन होने से ही यह छन्द है ।२ ।

स्वातन्त्र्यमस्मिँस्तु कयापि सीम्ना-
वच्छिद्यते तद्बहिरस्ति नैतत् ।

---

* ऐतरेयारण्यके । (टिप्पणी भाग में मूल पाठ)

* तच्छन्दनं स्यादमुनावृतं स्या-
[१९]दाच्छादनं 'छन्द' इति स्म तस्मात् ॥३ ॥

इस स्वच्छन्दन में वस्तु का स्वातन्त्र्य किसी भी सीमा से अवच्छिन्न अर्थात् सीमित या मर्यादित कर दिया जाता है, वह वस्तु इस सीमा से बाहर नहीं जाती है। सीमा द्वारा किया यह अवच्छेद ही छन्दन कहलाता है इस सीमा से आवृत होना ही आच्छादन है अत: छन्द को छन्द इस छन्दन या आच्छादन भाव से कहा जाता है ।३ ।

आच्छादनं चावृतिःसंवृती अव-
च्छितिर्मितिश्चन्दनतन्त्रणे तथा ।
निर्बंधनं वा हरिदानमित्यपि
प्रायः समानार्थतया निरूपिताः ॥४ ॥

आच्छादन आवृति संवृति अवच्छिति मिति चन्दन तन्त्रण निर्बन्धन और हरिदान ये सभी शब्द प्राय: समानार्थक हैं[२०] ।४ ।

छन्दोभिराच्छादितमस्ति भूतम्
छन्दः प्रभेदादिह वस्तुभेदः ।
न वस्तु किञ्चित् पृथगस्ति तस्मा-
दाच्छादनाच्छन्द इति प्रसिद्धिः ॥५ ॥

भूत- अर्थात् समस्त वस्तु जात - छन्दों से आच्छादित हैं। छन्दोभेद से ही वस्तुभेद इस जगत् में है। छन्द से पृथक् कोई भी वस्तु नहीं है। इस आच्छानदन से ही 'छन्द' छन्द रूप में प्रसिद्ध है ।५ ।

आच्छादनं त्वावरणं तदेतद्
धर्मेण सीम्ना च कृतं द्विधा स्यात् ।
धर्मान्यतावाऽऽवरणान्यता वा[२१]
वस्त्वन्यतायाः प्रतिपत्तिहेतुः ॥६ ॥

---

* यच्छन्दोभिश्छन्नः, तस्मात् छन्दांसीत्याचक्षते ।(दै ३.१९)
ते छन्दोभिरात्मानं आच्छादयन्, यदेभिराच्छादयन् तच्छादयन् तच्छन्दसां छन्दस्त्वम् ( )
ते छन्दोभिरात्मानं छादयित्वोपायन् तच्छन्दसां छन्दस्त्वम् ।(तै.सं. ५.६.६.१)
छादयन्ति ह वा एनं छन्दांसि पापात् कर्मणः (तु.जै.ब्रा. १.२८४)
गायत्रेण छन्दयामि ( ) इत्याद्यसकृत् निर्वचनश्रवणात् छादनलक्षणं छन्द इति गम्यते ।

आच्छादन आवरण है । यह आवरण धर्म और सीमा द्वारा किया गया दो प्रकार का हो जाता है । धर्मभेद अथवा संख्या आदि किसी भी अन्य आवरण का भेद वस्तुभेद के ज्ञान में हेतु है ।६ ।

**संख्या मितिश्चावरणं मितिश्चा-**
**वच्छेद एवास्ति मितिस्वरूपम् ।**
**सर्वं परिच्छिन्नतयास्ति भिन्नं**
**यैः स्यात् परिच्छिन्नमिहावृतं तैः ॥७ ॥**

संख्या भी मिति है और आवरण भी मिति है । अवच्छेद ही मिति का स्वरूप है । सभी कुछ परिच्छिन्नभाव (के कारण) से ही एक दूसरे से भिन्न हैं ।जिन भावों से यह परिच्छिन्न है उन्हीं भावों से आवृत है । इसका अभिप्राय है कि धर्मविशेष से आवृत होने से ही तो वस्तु तद्भिन्नधर्मावृत वस्तु से पृथक् या भिन्न समझी जाती है । इस प्रकार मिति से परिच्छिन्न वस्तु मिति का आवरण ही ओढ़े हुए है अतः अवच्छेद ही आवरण है ।

**वयो वयोनाध इति द्वयं यत्**
**. स वस्तुधर्मः स हि वस्तुभावः ।**
**तं वस्तुभावं प्रतिपद्य सम्यग्**
**वयोवयोनाधभिदा समीक्षे ॥८ ॥***

वयः और वयोनाध ये जो दोनों है ये ही वस्तु के धर्म हैं वस्तु के भाव हैं । अर्थात् वस्तु इन पर आधृत है अतः ये वस्तुधर्म हैं तथा इनसे ही वस्तु अन्य वस्तु से विलक्षण प्रतीत होती है अतः ये वस्तुभाव हैं अथवा इनसे वस्तु की सत्ता है अतः ये वस्तुभाव हैं । उस वस्तुभाव को भली भाँति समझकर ही उसे वयो-वयोनाध के भेद से समीक्षित करता हूँ ।

**प्रेत्यर्थमायान्ति च पञ्चभावा-**
**स्तेषां प्रभेदादिह वस्तुभेदः ।**
**आलम्बन-प्राकृत-भूतभावा-**
**स्तथानुभावो व्यभिचारभावः ॥९ ॥**

प्रत्येक वस्तु को पाँच भाव (सहजरूप से) प्राप्त होते हैं, उनके भेद से ही वस्तुभेद होता है । वे (पाँच भाव) आलम्बन या आश्रयभाव, प्राकृतभाव, भूतभाव, अनुभाव और व्यभिचार-भाव हैं ।९ ।

---

* सर्वं हीदं दृश्यमानमर्थजातं वयुनं वा । तस्य ये देवा वयोनाधास्ते द्वेधा– प्राणाश्छन्दांसि च । तदुक्तं शतपथे (८.२.२) वैश्वदेवीचितौ :— प्राणा वै देवा वयोनाधाः ,प्राणैर्हीदं सर्वं वयुनं नद्धम् । अथो छन्दांसि वै देवा वयोनाधाः, छन्दोभिर्हीदं वयुनं नद्धम् ।

## ( आलम्बनादिभावानां स्वरूपं कर्म च)

प्रज्ञात्मकप्राणमया हि देवा
आलम्बनं, तज्जनितास्तु धर्माः
स्युः प्राकृताः, भौतिकविग्रहस्तु
स्थायी निकायः स हि भूतभावः ॥१० ॥

प्रज्ञात्मक प्राणरूप देव ही वस्तु के आलम्बनभाव हैं। उस आलम्बनभाव अर्थात् प्रज्ञात्मक प्राणरूप देववर्ग से जनित धर्म ही प्राकृतभाव है। भौतिक विग्रह जो कि स्थायी निकाय है भूतभाव है।१०।

आलम्बनं भाव इह स्वभावो
विकारहेतुं प्रकृतिं विदुस्ताम्।
प्राणप्रकाराः कतिचित् समेता
एकत्र सा स्यात् प्रकृतिः शरीरे ॥११ ॥

इन (उपर्युक्त भावत्रय) में आलम्बनभाव स्वभाव है। प्रकृति को विकार का हेतु माना जाता है। अर्थात् प्राकृतभाव ही नाना प्रकार के विकारों के सर्जक हैं। कतिपय प्राणप्रकार ही शरीर में समवाय रूप से इकट्ठा रूप लिए हुए 'प्रकृति' कहलाते हैं।११।

### १. आलम्बनभावाः

देवा मनुष्या पितरोऽसुरा वा[२२]
संहत्य चालम्बनतां व्रजन्ति।
तत्तारतम्यात् प्रकृतिर्विभिन्ना
तुच्छा मनुष्याः पितरो विरक्ताः ॥१२ ॥

देव मनुष्य पितर और असुर प्राण संहत होकर (वस्तु) का आलम्बनभाव बनते हैं। उन (प्राणों ) के तारतम्य (न्यूनाधिकभाव) से प्रकृति के अनेक भेद हो जाते हैं जिन्हें सामान्य रूप से तुच्छ मनुष्य पितर और विरक्त भेदों में गिना जा सकता है।१२।

अथासुरी सम्पदिहोग्रकर्मा
दैव्याऽऽनृशंस्यं किल सम्पदा स्यात्[२३]।
दिव्यासुराः स्युः पुरुषा विशिष्टाः
श्रियां च धामानि यशोनिकायाः ॥१३ ॥

आसुरी सम्पत्ति उग्रकर्मप्रधान होती है अर्थात् आसुरी सम्पत्ति से उग्रता उत्पन्न होती है। दैवी सम्पत्ति से अनृशंसता (दया) का भाव पैदा होता है। दैवी और आसुरी सम्पत्ति वाले

विशिष्ट पुरूष (जीवात्मा) होते हैं जो उत्कृष्ट श्री के धाम अर्थात् अतिशयश्री सम्पन्न और महान् यशस्वी होते हैं ।१३।

तत्रापि देवा बहवोऽसुरा वा
तेषां प्रभेदात् प्रकृतिर्विभिन्ना[२४] ।
ते षोडश स्युः पुरुषाः प्रकृत्या
भिन्ना अमी सङ्करतस्त्वसंख्याः ॥१४॥

इनमें देवों और असुरों के भी अनेक भेद होते हैं। इनके भेद से प्रकृति के नाना प्रकार के अनेक भेद हो जाते हैं। साधारणतः इन प्रकृतियों वाले पुरूष १६ भेदों में विभक्त होते हैं। इन-सोलह- के पारस्परिक साङ्कर्य -मेल-से प्रकृतियों के भेद असंख्य हो जाते हैं ।१४।

[२५]ब्रह्मर्षिगन्धर्वकुबेरशक्र-
यमाप्पतीनां प्रभवन्ति सत्त्वैः ।
रक्षःपिशाचासुरप्रेतसर्प-
पतत्रिणां मत्स्यपशुद्रुमाणाम् ॥१५॥

(उपर्युक्त सोलह भेदों में सात्त्विक, राजस और तामस वर्गों में परिगणित भेदों के नाम इस प्रकार हैं)— ब्रह्मा ऋषि गन्धर्व कुबेर इन्द्र यम और अप्-पति वरुण के सत्त्वों से सत्त्व-गुणप्रधान सात प्रकार, राक्षस पिशाच असुर प्रेत सर्प और पक्षियों के सत्त्वों से अर्थात् राजस अन्तः करणों से रजःप्रधान छ प्रकार एवं मत्स्य पशु और वृक्षों के सत्त्व से अर्थात् तामस सत्त्व से तामसिक तीन प्रकार होते हैं। (इस प्रकार अमिश्रित १६ भेद होते हैं, इनका पारस्परिक मिश्रण प्रकृति के असंख्य भेदों का जनक होता है ।१५।

सप्तोत्तमाः षट् त्विह मध्यमाः स्यु-
स्त्रयोऽधमाः सत्त्वमथानुगात्रम् ।
शारीरतुर्ये चरके हि तेषां
प्रदर्शितानि स्फुटलक्षणानि ॥१६॥*

इनमें प्रथम सात, ब्रह्मादि जिनका दैवी सम्पदा से संबंध है उत्तम, मध्य के रक्षः पिशाच आदि मध्यम तथा अन्तिम तीन (मत्स्य पशु वृक्ष) अधम श्रेणी के हैं। (न केवल प्रकृति ही अपितु शरीर भी सत्त्वानुकूल होता है) और सत्त्व शरीरानुकूल होता है। इन सबके सुस्पष्ट

---

* तदुक्तं चरके शारीरस्थानस्य चतुर्थाध्याये। शुद्धस्य सत्त्वस्य सप्तविधो ब्रह्मर्षिशक्रयमवरुणकुबेर-गन्धर्वसत्त्वानुकारेण, राजसस्य षड्विधो दैत्यपिशाचराक्षससर्पप्रेतशकुनिसत्त्वानुकारेण, तामसस्य त्रिविधः पशुमत्स्यवनस्पतिसत्त्वानुकारेण (भेदैकदेशो व्याख्यातः)५६
तेषां तु त्रयाणमपि सत्त्वानाम् एकैकस्य भेदग्रामम् अपरिसंख्येयं तरतमयोगात् शरीर-योनिवि-शेषेभ्यश्चान्योन्यानुविधानत्वाच्च। शरीरं ह्यपि सत्त्वमनुविधीयते सत्त्वं च शरीरम् इत्यादि ३६,
(एषां लक्षणान्यपि तत्र (३७ तः ५५ सूत्रपर्यन्तम्) अनुसन्धेयानि)।
(चरकसंहिता शारीरस्थानं४/ ....)

लक्षण (भगवान् कृष्णात्रेय ने)[२६] चरकसंहिता में शारीर स्थान के चतुर्थ अध्याय में बताये हैं। १६।

**एष स्वभावः प्रकृतिस्तदुत्थाः**
**स्वाभाविकाः स्युः सकला विकाराः ।**
**शरीरसंस्थानुविधानि भूता-**
**न्यपि स्वभावानुसृतानि सन्ति ॥१७॥**

यह स्वभाव प्रकृति है, उससे उत्पन्न सभी विकार अर्थात् कार्य स्वाभाविक हैं। शरीरसंस्था का अनुगमन करने वाले भूत भी सदैव स्वभाव का अनुसरण करते हैं। इसका आशय यह है कि शरीर सत्त्वानुसारी होता है जैसे यदि शुद्ध सत्त्व (मन या अन्तःकरण) होता है तो देवादिशरीर की प्राप्ति होती है राजस सत्त्व है तो मनुष्यशरीर की और तामस सत्त्व होता है तो मत्स्यादिशरीर की प्राप्ति होती है। इसी भाँति सत्त्व भी शरीरानुसारी होता है जैसे पशुशरीर में तामस सत्त्व, मनुष्य शरीर में राजस सत्त्व और देव शरीर में शुद्ध सत्त्व होता है।१७।

**स्वभाव एष त्रिविधः प्रवृत्तः**
**स्याज्जन्मकर्मव्रतधारितत्वात् ।**
**स्वतस्तु योऽभूत् सहजः स मुख्यः**
**संस्कारसंकल्पवशात् परौ द्वौ ॥१८॥**

जन्म कर्म और व्रत धारिता (संकल्प) के आधार से यह स्वभाव तीन रूपों में प्रवृत्त होता है अर्थात् जन्मस्वभाव, कर्मजस्वभाव और व्रतज या संकल्पज स्वभाव के रूप में स्वभाव के तीन भेद होते हैं। स्वतः ही जो स्वभाव होता है वह सहज अर्थात् जन्मजात होता है वही मुख्य (स्वभाव) है। संस्कार अर्थात् श्रौत व स्मार्त आदि कर्मों से तथा संकल्प— स्वाध्यायादि व्रत और योगांगानुष्ठान आदि से उद्भूत शेष दो स्वभाव क्रमशः कर्मज और व्रतज स्वभाव हैं। (ये मुख्य या सहज स्वभाव की अपेक्षा गौण होते हैं) ।१८।

**संस्कारतस्त्वात्मनि जायतेऽस्मि-**
**न्नपूर्वदैवद्रविणप्रवेशः ।**
**भव्यः स्वभावः स हि जन्मसिद्धं**
**क्वचिद् विहन्यादबलं स्वभावम् ॥१९॥**

संस्कारों से इस जीवात्मा में एक अपूर्व देवबलसम्पत्ति का प्रवेश होता है। प्रयत्न-सम्पादितयह भव्य स्वभाव कभी कभी दुर्बल स्वभावान्तर को (चाहे वह मुख्य हो या गौण हो, को) नष्ट कर देता है। १९।

संस्कारक्लृप्तद्रविणानि[२७] पूर्वैः
संकेतितानि स्युरनेकथैव ।
तेषां च संज्ञा अपि कल्पिताः स्यु-
श्छन्दोविशेषाः प्रथितास्त एव ॥२० ॥

पूर्व मनीषियों ने संस्कार से निष्पन्न बलों को अनेक प्रकार से (अनेक प्रसंगान्तरों से) संकेतित किया है तथा इनको विभिन्न संज्ञाएँ भी दी हैं जो इन छन्दोंविशेषों के रूप में प्रसिद्ध हैं । २० ।

* गायत्री तु च्छन्दस्तेजो वै ब्रह्मवर्चसम् ब्रूते.
उष्णिक् त्वायुरनुष्टुप् स्वर्गं बृहती श्रियं च यशः ।
पंक्तिर्यज्ञं त्रिष्टुप् त्विन्द्रियवीर्यं, पशुं त्वियं जगती
श्रियमन्नं च विराडिति पूर्वे
छन्दोनिदानमधुः[२८] ॥२१ ॥

ब्राह्मं हि वर्चः प्रथमं, तथायु-
रुष्णिग् भवेत्, स्वर्गसुखं त्वनुष्टुप् ।
श्रीर्वा यशो वा बृहती, स यज्ञः
पंक्तिर्यदन्नं त्रिपदा विराट् सा ॥२१ ख ॥

त्रिष्टुब् भवेदिन्द्रियवीर्यमोजः
क्षत्रं हि, तद्वज्जगती पशुः स्यात् ।
इषं तथोर्जं च रयिश्च पुष्टि-
र्भवेदतिच्छन्द[२९] इतोऽतिरिक्तम् ॥२२ ॥

गायत्री छन्द ब्रह्मवर्चस को, उष्णिक् आयु को, अनुष्टुप् स्वर्ग को, बृहती श्री और यश को, पंक्ति यज्ञ को, त्रिष्टुपइन्द्रिय वीर्य को, जगती पशु को तथा विराट् श्री और अन्न को बताते हैं । इस प्रकार पूर्वजों ने यह 'छन्दोनिदान' बताया है । २१ ।

---

* तेजो वै ब्रह्मवर्चसं गायत्री ऐत. ब्रा. १.५ (ताण्ड्य ब्रा. १६.१४.५, १६.१६.६, अत्र 'वै' इति नास्ति) पाङ्क्तो वै यज्ञः('वै' रहितः पाठः तै.सं. ५.२.३.६, मै. १.४.९. इत्याद्यनेकेषु स्थलेषु) आयुर्वा उष्णिक् (ऐत. ब्रा. १.५) श्रीर्वै यशश्छन्दसां बृहती (श्रीर्वै बृहती इति ताण्ड्यादिषु) । ऐत. ब्रा. १.५, अन्नं वै विराट् इति, तस्माद् यस्यैवेह भूयिष्ठमन्नं भवति स एव भूयिष्ठं लोके विराजति (तद् विराजो विराट्त्वम्)। ओजो वा इन्द्रियं वीर्यं त्रिष्टुप् । (एत.ब्रा.१.५) । गायत्रो हि ब्राह्मणः(तै.सं. ५.१.४.५) त्रैष्टुभो राजन्यः(तै.सं. ५.१.४.५) जैमिनीय ब्राह्मण २.१२०) इन्द्रियं वीर्यं त्रिष्टुप् (जै.ब्रा. १.१३२, ३.२०६) जागताः वै पशवः (तै. सं. २.५. १०.२, ऐत ब्रा. १.५) वीर्यं गायत्री (जैब्रा. १.३०९, तां.७.३.१३, शत.(८.२.३) ब्रह्मगायत्री, क्षत्रं त्रिष्टुपं, शत. १.३.५.[illegible]) गायत्रं वा अग्नेश्छन्दः । (शत.१.३.५.४) गायत्रीमेवाग्नये वसुभ्यः, त्रिष्टुभ- मिन्द्राय रुद्रेभ्यः, जगतीं विश्वेभ्यो देवेभ्य आदित्येभ्यः(ऐत. आ. ) गायत्रो वै ब्राह्मणः त्रैष्टुभो राजन्यः जागतो वै वैश्यः (जै.ब्रा. २.१०२)

जीवन की अपेक्षा में गायत्री आदि छन्दों का क्रम है, जैसे- सर्वप्रथम ब्रह्मवर्चस अनिवार्य रूप से अपेक्षित है अतः गायत्री प्रथम छन्द है, तदनन्तर आयु अतः उष्णिक् छन्द, (इसी प्रकार आगे इस संबंध को देखते जावें तो) स्वर्गसुख अनुष्टुप्, श्री हो अथवा यश हो, इनका क्रम भली भाँति प्राप्त सभी सुखों के बाद है जो बृहती है। पंक्ति ही वह यज्ञ है जो साध्यसाधन-समर्थ श्रेष्ठतम कर्म है, अस्तित्व का साधन अन्न ही त्रिपदा विराट् है ।२१ ख। त्रिष्टुप् इन्द्रिय-वीर्य है जो ओज नाम से प्रसिद्ध है जिसे क्षत्र - क्षत से त्राण करने वाला बल- भी कहते हैं। इसी भांति जगती पशु है। इनसे भिन्न जो इष (अन्न) ऊर्क् (अन्नरस) रयि (भौतिक सम्पदा) और पुष्टि (समृद्धि) हैं वे सब अतिच्छन्द हैं ।२२।

गायत्रमिष्टं यदिहाग्निभक्तं
तत् त्रैष्टुभं यत् किमपीदमैन्द्रम्।
यद् वैश्वदेव्यं किल जागतं तत्
नातः परं किञ्चिदिहास्ति वस्तु[३०] ।।२३ ।।

त्रैलोक्य एवं उसके यावन्मात्र पदार्थों की छन्दोव्याप्ति इस पद्यद्वारा बतायी जा रही है कि यहाँ जो कुछ भी अग्निभक्त अर्थात् आग्नेय है वह गायत्र-गायत्री छन्द आच्छादित -है, जो कुछ भी ऐन्द्र-इन्द्रभक्त- है वह सब कुछ त्रैष्टुभ-त्रिष्टुप् छन्दोऽनुगत- है। जो विश्वेदेव संबंधी है वह जागत-जगतीछन्दात्मक- है। इनसे बाहर या इनसे भिन्न कोई वस्तु विश्व में नहीं है। २३।

विप्रो हि गायत्र उदेति तद्वत्
स्यात् क्षत्रियस्त्रैष्टुभ, एष वैश्यः।
स्याज्जागतस्तद्द्रविणप्रयोगात्।
तेषां निपाते पतिताः स्युरेते ।।२४ ।।

विप्र गायत्री छन्दद्वारा जन्म लेता है, क्षत्रिय त्रिष्टुप्-मूलक होता है, वैश्य वर्ण का जगती छन्द से निर्माण होता है, इनके जन्म में तत्तत् छन्द का बल युक्तभाव से रहता है (जैसा कि "गायत्र्या ब्राह्मणं निरवर्तयत् त्रिष्टुभा राजन्यम्, जगत्या वैश्यम्।" ऐत. ब्राह्मण द्वारा प्रतिपादित किया गया है, इन ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य वर्णों में इन तीन छन्दों गायत्री त्रिष्टुप् जगती का विशिष्ट योग होता है) अपने तत्तद् वीर्य के नष्ट हो जाने पर ये ब्राह्मणादि भी पतित अर्थात् स्ववीर्य विशेष से च्युत हो वर्णरूप में विनष्ट से हो जाते है। २४।

गायत्रक-त्रैष्टुभ-जागतानि
च्छन्दांसि वर्णप्रमितेः प्रथन्ते।
तच्छन्दसा छन्दितधर्मक्लृप्ता
नराश्च वर्णा इति संप्रथन्ते ।।२५ ।।

गायत्री त्रिष्टुप् और जगती छन्द वर्णों (अक्षरों) के प्रमाण से प्रथित हैं (जैसे अष्टाक्षर प्रमाण से गायत्री एकादशाक्षर प्रमाण से त्रिष्टुप् और द्वादशाक्षर प्रमाण से जगती छन्द होता है)। छन्दो- विशेष के द्वारा छन्दित धर्म से निर्मित एवं तत्सामर्थ्यप्राप्त नर ब्राह्मण आदि वर्ण से प्रथित होते हैं ।२५ ।

**गायत्रमष्टाक्षरमस्ति विप्रा-**
**स्ततोऽष्टवर्षैरिह संस्क्रियन्ते ।**
**एकादशाब्दैस्त्विह संस्कृताः स्यु-**
**स्ते क्षत्रियास्त्रैष्टुभधर्मयोगात् ।।२६ ।।**
**वैश्याः पुनर्द्वादशभिः शरद्भिः**
**स्युः संस्कृता जागतधर्मतत्त्वात् ।**
**वेदोपनीतास्त इमे स्वदेवैः**
**संस्कारतः स्युर्निजधर्मभाजः ।।२७ ।**

गायत्री छन्द आठ अक्षरों का होता है अतः गायत्री छन्द छन्दित ब्राह्मण का आठवें वर्ष में संस्कार किया जाता है । इसी भाँति त्रिष्टुप्-धर्म-योगार्ह क्षत्रिय की ग्यारहवें वर्ष में सांस्कारिक प्रक्रिया होती है । २६ । जगती धर्म के तत्त्व के कारण वैश्य बारहवें शरत्- वर्ष- में संस्कृत होते हैं । इस प्रकार ये लोग वेदों से उपनीत-उपनयन युक्त- ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्योचित संस्कारों द्वारा अपने अपने देववर्ग के अनुग्रह से अपने अपने धर्म-ब्रह्म क्षत्र विड्वीर्य - के भाजन होते हैं ।२७ ।

**सामाजिका धर्मविदः पुराणा**
**इत्थं व्यवस्थाय समग्रधर्मान् ।**
**अभ्युन्नतान् कर्तुमकल्पयन् प्राक्**
**संस्कारभेदाँस्तदुपायभूतान् ।।२८ ।।**

[३१]समाजरक्षक प्राचीन धर्मतत्त्ववेत्ताओं ने इस प्रकार सभी धर्मों को व्यवस्थित कर मनुष्यों को समग्र धर्मसम्पन्न रूप से अभ्युदययुक्त करने के लिये इसके उपायभूत संस्कारभेदों की सृष्टि की अर्थात् व्यक्ति के नैसर्गिक सामर्थ्य को प्रबुद्ध करने में पूर्णतया समर्थ कल्प- अनुष्ठान-वाले इन विविध संस्कारों की व्यवस्था की ।२८ ।

**आयुः सुखं श्रीश्च यशश्च यज्ञो-**
**ऽथान्नं च तेष्वेषु समानभावात् ।**
**अपेक्षितानि स्युरमीष्वमीषां**
**ह्यनेन हीनास्तु भवन्ति वर्णाः ।। २९ ।।**

तत्तद्वर्णविशिष्ट इन लोगों में समान रूप से अपेक्षित आयु सुख श्री यश यज्ञ और अन्न इन संस्कारों में हैं अर्थात् इन संस्कारों के यथावत् अनुवर्तन से प्राप्त होते हैं अतः इन संस्कारों

के छोड़ देने से वर्ण अभीष्ट की सिद्धि न होने से हीन हो जाते हैं। (फिर वे नाममात्र के ही वर्ण रह जाते है।) ।२९।

**संकल्पक्लृप्ता स्वकृतिव्यवस्था-**
**ऽऽधिकारिकस्यापि बलस्य ''' संस्था**
**शरीरयात्रौपयिकार्थनिष्ठा**
**प्रवृत्त्यवष्टम्भकरं व्रतं स्यात् ॥३०॥**

संकल्प से की गयी अपनें कर्म की व्यवस्था, आधिकारिक बल (ब्रह्म क्षत्र आदि स्ववीर्य) की स्थिति अथवा इस बल के उपयोग का नियम[३२], शरीरयात्रा के लिए उपयुक्त अर्थ में निष्ठा ही व्रत है, व्रत का स्वरूप ही प्रवृत्ति को दृढ सहारा प्रदान करना है। इस पूरे पद्य की अर्थ-योजना निम्नलिखित रूप से भी की जाती है — अपने अपने कर्म की व्यवस्था आधिकारिक ब्रह्मादिवीर्य की स्थिति तथा शरीरयात्रा के उपयोगी अर्थ की निष्ठा संकल्प से निर्मित है। इन कर्मों में प्रवृत्ति तथा अवरोध को उत्पन्न करने वाला व्रत ही है ।३०।

**त्रीणि च्छन्दांसि कवयो वि येतिरे**
**पुरुरूपं दर्शनं विश्वचक्षणम्।**
**आपो वाता ओषधय-**
**स्तान्येकस्मिन् भुवन आर्पितानि ॥**
**—अथर्ववेद १८/१/१७**

क्रान्तद्रष्टा विद्वानों ने बहुरूप दर्शनीय विश्वसंघटक तीन छन्दों को उपकारक रूप में देखा। आप: वात और ओषधि रूप ये तीन छन्द एकीभाव से इस भुवनजात में पूर्ण समर्पित हैं। (इस प्रकार छन्दों से संस्कार और व्रत रूप कर्म की सिद्धि प्रमाणित करने में इस आथर्वणी श्रुति को विश्व की सर्वावरक रूप छन्दोमूलकता बताया गया है।

विशेष :— यहीं नीचे अपने पद्य द्वारा श्री ओझाजी ने इस मन्त्र का भाव स्पष्ट कर दिया है तथापि इसी सन्दर्भ में इसकी विशद व्याख्या भी उन्होंने छन्द:समीक्षा (छन्दस्तत्त्ववाद) में (पृ. १२३-१२४) की है जिसका सार इस प्रकार है :—

यह जो सब कुछ जिसे विश्व कहा जाता है दिखाई देता है कुल तीन भागों में विभक्त है जिन्हें आप: वात और ओषधि कहा जाता है। विश्व के सभी पदार्थ सघनावयव तरलावयव और विरलावयव होते हैं। इनमें सघन अवयव वाले पदार्थ अन्न ओषधि मिट्टी आदि शब्दों से, तरलावयव पदार्थ अप्शब्द से तथा विरलावयव पदार्थ तेज: वायु आदि शब्दों से कहे जाते हैं। ये तीनों भाव प्रत्येक पदार्थ में प्रत्यर्पित समझने चाहिये क्योंकि सभी पदार्थ मृदवस्था अब- वस्था और तेजोऽवस्था से ही स्वस्वनिमित्त के अनुरोध से परिणाम को प्राप्त करते हैं। इस प्रकार इन्हीं तीनों भावों में विश्व प्रतिष्ठित है अत: इन तीनों का प्रतिष्ठालक्षण छन्दस्त्व स्पष्ट है।

अन्नं जलं वायुरिति त्रिधापि
च्छन्दांसि देहे क्वचिदर्पितानि।
शरीरयात्रौपयिकानि तेषां
विशेषतश्छन्दितमस्ति वृत्तम् ॥३१॥

अन्न जल और वायु ये तीन प्रकार के शरीरयात्रोपयोगी छन्द सभी देहों में (समानरूप से) अर्पित हैं। इनका विशेष रूप से छन्दन ही 'वृत्त' (आचरण) है। अर्थात् ये छन्द एक ओर जहाँ जीवन के सञ्चालक हैं वही दूसरी ओर साधनाविशेष से सिद्ध हो संस्कार और व्रत के रूप में जीवन का वृत्त भी बनते हैं। ३१।

## २. प्राकृत-भावाः

### (छन्दों से उद्भूत प्राकृत भाव)

आलम्बनं हि प्रकृतिस्तदुत्थाः
स्युः प्राकृतार्था इह जन्मसिद्धात्।
सांस्कारिकाद्वा व्रतधारिताद् वा
स्वभावतः कर्मविशेषसिद्धिः ॥३२॥

आलम्बनभाव प्रकृति है। इस प्रकृति से उत्पन्न सभी अर्थ (भाव) प्राकृत कहे जाते हैं। स्वभाव से ही कर्म विशेष की सिद्धि होती है भले ही वह जन्मसिद्ध स्वभाव हो अथवा (निसर्ग नाम से प्रसिद्ध)[३३] सांस्कारिक स्वभाव या व्रतधारणजन्य स्वभाव हो। ३२।

सरस्वती वाक् पशवस्तु पूषा,
तेजोऽग्निरोजो वरुणो भगः श्रीः।
त्वष्टा तु रूपाणि सवः सवित्रा
द्युम्नं तु सोमेन तथान्यदन्यैः[३४] ॥३३॥

सरस्वती से वाक्, पूषा से पशु, अग्नि से तेज, वरुण से ओज, भग से श्री, त्वष्टा से रूप, सविता से सव (प्रेरणा-ईश्वरभाव), सोम से द्युम्न, तथा अन्य देवों से अन्य अन्य भाव उत्पन्न होते हैं। ३३।

## ३. भूतभावाः

### (पिण्डजनक भाव जिसे स्थायी भाव कहा गया है)

यः स्थायिभावः स हि भूतभावः
पञ्चापि भूतानि परस्परेण।

**संसृज्य लोमादि शरीररूपं**
**रेतोऽन्तमायान्ति तदन्यथापि ॥३४॥**

जो स्थायी भाव है वही भूतभाव है। आकाश आदि पाँचो भूत परस्पर मिलकर लोम से शुक्र तक के शरीर रूप को प्राप्त होते हैं। यह शरीर ही नहीं अपितु अन्य भी सभी पिण्ड जो स्थावर वृक्षादि के विभिन्न रूपों में हैं पञ्चभूतों के संहत भाव से निष्पन्न होने से भूतभाव ही हैं।३४।

## त्रयाणामेषामात्मत्वम्
## (ये तीनों आलम्बन प्राकृत और स्थायी भाव आत्मरूप हैं)

**आलम्बनं प्राकृतभाव एवं, स्थायी च भावस्त्रय एव नित्याः।**
**[३५]आत्मान एते त्रय एभिरेतद् वस्तुस्वरूपास्थितिरस्ति सद्भिः ॥३५॥**

आलम्बन भाव प्राकृत भाव एवं स्थायिभाव ये तीनों ही भाव नित्य हैं। ये तीनों आत्मा हैं। इन तीनों की सत्ता से ही वस्तु के स्वरूप की स्थिति होती है। ३५।

**आलम्बनं स्यादिह जीव आत्मा**
**यः प्राकृतः सोऽन्य इहान्तरात्मा।**
**यः स्थायिभावः स तु भौतिकात्मा**
**प्रत्यर्थमात्मत्रयमेवमूह्यम् ॥३६॥**

इनमें आलम्बनभाव जीवात्मा है, प्राकृतभाव जीवात्मा से भिन्न अन्तरात्मा है। जो यह स्थायी भाव है वह भौतिक आत्मा (भूतात्मा) है। इस प्रकार प्रत्येक पदार्थ में त्रिधा विभक्त शरीरारम्भक आलम्बन प्राकृत और स्थायी भाव रूप आत्मत्रय को तर्क बुद्धि से समझना चाहिये।३६।

**त्रिधा विभक्तास्त इमे शरीर-**
**स्यारम्भकाः सन्ति त आत्मधर्माः।**
**भवन्त्यनात्मात्मसमाश्चतुर्थाः**
**परे त्वनात्मान इति प्रतीयात् ॥३७॥**

तीन प्रकारों में विभक्त ये शरीर के आरम्भक-उपादन-तत्त्व हैं तथा ये आत्मधर्म हैं। चतुर्थ अर्थात् अनुभाव आत्मा नात्मरूप है।[३६] शेष पञ्चमप्रकारगणित व्याभिवारिभाव अनात्मरूप समझनें चाहिये[३७]।३७।

# अनुभावाः
## (अनुभाव— इनका स्वरूप विशद विवेचन के रूप में)

तत्रानुभावा इह सन्ति नित्याः
सामान्यतः किन्तु विशेषतस्ते ।
विपर्य्ययन्ते त इमे स्वरूपा-
नुभावका वस्तु न तैर्विना स्यात् ॥३८ ॥

इन पाँचों प्रकार के भावों में अनुभाव सामान्यतया नित्य हैं किन्तु विशेष रूप से (व्यभिचारीरूप में) अवस्थान्तर को प्राप्त होते रहते हैं (ये बाह्यार्थ होते हुए भी नित्यानुगत होने से नित्य हैं) । ये वस्तु के स्वरूप के निष्पादक होते हैं । इनके बिना कोई भी वस्तु हो नहीं सकती है । (ये वस्तुतः वस्तुच्छन्द हैं अणुत्व दीर्घत्व आदि इन्हीं का परिणाम है । ३८ ।

अस्त्रीवयोऽथ प्रतिमा प्रमा मा
इत्थं चतुर्धा स्युरिमेऽनुभावाः ।
प्रमा प्रतिष्ठा, प्रतिभानुरूपं,
संख्या तु माऽस्त्रीवय एतदन्यत् ॥३९ ॥

अस्त्रीवय प्रतिमा प्रमा और मा भेदों से अनुभाव चार प्रकार के हैं । इनमें प्रमा वस्तु की प्रतिष्ठा, प्रतिमा अनुरूपता या सादृश्य, मा संख्या तथा इनसे शेष अन्य सब कुछ दिशा आदि अस्त्रीवय है ।[३८] यदि 'एतदन्नम्' पाठ माना जावे तो, दिशा आदि अन्य सब कुछ के स्थान पर अन्न अस्त्रीवय है, ऐसा अर्थ भी किया जा सकता है ।३९ ।

संख्या तु मा (सा) स्यादिह यद् विलोके
सर्वं परिच्छिन्नमुपैति बुद्धौ ।
इयं परिच्छेदमतिः पृथक्त्वं,
ध्रुवं गृहीत्वैव करोति रूपम् ॥४० ॥

संख्या मा अर्थात् मिति है । मैं जो कुछ भी देखता हूँ वह सब कुछ बुद्धि में परिच्छिन्न भाव से ही आता है । यह परिच्छेदमति पार्थक्यभाव को लेकर ही रूप का निर्माण करती है । (पृथक्त्वरूपा यह परिच्छेदबुद्धि ही संख्या है जो माच्छन्द के नाम से कही गयी है) ।४० ।

न चागृहीत्वा परतो विभेदं
किञ्चित् पृथक्त्वं समुपैति बुद्धिम् ।
पृथक्त्वबुद्ध्या कलितार्थबुद्धिः
संख्या, विनैतां न हि वस्तुबुद्धिः ॥४१ ॥

अन्य से किसी प्रकार की भिन्नता के बिना बुद्धि में पृथकता का बोध उदित नहीं होता है। पृथकता के ज्ञान से आकलित बुद्धि अर्थात् अर्थविषयक ज्ञान ही संख्या है। संख्या के बिना किसी भी वस्तु का बोध सम्भव नहीं है। ४१।

**भेदः सजातीयकृतः क्वचित् स्यात्**
**क्वचिद् विजातीयकृतोऽथवा स्यात्।**
**तथा क्वचित् स स्वगतार्थनिष्ठ-**
**स्त्रिष्वस्ति संख्या प्रतिपत्तिहेतुः ॥४२॥**

भेद कहीं सजातीयकृत होता है तो कहीं विजातीयकृत होता है और कहीं वह स्वगतार्थनिष्ठ अर्थात् स्वगतकृत होता है। इन तीनों ही भेदों में भेदज्ञान का हेतु यह संख्या ही है। ४२।

**पृथक्त्व बुद्ध्या कलितार्थबुद्धिः**
**संख्या तदेकत्वमितो मितं स्यात्।**
**यावत् पृथक्त्वेन मितं गृहीतं**
**तावत्तदेकं त्विह वस्तुबुद्धिः ॥४३॥**

( यह वस्तु उस वस्तु से पृथक है, इन प्रकार की) पृथक् भाव वाली बुद्धि से युक्त अर्थ का ज्ञान संख्या है। यही एकत्व है जो ऐसी संख्याबुद्धि से मित मापा हुआ है[३९]। जहाँ जहाँ इस प्रकार के पार्थक्य भाव से मित ज्ञान हैं वहाँ वहाँ एकत्व है, इस एकत्व में ओतप्रोत ही वस्तु- बोध है।४३।

**[४०]एकं दशच्चाथ शतं सहस्त्रं**
**चेत्थं तदेकं ध्रियते चतुर्धा।**
**एकं तदन्तर्यदि नास्ति भेद-**
**स्तैः स्यादृतदशत् तैः शतमेभिरन्त्यम् ॥४४॥**

यह एक एक दशत् (दस) शत (सौ) तथा सहस्त्र (हजार) रूप में चार प्रकार से गृहीत होता है। यदि अन्तर्भेद नहीं है तो वह एक है। ऐसे एक की आवृत्ति से दशत्, दशत् की पुनः आवृत्ति से शत तथा शत से अन्त्य अर्थात् इस क्रम में गिनाई गयी अन्तिम संख्या सहस्त्र होती है। (इसी आवृत्ति के अभ्यास से अन्त्य भी होती है अर्थात् एक ही आवृति भाव से 'अन्त्य' है)।४४।

**निर्धर्म्मकः स्यात् पुरुषो हि धर्मै-[४१]**
**स्तैः पुरुषोऽन्यः पुरुषोऽन्य एतैः।**
**तन्मात्रतो भूतगणोऽथ भूतैः**
**स्याद् भौतिकं तैरिदमस्ति विश्वम् ॥४५॥**

निर्धर्म्मक (परात्पर या निर्विशेष) तत्त्व ही धर्मों से युक्त होता हुआ 'पुरुष' कहलाता है। धर्मों की विभिन्नता से ही अन्य अन्य पुरुषभेद अर्थात् पर पुरुष अक्षरपुरुष और क्षर पुरुष जैसे भेद होते हैं। तन्मात्राओं से भूत उत्पन्न होते हैं, भूतो से भौतिक पदार्थ तथा भौतिक पदार्थों से यह विश्व बनता है।४५।

**यद् विश्वमेकं तदिदं सहस्रं**
**तस्मिञ्छतानीव तु भौतिकानि।**
**भूतानि भौते दशतः शते वा**
**भूते विशेषा दशतीव चैका ॥४६॥**

यह (समष्टि रूप से) एक विश्व सहस्रहै। उस विश्व में भौतिक भाव सहस्र में दश-शत तुल्य हैं। (अर्थात् विश्व में सैकड़ों भौतिक हैं) भौतिक में भूत शत में दशत्-दस दस के वर्ग-के समान है। भूत में विशेष शत में दशती तुल्य हैं और दशती एक इकाई है। भूत को शतस्थानीय लें तो विशेष अनेक दशत् तुल्य हैं और दशती एक एक की एक समष्टि है।४६।

**यथा सहस्रं शतमेव सर्वं**
**शतं दशत्त्वेव दशत् तथैकम्।**
**विश्वं तथा भौतिकमेव भौतं**
**भूतं तदण्वेव परं तदेकम् ॥४७॥**

जिस प्रकार सहस्र पूर्णरूप से शत ही है, शत दशत् है और दशत् एक ही है। अर्थात् एक ही की परिणति दस, दस की परिणति शत और शत की परिणति सहस्र हैं। अतः एक दस शत और सहस्र, दस ही शत और सहस्र तथा शत ही सहस्र है[४२]। इसी प्रकार विश्व भौतिक रूप ही है भौतिक भूत रूप है और भूत अणु अर्थात् सूक्ष्मातिसूक्ष्म तन्मात्रा रूप है। यह अणु ही एक (संख्या) है, यही पर है इससे परे कुछ भी नहीं है। इस प्रकार स्पष्ट है कि एक का विकास सहस्र और अणु का विकास विश्व है।४७।

**एकं न चेत् स्यान्न दशत् तदा स्यात्**
**न वा शतं नैव सहस्रमेतत्।**
**एकैकमेकैकयुतं क्रमेण**
**स्थौल्ये हि सौक्ष्म्यादुपपत्तिमेति ॥४८॥**

यदि एक न होता तो 'दस' (का वर्ग) न होता, दशत् (दस का वर्ग) न होता तो शत (संख्या) नहीं होती, शत नहीं होने पर सहस्र (संख्या) नहीं होती। एक एक ही उत्तरोत्तर एक एक से युत होता हुआ क्रमशः सूक्ष्मता से स्थूलता को प्राप्त होता है।४८।

**द्वित्वादिसंख्या अपि नैकसंख्या-**
**भिन्ना न चैकत्वमिह व्यपैति।**

तदैकसंख्यैव समस्तसृष्टे-
मूलं पृथक्कृत्य वयं वदामः ॥४९ ॥

दो तीन आदि (दस तक की) संख्याएँ भी एक से भिन्न नहीं हैं । इन संख्याओं से एकत्व कभी नहीं हटता है । (द्रव्यादि में द्वित्वादि संख्या व्यासज्यवृत्ति से भी होती है) अतः एक संख्या को पृथक् कर इसे समस्त सृष्टि का मूल कहते हैं ।४९ ।

तद्धर्मसंख्यानमपीतरा मिति-
र्धर्माणि तान्याहुरिहाक्षराख्यया ।
मात्राकृतच्छन्द इह प्रतिष्ठा
स्यादक्षरच्छन्द इहार्थसंस्था ॥५० ॥

वस्तुघटक तत्तद् धर्मों का परिगणन भी मिति मान या नापतोल का एक दूसरा रूप है । उन धर्मों को छन्दः शास्त्रीय परिभाषा में अक्षर[४३] नाम से व्यवहृत किया जाता है । यहाँ मात्राकृत छन्द को प्रतिष्ठा तथा अक्षरच्छन्द को अर्थसंस्था[४४] कहा गया है । (मात्रा का अर्थ परिच्छेद और संस्था का अर्थ है वस्तु का संगठित रूप) ।५० ।

* तत्सप्तधोष्णिग् बृहती च पंक्ति-
स्त्रिष्टुप् त्वनुष्टुब् जगती तथाद्या ।
गायत्रिकाष्टाक्षरपात् त्रिपात् सा
तस्यां चतुर्विंशतिरक्षराणि ॥५१ ॥

ये अक्षर छन्द सात प्रकार के है । क्रमशः इनके नाम गायत्री उष्णिक् अनुष्टुप् बृहती पङ्क्ति त्रिष्टुप् और जगती हैं । गायत्री आठ अक्षरों के पादवाली होती है, इसके तीन पाद हैं इसमें कुल २४ अक्षर होते हैं ।५१ ।

विशेष :— पूर्वछन्द से उत्तर छन्द में प्रतिचरण एक वर्ण की वृद्धि से ४ वर्ण अधिक हो जाते हैं तदनुसार उष्णिक् में २८, अनुष्टुप् में ३२, बृहती में ३६, पंक्ति में ४०, त्रिष्टुप् में ४४ तथा जगती में ४८ वर्ण होते हैं ।

अग्निर्यदोच्येत तदा भवेद् ध्रुवं
तस्मिँश्चतुर्विंशतिरक्षराणि वा ।
अष्टाक्षराणीत्यनयोः प्रमाणयो-
रपच्यवेऽग्नित्वमपि च्यवेत तत् ॥५२ ॥

* कतमा सा देवाक्षरा बृहती यस्यां तत् प्रत्यतिष्ठत् । द्वादश पौर्णमास्यः द्वादशाष्टकाः, द्वादशामावास्याः, एषा वाव सा देवाक्षरा बृहती यस्यां तत् प्रत्यतिष्ठत्-इति (तै० ब्रा० १.५.१२) इति श्रुतिः सूर्यमण्डल-प्रतिष्ठात्मिकां बृहतीं बोधयन्ती शब्दात्मकाक्षरावयवतो देवात्माक्षरावयवान् पृथग् बोधयति । (यहाँ १२ पौर्णमासी १२ अष्टका और १२ अमावास्या के रूप में देवाक्षरा बृहती के अक्षर पौर्णमासी आदि बताये गये हैं तदनुसार यह सूर्यमण्डल की प्रतिष्ठा बृहती है)

(अग्नि का गायत्री छन्द है । अतः गायत्री छन्द से अग्नि का बोध होता है) जहाँ कहीं अग्नि का कथन होगा वहां गायत्री के रूप में (पादत्रय की विवक्षा में) निश्चित ही २४ अक्षर अभीष्ट होंगे अथवा (एक पाद की दृष्टि से) आठ अक्षर होंगे । (इन्हीं से गायत्री रूप अग्नि की सत्ता वहाँ है यदि) इन अक्षरों की च्युति अपने इन प्रमाणों से होती है तो अग्नि की भी च्युति निश्चित रूप से हो जाती है ।५२ ।

यत्रोच्यते त्रिष्टुबिति ध्रुवं तदा
तत्रेन्द्र एष प्रतिपद्यतेऽन्वितः ।
रौद्री च त्रिष्टुब् जगती च बोधये-
दादित्यमन्यानपि तद्वदूहयेत् ॥५३ ॥

जहाँ त्रिष्टुप् का कथन है निश्चित ही वहाँ इन्द्र का बोध होता है त्रिष्टुप् छन्द से अथवा ११ या ४४ अक्षरों से रुद्र का भी संबंध है अतः त्रिष्टुप् रौद्री-रुद्रदेवतात्मिका- है । आदित्य का छन्द जगती है अतः जगती या ४८ अक्षरों से आदित्य का बोध होता है । इसी प्रकार अन्य देवताओं का ज्ञान तर्कबुद्धि से करना चाहिये । ५३ ।

## (१) वैश्वानराग्निरूपा शारीर गायत्री

शारीरवैश्वानरमग्निमष्ट-
प्रादेशमात्रं नियतं वदन्ति ।
प्रादेशमध्यर्द्धदशाङ्गुलं तु
प्राहुस्ततः प्राणमितिः शरीरे ॥५४ ॥

शरीरस्थ वैश्वानर अग्नि[४५] आठ प्रादेश मात्र होती है । एक प्रदेश साढ़े दस अङ्गुल का होता है[४६] । उस वैश्वानराग्नि के प्रमाण से, इसी कारण, शरीर में प्राणमिति-प्राणों का माप-होता है ।५४ ।

शीर्ष्णश्च कण्ठाद्धृदयाच्च नाभे-
र्गुदे तु चत्वार इमे विभागाः ।
चत्वार ऊरोः प्रपदान्तभागा
गायत्रमष्टाक्षरमस्ति वर्ष्म ॥५५ ॥

शिर से कण्ठ तक एक प्राण, कण्ठ से हृदय तक दूसरा प्राण, हृदय से नाभि तक तृतीय प्राण तथा नाभि से गुदा तक चौथा प्राण है, इस प्रकार शिर से गुदा तक चार प्राणों की सत्ता गायत्री के चार अक्षरों के रूप में है । चार ही प्राण ऊरु (जंघा) से लेकर प्रपद-पादों के अग्रभाग-तक अधःकाय में हैं । इस प्रकार देह गायत्र अर्थात् गायत्र्यात्मक अष्ट प्राणमय है ।५५ ।

भूतोन्मितं प्राणमितं तथैव
प्रज्ञामितं तुल्यमिदं शरीरम् ।

अष्टाक्षराः स्युस्त्रय एव पादाः
*[४७]कायस्ततोऽग्नेरुदितः निकायः ॥५६ ॥

यह शरीर समान रूप से भूतमित प्राणमित तथा प्रज्ञामित होता हुआ इन तीनों में प्रतिष्ठित होने से त्रिपाद् है । ये तीनों ही पाद आठ आठ अक्षरों के है (इस प्रकार चतुर्विंशत्यक्षरात्मक होने से) यह शरीर अग्नि का निकाय कहा गया है यही इसका काय नाम होने का रहस्य है ।५६ ।

### २- पार्थिवगायत्री, भूतगायत्री पृथिवी वा,

●अप्फेन ऊषः सिकता च शर्करा
ऽश्मायो हिरण्यं च भवन्त्यपां क्रमात् ।
प्रज्ञाश्च तेजांसि च भूतवत् ततः
पृथ्वीयमष्टाक्षरपादतस्त्रिपात् ॥५७ ॥

अप् के क्रमशः (१) अप् (२) फेन (३) ऊषः (क्षार) (४) सिकता (बालू) (५) शर्करा (रेत) (६) अश्मा (पत्थर) (७) अयः (लौह आदि धातु) तथा (८) हिरण्य (सुवर्ण) ये आठ भूतमय अष्टाक्षर पाद हैं । इसी भाँति अष्टाक्षर प्रज्ञापाद तथा अष्टाक्षर प्राणपाद हैं, प्राण तैजस हैं । इस रूप में अष्टाक्षरात्मक तीन पादों वाली होने से यह पृथिवी[४८] भी त्रिपाद्गायत्रीरूपा है ।५७ ।

वाग् गौरथ द्यौरिति चाष्टधाष्टधा
गायत्रिकेयं पृथिवी ततस्त्रिपात् ।
व्याप्नोति लोकत्रयमेव तैस्त्रिभिः
पादैस्ततः सर्वमियं प्रसिध्यति ॥५८ ॥

वाक् गौ और द्यौ इन तीन मनोताओं से[४९] यह पृथिवी त्रिपदा है तथा तीनों ही पाद आठ आठ अक्षरों वाले हैं । स्पष्ट ही यह पृथिवी त्रिपदा गायत्रीरूपा है जो अपने इन तीन पादों से तीनों लोकों को व्याप्त किये हुए है । इस प्रकार यह सम्पूर्ण दृश्य प्रपञ्च पार्थिव गायत्री का रूप सिद्ध होता है ।५८ ।

### ३- आदित्यगायत्री

द्वौ द्वौ च मित्रो वरुणो भगोंऽशो
धातार्यमाथो सविता विवस्वान् ।

---

* अग्नेः शिवाजापेऽष्टौ शिवास्तन्व आम्नायते— विराट् च स्वराट् चेति, सम्राट् चाभिभूश्चेति, विभूश्च परिभूश्चेति, प्रन्वी च प्रभूतिश्चेति, (तै.ब्रा. १.१.७)

● ऊषः क्षारमृत् । क्षार एव काचः । अयोधातुस्तैजसद्रव्यम् तदष्टधा सुवर्णं रजतं ताम्रं रीतिः कांस्यं तथा त्रपुसीसं कालायसं चैवमष्टौ लोहानि चक्षते । इत्यभियुक्तोक्तेः (५७ तमेऽस्मिन् पद्ये) हिरयमन्तर्गतमपि वैशिष्यात् पृथगुच्यते । त्रपुरङ्गम् ।

[५०]आदित्य एवं प्रथिताष्टधाऽसौ
प्रज्ञा च भूतं च ततस्त्रिपात् सः ॥५९ ॥

आदित्य भी मित्र और वरुण, भग और अंश, धाता और अर्यमा, तथा सविता और विवस्वान् के युग्मों से अष्टाक्षरात्मक हैं ये आठ अक्षर अष्टाक्षर प्राणात्मक पाद हैं। शेष अष्टाक्षरात्मक प्रज्ञापाद और अष्टाक्षरात्मक भूतपादों के साथ आदित्य भी त्रिपात् है। इस प्रकार त्रिपात् आदित्य की त्रिपाद् गायत्रीरूपता स्पष्ट है। ५८।

### ४- द्यौः गायत्री

ज्योतिश्च गौरायुरिति त्रयस्ते[५१]
ऽष्टाष्टेत्यतो द्यौरपि सा त्रिपात् स्यात्।
व्याप्नोति लोकाँस्त्रीभिरेव च त्रीन्
पादैस्ततः सर्वमियं प्रतीता ॥६० ॥

द्युलोक के भी ज्योति गौ और आयु, ये तीन पाद हैं, प्रत्येक पाद अष्टाक्षर है। इन अष्टाक्षरात्मक तीन पादों से द्यौ त्रिलोकी को व्याप्त किये हुये है। इस प्रकार द्यौ भी सर्वगता गायत्री है।६०।

### ५- सर्वात्मिका गायत्री

पृथ्वीयमापोऽग्निरथैष वायु-
र्विद्युत् स सोमः स रविः स आत्मा।
[५२]अष्टाग्निरूपाणि ततस्त्रिलोक्यां
व्याप्तोऽन्तरिक्षाधिपतिः स देवः ॥६१ ॥

यह पृथिवी, अप् अग्नि, वायु, विद्युत्, सोम, रवि और आत्मा ये अग्नि के आठ रूप हैं। इन्हीं आठ रूपों से अन्तरिक्ष का अधिपति वह देव त्रिलोकी में सर्वत्र व्याप्त है।६१।

### ६- लोकगायत्री

व्याघ्रा मृगेन्द्रा महिषा वराहा
ऋक्षा मतङ्गाः कपयश्च सप्त।
गवाव्यजा अश्वतरा अथाश्वा-
स्ते रासभास्ते मनुजाश्च सप्त ॥६२ ॥
पञ्च द्रुमा गुल्मलताप्रताना-
स्त्वक्सारमात्राश्च तृणद्रुमा ये।
ये वाङ्मयाः पार्थिवतैजसाप्य-
वायव्यजीवा इति यज्ञियाः[५३] स्युः ॥६३ ॥

इत्थं चतुर्विंशतिकाक्षरैः स्याद्
गायत्रिकेत्याहुरथान्यथाहुः
पञ्चोद्भिदः पञ्च तु धातवस्ते
चतुर्दशापात् प्रमुखाश्च जीवाः[५४] ॥६४॥

व्याघ्र, सिंह, महिष, वराह, ऋक्ष, मतङ्ग (गज) और कपि ये सात (आरण्य) पशु, गौ, अवि (मेष भेड़) अज, अश्वतर (खच्चर) अश्व, रासभ (गर्दभ) और मनुज ये सात (ग्राम्य) पशु, वृक्ष, गुल्म (झाड़, झाड़ी) लता, प्रतान, त्वक्सारमात्र तृणद्रुम ये पाँच उद्भिज्ज, वाङ्मय, पार्थिव, तैजस (आग्नेय) आप्य (जलीय) और वायव्य रूप पांच प्रकार के जीव, इस प्रकार ये कुल चौबीस यज्ञिय भूत हैं, यही चौबीस अक्षरों वाली लोकगायत्री है ऐसी मान्यता (महाभारत में प्रकट की गयी) है। कुछ लोग इसे कुछ भिन्न रूप से लेते हैं, तदनुसार पाँच उद्भिद्, पाँच धातुएँ (धारक आकाशादि पञ्चभूत), शेष चतुर्दश अपात् प्रमुख अर्थात् पादरहित जीवों सहित अन्य प्राणी गायत्री के चौबीस अक्षर हैं। ६२-६४।

वाग् भूः शरीरं हृदयं चतुष्पाद्
गायत्रिका पादषडक्षरा स्यात्।
भूतं च भव्यं च यदस्ति किञ्चित्
गायत्रमेतत् सकलं प्रविद्यात् ॥६५॥

प्रत्येक पाद में ६, ६, अक्षरों वाली चतुष्पाद गायत्री के वाक् भू शरीर और हृदय ये चार पाद हैं। जो कुछ भी भूत (अतीत या सृष्ट) भविष्य (स्रष्टव्य, अपरिमित) तथा वर्तमान से सम्बद्ध है, वह सब कुछ गायत्र ही समझा जाना चाहिये।६५।

### ७- संवत्सरात्मिका गायत्री लोकत्रयी

संवत्सरेण प्रमितः स सूर्यः
पृथ्वी च तस्मिन् प्रभवन्त्यहानि।
संवत्सरे त्रीणि शतानि षष्टि-
स्तैः पञ्चभिस्तैर्दशभिश्च पक्षः ॥६६॥

वह सूर्य और यह पृथ्वी दोनों ही संवत्सर से प्रमित हैं।उस संवत्सर में ३६० अहः होते हैं। इन १५ अह से एक पक्ष होता है।६६।

पक्षा हि पर्वाणि भवन्ति पृथ्व्या-
मथान्तरिक्षे दिवि चेति ते स्युः।
पक्षाश्चतुर्विंशतिरक्षराणि
गायत्र्य एतैः पृथिवी वियद् द्यौः ॥६७॥

ये पक्ष पृथिवी अन्तरिक्ष और द्युलौक में पर्व बनते हैं ।संवत्सर के ये २४ पर्व रूप पक्ष ही गायत्री के २४ अक्षर हैं । इन २४ अक्षरों से ही पृथ्वी अन्तरिक्ष और द्यौं[५६] तीनों ही गायत्रियाँ हैं ।६७ ।

दिशोऽष्ट पृथ्व्यां च दिशोऽन्तरिक्षे
दिशोऽष्ट दिव्येवमियं त्रिलोकी ।
पादैस्त्रिभिः सम्प्रति भाति गाय-
त्र्येषा ततः सर्वमिदं बभूव ।।६८ ।।

पृथ्वी में ८ दिशाएँ, अन्तरिक्ष में ८ दिशाएँ तथा द्युलोक में भी ८ ही दिशाएँ है । इस प्रकार यह त्रिलोकी ८-८ अक्षरों के तीन पादों से गायत्री है ।[५६] उसी से यह सब कुछ उत्पन्न हुआ है । ६८

## अग्निविभूतियोग

धिष्ण्या इमेऽष्टा हवनीय एको
यो गार्हपत्यः स च तद्दशेत्थम् ।
सन्त्यग्निरूपाणि विराट् ततोऽग्निः
सर्वानिमानेकमिवाग्निमाहुः ।।६९ ।।

आठ धिष्ण्य अग्नियाँ एक आहवनीय और एक गार्हपत्य इस प्रकार अग्नि के ये १० रूप हैं ( जो अग्नि के दस अक्षर हैं, छन्दः परिभाषा में दशाक्षर का अर्थ विराट् है, फल स्वरूप) अग्नि विराट् है । (ये अग्नि की विभूतियाँ है अतः मूलत उससे अभिन्न हैं, इसलिए मनीषी) इन १० अग्नियों को एक ही अग्नि कहते है[५७] । ६९ ।

## छन्दो-महिमा

वागक्षरं ब्रह्म वदन्ति तस्य
च्छन्दः परिच्छेदविशेषसिद्धिः ।
विश्वक्षरं छन्दसि दृश्यते यत्
पृथक् पृथक् तेन च वस्तुस्थितिः ।।७० ।।

वाग् रूप अक्षर[५८] ब्रह्म है[५९] । परिच्छेद विशेष की सिद्धि उसका छन्द है । पृथक् पृथक् वस्तुओं की सिद्धि होती है । ७० ।

छन्दांसि वाचः प्रमिताः पृथग् विधाः
ऋगक्षरं साम तदक्षरं यजुः ।

**छन्दांसि तानि त्रिविधानि चक्षते**
**तान्येव वेदास्तत एव सृष्टयः ॥७१ ॥**

वाणी की पृथक् पृथक् प्रमित विधाएँ ही छन्द हैं ।[६०] ऋक् एक अक्षर एक अक्षर साम और एक अक्षर यजुः ये तीन प्रकार के छन्द हैं ये ही वेद हैं । इनसे ही सृष्टियाँ होती हैं ॥७१ ॥

**ऋचां समुद्रो महदुक्थमुच्यते**
**साम्नां समुद्रस्तु महाव्रतं मतः ।**
**यजुःसमुद्रोऽग्निरयं स पूरुषः**
**संवत्सरोऽसौ प्रथते पृथग्विधः ॥७२ ॥**

ऋचाओं का समुद्र महोक्थ कहलाता है, साम का समुद्र महाव्रत है, यजुषों का समुद्र अग्नि है यही संवत्सर पुरुष है । वही पृथक् पृथग् विधाओं में फैला हुआ है ।[६१] ७२ ।

**संवत्सरं सन्त्यनुवेदसिन्धव-**
**श्छन्दांसि तानन्वथ तानि चान्वमी ।**
**लोकाश्च लोकाननु चात्मसृष्टयः**
**तथात्मनः सर्वमिदं बभूव ह ॥७३ ॥**

संवत्सर के पीछे ये तीनों वेदसमुद्र हैं, इन (समुद्रों) के अनुगत छन्द हैं । इन (छन्दों) के पीछे लोक हैं और लोकों के पीछे आत्मा है । आत्मा से ही यह सारा विश्व पैदा हुआ है ।७३ ।

**तमक्षरं बह्वृचका महोक्थे**
**छन्दोगकाश्चापि महाव्रतेतम् ।**
**अध्वर्यवोऽग्नौ च तमेव सत्यं**
**पश्यन्ति वेदा बहवः स एकः ॥७४ ॥**

उसी अक्षर को बहृवृच - ऋग्वेदी - महोक्थ में, 'सत्य' रूप में देखते हैं । इसी भाँति छन्दोग (सामवेदी) महाव्रत में तथा अध्वर्यु यजुर्वेदी अग्नि में उसी अक्षर रूप सत्य को देखते हैं । वह अक्षर एक ही है । उसी के ये अनेक वेद हैं[६२] ॥७४ ॥

**गायत्रिका त्रिष्टुबनुष्टुबुष्णिग्**
**विराड्बृहत्यौ जगती च भिन्ना**
**तयान्यथा वाक्षरमेकमेवा-**
*** र्प्यते चितौ नैव ततोऽन्यदस्ति ॥७५ ॥**

*चतुर्थचरणम् —'र्प्यते चित्ते न ततोऽन्यदस्ति' इत्यासीत् ; अत्र दशैवाक्षराणि भवन्ति, लघुगुरुक्रमेऽपि दोष इति 'र्प्यते चितौ नैव तदन्यदस्ति' इति रूपेण साधूकृत्य मूले न्यवेशि । (अनुवादकः)

गायत्री त्रिष्टुप् अनुष्टुप् उष्णिक् विराट् बृहती और जगती आदि भिन्न भिन्न छन्दों से अथवा इनसे भी भिन्न किसी भी छन्द से वह एक ही अक्षर 'सत्य' चिति में अर्पित होता है । उससे भिन्न अन्य कुछ भी नहीं ।७५ ।

**प्रातिस्विको वस्तुनि य प्रतीतो**
**विस्तार एषोऽत्र तदन्यवस्तु ।**
**कदापि नैति, प्रतिरुद्धधर्मा**
**नातो बहिर्यान्ति स तस्य देशः ॥७६ ॥**

[६३]वस्तु में प्रतीत होने वाला यह जो उसका निजी विस्तार है जिसमें उससे भिन्न वस्तु कभी नहीं आ पाती है और उस वस्तु में प्रतिरुद्ध वस्तु के धर्म उससे बाहर नहीं जा पाते हैं (इस प्रकार का) यह विस्तार (ही) उस वस्तु का देश है ।७६ ।

**घटस्य नाशेऽपि घटस्य बुद्धि-**
**र्न नश्यतीयं , वद, तत्र बुद्धिः**
**कं गृह्णती तिष्ठति योऽत्र बुद्धे ।**
**ग्राह्यः प्रमा साऽन्तरितो घटः सः ॥७७ ॥**

घट के नष्ट हो जाने पर भी घट संबंधी यह बुद्धि नष्ट नहीं हो जाती है । बताइये भला ! ऐसी स्थिति में बुद्धि किसे पकड़े हुए बनी रहती है ? (इस विचार का उत्तर पानें पर जो निष्कर्ष निकलता है वह यह है कि ) यहाँ बुद्धि से ग्राह्य जो बुद्धि में अवस्थित घट है वह प्रमा है ।७७ ।

**बाह्यो घटोऽन्योऽन्तरितो घटोऽन्यो**
**बाह्यस्तु नाश्योऽन्तरितो न नाश्यः ।**
**यथान्तरं पश्यति कुम्भकार-**
**स्तथा विनिर्माति बहिर्घटं सः ॥७८ ॥**

बाहरी घट एक अन्य वस्तु है और आन्तरिक घट एक अन्य वस्तु है । बाह्य घट नाशशील है जबकि आन्तरिक घट नाशशील नहीं है । कुम्भकार जैसा आन्तरिक घट देखता है अर्थात् उसके बुद्धिस्थ घट का जैसा आकार प्रकार विस्तार होता है तदनुरूप वैसा ही वह बाहरी घट बनाता है । ७८ ।

**यदा घटं पश्यति कोऽपि तर्हि**
**स्वान्तेन गृह्णाति स आन्तरं तत् ।**
**रूपादिकं प्रात्ययिकं तथाक्षै-**
**र्गृह्णाति सन्तं न तु बाह्यमर्थम् ॥७९ ॥**

जब कोई व्यक्ति बाह्य घट देखता है तो उसे अपने अन्तः करण से (बुद्धि में) ले लेता है । वह उसका आन्तरिक घट बन जाता है । वह ज्ञान में विद्यमान रूप आदि बौद्धिक वस्तुओं का

इन्द्रियों से ग्रहण कर पाता है न कि बाहरी घट का ग्रहण करता है। अर्थात् घट के आकार प्रकार रूपरंग आदि को इन्द्रियों से जानता है उन्हीं भावों का वह ग्रहण करता है इस प्रकार बाह्य घट उसका आन्तर घट हो जाता है। बाह्य घट के रूपरंग आदि तो प्रत्यभिज्ञा रूप से पुन: देखने पर आन्तर घट से ऐकरुप्य का विषय बनते हैं।

**बहिर्घटस्यान्तरितो घटोऽयं**
**भवेत् प्रतिष्ठा, स हि तत्र तिष्ठेत्।**
**बाह्ये घटः कर्ममयोऽस्ति, कर्मा-**
**ण्येतानि तिष्ठन्ति तदान्तरेऽस्मिन् ॥८० ॥**

यह आन्तरिक घट ही बाह्य घट की प्रतिष्ठा है। बाह्य घट आन्तरिक घट में ही प्रतिष्ठित हो पाता है। बाह्य घट कर्ममय ही है अर्थात् कुम्भकार के कर्म से ही निर्मित हुआ है। ये (कुम्भकार के) कर्म (संस्कार रूप से उस कर्मकार के) आन्तरिक घट में ही रहते हैं (जो ज्ञानमय घट है)

**बाह्ये घटो वर्ण गुरुत्वशाली**
**स्याल्लक्षणं सोऽन्तरितस्य तस्य**
**घटादिनाम्नामपि चान्तरेऽस्मि-**
**न्निष्ठा न नश्यन्ति हि बाह्यनाशात् ॥८१ ॥**

वर्ण और भार से युक्त बाह्य घट आन्तरिक घट का लक्षण (बोधक) होता है। इस आन्तर घट में ही घट आदि नामों की भी स्थिति है। अर्थात् रूप की भाँति पदार्थों के नाम भी बुद्धि आदि में ही प्रतिष्ठित हैं तभी तो घट आदि बाह्य पदार्थों का नाश हो जाने पर भी वे नाम रूप आदि नष्ट नहीं होते हैं। ८१।

**देशः स धर्मव्यतिरिक्तवस्तु**
**प्रतीयते धर्मधृतोऽवकाशः।**
**आकाश एव त्ववकाश उक्तो**
**धर्मैः परिच्छिन्नतया गृहीतः ॥८२ ॥**

आपाततः देश धर्म से अतिरिक्त (भिन्न) वस्तु प्रतीत होता है किन्तु वस्तुतः ऐसा है नहीं, धर्म से धारित अवकाश ही देश है, अर्थात् विस्तार (लम्बाई चौड़ाई) परिणाह (घिराव आदि) प्रभृति धर्मों द्वारा जितना अवकाश व्याप्त होता है उतने अवकाश का नाम ही देश है और अवकाश उस आकाश का ही नाम है[६४] जो धर्मों द्वारा परिच्छिन्न-सीमित- रूप से गृहीत होता है।८२।

**आकाश एषोऽस्ति हि वस्तुदेशः**
**सैवाकृतिर्वस्तुनि सैव जातिः ।**

व्यक्तिश्च सैवास्ति पृथक्त्वरूपा
तद्भेदतो वस्तुनि भेदबुद्धिः ॥८३ ॥

यह आकाश ही वस्तु का देश है । यही वस्तु में आकृति है यही उसमें विद्यमान जाति है । पृथक्ता रूप व्यक्ति भी वही है । वस्तुत: आकाश केभेद से ही वस्तु में भेदबुद्धि होती है, अर्थात् वस्तु का प्राणप्रद धर्म जाति आकृति और पार्थक्यभाव में प्रतिष्ठित व्यक्तित्व तीनों आकाश ही हैं तो आकाश भेद से वस्तुभेद स्वाभाविक ही है ।८३ ।

यत्त्वाहुरेषामिह रूपभेदाद्
भेदोऽस्ति, रूपं तु तदाकृतिः स्यात् ।
सा चाकृतिर्नावृतितोऽस्ति भिन्ना
तस्माद् विभिन्नावृतिरेव वस्तु ॥८४ ॥

जैसा कि कुछ लोग कहते हैं कि रूप की भिन्नता से ही पदार्थों में भेद होता है, ठीक है, किन्तु रूप भी तो आकृति ही है आकृति से भिन्न नहीं है और वह आकृति आवृति (आवरण अथवा छन्द) से भिन्न नहीं है अत: यही तथ्य निष्कर्ष रूप में निकलता है कि विभिन्न आवृति अर्थात् विभिन्न आवरण ही वस्तु हैं ।८४ ।

विनाकृतिं स्युर्न यथेह धर्मा
धर्मैर्विना नाकृतिरप्यसौ स्यात् ।
इत्थं विदुः केचन तद्ध्यसम्यक्
विनाक्षरैश्छन्दसि बुद्धिरस्ति ॥८५ ॥

कुछ लोग यह भी मानते हैं कि जैसै आकृति के बिना धर्म नहीं है वैसे ही धर्मों के बिना आकृति भी संभव नहीं है । उनका ऐसा मानना ठीक नहीं है । यह तो अक्षरों के बिना ही छन्द बन जाना मानने जैसी बात है । अर्थात् जैसे अक्षरों से छन्द बनते हैं छन्दों से अक्षर नहीं बनते हैं वैसे ही धर्मों से आकृति बनती हैं आकृति से धर्म नहीं बनते हैं । अक्षर धर्म है छन्द आवरण रुपा आकृति है यह स्पष्ट ही है ।८५ ।

उत्थाप्यते भित्तिचतुष्टयी चेच्-
चतुर्दिशं तच्छदिरस्ति चोर्ध्वम् ।
इत्थं तदाच्छादितशून्यभागं
प्रासादमाहुस्तदपायनाश्यम् ॥८६ ॥

धर्म से आकृति बनने वाली बात इस उदाहरण से ही स्पष्ट है कि यदि चारों दिशाओं में चार दिवारें उठाई जाती हैं । (तो ऊपर उसके आवरण छत का मान निश्चित है) और तदनुकूल ऊपर छत डाल दी जाती है । इस प्रकार उन (दिवारों तथा छत) से घिरे शून्य भाग को (अब अप्रसाद कहते हैं (दिवार और छत रूप धर्म ने ही प्रासाद रूप आकृति ही है जिससे अब तक

के शून्य भाग को जो इससे घिर गया है अब प्रासाद कहन लगे है) यह प्रासाद (रूप आकृति) उन दिवारों के और छत के आवरण के हटा दिये जाने पर वह प्रासाद भी नाश को प्राप्त हो जाने वाला हैं (क्योंकि धर्मकी सत्ता अब नहीं रही) अत: आकृति का आधार नष्ट हो जाने से आकृति को नष्ट होना ही है ।८६ ।

**कुम्भं विनिर्माति हि कुम्भकारः**
**कुम्भाकृतिं तां मनसावधार्य ।**
**तथा प्रयुङ्क्ते बलमेष येन**
**प्रपद्यते मृत् पुनराकृतिं ताम् ॥८७ ॥**

कुम्भकार कुम्भ की आकृति को मन से निश्चित कर हाथ का बल कुछ इस प्रकार से प्रयोग में लाता है जिससे मिट्टी उसी कुम्भ की आकृति को प्राप्त कर लेती है[६५] अर्थात् मिट्टी उसके संकल्पित कुम्भ का रूप ले लेती है ।८७ ।

**न मृद् घटः किन्तु तथाकृतिर्घटो**
**न चास्थिमांसं गज आकृतिर्गजः ।**
**शिल्पं गजः प्रस्तरतो विधीयते**
**चित्रं गजः केवलरेखया भवेत् ॥८८ ॥**

मिट्टी घड़ा नहीं है किन्तु आकृति घड़ा है । इसी प्रकार हाड़मांस हाथी नहीं है आकृति ही हाथी है । शिल्पगज पत्थर से बनाया जाता है और चित्र गज रेखा मात्र से बनता है । इससे स्पष्ट है कि पत्थर रेखा अथवा अस्थि मांस आदि गज नहीं हैं इन पर आवरण विशेष से बनी आकृति ही गज है । ८८ ।

**क्रूरे गजे यद्वदिहार्थबाधतो**
**नारोहणादि क्रियते तथा गजे ।**
**शिल्पे च चित्रे च तदर्थबाधतो**
**नारोहणं स्यान्न गजो न तावता ॥८९ ॥**

शिल्प गज पर या चित्र गज पर गजोपयुक्त आरोहण भारवाहन आदि क्रिया संभव न होने से उन्हें गज न मानना भी उपयुक्त नहीं है, इसका सयुक्तिक स्पष्टीकरण यहाँ किया जाता है कि —) क्रूर हाथी पर जिस प्रकार, गज के वास्तविक अर्थ की बाधा से, आरोहण आदि नहीं किया जाता है वैसी ही अर्थबाधा होने से शिल्प गज अथवा चित्रगज पर भी आरोहण आदि नहीं होगा, मात्र इतने से जैसे वह गज अगज नहीं हो जाता है तो ये चित्रगज और शिल्पगज अगज कैसे हो जावेंगे । ८९ ।

**मृत्पिण्डमादाय हि कारुको गजं**
**हयं रथं कंसमथान्यथा बहु ।**

**शिल्पं विनिर्माति, न मृद् विभिद्यते,**
**भिन्नाकृतिस्तेन गजाश्वभिन्नता ॥९० ॥**

एक कारु (शिल्पकार कलाकार अथवा कारीगर) मिट्टी का पिण्ड लेकर हाथी घोड़ा रथ प्याला आदि अथवा अन्य भी नाना प्रकार की बहुत सी शिल्पवस्तुओं का निर्माण करता है ।[६६] वहां उन शिल्पों में मिट्टी नहीं बदल जाती है (वह तो वही है) बदलती है केवल आकृति, आकृति की भिन्नता ही हाथी घोड़े रथ आदि की भिन्नता है ।९० ।

**जलं ह्रदे पुष्करिणी - सरस्वत्**
**सरः सरित्स्वस्ति समं तथापि ।**
**सीमा प्रभिन्ना, तदतः प्रभिन्ना-**
**न्येतानि, सीमैव ततोऽस्ति वस्तु ॥९१ ॥**

झील बावड़ी सागर सरोवर और नदियों में जल एक सा ही है किन्तु सीमा[६७] भिन्न भिन्न है इसी से झील वापी आदि एक दूसरे से भिन्न भिन्न हैं अतः सीमा ही वस्तु है ।९१ ।

**सर्वो लिपिं लेखयतेऽनुरूपं**
**ब्रूतेऽनुरूपं कुरुतेऽनुरूपम् ।**
**नाकार एष ध्रियते धिया चेत्**
**सा प्रत्यभिज्ञैषु भवेन्न जातु ॥९२ ॥**

सभी लगभग समान रूप से लिपि लिखते हैं बोलते भी समान ही हैं क्रिया भी एक सी करते हैं । यदि बुद्धि द्वारा इनके पृथक् पृथक् आकार धारण न किये जावें तो वैयक्तिक पहचान ही संभव नहीं है ।

विशेष — वर्णमाला का रूप भिन्न भिन्न लोगों द्वारा लिखा जाने पर भी बदल नहीं जाता है, अलग अलग लोगों द्वारा लिखा हुआ सभी लेखक के अनुरूप ही पढ़ते हैं साथ ही भिन्न भिन्न लोगों के लेख को देखते ही लोग पहचान भी लेते हैं कि यह अमुक का हस्तलेख है । इस प्रत्यभिज्ञा में तत्तद् आकृति ही कारण है जो सदैव व्यक्ति की बुद्धि में रहती है । इसी प्रकार ध्वनि वाक्यरचना का विशिष्ट प्रकार चाल ढाल आदि की वैयक्तिक छाप आकृति ही है जिससे पहचान होती है । यह आकृति ही आवृति आवरण संवरण या छन्द है ॥९२ ॥

**तदर्थशून्यान्यावरणान्यनन्ता-**
**न्यनन्तविश्वप्रतिपत्तिमूलम् ।**
**तानि स्वयम्भूनि सनातनानि**
**न धर्मनाशेन विनाश एषाम् ॥९३ ॥**

इस प्रकार अर्थनिरपेक्ष ये अनन्त आवरण इस अनन्त विश्व की प्रतिपत्ति (ज्ञान या जानकारी) में मूल हैं (इनसे अनन्तभेदावच्छिन्न विश्व के प्रत्येक पदार्थ की व्यक्तिशः सही

पहचान होती है) ये आवरण स्वयम्भू हैं सनातन हैं। धर्मनाश से इनका नाश नहीं होता है ॥९३ ॥

**गुणाश्च कर्माणि यदाश्रयन्ते**
**भिन्नं तदेभिर्गुणकर्मभिः स्यात्।**
**द्रव्यं तदेषु प्रभवेत् किमन्यच्-**
**छन्दोऽभिधामाकृतिमन्तरेण ॥९४।**

गुण और कर्म जिसका आश्रय लेते हैं वह (गुणी और क्रियावान्) आलंबन इन गुणों और कर्मों से पृथक् होता है जो द्रव्य कहलाता है। यह द्रव्य उस आकृति से, जिसे छन्द कहा जाता है, भिन्न और क्या होगा । ९४।

**द्रव्यं तदेवास्ति द्रवन्ति यस्मिन्**
**गुणादिधर्माणि, न दृश्यते तत्।**
**[illegible] तस्मिन्निति वस्तु तत् स्यात्**
**प्रतिष्ठितान्यत्र ततः प्रतिष्ठा ॥९५ ॥**

द्रव्य वही है जिसमें गुण कर्म आदि धर्म रहते हैं। वह (द्रव्य) दृष्टिगोचर नहीं होता है। उसे वस्तु भी कहते हैं क्योंकि उसमें गुण आदि धर्म वास करते हैं। गुण आदि उसमें प्रतिष्ठित हैं अतः वह प्रतिष्ठा भी है। ९५।

**तज्जायते यल्लभते प्रतिष्ठां**
**त्यजत् प्रतिष्ठामिह नश्यतीदम्।**
**धर्माणि नश्यन्ति न तत्प्रतिष्ठा-**
**श्छन्दांसि ताः स्युर्निखिलाः प्रतिष्ठाः ।९६।**

जो प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेता है वही प्रादुर्भाव-जन्म-प्राप्त करता है। प्रतिष्ठा खो देने वाला-अप्रतिष्ठित हो जाने वाला -नष्ट हो जाता है। धर्म नष्ट हो जाते हैं। प्रतिष्ठा नष्ट नहीं होती है। वे सम्पूर्ण प्रतिष्ठाएँ छन्द ही हैं। ९६।

**ताः प्राकृताः प्राकृत-वस्तु-दृष्टा**
**अप्राकृताः कृत्रिमवस्तुक्लृप्ताः ।**
**छन्दः प्रतिष्ठा नियतास्तु नित्याः**
**स्युः प्राकृतास्ता न विपर्ययन्ते ॥९७।**

प्राकृत वस्तु में दृष्ट छन्दः प्रतिष्ठा प्राकृत है। कृत्रिम वस्तु में निष्पादित छन्द प्रतिष्ठा अप्राकृत है। प्राकृत छन्दः प्रतिष्ठा नियत हैं नित्य हैं उनमें किसी प्रकार का विपर्यय-उलटफेर नहीं होता है ।९७।

**कृतेऽपि नूनं महति प्रयत्ने**
**कपिर्न कल्पेत गजप्रमाणः ।**
**कीटप्रमाणो न गजः क्रियेत**
**व्यवस्थिताङ्गा हयरासभाद्याः ॥९८ ॥**

( प्रतिष्ठा के नियत और नित्य भाव को इस प्रकार देखा जा सकता है कि) अत्यधिक महान् यत्न करके भी कपि (वानर) को हाथी के प्रमाण का नहीं बनाया जा सकता है और न गज को कीट के प्रमाण में छोटा ही किया जा सकता है । घोड़े गधे आदि सभी प्राणी प्रकृत्या व्यवस्थित अङ्गों वाले ही होते हैं । ९८ ।

**तालाधिकोच्चो न भवेन्मनुष्यः**
**प्रजायते वा न कृमिप्रमाणः ।**
**व्यामं प्रमाणं शिशुरेधमानः**
**स्वं छन्द आसाद्य विरम्यते सः ॥९९ ॥**

इसी भांति मनुष्य (अपने परिमाण को छोड़कर) न तो ताड़ जैसा लम्बा होता है और न कृमि जितना छोटा ही होता है । एक (मानव) शिशु[७१] व्याम के माप जितना बढ़कर अन्त में अपने छन्द-आवरण की सीमा को पाकर बढ़ने से रुक जाता है ।९९ ।

**मृगा अनन्ताः पशवोऽप्यनन्ताः**
**कीटा मनुष्याः कृमयः ~~ पतङ्गाः**
**मांसादिधर्मेषु समा अपीमे**
**छन्दोनियत्या प्रमिताः पृथक् स्युः ॥१०० ॥**

असंख्य (वन्य) मृग अनन्त (गृह्य) पशु, कीड़े-मकोड़े, मनुष्य, कृमि और पतङ्ग मांस आदि धर्मों में समान होते हुए भी ये सब पृथक् पृथक् अपनी छन्दोनियति से पूर्णतया नियत रूप में प्रमित-प्रमाणयुक्त-अलग अलग होते हैं । १०० ।

**प्रौढिः समर्थस्य कपेः प्रदृश्यते**
**तावत्प्रमाणस्तु नरः शिशुर्भवेत् ।**
**अप्रौढभावो हि बलैस्तथासनै-**
**रपूर्णता छन्दसि तत्र कारणम् ॥१०१ ॥**

एक हाथ के प्रमाण वाले कपि में जो प्रौढि और सामर्थ्य देखने में आते हैं तथा वह पूर्णवयस्क होता है, उसी (एक हाथ के) प्रमाण वाला मनुष्य (आयु की दृष्टि से) शिशु ही होता है, शक्ति तथा उठने बैठने में उसमें प्रौढि का भाव[७३] तनिक भी नहीं होता है । इसमें छन्दोविषयक अपूर्णता ही कारण है ( इस एक हाथ के प्राण तक आते आते वानर का छन्दः पूरा हो जाता है जबकि मानव का छन्दः अभी पूर्ति की ओर उन्मुख ही है) ।

विशेष — इस पद्य का शब्दार्थ प्रचुर मात्रा में छोड़ना पड़ा। श्री ओझाजी का ब्रह्मचतुष्पदी का इसी भाव का एक पद्य सामनें रखकर अर्थ करने में प्रतिपाद्य की स्पष्टता ही इसमें कारण है, वह पद्य है : —

**स्यादेकहस्तस्तु नरः शिशुत्वादत्यल्पविज्ञानबलेन्द्रियार्थः ।**
**तावान् कपिः प्रौढवयाः सुविज्ञः पूर्णेन्द्रियः पूर्णबलः स्वतन्त्रः ॥**

यहाँ इन्द्रियार्थ के आधार पर मूल में 'बलैर्गतागतैः' पाठ भी हो सकता है।

**मनो व्यचो वा परिभूश्च शम्भूः**
**सिन्धुः समुद्रः सरिरं तथाच्छत्।**
**काव्यं ककुप् च त्रिककुप् क्षुरश्च**
**भ्रजोऽङ्कुयं वा वरिवस्तथैवः ॥१०२॥**
**प्रच्छत् तथाच्छच्च वियच्च संयद्-**
**रथन्तरं वाथ बृहन्निकायः ।**
**गिरोभ्रजो वा विवधोऽप्यनुष्टुप्**
**संस्तुप् पुनस्तद् वरिवस्तथैवः ॥१०३॥**
**वयो वयस्कृच्च विशाल दूरो-**
**हणे छदिस्तन्द्रमिति प्रतीयात्।**
**अङ्काङ्क विष्पर्धितके च तद्वच्**
**छन्दःप्रकारान् बहुधात्र दृष्टान् ॥१०४॥**

अनुभाव विषय में एव छन्द, वरिव छन्द शम्भू छन्द परिभू छन्द, आच्छत् छन्द, मनः छन्द, व्यचः छन्द, सिन्धु छन्द, समुद्र छन्द, सरिर छन्द, ककुप् छन्द, त्रिककुप् छन्द, काव्य छन्द, अङ्कुप छन्द, अक्षर पंक्ति छन्द, पदपंक्ति छन्द, विष्टार पंक्ति छन्द, क्षुरोभ्रज छन्द (काठक) (क्षुरोभृज्वान् छन्द तै.सं.) आच्छत् छन्द, प्रच्छत् छन्द, संयत् छन्द, वियत् छन्द, बृहत् छन्द, रथन्तर छन्द, निकाय छन्द, विवध छन्द (वीवध काठक सं.) गिर छन्द, भ्रज छन्द (भ्राज छन्द, काठक सं.) संस्तुप् छन्द, (सष्टुप्छन्द, तैत्तिरीय सं.), अनुष्टुप् छन्द, एव छन्द, वरिवक छन्द, वयः छन्द, वयस्कृत छन्द, विष्पर्धा छन्द, विशाल छन्द, छदि छन्द, दूरोहण छन्द, तन्द्र छन्द, तथा अङ्काङ्क छन्द (अङ्काङ्क, काठक सं.) जैसे बहुत से छन्द प्रकार महर्षियों द्वारा दृष्ट है जो जानने चाहिये। ।१०२-१०४।

**छन्दोऽन्तरिक्षं पृथिवी तथा द्यौः**
**समाश्च ऋक्षाणि च वाङ्मनश्च।**
**अजाश्च गावश्च कृषिर्हिरण्यं**
**छन्दस्तदित्याह च विश्वदेवः ॥१०५॥**

पृथिवी छन्द, अन्तरिक्ष छन्द, द्यौः छन्द, समा (संवत्सर) छन्द, नक्षत्र छन्द, वाक् छन्द, मनः छन्द, कृषि छन्द, हिरण्य छन्द, गौ छन्द, अजा छन्द तथा अश्व छन्द भी महर्षि विश्वदेव ने (माध्यमन्दिनी संहिता १४-१९) कहे हैं [७५] ।१०५।

**एतानि पूर्वैरुपलक्षणानि**
**प्रोक्तानि सर्वाणि जगन्ति तावत्।**
**मितानि रूपाणि भवन्ति तस्मा-**
**च्छन्दांसि धर्मास्तु तदाश्रिताः स्युः ॥१०६॥**

पूर्व ऋषियों ने यह छन्दोगणना उपलक्षण रूप में की है। वस्तुतः जगत् के सकल पदार्थ मित रूप हैं अतः छन्द हैं । धर्म तो उन छन्दों के आश्रित हैं। १०६।

**समुद्रवद् या सिकता अनन्ताः**
**समुद्रियं छन्द उशन्तितासाम्।**
**तत् सप्तमे शातपथे हि काण्डे**
**प्रोक्तं तथान्यान्यपि तानि विद्यात् ॥ (७.२.३.३९ / ७.३.१.३९) १०७**

सिकता अर्थात् बालुकाकण समुद्र की भाँति अनन्त हैं अतः विद्वान् उनके छन्द को 'समुद्रिय' कहते हैं जैसा कि भगवान् याज्ञवल्क्य ने शतपथ ब्राह्मण के सातवें काण्ड (के द्वितीय प्रपाठक के तृतीय ब्राह्मण की अथवा तृतीय अध्याय के प्रथम ब्राह्मण की, ३९वीं कण्डिका) में कहा है। (इसे आदर्श मानकर) इसी प्रकार अन्यान्य छन्दों का भी स्वरूप समझना चाहिय [७६] ।१०७।

**प्रमा अनन्ता इह सत्तया स्यु-**
**स्ताश्चेत्समानाः किल तर्हि तासाम्।**
**या बुद्धिरेकैव तु सा ग्रहीत्री**
**तया गृहीताः प्रतिमा मिथः स्युः ॥१०८॥**

इस ब्रह्माण्ड में अपनी सत्ता से प्रमायें अनन्त हैं अर्थात् यहाँ अनन्त प्रमाओं की सत्ता है। यदि वे समान हों तो निश्चित ही उनका ग्रहण करने वाली बुद्धि तो एक ही है, अतः उस (एक) बुद्धि से गृहीत वे सब प्रमाएँ परस्पर प्रतिमासदृश हैं।

**तास्ता अनन्ता प्रतिमास्तदित्थं**
**यथैकयैव व्रियन्ते [७७] धिया तु।**
**सा धीरपि स्यात् प्रतिमा समानां**
**तच्छन्दनाच्छन्द इति प्रतीमः । १०९।**

* यथा वा— **तास्ता अनन्ताः प्रतिमा व्रियन्ते**
**यथैकयैव धियका तदित्थम्।**

पृथिवी छन्द, अन्तरिक्ष छन्द, द्यौ: छन्द, समा (संवत्सर) छन्द, नक्षत्र छन्द, वाक् छन्द, मन: छन्द, कृषि छन्द, हिरण्य छन्द, गौ छन्द, अजा छन्द तथा अश्व छन्द भी महर्षि विश्वदेव ने (माध्यमन्दिनी संहिता १४-१९) कहे हैं[७५] ।१०५ ।

एतानि पूर्वैरुपलक्षणानि
प्रोक्तानि सर्वाणि जगन्ति तावत् ।
मितानि रूपाणि भवन्ति तस्मा-
च्छन्दांसि धर्मास्तु तदाश्रिता: स्यु: ।।१०६ ।।

पूर्व ऋषियों ने यह छन्दोगणना उपलक्षण रूप में की है । वस्तुत: जगत् के सकल पदार्थ मित रूप हैं अत: छन्द हैं । धर्म तो उन छन्दों के आश्रित हैं । १०६ ।

समुद्रवद् या सिकता अनन्ता:
समुद्रियं छन्द उशन्तितासाम् ।
तत् सप्तमे शातपथे हि काण्डे
प्रोक्तं तथान्यान्यपि तानि विद्यात् ।। (७.२.३.३९ / ७.३.१.३९) १०७

सिकता अर्थात् बालुकाकण समुद्र की भाँति अनन्त हैं अत: विद्वान् उनके छन्द को 'समुद्रिय' कहते हैं जैसा कि भगवान् याज्ञवल्क्य ने शतपथ ब्राह्मण के सातवें काण्ड (के द्वितीय प्रपाठक के तृतीय ब्राह्मण की अथवा तृतीय अध्याय के प्रथम ब्राह्मण की, ३९वीं कण्डिका) में कहा है । (इसे आदर्श मानकर) इसी प्रकार अन्यान्य छन्दों का भी स्वरूप समझना चाहिय[७६] ।१०७ ।

प्रमा अनन्ता इह सत्तया स्यु-
स्ताश्चेत्समाना: किल तर्हि तासाम् ।
या बुद्धिरेकैव तु सा ग्रहीत्री
तया गृहीता: प्रतिमा मिथ: स्यु: ।।१०८ ।।

इस ब्रह्माण्ड में अपनी सत्ता से प्रमायें अनन्त हैं अर्थात् यहाँ अनन्त प्रमाओं की सत्ता है । यदि वे समान हों तो निश्चित ही उनका ग्रहण करने वाली बुद्धि तो एक ही है, अत: उस (एक) बुद्धि से गृहीत वे सब प्रमाएँ परस्पर प्रतिमासदृश हैं ।

तास्ता अनन्ता प्रतिमास्तदित्थं
यथैकयैव व्रियन्ते[७७] धिया तु ।
सा धीरपि स्यात् प्रतिमा समानां
तच्छन्दनाच्छन्द इति प्रतीम: । १०९ ।

* यथा वा— तास्ता अनन्ता: प्रतिमा व्रियन्ते
यथैकयैव धियका तदित्थम् ।

**साधीरपि स्यात् प्रतिमा समाना**
**माच्छन्दनाच्छन्द इति प्रतीमः ॥१०९ ॥**

वे अनन्त प्रतिमाएँ जिस प्रकार एक ही बुद्धि के द्वारा आवृत होती हैं, इस प्रकार उन समान प्रतिमाओं के आच्छन्दन से छन्दनकारी वह बुद्धि भी छन्द ही है ऐसा हम मानते हैं ।

**गृहीत आकाश इहास्ति देशो**
**न ये गृहीतास्त इमे दिशः स्यु ।**
**न वस्तु किञ्चित् परितः पदार्थै-**
**रन्यैरदब्धं तदनावृतं वा ॥११० ॥**

गृहीत आकाश अर्थात् अनन्त अखण्ड आकाश का ग्रहण किया हुआ भाग ही देश है । आकाश के वे प्रदेश जो ग्रहण किये हुए नहीं है ये दिशाएँ हैं[७८] । ऐसी कोई वस्तु नहीं है जो चारों ओर अन्य पदार्थों से दबी हुई अथवा आवृत न हो ।११० ।

**सूर्योदयप्रान्तसमीपदेशाः**
**पूर्वोत्तरा तु ध्रुवसन्निकृष्टाः ।**
**सत्तां गृहीतामिह कालमाहुः**
**सत्ता घटे सा घटकाल इष्टः ॥१११ ॥**

सूर्योदय प्रान्त के निकट के देश पूर्वादिशा, ध्रुव के अतिशय निकट के देश उत्तरा दिशा हैं ।

गृहीत सत्ता को ही काल कहते हैं[७९] अर्थात् पदार्थ जब तक अपनी सत्ता बनाये रखता है तब तक का अन्तराल काल कहलाता है । घटकी सत्ता ही घटकाल है ।१११ ।

**कार्यस्य सत्तैव हि कार्यकालो-**
**ऽहः सूर्ययुक्तोऽथ परो निशा स्यात् ।**
**संवत्सरोऽर्कद्युतिमण्डलं स्या-**
**दस्त्रीवयः कालदिशोऽनुषक्ताः ॥११२ ॥**

कार्य की सत्ता ही कार्यकाल है । सूर्य से युक्त काल 'अहः है, इससे भिन्न काल निशा है । अर्क (सूर्य) का द्युतिमण्डल अर्थात् सूर्यप्रकाश मण्डल ही संवत्सर है[८०] ।सम्बद्ध काल और दिक् अर्थात् काल और दिशाओं का योग अस्त्रीवि है । ११२ ।

**चतुर्भिरेभिः किल वस्तुधर्मा**
**नित्यावृता एव सुरक्षिताः स्युः ।**

* 'व्रियन्ते' क्रियया यकारस्य गुरुत्वेन छन्दोभङ्गापत्तिरिति सामान्यपरिवर्तनेन 'यथा वा' इति प्रतीकेन पद्यान्तरमत्र न्यवेशि । (अनुवादकः)

**अविच्युतिर्जीवितमस्ति वस्तुन-**
**[८१] स्तच्छादनाच्छन्द इति प्रसिद्धिः ॥११३॥**

इन चारों (मा प्रमा प्रतिमा अस्रीवि) से नित्य आवृत वस्तुधर्म ही सुरक्षित है। वस्तु का स्वरूप से च्युत न होना ही जीवन है। यह आच्छादन- च्युतिभाव से संरक्षण ही इनका छादन लक्षण छन्दस्त्व है जो स्पष्ट ही है। ११३।

*** विभावसोऽग्नेर्ननु विश्वरूपं**
**वासो व्ययस्वेति महर्षिवाक्ये।**
**'छन्दांसि चाग्नेर्वसनं' तदाहु-**
**मैंत्रायणीयास्तत आवृतोऽग्निः ॥११४॥**

"सुजातो ज्योतिषा सह शर्म वरुथ मासदत्स्वः ।
वासोऽअग्ने विश्वरूपं संव्ययस्व विभावसो ॥यजु. माध्य. सं. ११/४०

अथवा

"सुजातो ज्योतिषा सह शर्मवरुथमाऽसदः सुवः ।
वासो अग्नेर्विश्वरूपं संव्ययस्व विभावसो ॥ तैत्ति. सं. ४.१.४.२.

इस महर्षिवाक्य में छन्दों को अग्नि का वस्त्र बताया गया है। मैत्रायणीय शाखावाले भी 'छन्दांसि वा अग्नेर्वासः । छन्दांस्येष वस्ते'(३.१.५. मैत्रा. संहिता) द्वारा यही कहते हैं (न केवल ये ही, काठकशाखा वाले भी 'छन्दांसि वा अग्नेर्वासः । छन्दोभिरेवैनं परिदधाति। १९.५, के रूप में स्पष्टतः यही कहते हैं)[८२] वस्तुतः अग्नि छन्दों से ही आवृत है।११४।

**अस्रीवयोऽथ प्रतिमा-प्रमा-मा-**
**स्तद् विश्वरूपं तु चतुर्विधं स्यात्।**
**तत्संवृतः पुद्गलदैहिकाग्नि-**
**स्ततोऽग्निवासस्तदिदं प्रवच्मि ॥११५॥**

मन्त्रोक्त विश्वरूपवसन अस्रीवय प्रतिमा प्रमा और मा इन चारों छन्दप्रकारों का ही सङ्केत करता है। इस छन्दश्चतुष्क से पुद्गल (प्राणी) की दैहिक अग्नि आच्छादित है। इसी से मैं इन्हें अग्नि का वस्त्र कहता हूं। ११५।

---

* "सुजातो ज्योतिषा सह शर्म वरुथमासदःसुवः। वासो अग्ने विश्वरूपं संव्ययस्व विभावसो" तैत्तिरीय-संहिता ४.१.४.२,(शुक्ल यजु. ११/४०) च। अग्ने ! सुष्ठुजातस्त्वं प्रकाशेन सह सुखं यथा स्यात् तथा स्वर्गसदृशं कृष्णाजिननिर्मितं गृहं प्राप्नुहि। बहुप्रकाररूपं वस्त्रं परिधत्स्व, इति माधवः। अत्र बहुरूपार्थकविश्वरूपशब्दो वस्त्रविशेषणतया व्याख्यातस्तद् यज्ञप्रकरणानुरोधेन। न त्वेतद् वैज्ञानिकव्याख्यानम्, चित्रवस्त्राणामग्निवस्त्रत्वासम्भवात्। "आदित्यं गर्भं पयसा समञ्जन्त्सहस्रस्य प्रतिमां विश्वरूपम्" (तैत्ति. स. ४.२.१०.१) इत्यादौ सर्वरूपं जगद्रूपमित्यर्थतयैव तस्य बहुलप्रयोगात्।

*** यत् कौशलं तत् किल शिल्पमेतद्**
**द्विधास्त्यपूर्वप्रतिरूपभेदात्।**
**विभिद्यते तच्च न विश्वरूपाच्-**
**छिल्पं च तस्मादनुभावमाहुः ॥११६॥**

यह जो कौशल है वह शिल्प ही है। यह शिल्प (कौशल के अनुरूप) दो प्रकार का है एक अपूर्व कौशल तथा दूसरा प्रतिरूप कौशल। द्विरूपात्मक यह शिल्प विश्वरूप से भिन्न नहीं है[८३] अतः शिल्प को भी अनुभाव कहा जाता है। ११६।

**नातः परं वस्तुनि किञ्चिदन्यच्-**
**चतुर्विधं छन्द इदं नु सर्वम्।**
**भूतं भविष्यं च समस्तमेत-**
**च्छन्दः स्वभावान् परिवर्तते तत् ॥११७॥**

वस्तु में इनसे परे अन्य कुछ भी नहीं है। ये चारों प्रकार के छन्द ही यह समस्त विश्व है। भूत भविष्य और यह सब कुछ वर्तमान छन्द ही है और यह स्वभाव से ही जगत् में परिवर्तित होता रहता है।११७।

## व्याभिचारिभावाः [८४]

**सञ्चारिभावा व्यभिचारिणः स्युः**
**सांयौगिकार्थाः प्रतिभान्ति काले।**
**उष्णत्वशीतत्वमलीमसत्व-**
**स्वच्छत्वचित्रत्वविभूषणाद्याः ॥११८॥**

---

* शिल्पं द्विधा अपूर्वकौशलं प्रतिरूपञ्च।

"येभिः शिल्पैः पप्रथानादृंहत्। येभिर्द्यामभ्यपिंशत् प्रजापतिः। येभिर्वाचं विश्वरूपां समव्ययत्। तेनेममग्न इह वर्चसा समङ्ग्धि ।४। येभिरादित्यस्तपति प्रकेतुभिः। येभिः सूर्यो ददृशे चित्रभानुः। येभिर्वाचं पुष्कलेभिख्ययत्। तेनेममग्न इह वर्चसा समङ्ग्धि ।५। यत्ते शिल्पं कश्यप रोचनावत्। इन्द्रियावत् पुष्कलं चित्रभानुः ।यस्मिन्त्सूर्या अर्पिताः सप्त साकम्। तस्मिन्नाजानमधि विश्रयेमम्" ॥७॥इत्यादि (तैत्तिरीय ब्राह्मण २/७/१५) मन्त्रेषु स्वरूपकौशलं शिल्पं प्रतिपाद्यते। 'यद्वै प्रतिरूपं तच्छिल्पम्' ३.२.१.५ इति शतपथश्रुतिः। प्रतिरूपं शिल्पं श्रावयति। उक्तं चैतरेयश्रुतौ — 'शिल्पानि शंसन्ति इति, देवशिल्पान्येतेषां वै शिल्पानामनुकृतीह शिल्पमधिगम्यते - हस्ती कंसो वासो हिण्यमश्वतरी रथः शिल्पमिति, यदेव शिल्पानीति आत्मसंस्कृतिर्वाव शिल्पानि,छन्दोमयं वा एतैर्यजमान आत्मानं संस्कुरुते इति"(३०/१)। यद्यप्यत्र छन्दोमयस्यात्मनः संस्करणं शिल्पमाख्यायते न तु शिल्पस्य छन्दस्त्वमुच्यते, तथापि शिल्पैरेतैश्छन्दोमयमेवात्मानं संस्कुरुते इति छन्दसा शिल्पानां सन्निकर्षविज्ञानात् शिल्पे छन्दस्त्वोपचारः।

उष्णाता ठंडक मलिनता स्वच्छता चित्रता (अनोखापन) और विभूषण (अलङ्कार) आदि सञ्चारिभाव ही व्यभिचारिभाव हैं । ये सांयौगिक (बाहर आकर संयुक्त होने वाले) भाव समय समय पर पदार्थ में प्रतिभासित होते हैं । ११८ ।

**सत्त्वे तु सिद्धान्तितबुद्धिरेषां**
**सत्त्वेऽप्यसत्त्वेऽपि न भिद्यतेऽर्थः ।**
**धर्माश्च नैते प्रतिवस्तु नित्या-**
**स्तस्मादिमेऽनात्मतया प्रतीताः ॥११९ ॥**

यदि वस्तु के साथ ये उष्णत्व शीतत्व आदि धर्म हैं तो उन वस्तुओं में शीत है उष्ण है, ऐसी बुद्धि उनके विषय में हो जाती है । इस प्रकार के इन भेदक धर्म से अवच्छिन्न वस्तु की वैसी ही अन्य वस्तुओं से पृथक् कराने वाली प्रतीति निश्चयात्मिका बुद्धि के रूप में होती है । इनके होने न होने से वस्तु में कोई अन्तर नहीं होता है ।आगमापायी (आते जाते रहने वाले) ये धर्म किसी भी वस्तु के साथ स्वरूपसम्पादक नित्य धर्म के रूप में न होने से अनात्मभाव है । ११९ ।

**अथोपचारा इह चेष्टितार्था**
**ये चात्मनो वृत्तिविधा विशेषाः ।**
**नियम्यते वृत्तिविशेषहेतु**
**रुचिश्च निर्बन्ध इहोपचाराः ॥१२० ॥**

अब उपचार बता रहे हैं[८५], ये जो चेष्टा विषयक अर्थ हैं, ये जो आत्मा की वृतिरूप विशेष विधाएँ हैं, इनसे विशेषवृत्ति का नियमन होता है अतः नियमन के अवच्छेदक रूप होने से इनमें उपचार से छन्दस्त्व है । इसी भाँति निर्बन्ध (अर्थात् मनोगृहीत विषय या विषयारूढमन भी उपचार से छन्द ही है । इसी प्रकार मुख्यवृत्ति से अवच्छेदकता न होने पर भी गौणवृत्ति से अवच्छेदकता के विषयों में छन्दस्त्व का उपचार है ।

विशेष - विषय की स्पष्टता के लिए नीच संवेश उपवेश, प्रेति च एतिच, आदि उपचार संबंधी उदाहरण दिये गये हैं ।१२० ।

*** छन्दांसि संवेश उतोपवेशो**
**यत्तैतिरीयैः क्वचिदित्थमुक्तम् । (संहिता ३.१.७)**
**मर्यादया सास्य गतिः स्थितिर्वा**
**तथा प्रकल्प्या इतरोपचाराः ॥१२१ ॥**

* संवेशः शयनम्, उपवेश आसनम् । छन्दांसि वै संवेश उपवेशः । (तै.सं. ३/१/७)

"छन्दांसि वै संवेश उपवेश:' (तै.सं. ३-१-७.७) द्वारा तैत्तिरीय शखावालों ने छन्दों को संवेश (शयन) और उपवेश (आसन) कहा है । वह भी गति मर्यादा या स्थिति मर्यादा से ही कहा है अत: यह भी उपचार है । इस प्रकार अन्य उपचार -गौण- प्रयोग भी समझ लेने चाहिये । १२१ ।

*** प्राणो यदर्वाङ् च पराङुदान:**
**पराङ् वहेद् देवकुलाय यज्ञम् ।**
**अर्वाङ् मनुष्यानवतीति गाय-**
**त्र्येषा द्विधा वृत्तिरिहोपचारात् ॥१२२ ॥**

प्राण को जो अर्वाङ् कहा गया है तथा उदान को पराङ् कहा गया है वह औपचारिक है । पराङ् प्राण यज्ञ को देवताओं में पहुँचाने हेतु उसका वहन करता है । अर्वाङ् प्राण मनुष्यों की रक्षा करता है । इस प्रकार प्राण को प्रेति और एति भाव से दो प्रकार की वृत्तिवाली शक्ति गायत्री उपचार से छन्द कहलाती है ।१२२ ।

विशेष — इसी प्रकार उपचार से सूर्यरथ, सूर्य के सप्ताश्व, सातों अश्वों का एकनाम, अथवा एक अश्व के सात नाम आदि भावों में भी समानार्थता का बोध होता है । इन विभिन्न मन्त्रों में यह द्रष्टव्य है :—

**÷ एष स्य भानुरुदियर्ति युज्यते**
**रथ: परिज्मा दिवो अस्य सानवि ।**
**वृक्षासो अस्मिन् मिथुना अधित्रयो**
**दृतिस्तुरीयो मधुनो विरप्शते ॥**
**(ऋक् ४.४५.१) ।१२३ ।**

यह वह सूर्य उदित हो रहा है । इसका रथ जो चारों ओर गतिशील है ऊपर द्युमण्डल में सुशोभित हो रहा है । इस रथ में एक साथ तीनों प्रकार के अन्न तथा सोमरूप मधु से परिपूर्ण दृति, ये चारों प्रकाशित हो रहे हैं । १२३ ।

---

* स वा एति च प्रेति चान्वाह । गायत्रीमेवैतदर्वाचीं च पराचीं च युनक्ति । पराच्यह देवेभ्यो यज्ञं वहति, अर्वाची मनुष्यानवति,(तस्माद्वा एति च प्रेति चान्वाह) । १.४.१.४.(यद्वेवेति च प्रेति चान्वाह) प्रेति वै प्राण:, एत्युदान: ,प्राणोदानावेवैतद्दधाति । (तस्माद्वा एति च प्रेति चान्वाह ।५ । (यद् वेवेति च प्रेति चान्वाह) प्रेति वै रेत: सिच्यते,एति प्रजायते । प्रेति पशवो वितिष्ठन्ते,एति समावर्तन्ते । सर्वं वा इदमेति च प्रेति च । (तस्माद् वा एति च प्रेति चान्वाह) ।६ । (सोऽन्वाह 'प्रवोवाजा अमिद्यव ' इति । तन्नु प्रेति भवति । 'अग्न आयाहि वीतय' इति,तद्वेति भवति ।७ ।" इत्येवं प्रवत्यावत्यो: सामिधेन्यो: फलश्रुतिं प्रतिपादयन्ती शतपथश्रुति: एति प्रेति क्रियोपलक्षितां गायत्रीमभ्याचष्टे ।

÷ अत्र उद्धरणपाठ: प्रसंगानुसारं संक्षिप्तीकृत आसीत् । स पुन: पाठाविकलतायै प्रतीकोद्धरणानां कात्स्न्र्याय च कोष्ठगतपाठेन यथावत् पूर्णतामापादितोऽनुवादकेन । मूलग्रन्थपाठोऽत्र टिप्पण्यां दत्त:, उद्धृता वेदमन्त्रा: साकल्येन निवेशिता: क्रमेऽपि चेषत् परिवर्तनकृतमिति द्वयोस्तुलनयास्पष्टीभविष्यति । एष स्य भानुरुदियर्ति युज्यते रथ: परिज्मा दित्रो अस्य सानवि । इमं रथमधिये सप्त तस्थु: सप्त चक्रं सप्त वहन्त्यश्वा: ॥१२३ ॥ भद्रा अश्वा हरित: सूर्यस्य चित्रा एतग्वा अनुमाद्यास: । नमस्यन्तो दिव आपृष्ठमस्थु: परिद्यावा पृथिवी यन्ति सद्य: ॥१२४ ।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

**सप्त युञ्जन्ति रथमेकचक्र-**
**मेको अश्वो वहति सप्तनामा।**
**त्रिनाभिचक्रमजरमनर्वं**
**यत्रेमा विश्वा भुवनाधि तस्थुः ॥**
**(ऋक् १.१६४.२) १२४।**

आदित्य के इस एक चक्र रथ को एक अश्व जो सात विभिन्न नामों से सात रूप वाला है तथा सात प्रकार से सात रूपों में इसमें युक्त होता है, चलता है । इसके चक्र में तीन नाभियाँ हैं, यह चक्र न कभी नष्ट होता है न शिथिल होता है, ये सम्पूर्ण लोक और भूत इसमें अधिष्ठित हैं ।१२४।

**इमं रथमधि ये सप्त तस्थुः**
**सप्तचक्र सप्त वहन्त्यश्वाः ।**
**सप्त स्वसारो अभि सं नवन्ते**
**यत्र गवां निहिता सप्त नाम ॥**
**(ऋ १.१६४.३) १२४क।**

उक्त स्वरूपवाले इस रथ में सात अधिष्ठित हैं रथ के साथ चक्र हैं, सात अश्व इसका वहन करते हैं, सात स्वसा इसके अभिमुख हैं, इसमें गो के सप्त नाम निहित हैं । १२४ क।

**भद्रा अश्वा हरितः सूर्यस्य**
**चित्रा एतग्वा अनुमाद्यासः।**
**नमस्यन्तो दिव आ पृष्ठमस्थुः**
**परिद्यावापृथिवी यन्ति सद्यः**
**(ऋक्. १.११५.३) १२४।**

सूर्य के सभी से नमस्करणीय ये भद्र हरित् चित्र अनुमाद्य एतग्व अश्व द्युमण्डल के पृष्ठ पर अधिष्ठित होकर तत्काल द्यावाभूमि का परिक्रमण कर लेते हैं । १२५ ।

**उद्वेति प्रसवीता जनानां**
**महान् केतुरर्णवः सूर्यस्य।**
**समानं चक्रं पर्याविवृत्सन्**
**यदेतशो वहति धूर्षु युक्तः ।**
**(ऋक्. ७.६३.२) १२६।**

उद्धेति प्रसवीता जनानां महान् केतुरर्णवः सूर्यस्य। समानं चक्रं पर्य्याविवृत्सन् यदेतशो वहति धूर्षुयुक्तः ॥१२५॥ सप्त युञ्जन्ति रथमेकचक्रमेको अश्वो वहति सप्तनामा। त्रिनाभिचक्रगजरमनर्व यत्रेमा विश्वा भुवानाधि तस्थुः१२६। द्वादशारं न हि तज्जराय वर्वति चक्रं परिद्यामृतस्य। आ पुत्रा अग्ने मिथुनासो अत्र सप्त शतानि विंशतिश्च स्थुः ॥१२७। पञ्चारे चक्रे परिवर्तमाने तस्मिन्नातर्स्थु भुवनानि विश्वा। तस्य नाक्षस्तप्यते भूरिभारः सनादेव न शीर्यते सनाभिः । १२८। इति २००८ वि. संवत् प्रकाशितायां मूलग्रन्थटिप्पण्यां निवेशितः पाठः ।परिवर्तितपाठस्तु मूल एव न्यवेशि।

सभी प्राणियों का अनुज्ञापक — (स्व स्व कर्म प्रेरक), सभी का प्रज्ञापक, यह महान् अर्णव सूर्य उदित हो रहा है जिसका रथचक्र सभी ओर समान रूप से घूम रहा है, रथ के धुरे में बन्धा एतश रथ का वहन कर रहा है। १२५।

**द्वादशारं न हि तज्जराय**
**वर्वर्ति चक्रं परि द्या मृतस्य।**
**आ पुत्रा अग्ने मिथुनासो अत्र**
**सप्तशतानि विंशतिश्च तस्थुः ॥**
**(ऋक् १.१६४.११) १२७।**

ऋत स्वरूप आदित्य का बारह अरों वाला यह चक्र अजर रूप से पृथिवी अन्तरिक्ष सहित द्युलोक में निरन्तर चक्कर लगाता रहा है। हे सर्वाग्रणी सौराग्नि रूप सूर्य ! तुम्हारे इस चक्र में, तुम्हारे ही अवयव ७२० अहोरात्र के युग्म में अधिष्ठित हैं।१२६।

**पञ्चपादं पितरं द्वादशाकृतिं**
**दिव आहुः परे अर्धे पुरीषिणम्।**
**अथेमे अन्य उपरे विचक्षणं**
**सप्तचक्रे षडर आहुरर्पितम् ॥**
**१२७ क (ऋ १.१६४. १२)**

वेदवादी पाँच पादों वाले, बारह आकृति वाले, सभी के पाता (पालन कर्ता) इस पुरीषवत् चक्र को द्युलोक के परार्ध में अवस्थित बताते हैं। कतिपय अन्य मनीषी सप्त चक्रवाले, छः अरोंवाले इस संवत्सर में विचक्षण (आदित्य) को अर्पित मानते हैं। १२७ क।

**पञ्चारे चक्रे परिवर्तमाने**
**तस्मिन्नातस्थुर्भुवनानि विश्वा।**
**तस्य नाक्षस्तप्यते भूरिभारः**
**सनादेव न शीर्यते सनाभिः ॥**
**(ऋक्. १.१६४.१३) १२८।**

निरन्तर गतिशील इस पाँच अक्षरों वाले चक्र में ही सभी भुवन (लोक व प्राणी) अधिष्ठित हैं। इस चक्र का अत्यन्त भारी भी अक्ष पीड़ित नहीं होता है और न सनातन यह चक्र अपनी नाभि के साथ कभी भंग ही होता है[८७]। १२८।

विशेष — यद्यपि इन आठ मंत्रों का सामान्य शब्दानुवाद क्रम प्राप्त होने से दे दिया गया है तथापि इनके प्रासंगिक वैज्ञानिक तत्त्व को समझने के लिये श्री ओझाजी द्वारा प्रदत्त दृष्टि अनिवार्य है जो नीचे के चार पद्यों में स्पष्ट की गयी है यही इन मन्त्रों के यहाँ उद्धृत करने का प्रमुख प्रयोजन है :—

***गायत्रिकेयं जगती च पक्षौ**
**प्रष्ट्यौ रथस्योष्णिगियं च त्रिष्टुप्।**

**पङ्क्तिस्त्वनुष्टुप् च रथस्य धुर्या**
**बुद्धिर्बृहत्येव रथः स ईदृक् ॥१२९॥**

इस सूर्यरथ के गायत्री और जगती दो पक्ष (रथचक्र) हैं, उष्णिक और त्रिष्टुप् प्रष्टि (ईषा रूप दीर्घ काष्ठ) हैं, पंक्ति और अनुष्टुप् रथ में जुते दो अश्व हैं, बृहती ही उद्धि (पीठ या आसन के तुल्य रथ पर बैठने के लिए उपयुक्त फलक ) है। यह है सूर्य का रथ इस स्वरूप का[८८] ।१२९।

**यत् क्रान्तिवृत्तं रथचक्रमेकं**
**सूर्यस्य तस्मिन्निहिता हयाः स्युः ।**
**वामे त्रयं दक्षिणतस्त्रयं चा-**
**होरात्रवृत्तं विषुवं तु मध्यम् ॥१३०॥**

क्रान्तिवृत्त ही सूर्यरथ का एक चक्र है (एक पहिया है)। गायत्री आदि छन्द उसमें जुड़े अश्व हैं। वाम भाग में तीन अश्व तथा तीन ही अश्व दक्षिण भाग में हैं। मध्य में विद्यमान अश्व अहोरात्रवृत्त है। जिसे विषुव या विषुवत् कहते हैं। १३०।

**प्रान्ते यदर्वाच्यतिमात्रह्रस्वं**
**प्रान्तेप्युदीच्यस्ति च दीर्घदृश्यम् ।**
**वृत्तानि पञ्चान्तरतस्तदित्थं**
**छन्दांसि गायत्रमुखानि सप्त ॥१३१।**

जो अर्वाची अर्थात् दक्षिण दिशावाला भाग है वह क्रान्तिवृत्त के प्रान्त भाग में अत्यन्त छोटा है। इसके विपरीत उदीची (उत्तर) का प्रान्त भाग बड़ा दिखाई देता है। (ये क्रमशः गायत्री और जगती छन्द हैं जिनके क्रमशः २४ और ४८ अक्षर हैं तदनुसार छोटापन और बड़ापन

---

* तस्या एतानि सप्त चतुरक्षराणि छन्दांस्युपादधुः ।तेषामति त्रीण्यतिरिच्यन्त । न त्रीण्युदभवन् । स बृहतीमेवास्पृशत् — द्वाभ्यामक्षराभ्यामहोरात्राभ्यामेव । तदाहुः— कतमा सा देवाक्षरा बृहती — यस्यां तत्प्रत्यतिष्ठत् । द्वादशपौर्णमास्यः । द्वादशाष्टकाः । द्वादशामावास्याः एषा वाव सा देवाक्षरा बृहती यस्यां तत् प्रत्यतिष्ठत् । यानि च छन्दांसि अत्यरिच्यन्त यानि च नोदभवन् — तानि निर्वीर्याणि हीनान्यमन्यन्त । साऽ ब्रवीत् बृहती । मामेव भूत्वा मामुपसंश्रतेति । चतुर्भिरक्षरैऽनुष्टुप् बृहतीं नोदभवत् । चतुर्भिरक्षरैः पंक्तिर्बृहतीमत्यरिच्यत । तस्यामेतानि चत्वार्यक्षराण्यपच्छिद्यादधात् । ते बृहती एवं भूत्वा बृहतीमुपसमश्रयताम् ।अष्टाभिरक्षरैरुष्णिग् बृहतीं नोदभवत् । अष्टाभिरक्षरैस्त्रिष्टुब् बृहतीमत्यरिच्यत । तस्यामेताण्यष्टाक्षराण्यपच्छिद्याद्धात् । ते बृहती एव भूत्वा बृहतीमुपसश्रयताम् । द्वादशभिक्षरैगार्यत्री बृहतीं नोदभवत् । द्वादशभिरक्षरैर्जगती बृहतीमत्यरिच्यत । तस्यामेतानि द्वादशाक्षराण्यपच्छिद्यादघात् । ते बृहती एव भूत्वा बृहतीमुपसमश्रयताम् इति ।

सोऽब्रवीत् प्रजापतिश्छन्दांसि रथो मे भवत । युष्माभिरहमेतमध्वानमनुसंचराणीति । तस्य गायत्री च जगती च पक्षावभवताम् । उष्णिक् त्रिष्टुप् च प्रष्ट्यौ । अनुष्टुप् च पंक्तिश्च धुर्य्यौ बृहत्येवोद्धिरभवत् । स तं छन्दोरथमास्थायैतमध्वानं समचरत् । तैत्ति. ब्रा.(१.५.१२)

पक्षौ रथचक्रे, प्रष्ट्यौ ईषारूपे दीर्घकाष्ठे, धुर्य्यौ धुरि योजनीयावश्वौ । उद्धिः ऊर्ध्वस्थाननीया पीठ-समानोपवेशन फलकरूपा, इति सायणमाधवः ।

स्पष्ट ही है) शेष पाँच वृत्त (छन्द) इन दोनों के मध्य में हैं। इस प्रकार गायत्री आदि सात छन्द व्यवस्थित हैं। १३१।

**यत् कर्कवृत्तं तद् जागतं स्यात्**
**तद्बार्हतं यद् विषुवं तु मध्यम्।**
**गायत्रमर्वाग् मकराख्यवृत्तं**
**द्वयं द्वयं चान्तरतरतस्तद्द्व्यम् ॥१३२॥**

कर्कवृत्त जगती है जो उत्तर में हैं, बृहत्ती विषुवान् है जो मध्य में है। नीचे दक्षिण में गायत्री मकर वृत्त है, शेष दो दो इनके मध्य में हैं अर्थात् गायत्री और बृहती के मध्य में क्रमश: उष्णिक् व अनुष्टुप् है। अनन्तर विषुवान रूप बृहती है ही, इसी प्रकार बृहती व जगती के मध्य में क्रमश: त्रिष्टुप् व पंक्ति है।१३२।

**प्रत्यर्थमित्थं किल पञ्चभावा-**
**श्छन्दांसि तानाहुरिहानुभावान्।**
**सञ्चारिभावा: स्युरनात्मधर्मा:**
**स्युरात्मधर्मा अपरे त्रयो ये ॥१३३।**

इस प्रकार प्रत्येक वस्तु में आलम्बन प्राकृत स्थायी अनुभाव और सञ्चारी ये पाँच भाव होते हैं। अनुभावों को छन्द कहते हैं। सञ्चारी भाव अनात्मधर्म हैं। शेष तीन आलम्बन प्राकृत और स्थायी भाव आत्म धर्म हैं। (जैसा कि पूर्व में पद्य क्रमांक ३६ में बताया जा चुका है कि आलम्बन जीवात्मा, प्राकृतभाव अन्तरात्मा तथा स्थायीभाव भौतिक आत्मा है।१३३।

**वयांसि तत्राहुरिहात्मधर्मा-**
**ननात्मधर्मानपि काँश्चिदाहु:।**
**ब्रूमो वयोनाधमिहानुभावं**
**तथोपचारं बहुधा विभिन्नम् ॥१३४॥**

इन पाँचों में वय: को आत्मधर्म कहते हैं कतिपय अनात्मधर्म भी वय: है[८९]। वयोनाध को अनुभाव कहते हैं, तथा अनेक प्रकारों में विभक्त रुचि वसन गायत्री शिल्प संवेश उपरेश आदि उपचारों को भी वयोनाध कहते हैं। १३४।

**यद्वा बृहच्छन्द इदं जगत्स्याच्**
**छन्दो यदेकं बृहदीश्वर: स:।**
**छन्दोऽतिरिक्तं न जगन्न चेशो**
**व्यष्टिर्जगत्तत्र समष्टिरीश: ॥१३५॥**

इस बृहत् छन्द को जगत् कहलो अथवा इसी एक बृहत् छन्द को ईश्वर समझ लो, वास्तविकता तो यह है कि छन्द से भिन्न न कोई जगत् है और न कोई ईश्वर । यहाँ व्यष्टि जगत् है और समष्टि ईश्वर है ।१३५ ।

**छन्दोऽनवच्छिन्नमिदं न दृष्टं**
**तदा बृहच्छन्द इदं नु किं स्यात् ।**
**इत्थं न शङ्क्यं बहवस्तु सूर्याः**
**छन्दांसि सौराणि महेश्वरः स्युः ॥१३६ ॥**

छन्द से अनवच्छिन्न अर्थात् आवरण रूप छन्द से अनावृत अतएव अपरिच्छिन्न इस ब्रह्माण्ड में कुछ भी नहीं है , ऐसी स्थिति में यह बृहच्छन्द, जो छन्दोऽवच्छिन्न नहीं है, क्या है, इसकी स्थिति क्या और कैसे होगी ऐसी शंका नहीं उठनी चाहिये । (इस मन्दाकिनी में) बहुत लगभग असंख्य अनन्त सूर्य हैं जो सौर छन्द हैं इन सौर छन्दों की समष्टि ही महेश्वर है ।१३६ ।

**न चानवच्छिन्न इहेश्वरः स्यान्**
**मितानि सर्वाण्यमितात् कथं स्युः ।**
**मितं हि विश्वं मित ईश्वरोऽयं**
**छन्दो हि तत्केवलमस्ति नान्यत् ॥१३७ ॥**

यह ईश्वर भी अनवच्छिन्न-अमित- नहीं है, (यदि वह अमित हो तो) उस अमित से ये समस्त मितभाव कैसे उत्पन्न होंगे ? (चूंकि विश्व के समस्त भाव और यह) विश्वमित है तो निश्चय ही ईश्वर भी मित है[१०], अतः सर्वत्र केवल छन्द ही है, इससे भिन्न कुछ भी नहीं है ।१३७ ।

**छन्दांस्यनन्तान्यपि सन्ति सन्तु**
**विभूनि नैतानि न वैकमेतत् ।**
**न तत्र संख्या न च तत्र काष्ठा**
**सम्भाव्यते तेन वृथा विचारः ॥१३८ ॥**

छन्द अनन्त भी हैं, भले ही अनन्त रहे, किन्तु ये न तो विभु हैं और न एक ही हैं । छन्दों की वास्तविक गणना संभव नहीं है और न कोई काष्ठा अन्तिम सीमा ही संभव है । अतः[११] संख्या और सीमा के विषय में विचार निरर्थक है ।१३८ ।

**छन्दो मितिर्यत्र मितिर्न विद्यते,**
**तद्वस्तु नास्तीति वयं प्रचक्ष्महे ।**
**मिता मितग्राहिमतिर्न चामितं**
**गृह्णाति तन्नास्ति न यत् प्रमीयते ॥१३९ ॥**

छन्द मान हैं अर्थात् मानविशेष से भिन्न स्वरूप छन्द का नहीं है, जहां मिति नहीं है वह वस्तु ही नहीं है ऐसा हम कहते हैं । मित का ही ग्रहण करने वाली यह मित मति[१२] अमित का ग्रहण नहीं कर सकती है अत: जो मिति का विषय नहीं है वह है ही नहीं ।१३९ ।

आकाशमन्यच्च विभु स्मरन्ति यत्
तत् खण्डशः प्रत्ययनात् प्रपद्यते ।
मितं नितान्तं त्वनपेक्ष्य न क्वचिद्
विभु प्रतीयाद् विभु वस्तु नास्ति वा ।।१४० ।।

और भी देखिये, यह जो आकाश को विभु मानते हैं, वह भी खण्डरूप से ही प्रतीति का विषय हो पाता है । मित की सर्वथा उपेक्षा कर कहीं भी विभु की प्रतीति नहीं हो सकती हैं अथवा यह कहना उचित होगा कि विभु वस्तु है ही नहीं ।१४० ।

न चात्र कार्यं न च कारणं वा
नियम्यते पर्ययमात्रमेतत् ।
स्यात् स्वस्तिकाद् वा रुचकं ततो वा
स्यात् स्वस्तिकं कुत्रचिदन्यथा वा ।।१४१ ।।

यहाँ अन्तिम रूप से न किसी को कार्यरूप में और न किसी को कारण रूप में नियत किया जा सकता है । यह विश्व एक पर्ययमात्र है अर्थात् क्रमशः रूपान्तरित होने वाला या परिवर्तनशील है[१३] ।(हम देखते हैं कि) स्वास्तिक से रुचक बनाया जा सकता है तो रुचक से स्वस्तिक अथवा इससे भिन्न कुछ अन्य भी बनाया जा सकता है ।१४१ ।

अद्भ्यस्तु पृथ्वी पृथिवीत आपो-
ऽग्निर्वायुतो वायुरयं तथाग्नेः ।
मृद्भ्यो घटः स्याद् घटतो मृदः स्यु-
श्छन्दो विपर्य्येति स वस्तुभेदः ।।१४२ ।।

अप् से पृथ्वी तो पृथिवी से अप् होता है । अग्नि वायु से उत्पन्न होती है तो अग्नि से वायु उत्पन्न होता है । मिट्टी से घड़ा बनता है तो घड़े से पुनः मिट्टी बन जाती है । वस्तुत: छन्द का विपर्यय ही वस्तु का भेद है अर्थात् छन्द के परिवर्तन से ही वस्तु भेद होता है । १४२ ।

वृष्टेर्जलं स्याज्जलतस्तु धूमो
धूमाच्च मेघस्तत एति वृष्टिः ।
मृद्भ्योऽकुरस्कन्धदलादिरूपो
वृक्षस्ततो दारु ततो मृदः स्युः ।।१४३ ।।

वृष्टि से जल आता है । जल से धूम, धूम से मेघ, और मेघ से पुनः वृष्टि होती है । मिट्टी से अंकुर तना पत्ते आदि विभिन्न अवयवों वाला वृक्ष पैदा होता है, उस वृक्ष से लकड़ी और लकड़ी से पुनः मिट्टी हो जाती है ।१४३ ।

**न तादृशः काल इहास्ति पूर्वो**
**न तादृशः काल इहास्ति पश्चात्।**
**छन्दांसि नो तत्र विपर्य्ययन्ते**
**नित्यः प्रवाहोऽयमकारणोऽस्ति ॥१४४॥**

ऐसा काल न पहले कभी रहा है और न कभी होगा जब छन्दों का विपर्यय न हो ।[९४] यह तो एक नित्य प्रवाह है और अकारण है ।१४४ ।

**न कारणं किञ्चिदवान्तरं यन्**
**न चाखिलारम्भणकारणं यत् ।**
**अकारणं विश्वमिदं ततोऽस्मिन्**
**न ब्रह्म मृग्यं क्वचिदीश्वरो वा ॥१४५॥**

न तो इस (विश्व) में कोई अवान्तर कारण है । और न इस विश्व का कोई आदि कारण ही है । यह अखिल प्रपञ्च कारण रहित ही है । अत: इस (के कारण रूप) में न किसी ब्रह्म की खोज करनी चाहिये और न किसी ईश्वर की ।१४५ ।

इत्यावरणवादः समाप्तः
आवरणवाद पूर्ण हुआ

# २ - दशवादरहस्यगत आवरणवादः

## 'दशवादरहस्य' में निबद्ध आवरणवाद

### आवरणवाद का सामान्य परिचय

प्राणाः पृथक् प्राणविशेषपूगा
नावृण्वते ते प्रभवन्ति भावाः ।
तत्रेदमेवावरणं प्रधानं
वृतेर्ऋते क्वापि न वस्तुबुद्धिः ॥१ ॥

प्राण अपने से भिन्न विशिष्ट प्राणसमुदाय का आवरण बन जाते हैं तो यह आवृत रूप ही विभिन्न भाव पदार्थ या वस्तु हो जाते हैं । इनमें यह आवरण ही प्रधान है । आवरण बिना कहीं भी वस्तुबुद्धि नहीं होती है ।१ ।

आच्छादनं वै वसनं ततो यद्
रूपं भवेद् वस्त्विति तद्वदामः ।
ज्योतिश्च यज्ञं वयुनं विकल्प्य
त्रैविध्यतो वस्तु निरूपयामः ॥२ ॥

आच्छादन ही वसन (या विवसन) है । इससे जो रूप बनता है उसे ही वस्तु कहते हैं । ज्योति यज्ञ और वयुन इन तीन विकल्पो में[१] यहाँ वस्तु का निरूपण किया जा रहा है ।२ ।

### वयुनम्[२]

अस्ति त्विदं वस्त्वितिरूपतो यद्
विज्ञायते तद् वयुनं वदामः ।
विज्ञानमेतद् वयनुं तदन्त-
र्वयो वयोनाध इमे तु सत्ते ॥३ ॥

यह कोई वस्तु है इस रूप में जो बुद्धि का विषय बनता है उसे वयुन कहते हैं । यह विज्ञान ही वयुन है उसमें वयः और वयोनाध ये दो सत्ता हैं ।३ ।

तद् वै वयो वस्तुति येन भार-
स्तथा वयोनाध इहास्ति सीमा ।
सीमापि रूपं च वयोऽपि रूपं
नाभ्यां परं किञ्चिदिहास्ति वस्तु ॥४ ॥

वय वही है जिससे वस्तु में भार है और वयोनाध वस्तु में सीमा है। सीमा भी रूप है और वय: भी रूप है इनसे भिन्न अन्य कोई वस्तु संसार में नहीं है। ४।

छन्दो वयोनाध इति प्रतीया-
दन्नं वयश्छन्दसि तद्धि नद्धम्।
छन्दस्यभेदाच्च वयस्यभेदाद्
वस्तूनि भेदेन विलोकयामः ॥५॥

छन्द को वयोनाध और अन्न को वय: समझना चाहिये। यह अन्न छन्द में निबद्ध है अर्थात् वय: वयोनाध में आबद्ध है। हम छन्दस्य-छन्दोगत-भेद से तथा वयस्य-वयोगत-भेद से वस्तुओं को भिन्न भिन्न देख पाते हैं। ५।

मृत्पिण्डमादाय हि कारुको गजं
हयं रथं कंसमथान्यथा बहु।
शिल्पं विनिर्माति न मृद् विभिद्यते
भिन्नाकृतिस्तेन गजाश्वभिन्नता ॥६॥
सर्वो लिपिं लेखयतेऽनुरूपं
ब्रूतेऽनुरूपं कुरुतेऽनुरूपम्।
नाकार एष ध्रियते धिया चेत्
सा प्रत्यभिज्ञैषु भवेन्न जातु ॥७॥

आवरणवाद-अनुभाव पद्यक्रमांक ९० व ९२ में इनका अर्थ द्रष्टव्य है।

## ज्योतिः

विद्योतते यत् स्वयमेतदाहु-
र्ज्योतिर्यथा भास्कर एष भाति।
द्वयङ्गं हि तत् कन्दलमस्य नाभौ
ततो बहिस्त्वावरणं समन्तात् ॥८॥

जो स्वयं ही विद्योतित- प्रकाशित-होती है वह ज्योति है जैसे यह सूर्य अन्य निरपेक्षभाव से स्वयं चमकता है। इस (सूर्य) के केन्द्र में दो अङ्गों वाला एक अंकुर होता है[१] उसी से बाहर चारों ओर आवरण प्रकाशरूप में होता है। ८।

स्वतः प्रकाशो परतः प्रकाशो
रूपप्रकाशस्त्रिविधा इहार्थाः।
सर्वत्र नाभौ ध्रियतेऽर्थबिम्बः
स्वच्छायया चाव्रियते स नित्यम् ॥९॥

संसार के समस्त पदार्थ स्वत: प्रकाश परत: प्रकाश और रूप प्रकार के भेद में तीन प्रकार के होते हैं। वस्तु का विम्ब जो सर्वत्र नाभि केन्द्र में अवस्थित रहता है, सदैव अपनी छाया से आवृत रहता है ।९ ।

## यज्ञः[४]

कृत्स्नो हि वाक्प्राणमनोमयोऽर्थो
वाक् प्राणतः स्यात् स भवेन् मनस्तः ।
वाक् क्षीयते द्यौर्हि भुनक्ति सर्वान्
भुङ्क्ते ततोऽन्नं परतः स वाचम् ॥१० ॥

संसार के यावन्मात्र पदार्थ[५] वाक् प्राण मनोमय हैं। मन से प्राण, और प्राण से वाक् की उत्पत्ति होती है। वाक् क्षय धर्मा है, द्यौ[५] अर्थात् प्राण सबका पालन करने वाला है[६] तथा वाग् रूप अन्न का योग करता है।

अन्नात् पुनः प्राण उदेति तस्मान्
मनस्तदित्थं परिवृत्तिचक्रम् ।
वाचो मनस्तन्मनसः पुनर्वाक्
प्रवृत्त इत्थं क्रम एव यज्ञः ॥११ ॥

अन्न से पुन: प्राण उदित होता है, प्राण से मन होता है, इस प्रकार यह परिवृत्ति चक्र चलता रहता है। वाक् से मन तथा मन से वाक् की प्रकृति का निरन्तर क्रम ही यज्ञ है[७] ॥११ ॥

यद् दृश्यते किञ्चिदिहैष सर्वः
पृथक् पृथग् यज्ञ इति प्रसिद्धिः ।
प्रजापतिर्वेद इति द्विधायं
विभज्यते यज्ञ इति प्रतीयात् ॥१२ ॥

इस विश्व में जो कुछ भी दृष्टिगोचर होता है वह सब कुछ पृथक् पृथक् यज्ञ ही है। यह यज्ञ प्रजापति और वेद रूप में द्विधा विभक्त है ।१२ ।

अनावृते व्योमनि यावदीक्षे
यावद् विदूरात् प्रतिपत्तिरक्ष्णा ।
तद्वस्तुनस्तावदवन्ति वेदा
न वस्तुनोऽस्तिः पृथगस्यवेदात् ॥१३ ॥

खुले आकाश में जहाँ तक देखता हूँ और दूर तक जहां आंखों से रूप का ग्रहण होता है, ये वेद ही हैं जो उस वस्तु को हम तक पहुँचाते हैं अर्थात् उस वस्तु के वेद ही वस्तु को हमें दिखाने में माध्यम हैं[८] ।वस्तु के इस वेद से वस्तु की पृथक् सत्ता नहीं है ।१३ ।

इमे प्रवृत्ता यत एव वेदाः
प्रजापतिः सोऽस्ति स एष आत्मा ।
वेदास्तु यावन्त इमे तदस्या-
त्मनः शरीरं पुरुषोऽस्त्युभाभ्याम् ।। १४ ।।

ये वेद जहाँ से प्रवृत्त होते हैं वह प्रजापति हैं और प्रजापति यह आत्मा ही है[९] । जितने भी वेद हैं वे इस आत्मा के शरीर हैं । पुरुष इन दोनों का अर्थात् प्रजापति रूप आत्मा तथा आत्मा के शरीर रूप वेद का समन्वित रूप है ।१४ ।

वेदास्त्रिधर्क्सामयजुःप्रभेदात्
सूक्ष्मोत्तरा मूर्तय एव चर्चः ।
ऋग्व्याप्तिमत् सर्वदिगंशसाम्यं
साम प्रसारः स ऋचां क्रमेण ।।१५ ।।

ऋक् साम और यजु के भेद से वेद तीन प्रकार के हैं । इनमें उत्तरोत्तर सूक्ष्म होती हुई ऋचाएँ ही मूर्तियाँ है । सभी दिभागों में समान रूप से ऋचा की व्याप्तिवाला साम है जो क्रमशः ऋचाओं का प्रसार है ।१५ ।

यजुस्तु यज्जूरथवेन्द्रवायू
सोमानदन्तोऽग्नय एव वायुः ।
देवास्त्रयस्त्रिंशदिहाग्नयः स्युः
प्रत्येकतस्ते सहितास्तु वायुः ।।१६ ।।

यज्जू[१०] अर्थात् यत् और जू का समन्वित रूप ही यजुः है । यज्जू इन्द्र और वायु का द्वन्द्व रूप है । वायु अग्नि का वह रूप है जो सोम का भक्षण कर रहा है । अग्नि त्रयस्त्रिंशत् अर्थात् तैतीस देवों का रूप है । ये सभी साहित्यभाव में वायु हैं । १६ ।

प्राणश्च वाचश्च मनांसि चैते
देवा इहापि क्रमतोऽनुवेलम् ।
वाचो मनस्तन्मनसः पुनर्वाग् ।
भवत्यतो देवतनुः स यज्ञः ।।१७ ।।

गतिशील इस वायु के साथ प्रतिफल प्राण वाक् और मन ये देव रहते हैं । वाक् से मन और मन से वाक् की उत्पत्ति होती रहती है अतः वह यज्ञ[११] देवतनु है । १७ ।

आवरणवाद एवच्छन्दोवादश्च वयनुवादश्च ।
स प्राणवाद एवं स वयोवादश्च शक्यते वक्तुम्
।।१८ ।।[१२]

<u>आवरणवाद</u> ही छन्दोवाद और वयनुवाद है । इसे प्राणवाद और वयोवाद भी कहा जा सकता है ।१८ ।

# ३.ब्रह्मविनयगत आवरणवादानुगम :

ब्रह्मविज्ञान निर्विशेषानुवाक के अन्तर्गत इतरवादसमन्वयविचार में आया हुआ आवरणवाद[१]

बलेन मुक्तो रस एव सर्वं
विकारि कार्यं विविधं ससीमम्।
बलं वयोनाधमिदं रसस्तु
स्याच्छादितस्तेन वयस्तमाहुः ॥३७६ ॥ (१)

बल से भुक्त रस ही सीमाबद्ध होता हुआ नाना प्रकार का यह सम्पूर्ण विकार या कार्य जगत् है । बल को वयोनाध कहते हैं और इस वयोनाध से छादित रस को वयः कहते हैं[२] ।१ ।

इत्थं वयोनाधविधोदरस्य
प्रपूर्तये कोऽपि रसो नियुक्तः ।
रसोदरं त्वन्यरसो बलं तद्
धत्ते बलेनैष कृतोदरोऽन्यः ॥३७७ (२)

रसोदरं यो हि बलं रसोऽन्यो
धत्ते प्रतिष्ठा स रसोऽस्ति वाच्यः ।
अस्तीति शब्देन बलं रसाक्त
प्रतिष्ठितं प्राह रसान्तरेऽस्मिन् ॥३७८ (३)

वयोनाध रूप से उदर की पूर्ति के लिये कोई एक रस नियुक्त है । रस को उदरसात् किये हुए इस बल को अन्य रस धारण करता है । इस रस को भी बल द्वारा भुक्त कर लिये जाने पर उस बल को अन्य रस धारण करता है । धारण करने वाला यह रस प्रतिष्ठा कहलाता है । अस्ति (है) अथवा सत्ता शब्द से प्रतिष्ठा पर आधारित अत एव प्रतिष्ठित रसाक्त बल को ही बताया गया है जो इस भिन्न रस में है । २-३ ।

सत्ताप्रतिष्ठाबलभृद्रसोऽथा-
नन्दो रसोऽन्तर्निहितो बलेऽस्मिन्।
रसे बहिःप्लाविनि यत्र भिन्नो
रसोऽन्तरा याति हि चेतना सा ॥३७९ (४)

सत्ता प्रतिष्ठा और बल को धारण करने वाला रस आनन्द है । रस इस बल में अन्त निहित है । जहाँ बाहर बहने वाले अर्थात् बल से अभुक्त रस में जो अन्य रस जाता है उसका नाम चेतना है ।४ ।

भूमायमानन्द इहाणिमास्ते
रसो बलच्छन्दित एष किन्तु।
छन्दोऽल्पकं दुःखमथोद्धरँश्चेच्-
छन्दो महद् याति तदा मुदीक्ष्या॥ ३८० (५)

यह आनन्द भूमा है जब कि बल से छन्दित रस अणिमा है। (अणिमा या अल्पता दुःख है, रस और दुःख विरोधी शब्द हैं, ऐसा नहीं सोचना चाहिये) जब रस इस ~~अल्पच्छन्द~~ और तत्कृत दुःख को हटाता हुआ महच्छन्द को प्राप्त होता है तो उस समय मुत् अर्थात् आनन्द ही समझना चाहिये।५।

यथा यथोद्धृत्य रसः स आत्मा
छन्दोऽल्पमल्पं श्रयते महत्तत्।
तदा स भूमाणिमतो निवर्त्य
स्वरूपमानन्दमयं दधाति ॥३८१॥ (६)

वह रस अर्थात् आत्मा अल्प अल्प छन्द को निरस्त कर महत् महत् छन्द का आश्रय लेता है तो उत्तरोत्तर अणिमभाव से हटकर भूमा होता हुआ अपने आनन्दमय स्वरूप को धारण करता है। (६)

छन्दो हि मृत्युः स हि पापबन्धो
दुःखं मुहुस्तत् परिवर्ततेऽस्मिन्।
पूर्वोद्धृतौ यावदिहोत्तरस्याः
परिग्रहस्तावदुदेति मोदः ॥३८२॥ (७)

छन्द मृत्यु है पाप बन्ध है। इसमें बार बार दुःख आते रहते हैं। जब पूर्व छन्द की निवृत्ति हो जाने पर उत्तरोत्तर विस्तृत भाव की प्राप्ति हो जाती है तो मोद आनन्द का उदय होता है।७।

उच्छिद्यमानं तु बलं रसेना-
नुगृह्यते चेत्त इमेंऽशवः स्युः।
सा चेतनाऽत्मांशुरसोऽद्य तस्मिन्
सत्ता रसोऽन्यस्य गतः स बोधः ॥३८३॥ (८)

उच्छिद्यमान बल जब रस से अनुगृहीत हो जाता है तो ये बलावयव 'अंशु' कहलाते हैं। आत्मा चेतना है इसमें अंशुरस सत्ता है। अन्य को प्राप्त यह सत्ता ही बोध है।८।

।आवरणवादानुगम पूर्ण हुआ।

# टिप्पणीभागः

## आवरणवादटिप्पण्यः

१. वयुन पद का वैदिक वाङ्मय में प्रचुर प्रयोग है। इस दृष्टि से ब्राह्मणों में इसके अनेक अर्थ हैं जिनमें प्राण धूम अन्न वीर्य अग्नि पशु आदि प्रमुख हैं। निघण्टु में यह तीन बार पढ़ा गया है। प्रशस्य (३.८.१०) तथा प्रज्ञा (३.९.१०) नामों में यह एकार्थक अनेक नाम संग्रहों में तथा चतुरशीति पदों (४.२.४८) में अनेकार्थ रूप से गृहीत पदों में आया है। वहाँ यास्क इसका अर्थ 'वयुनं वेतेः कान्तिर्वा प्रज्ञा वा' (निरुक्त ५.१४) करते हैं। प्रज्ञा व प्रज्ञान को समार्थक मानते हुए यास्क निरुक्त ८.२० एवं ९.१५ में वयुनानि का प्रज्ञानानि अर्थ देते हैं।

सायण १.९२.६ भाष्य में वयुनानि सर्वेषां प्राणिनां ज्ञानानि, १.१४४.५ में प्रज्ञानानि अनुष्ठानविषयाणि, २.१९.८ में मार्गान् तथा ३.५.६ में ज्ञातव्य पदार्थ आदि अर्थ देते हैं।

महर्षि दयानन्द सरस्वती यजुः ५.१४, ५.३६ आदि अनेक स्थलों पर वयुन का प्रशस्त कर्म अर्थ देते हैं।

देवराज यज्वा आदि ने व्याकरण दृष्टि से इसे अज गतिक्षेपणयोः धातु से औणादिक उनन् प्रत्यय से व्युत्पन्न माना है किन्तु महर्षि यास्क ने सीधे वी धातु (वी गतिप्रजन- कान्त्यसन- खादनेषु २.५१ माधवीयवृत्ति) का ग्रहण किया है। अर्थव्याप्ति वी से ही है। कान्तिर्वा प्रज्ञा वा अर्थकथन उपलक्षण मात्र हैं।

ज्ञान और कर्म ही सृष्टि है, सृष्टि ही अर्थ है। वयुन का पदार्थजात रूप यह अर्थ श्री ओझाजी द्वारा ही इदम्प्रथमतया दिया गया है। इस दृष्टि से —

> का मर्यादा वयुना कद्ध वाममच्छा गमेम रघवो न वाजम्।
> कदा नो देवीरमृतस्य पत्नीः सूरो वर्णेन ततनन्नुषासः ॥ऋक् ४.५.१३

इस मंत्र में मर्यादा वयोनाध तथा वामम् वय के अर्थ में स्पष्ट हैं
है ही। इस रूप में प्राप्त अर्थ पूर्णतः विज्ञानसम्मत है।

२. वयः निघण्टु (२.७.७) में वयः अन्ननाम में पढ़ा गया है। गति प्रजन कान्ति असन और खादन अर्थों में पठित आदादिक वी धातु से असुन् योग से वयस् निष्पन्न है। देवराज यज्वा का कथन है कि कारक भेद से गत्यादि सभी अर्थ यहाँ अनुकूल हैं। साधारणतया संस्कृत में इसके अर्थ धन अन्न बाल्यादि अवस्था वर्ष जीवन खग जाति और यौवन हैं जैसा कि वाङ्मयार्णव के इस निम्नलिखित पद्य से स्पष्ट हैं : —

> वयो धनेऽन्ने बाल्यादौ वत्सरे जीविते खगे
> जातौ च यौवने चैव सान्तं क्लीबमुदाहृतम् ॥ ५०६१

सायणाचार्य ने विभिन्न स्थलों पर प्रसंग एवं व्युत्पत्ति आदि के अनुसार अन्न अश्वव-न्धनार्थ रज्जु-रश्मि-लगाम तथा इसे बहुवचन का (वि: वी वयः) मानकर वेत्तारः मरुतः आदि अर्थ किये हैं। स्वामी दयानन्द सरस्वती वयः पक्षिण इव गायत्र्यादीनि च्छन्दांसि, वयस्वन्तः = प्रशस्तं पूर्णम् आयुर्विद्यते येषां ते, वयस्वते = बहुजीवनं विद्यते यस्मै तस्मै आदि अर्थ करते हैं।

यजुर्वेद १४/९-२० मंत्रों में मूर्धावयः प्रजापतिश्छन्दः मन्त्रयुग्म में १९ जोड़ों में वयः और छन्द का संबंध बताया गया है। इनका उल्लेख आगे यथासमय किया जायेगा। प्रत्येक पदार्थ का घटक मूलतत्त्व वयः है। सारा विश्व वयः का ही वितान है, जो ओझाजी की परिभाषा से स्पष्ट होता है।

३. वयोनाध - इसे केवल नाध भी कहा जा सकता है। कर्म-वयः उपपद से णह् बन्धने धातु से 'कर्मण्यण्' द्वारा अण् प्रत्यय होता है। ह का ध छान्दस है। 'वयो नह्यति' इति वयोनाधः, तदनुसार इसका अर्थ हुआ वयः को बांध रखने वाला, वयोनाध सीमा है, आकार है, रूप है। वयः वयुन रूप में वयोनाध की माया से ही आता है। यजुर्वेद १४/७

सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूर्देवैर्वयोनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनाध्वर्यू सादयता-मिह ......... मन्त्र में ५ बार वयोनाध शब्द आता है। वहाँ इसका अर्थ 'सीमा भाव उत्पन्न करने वाले देव' उपयुक्त है तथा इसी से मंत्र की सुसंगत व्याख्या लगती है। यही भगवान् याज्ञवल्क्य ने

प्राणा वै देवा वयोनाधाः, प्राणैर्हीदं सर्वं वयुनं नद्धम् (शत. ८/२/२/८) कहकर इसका स्वरूप स्पष्ट किया है।

४. आवरणवाद का मुख्य प्रतिपाद्य वयः वयुन और वयोनाध के त्रिक् पर ही आधारित है यहाँ इन तीनों को समझ लेना आवश्यक है। श्री ओझाजी ने अपने विभिन्न ग्रन्थों में वय वयुन वयोनाध को नाना प्रकारों से परिभाषित किया है जिनसे वेदार्थ की वैज्ञानिक प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त होता है। अमृत रस में मृत्युरूप बल की आद्या चिति बलसंवेष्टित रस-रूपा मात्र है। समुद्भूत यह बल अमित रस में मिति भाव पैदा करता है यह द्वितीय चिति है जो वयोनाध की सृष्टि करती है। असीम का सीमा भाव, अमित का मितीभाव वयोनाध है। अशनायाप्रेरित आहरण रूप यह क्रम अनवरत चलता हुआ प्राणबल को तिरोहित करता है। यही अर्थ की रूप परिवृति का जनन है। यही वयुन है जो तृतीय चिति है। तृतीय चिति का परिणाम ही पदार्थ का रूप ग्रहण है। ब्रह्मविनय परात्परानुवाक के ११९ से १२२ तक के पद्यों से इसे और भी स्पष्ट समझा जा सकता है। इस प्रकार नाध वय और वयुन इन तीन व्यक्तियों की सिद्धि इस 'व्यक्तिबल' से होती है। पदार्थ अणु हो या महान् इन तीनों से ही व्यक्तभाव को प्राप्त करता है। ब्रह्मविनय के ये पद्य द्रष्टव्य हैं:—

नाधो वयस्तद्वयुनं त्रिधेत्थं व्यक्तिबलं व्यक्तित्रयं विधत्ते।
महानणुर्वा त्रिभिरेभिरर्थः पृथक्तया व्यज्यत एक एकः । परात्पर १२२
या वस्तुसीमा स हि नाध उक्तो दिक्कालदेशाद् विविधा विभक्तम्।
यद् भौतिकं मर्त्यमिदं वयः स्यात् तत्रामृतं यद् वयुनं तदाहुः ॥१२३

नाधोऽयमावाप इदं वयोऽन्नं तत्रान्नभुक् तद्वयुनं यदस्ति ।
अन्नादमन्नं च तयो: प्रतिष्ठा, नैभिस्त्रिभि: शून्यमिहास्ति किञ्चित् । १२४
वाङ्मय को देखने की यह दृष्टि प्राप्त होने पर मन्त्रों और पद्यो के अर्थ में एक अनिर्वचनीय चमत्कार आ जाता है । कुछ उद्धरण देखिये :—

(क) तक्षन् रथं सुवृतं विद्मनापस: तक्षन् हरी इन्द्रवाहा वृषण्वसू ।
तक्षन् पितृभ्यामृभवो युवद्वयस्तक्षन् वत्साय मातरं स चाभुवम् ॥ऋ. १/१११/१
(ख) आ नो यज्ञाय तक्षत ऋभुमद्वय: क्रत्वे दक्षाय सुप्रजावतीमिषम् ।
यथा क्षयाम सर्ववीरया विशा तन्न: शर्धाय धासथास्विन्द्रियम् ॥ १/१११/२
(ग) बृहदस्मै वय इन्द्रो दधाति । १.१२५.२
(घ) अमी च विश्वे अमृतास आ वयो हव्या देवेष्वावय: ।१.१२७.८
(ङ) अथा दधाते बृहदुक्थ्यं वय: उपस्तुत्यं बृहद्वय: । १.१३६.२
(च) गमन्न इन्द्र: सख्या वयश्च । १.१७८.२
(छ) उपयाम् गृहीतोऽसि इन्द्राय त्वा बृहद्वते वयस्वत उक्थाव्यं गृह्णामि । यजुर्वेद ७/२२
(ज) इन्धानास्त्वा शतं हिमा द्युमन्तं समिधीमहि ।
वयस्वन्तो वयस्कृतं सहस्वन्त: सहस्कृतम् ॥वही ३/१८
(झ) वयांसि तद् व्याकरणं विचित्रम् ।
मनुर्मनीषा मनुजो निवास: ॥श्रीमद्भागवतम् २/१/३६
विभिन्न ब्राह्मणों के (अ) पशवो वै वयांसि (शत. ९.३.३.७) (आ) पशवो वै वयस्या इष्टका: (तै.सं.) (इ) वयो वै वाम देव्यं साम (जै. १.१३९) प्राणा वाव तेषां देवानां वामं - वननीयं-वसु आसीत् (जै. १.१४२ जैसे वाक्य प्रसंगानुकूल स्पष्टार्थता देने लगते हैं ।

५. प्राणो वै वय: । ऐतं १. २८

६. प्राणो वा इदं सर्वमभवत् । जै. ३.३७ यहाँ भू सत्तायाम् तथा भू प्राप्तौ दोनों ही अर्थ में है । प्राणम् अनु प्रजा: पशवो भवन्ति । जै. उप.ब्रा. २.२.२.७

७. प्राण एवान्नाद: प्राणेन हीदमन्नमद्यते । शत. ११.२.४.५

८. अन्नं हि प्राण: । शत २.२.१.६ अन्नं वै प्राणानुपसृजति । काठकसंक ७०/५ यहाँ 'भवति' का प्राप्त करता है अर्थ लें तो ' इस भुक्त अन्न को प्राण प्राप्त करता है' अर्थ भी किया जा सकता है, ७वीं टिप्पणीं प्राणेन. । प्राणेन वै देवा अन्नमदन्ति, अग्निरु देवानां प्राण: ।शत. १०.१.४.१२

९. प्राणा वै देवा वयोनाधा: । प्राणैर्हीदं सर्वं वयुनं नद्धम् । अथो छन्दांसि वै देवा वयोनाधा: । छन्दोभिर्हीदं सर्वं वयुनं नद्धम् । शत. ८.२.२.८.

१०. (क) प्राणा वै छन्दांसि । कौषी ७.९.११, प्राणा वा एतानीतराणि छन्दांसि वागनुष्टुप् । मैत्रा. ३.१.८

११. ब्रह्मसमन्वय में शरीरभेद के आधार पर स्वीकृत पांच प्रजापतियों में छन्दस्य प्रजापति मध्यपृष्ठवान् एक प्रजापति है : —

शरीरैः पञ्चभिः पञ्च प्रजापतय ऊहिताः ।
उक्थो विराट् च वैराज्य छन्दस्यः सर्व इत्यमी ।प्रजापत्यनुवाक ६०
उक्थः कारणदेहेन विराट् सूक्ष्मशरीरतः ।
वैराजः स्थूलदेहेन छन्दस्यो मध्यपृष्ठवान् ॥६१
महावैयाकरण भर्तृहरि ने आत्मा के अर्थ में छन्दस्य का प्रयोग किया है तथा छन्द के वेद और छन्द दोनों ही अर्थ अभीष्ट हैं : —

अत्रातीतविपर्यासः केवलामनुपश्यति ।
छन्दस्यश्छन्दसां योनिमात्मा छन्दोमयीं तनुम् । वाक्यपदीय १/१७
यहाँ श्रुतिवाक्य भी — एष वै छन्दस्यः साममयः प्रथमोक्षन् वैराजपुरुषः, योऽन्नमसृजत, तस्मात्पशवोऽजायन्त, पशुभ्यो वनस्पतयः, वनस्पतिभ्योऽग्निः-छन्दस्य ब्रह्म का प्रतिपादन करता है । पुराण भी—
विभज्य बहुधात्मानं स छन्दस्यः प्रजापतिः ।
छन्दोमयीभिर्मात्राभिर्बहुधैव विशेषितः ॥
भर्तृहरि भी छन्दों से ही विश्व का विवर्तन मानते हैं : —
शब्दस्य परिणामोऽयमित्याम्नायविदो विदुः ।
छन्दोभ्य एव प्रथममेतद् विश्वं व्यवर्तत ॥वाक्य० १/१२० । जैसे 'छन्दसे हितः छन्दस्यः' है वैसे ही 'वयसे हितः वयस्यः' है । सखा अर्थ में वयसा तुल्यः —वयस्यः अर्थविशेष में रूढ अन्य पद है जो पाणिनि के 'नौवः धर्मविषमूल०' सूत्र से अभिधेय नियमार्थ संज्ञाधिकार से सिद्ध है ।

१२. 'अपश्यं गोपा.' मंत्र ऋग्वेद (१.१६४.३१ दीर्घतमा से दृष्ट तथा १०.१७७.३ पतंगदृष्ट) में तो दो बार पठित है ही अथर्ववेद (९. १०.११ ऋषि ब्रह्मा) यजुर्वेद (३७.१७ दीर्घतमा) में भी आया है । शंकराचार्य ने श्वेताश्वतर १.३ में इसके व्याख्याभेद का संकेत दिया है । वस्तुतः आरण्यक उपनिषद् ब्राह्मणों में अनेक प्रकार से इसकी व्याख्या है । तैत्तिरीय और ऐतरेय का निर्देश तो मूल में किया ही गया है । ऐतरेय आरण्यक का मूलपाठ ग्रन्थ की टिप्पणी में दिया गया है ।तैत्तिरीय का पाठ निम्नलिखित है: —

प्राणो वै गोपाः । प्राणमेव प्रजासु वियातयति । असौ वा आदित्यो गोपाः । स हीमाः प्रजा गोपायति । तमेव प्रजानां गोप्तारं कुरुते । न ह्येष निपद्यते . . . . . । (तै.आ. ४.७.१., ५.६.४.)

भगवान् याज्ञवल्क्य ने गोपा सूर्य को बताया है : — (एष वै गोपा य एष तपति । एष हीदं सर्वं गोपायति । अथो न निपद्यते । (१४.१.४.९) आ च ह्येष परा च देवैः पथिभिश्चरति । सध्रीचीश्च ह्येष विषूचीश्च दिशो वस्ते, अथो रश्मीन् पुनः पुनर्ह्येष एषु लोकेषु वरीवर्त्यमानश्चरति । जैमिनीय उपनिषद् ब्राह्मण में भी गोपा प्राण को कहा गया है :— प्राणो वै गोपाः, सहीदं सर्वमनिपद्यमानो गोपायतीति । ३.६.९.२. गोपथब्राह्मण के उत्तरभाग २/२० में 'इन्द्रो वै गोपाः' के रूप में इन्द्र को गोपा कहा गया है ।

महर्षि यास्क ने सत्त्वलक्षण महान् आत्मा के रूप में गोपा को लिया है । १४/३

इन उल्लेखों से स्पष्ट है कि वेद का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। इसमें ज्ञान विज्ञान के गूढ तत्त्व अधिभूत अधिदेव अध्यात्म अधियज्ञ अधिलोक आदि रूपों में प्राप्य हैं। ओझाजी की ये विविध क्षेत्र संबद्ध व्याख्यायें लोगों को अपने जाने माने अर्थों की सीमित दृष्टि में 'यत्र प्रदर्श्या विषयाः पुरातनाः' जैसे भावों से दोहरायी गयी है। यहाँ व्याख्याभेद के दिये गये प्राचीन उद्धरण बता रहे हैं कि ओझाजी का प्रतिपादन निर्मूल या निराधार नहीं है। आचार्य शंकर ने इस मंत्र के व्याख्याभेद को अनुसरण करने की दिशा में प्रामाणिक पथ के रूप में स्वीकार करते हुए लिखा है :— तथा चोक्तम् 'इष्टं हि विदुषां लोके समास- व्यासधारणम्' तथा च श्रुत्यन्तरे सकृच्छ्रुतस्य गोपामिति पदस्य व्याख्या-भेदः श्रुत्यैव दर्शितः — अपश्यं गोपामित्याह प्राणा वै गोपा इति, अपश्यं गोपामित्याह असौ वा आदित्यो गोपा इति (श्वेताश्वतर १.३)।
एक बात और ध्यातव्य है कि दीर्घतमा ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में तथा पतंग दशम मण्डल में है। मण्डलक्रम के अनुसार प्रथम दीर्घतमा का तथा बाद में पतंग का उल्लेख होना चाहिये था किन्तु श्री ओझाजी ने प्रथम रूप से पतंग को तथा द्वितीय क्रम में दीर्घतमा को लिया है जो तृतीय पद्य से स्पष्ट है। इन दोनों के पौर्वापर्य का साधिकार कथन उनकी सूक्ष्मेक्षिका तथा इतिहासज्ञता का प्रमाण है। प्रजापति पुत्र होने से पतंग की पूर्वजता स्पष्ट ही है। शास्त्राध्ययन में ऐतिह्यदृष्टि सदैव रहनी चाहिये, इस भाव को साग्रह व्यक्त करने के लिये ही यहाँ स्पष्टरूप से दोनों का कालक्रम दिया गया है अन्यथा प्रतिपाद्य के साथ इसका कोई संबंध नहीं है।

यही मंत्र रजोवाद में ५४६ वें पद्य के रूप में है, वहाँ इसे प्राणापान-व्यापार को बताने के के लिए उद्धृत किया है जैसा कि इस पूर्ववर्ती पद्य-

व्यानेन संयुज्य पुनः परैति गां सूत्रमापात्य विरामवृत्तिः।
तिष्ठँश्च गच्छँश्च स इत्थमन्तर्वृणोत्यसौदीर्घत थाह ॥५४५
द्वारा स्पष्ट है। प्राण के संबंध से यह मंत्र आध्यात्मिक है। इसकी आध्यात्मिकता आत्मानन्द सायण आदि के भाष्य से स्पष्ट है। यही कारण है कि यहाँ दीर्घतमा के नाम से मंत्र दिया गया है।

१३ यह छान्दोग्योपनिषद् १/११ के निम्नलिखित अंश का पद्यानुवाद है: —
कतमा सा देवता इति — प्राण इति होवाच। सर्वाणि ह वा इमानि भूतानि प्राणमेवाभि-संविशन्ति प्राणमभ्युज्जिहते सैषा देवता प्रस्तावमन्वायत्ता। १.११.५

१४ प्राचीनकाल में ब्राह्मण और क्षत्रिय निर्विशेष रूप से विद्याध्ययन करते थे। कई क्षत्रिय-वंश ऐसे थे जिनमें लगातार चार-चार पीढ़ी तक मंत्रद्रष्टा होते रहे हैं। अध्यात्म के लिए जिस प्रकार जनकवंश प्रसिद्ध था इसी प्रकार विद्याओं के लिए काशिराज का वंश। दिवोदास इनके दोनों पुत्र परुच्छेप और प्रतर्दन तथा परुच्छेप पुत्र अनानत, इस प्रकार तीन पीढियों में चार ऋषि हुए। अष्टाङ्ग आयुर्वेद में शल्यांग के उपदेष्टा दिवोदास थे तथा वामक आदि अन्य भी आयुर्वेदर्षि थे। प्रतर्दन भगवान् राम के वयस्य थे। ये महान् वीर भी थे, ऋषि भी थे।

यहां ओझाजी के सातवें से बारहवें तक के छ पद्यों का आधार कौषीतकोपनिषत् का तृतीय अध्याय है। यह ऋग्वेदीय कौषीतक ब्राह्मण है जिसका पूरा नाम ' कौषीतक

ब्राह्मणारण्यकोपनिषत्' है । यह वैसा ही नाम है जैसा शतपथब्राह्मण के अन्त्य भाग के ६ अध्यायों का 'बृहदारण यकोनिषत्' है । ब्राह्मण आरण्यक और उपनिषत् तात्त्विक दृष्टि से एकदूसरे से नितान्त भिन्न नहीं हैं सामान्य शैलीभेद तथा प्रतिपाद्यप्राधान्य का अवलम्बन मात्र विभेदक है । प्राचीन वाङ्मय के अध्येता को यह तथ्य ध्यान में रखना चाहिये ।

आधारभूत इस अध्याय में बड़ी बड़ी आठ कण्डिकाएँ हैं मूल का अविकल उद्धरण सम्भव नहीं है । आवृत्ति को छोड़कर बहुलांश इस प्रकार से हैं : —

सत्यं हीन्द्रः स होवाच - मामेव विजानीहि, एतदेवाहं मनुष्यायहिततमं मन्ये यन्मां विजानीयात् । प्राणोऽस्मि प्रज्ञात्मा, तन्मामायुरमृतमित्युपास्स्व ।

अथ खलु प्राण एव प्रज्ञात्मा इदं शरीरं परिगृह्योत्थापयति । एतस्मादात्मनः प्राणा यथायतनं विप्रतिष्ठन्ते। प्राणेभ्यो देवाः, देवेभ्यो लोकाः ।..... ता वा एतादशैव भूतमात्रा अधिप्रज्ञं, दश प्रज्ञामात्रा अधिभूतम्, तद्यथा रथस्यारेषु नेमिरर्पितो नाभौ अरा अर्पिताः, एवमेव एता भूतमात्राः प्रज्ञामात्रासु अर्पिताः, प्रज्ञामात्राः प्राणेऽर्पिताः ।

स एष प्राणएव प्रज्ञात्मा आनन्दः अजरः अमृतः । एष लोकपलः एष लोकाधिपतिः एष सर्वेशः । नसाधुना कर्मणा भूयान् न एवासाधुना कनीयान् । एष एव हि एतं (मनुष्यम्) साधुकर्म कारयति तं यम् एभ्यो लोकेभ्य उन्निनीषते, एष उ एव तम् असाधु कर्म कारयति तं यम् अधः निनीषते ।

इस अन्तिम उक्ति का अक्षरशः पद्यानुवाद ब्रह्मसमन्वय अक्षरानुवाक में अक्षर की कूटस्थता के प्रसंग में श्रीओझाजी द्वारा दिया गया है :—

साधु कारयते कर्म यमसावुन्निनीषति ।
कर्म कारयतेऽसाधु यं स एव निनीषति ।।१५ ।।

ब्रह्मचतुष्पदी ( आत्मपरिच्छेद पञ्चात्मसंस्थक्षेत्राज्ञस्य भूतात्मकर्मप्रयोजकत्वम्) में भी यह विषय है । केवल दो पद्य (पृष्ठ ९७) उद्धृत हैं : —

कर्माणि यः कारयते स आत्मा क्षेत्रज्ञ उक्तः स हि चेताद्यः ।
प्राणः स इन्द्रोऽखिलदेवाद्यः प्राज्ञस्तमाश्रित्य करोति कर्म ।।
न चैष भूयानिह साधुकर्मणा न वा कनीयानपि पापकर्मणा ।
असाधु वा साधु स कर्म कारयत्ययं ममात्मास्ति स ईश्वरस्तनौ ।।

ब्रह्मसमन्वय पृष्ठ ९९ में पद्य २३६ -२७० में यह पूरा विषय सर्वथा इसी प्रकार है

१५ यहाँ आयु उकारान्त पुल्लिङ्ग है । उणादि के ' कृवापाजिमिस्वादिसाध्यशूभ्य उण् (१.१) सूत्र की अनुवृत्ति में 'छन्दसीणः' (२.२) से इण् धातु से उण् होकर आयु बनता है वेद में आयु मनुष्य के लिये भी प्रयुक्त है छन्दसि का अभिप्राय केवल वेद तक सीमित करना उपयुक्त नहीं है । रामायण महाभारत आदि की भी भाषा छन्दोभाषा है ।इसी तथ्य को प्रकट करने हेतु आयुम् पद लिया गया है अन्यथा छन्द की दृष्टि से 'तमायुरेषाम्' करने में कोई दोष नहीं था ।

१६ इन्द्र विश्वामित्र को कहता है :— प्राणो वा अहमस्मि ऋषे ! प्राणस्त्वम् प्राण: सर्वाणि भूतानि । प्राणा ह्येष य एष तपति । स एतेन रूपेण सर्वा दिशो विष्टोऽस्मि । (ऐत. आर २.२.३)
विश्वामित्र को इन्द्र के इस कथन का ब्रह्मसमन्वय (पृष्ठ १००) में 'प्राण इन्द्र:' शीर्षक से एक पद्य में इस प्रकार पुनरनुवाद किया गया है :—

विश्वामित्रमुवाचेन्द्रोऽधिभूतं चाधिदैवतम् ।
प्राणोऽहमस्मि प्राणस्त्वं प्राणो भूतान्यशेषत: ॥ २७१ ॥

१७ 'छन्दोऽपिनद्धम्' समस्त पद है, छन्दसा अपिनद्धम् विग्रहवाक्य है । छन्द: अपि नद्धम् योजना ठीक नहीं है । छन्द के निर्वचन में सर्वत्र इसे कर्ता या करण के रूप में लिया गया है कर्म नहीं । वयोनाध का श्रीओझाजी द्वारा किया गया निर्वचनात्मक स्पष्टीकरण भी यही कहता है :—

वयोनाधेन यन्नद्धं भुक्तं तस्योदरेऽन्नवत् ।
वयोनाधाविनाभूतं मनोवाक्प्राणजं वय: ॥ब्रह्मसमन्वय पृष्ठ १८ पद्य १७९
वयोनाधस्तु वयसां बन्धनं छन्दनात्मकम् ।
अवच्छेदश्चायतनं छन्दश्चान्वर्थमर्थकृत् ॥ " पृ. १८ पद्य १७७

१८ ब्रह्मविनय में नियति का स्वरूप बताया गया है :—

यजुषा सोम इहाग्नौ प्रतिपलमाहूयते तत: सोम: ।
अग्निर्भूत्वा स्रस्तस्याग्ने स्थानेऽनुयाति नियतिरियम् ॥(पृ. ८४ पद्य ५२२) नियति के ऐसे अनेक प्रकार हैं उनमें से कोई भी नियति हो सकती है । सोम अग्नि होकर स्रस्त अग्नि का स्थान लेता रहा है यह तो विज्ञान का विषय हो जाता है, किन्तु ऐसा कैसे हो जाता है, क्यों हो जाता है — इसका उत्तर है नियति, यहां कार्यकारणभाव कृतार्थ नहीं होता है अत: नियति की विलक्षणता या अनिर्वचनीयता 'यया नियत्या' द्वारा बताई गई है । यह भी अभिप्राय लिया जा सकता है ।

१९ यहाँ द्वितीय तृतीय पद्य के चतुर्थ चरण में छन्द का निर्वचन पर आधारित स्वरूप बताया गया है जिनमें क्रमश: छन्दन और छादन अर्थों को आधार बनाया गया है । इसके समर्थन में कतिपय ब्राह्मणवाक्यों को मूलग्रन्थ की टिप्पणी में उद्धृत किया गया है । इनमें तीन अनुपलब्ध मूल हैं । कतिपय वचन ये हैं : —

(क) छन्दांसि छन्दयन्तीति वा (दैवत ब्राह्मण ३.२०)
(ख) तद् यद् एनान् छन्दांसि मृत्यो: पाप्मनोऽछादयँस्तच् छन्दसां छन्दस्त्वम् (जै. ब्रा. १.२८४) । एनान् = देवान् ।
(ग) तानि अस्मा अच्छदयँस्तानि यद् अस्मा अच्छदयन् तस्मात् छन्दांसि ।(शत ८.५.२.१.) अस्मै = प्रजापतये ।

(घ) देवा: असुरान् हत्वा मृत्यो: अबिभयु:, ते छन्दांसि अपश्यन् तानि प्राविशन्, तेभ्य: यद् यद् अच्छदय तेन आत्मानम् अच्छादयन्त तत् छन्दसां छन्दस्त्वम् । (मैत्रा. ३.४.७.)

(ङ) यत् छन्दोभिश्छन्नः तस्माच्छन्दांसि इत्याचक्षते । ऐ.आ. २.१.६.
(च) तं छन्दोभिः आत्मानं छादयित्वा उपयान् तत् छन्दसां छन्दस्त्वम् ।

श्री ओझाजी ने छन्दःसमीक्षा में सोदाहरण बताया है कि छादन के १ उपसंव्यान २ पर्याधान ३ चर्चितक ४ अवरोध ५ व्याप्ति ६ दूषितकरण ७ स्वरूपकरण ८ ऊर्जन ९ विविता १० गोपन तथा ११ अन्तर्धान विषय हैं जो किसी न किसी रूप में अवच्छेद के ही प्रकार हैं और अवच्छेद मिति में पर्यवसित होता है इस प्रकार छन्द अवच्छेद या मिति है । छन्द का यह मितित्व ओझाजी के ग्रन्थों में अनेकत्र स्पष्ट किया गया है, प्रमुख रूप से छन्दःसमीक्षा द्रष्टव्य है । ब्रह्मसमन्वय में अव्ययानुवाक में छन्दोऽव्ययम् प्रकरण से कतिपय पद्यांश द्रष्टव्य हैं :—

(१) यतो वस्तुव्यवच्छित्तिश्छन्द आयतनं च तत् ।
देश आयामविस्तारौ दिक्कालौ छन्दसि स्फुटाः ॥३८३ ।
(२) अक्षरोपाधिवशतोऽवच्छिन्नं भवदव्ययम् ।
प्रत्यर्थं भवतिच्छन्दश्छन्दोभिश्छन्दितं जगत् ॥३८४
(३) यतो वस्तुव्यवच्छित्तिस्तच्छन्दश्छन्दनं च तत्
प्राणानाममृतानां तत् छन्दनं प्राणतोऽन्यतः ॥३८५

२० छन्द अर्थ में पठित इन ९ नामों में चन्दन और हरिदान को छोड़कर सभी का अर्थ प्रायः स्पष्ट है तथा अनेक यहीं (आवरणवाद में) अनेकधा प्रयुक्त भी हैं । इनकी व्युत्पत्ति और निरुक्ति सामान्य रूप में प्रस्तुत है :— आवृति व संवृति में आ और सम् उपसर्ग युक्त 'वृञ् वरणे' धातु से क्तिन् प्रत्यय है । आवरण संवरण रूप भाव अर्थ तो है ही, यहाँ करण अर्थ अभीष्ट है । तन्त्रणम् में तत्रि कुटुम्बधारणे (धातु १०.१३५ सायण) अथवा तत्रि धारणे (चन्द्र. १०.६५) धातु है । धारण करने या टिकाये रखने की संस्था विशेष तन्त्रण का अर्थ है । अवच्छिति अव पूर्वक छेदने से क्तिन् प्रत्यय । छेदन अथवा छादन या मान अखण्ड असीम को खण्ड या सीमा बद्ध करना ही है, फलतः छन्द के मूलार्थ से अभिन्न है । चन्दन का मूल चदि ह्लादने दीप्तौ च (१.५६) धातु है । पद्यबद्धता की आह्लादकता ही प्रमुख बिन्दु मानी जाकर इस व्युत्पति में कारण बनी है तदर्थ उणादि में 'चन्देरादेश्च छः' (     ) सूत्र पढ़ कर छन्दः की व्युत्पत्ति की गयी है । सम्भवतः पाणिनि से पूर्व वैयाकरणों की मान्यता को यथावत् ले लिया हो । चदि कान्तिकर्मा (यास्क) भी है फलतः स्वरूपनिर्माण में छन्द की काम्यता भी अनिवार्य मानकर चन्द धातु को लिया गया है । कान्ति इच्छा गति आदि अर्थ में भी हैं । इन्हीं (छन्दों) से वस्तु की गति है अतः चन्दन पूर्णतः छन्दोऽर्थक है । श्री ओझाजी ने देवतानिवित् के छन्दांसि प्रकरण में छन्दनं छन्दः, येन वाच्छन्द्यते तच्छन्दः, रूप में छदि से छन्द की व्युत्पत्ति करते हुए चदि का ग्रहण नहीं किया, फलतः यह चन्दन छन्दन ही हो और निपातन से छ च हो गया हो । सम्भवतः आवरणवाद में छन्दन ही रहा हो । छन्दःसमीक्षा एवं छन्दःसम्बद्ध प्रकरणों में कहीं 'चन्दन' देखने में नहीं आया और न इसका प्रयोग इस ग्रन्थ में भी अन्यत्र हुआ है अतः मातृकाकोष (आवरणवाद) से तथा अन्यत्र प्रयोगों के अन्वेषण से निर्णेतव्य है । हरिदान शब्द वयोनाधतुल्य सीमार्थक है । इन्द्र के अश्व हरि हैं । इन दो हरियों से मास के पूर्वापर पक्ष होते हैं । ये ही दो हरि ऋक् और साम हैं, ऋक्सामे वै हरी (श्रत. ब्रा. ४.४.३.६) ऋक्

साम का तथा साम ऋक् का उपलक्षण है जो सूर्या के १०.५.११ ऋङ्मंत्र से स्पष्ट है। इन्द्र वय है इसका वहन करने वाले अर्थात् प्राणगर्भित वस्तु की सीमा का निर्धारण करने वाले दो बिन्दु वयोनाध हैं, हरिद्वय का दान हरिदान है। डुदाञ् दाने (३.९.क्षीर) धातु है। वस्तु का प्रत्यक्षीकरण हरिदान से ही है जैसा कि ब्रह्मचतुष्पदी के इस पद्य में बताया गया है—

व्यासान्तबिन्द्वोः प्रतिमूर्तिपृष्ठस्थयोरिह च्छन्द इतीयमाख्या।
तच्छन्दितं वस्तु तदन्तरास्ति छन्दःकृतं बन्धनमेव ऋक्त्वम्॥

दशवादरहस्य के यज्ञ-विभाग के पन्द्रहवें पद्य की टिप्पणी में इस विषय पर कुछ और स्पष्टीकरण होगा।

क्षितिज जैसा ही एक शब्द हरिज है। यह सूर्यसिद्धान्त ग्रहणाधिकार में तीन बार आया है वहाँ हरि क्षितिज अर्थ में है तथा हरिज क्षितिज से समुद्भूत अथवा लम्बन अर्थ में है। हरयः प्राणाः (       ) भी ब्राह्मणों में प्रसिद्ध है। हरिदान में इनकी संगति देखी जा सकती है।

२१ तृतीय चरण 'धर्मान्यसंख्यावरणान्यता वा' था जो प्रस्तुत रूप में ठीक किया गया है। द्वितीय चरण में स्पष्ट ही 'धर्मेण सीम्ना च कृतं द्विधा स्यात्' दिया हुआ है। मूल में यहाँ टिप्पणी का निर्देश भी ठीक नहीं था। उसका संबंध आठवें पद्य से है। सीमा संख्या और मिति से है।

२२ ये चार देवादि प्राण अम्भः कहलाते हैं क्योंकि इनमें अम्भः नभ की तरह व्याप्त है: — तानि वा एतानि चत्वारि अम्भांसि देवा मनुष्याः पितरोऽसुराः, तेषु सर्वेषु अम्भः नभ इव (तै. ब्रा. २.३.८) पुराणवेद की विस्तृत व्याख्या पुराणों में अम्भः से सृष्टि की उत्पत्ति बतायी गयी है। इसका स्पष्ट और पुराण आदि में उपयोगी स्वरूप अम्भोवाद में श्री ओझाजी ने विस्तार से बताया है जिसे अनुवाद और टिप्पणियों द्वारा व्याख्यान करने का यत्न किया गया है। यहाँ इतना ही समझना आवश्यक है कि इस पृथिवी में अथवा चन्द्र में जितने भी अग्नि वायु आदित्य रूप अमृतप्राण हैं सब देव कह जाते हैं जितने भी सौम्य प्राण हैं सब पितरः, सभी भौतरसात्मक मर्त्य प्राण असुर तथा प्रज्ञायुक्त ये तीनों प्रकार के प्राण मनुष्य कहे जाते हैं। (महर्षिकुलवैभवम्-मूल-६७)। ये चारों मिलकर आलम्बन हैं। इस पद्य के उत्तरार्ध का अभिप्राय स्वामी श्री सुरजनदास जी महाराज कुछ भिन्न लेते हैं।वे तुच्छ को मनुष्य का और विरक्त को पितरों का विशेषण मानते हैं। चौदहवें पद्य में ये भेद सोलह बताये गये हैं जो इन चारों के तारतम्य से होते हैं।

२३ आसुरी तथा दैवी सम्पत्ति का गीता में विशद वर्णन है। सोलहवें अध्याय के प्रारम्भ के तीन पद्य दैवी सम्पत्ति का स्वरूप तथा चतुर्थ षष्ठ आसुरी का उद्देश करते हैं तथा सप्तम से अष्टादश पद्यों तक विस्तार से आसुरी सम्पदा के लक्षण बताते हैं।

२४ ये भाव, जैसा कि मूल ग्रन्थ में ही निर्देश कर दिया गया है, चरकसंहिता शारीर स्थान के चतुर्थ अध्याय में योग्य विस्तार के साथ बताये गये हैं। कुछ भाग मूल टिप्पणी में दिया गया है, शेष उपयोगी यहाँ उद्धृत है। यह ३६ वाँ सूत्र है:—

त्रिविधं खलु सत्त्वं (क) शुद्धं (ख) राजसं (ग) तामसम् इति। तत्र शुद्धम् अदोषम् आख्यातं कल्याणांशत्वात्। राजसं सदोषमाख्यातं रोषांशत्वात्। तामसमपि सदोषमाख्यातं मोहांशत्वात् ।तेषां तु त्रयाणामपि सत्त्वानामेकैकस्य भेदाग्रम् (अर्थाद् भेदप्रमाणम्) अपरिसंख्येयम् तर-तम-योगात् शरीरयोनिविशेषेभ्यश्च अन्योन्यानुविधानत्वाच्च ।शरीरमपि सत्त्वमनुविधीयते सत्त्वं च शरीरम्। तस्मात् कतिचित् सत्त्वभेदान् अनूकाभिनिर्देशेन (अर्थात् सादृश्यनिर्देशेन) निदर्शनार्थम् अनुव्याख्यास्यामः ।

इसका अभिप्राय है कि शुद्ध (रज और तम से अप्रभावित) रजःप्रधान तथा तमःप्रधान रूप से सत्त्व तीन प्रकार का है। इनमें शुद्ध सत्त्व अदोष माना गया है सर्वथा कल्याणांशयुक्त होने से। राजस और तामस दोष युक्त हैं क्रमशः रोष और मोह के अंश होने से। इन तीनों में प्रत्येक के अवान्तर भेदों की संख्या नहीं की जा सकती है, प्रथम तो इनमें तर-तम-भेद ही हैं शुद्ध शुद्धतर शुद्धतम आदि रूप में, सत्त्व शरीर का तथा शरीर सत्त्व का अनुविधायी होता है। शरीर के भी बाल्य आदि अवस्था, स्वस्थ-अस्वस्थ आदि अवस्था तथा योनिभेद से अनेक प्रकार हो जाते हैं, वे सत्त्व को प्रभावित करते हैं, सत्त्व शरीर को प्रभावित करता है। इनकी गणना सम्भव नहीं है। सत्त्व रजः तमः भी परस्पर अनुविधायी होते हैं, अतः भेदसंख्या और भी बढ़ जाती है। इस प्रकार सादृश्य के आधार पर कतिपय मोटे-मोटे भेद निदर्शन रूप में प्रस्तुत किये गये हैं जो १६ हैं।

२५ चरकसंहिता के उपर्युक्त स्थल के भिन्न भिन्न सूत्र इन भेदों का परिचय देते हैं :— ब्राह्मस्वभाव ३७, आर्ष ३८, ऐन्द्र ३९, याम्य ४०, वारुण ४१, कौबेर सत्त्व ४२, और गान्धर्व ४३ वें सूत्र में। इस प्रकार इन सात सूत्रों में प्रकृतिपरिचय देकर ४४ वें सूत्र :— इत्येवं शुद्धस्य सत्त्वस्य सप्तविधं भेदांशं विद्यात् कल्याणांशत्वात्, तत्संयोगात्तु ब्राह्ममत्यन्तशुद्धं व्यवस्येत्—
में इन्हें अन्य प्रकृतियों से पृथक् भी बता दिया गया है। असुर सत्त्व ४५, राक्षस ४६ पैशाच ४७ सार्प ४८ प्रैत ४९ तथा शाकुन (शकुनि पक्षी से संबद्ध) का ५०वें सूत्र में परिचय देकर ५१ वें सूत्र —

इत्येवं खलु राजसस्य सत्त्वस्यं षड्विधं भेदांशं विद्याद् रोषांशत्वात् में इन ६ भेदों का उपसंहार किया गया है।

तामस सत्त्व के तीन भेद पाशव (पशुसंबंधी) मात्स्य तथा वानस्पत्य (वनस्पति वृक्षादि संबंधी) क्रमशः ५२, ५३, ५४ वें सूत्रों में बताये गये हैं। सामान्यतया यह भेदों का एक भाग मात्र हैं, देवों में विष्णु शंकर आदि, पशुओं में हिंस्र व्याघ्र तरक्षु आदि अहिंस्रों में गो अश्व आदि अनेक योनियाँ है। पुरुष (जीवात्मा) तत्तद्गुण विशिष्ट होकर तत्तद्नाम से अभिहित किया जाता है। यह सब कुछ समझने के लिये ये उदाहरण दिये गये हैं।

२६ अग्निवेश भेड़ आदि शिष्यों को भगवान् पुनर्वसु आत्रेय द्वारा उपदिष्ट विषय चरकसंहिता कायचिकित्सा का आद्य ग्रन्थ है। पुनर्वसु के अनेक नामों में एक नाम कृष्णात्रेय भी है जो महाभारत शान्तिपर्व तथा अन्य यजुर्वेद आदि विभिन्न विषयों के अन्य ग्रन्थों में व्यवहृत है। चक्रपाणि (चरकसंहिता के यशस्वी टीकाकार) ने भी चिकित्सास्थान अध्याय

३, पद्य १९७-१९९ की व्याख्या में इस नाम का व्यवहार किया है । फलत: यह ५००० वर्ष पूर्व का ग्रन्थ है ।

२७ साधारतया संस्कृत में द्रविण शब्द धन अर्थ में प्रसिद्‌ध है, कोषों में काञ्चन बल पराक्रम आदि अर्थ भी प्रयोगों के आधार पर दिये गये हैं । वेद में धन और बल समानरूप से प्रसिद्ध है । महर्षि यास्क ने निघण्टु द्वितीय अध्याय के नवें दसवें वर्ग में बल और धन नामों में तो पढ़ा ही है, ५/२/१ निघण्टु के द्रविणोदा: के निर्वचन धनं द्रविणमुच्यते यदेनमिभिद्रवन्ति, बलं वा द्रविणं यदेनेनाभिद्रवन्ति (८.१) में भी ये ही अर्थ दिये हैं । आगे द्रविणोदा का स्वरूप बताते हुए बल को ही प्राधान्य दिया गया है । द्रविणोदा इन्द्र इति क्रौष्टुकि :, सबलधनयोर्दातृतम: तस्य च सर्वा बलकृति: । ८.२.१., पूर्व अध्याय में यास्क नें-अथास्य कर्मरसानु । । वृत्रवधो या का च बलकृतिरिन्द्रकर्मैव तत् (७.१०.२) द्वारा बल को ही प्रामुख्य दिया है । यद्यपि श्री ओझाजी ने आत्मा के पाँच पुरोबन्धु और पाँच उत्तर बन्धुओं की गणन में वीर्य और द्रविण को पृथक् पृथक् लिया है वहाँ 'ब्रह्म क्षत्रं विड् बलम् इत्यन्तरङ्गाणि वीर्याणि । यानि तु बहिर्धा वीर्याणि शस्त्रं क्षेत्रं स्वापतेयमित्यादीनि तानि द्रविणानि, द्रविणं वित्तम्, यावन्नभ्यं यावद्वित्तं तावदयमेक आत्मा' (देवतानिवित् पृ. ५१) में बहिर्वीर्य को द्रविण मानते हुए आत्मस्वरूप कहा है तथापि यहाँ यह अन्तर्बहि: वीर्यों का सामान्य अभिधायक है प्रसंग की मर्यादा से ।

२८ गायत्री आदि का ब्रह्मवर्चस तेज आदि विविध व्याप्ति रूप बताने वाली मूल श्रुतियाँ मूलग्रन्थ की टिप्पणी में दी गयी हैं । कुछ के पते ठीक किये गये, कुछ नई भी दी गयी एवं सभी का प्रायश: पाठ शुद्‌ध किया गया है । ब्राह्मणों के इन वाक्यों के एकत्र समाहार से विश्व और उसकी विविधता में छन्दोविलास स्पष्ट हो जाता है तथा मन्त्रार्थ में वैज्ञानिकता आती है जो अभी इन्हें लाक्षणिक रूपक मानने मात्र से काव्यसौन्दर्य तक सीमित है । यही वैदिक निदान-विद्या का रहस्य है जिसकी सूचना 'छन्दोनिदानमधु:' द्वारा दी गयी है ।

**अतिच्छन्द:** — यह शब्द छन्दों के सात जातिभेदों को बताता है । एतदर्थ छन्दों का सामान्य स्वरूप समझना अपेक्षित है । वर्ण और मात्रा भेद से छन्दों के दो मुख्य विभाग हैं । पुन: चरणों की दृष्टि से वर्णवृत्त सम अर्धसम और विषम इन तीन विभागों में बँटते हैं । इनमें सम छन्द एकाक्षर पाद से लेकर २६ अक्षरों के पाद तक २६ जातियों में विभाजित हैं । २६ से अधिक अक्षरों का पाद होने पर वे वर्णवृत्त दण्डक कहलाते हैं । दण्डकों के भी अपरिमित भेद हैं । इन जातियों को पाँच उपविभागों में बाँटा जाता है ।
१. प्राग्गायत्रीपञ्चक :— अर्थात् गायत्री पूर्व के ५ छन्दोवर्ग ।

इन्हें लौकिक छन्दों में १ उक्ता (उक्था) २ अत्युक्ता ३ मध्या ४ प्रतिष्ठा ५ सुप्रतिष्ठा कहा गया है । ऋक्प्रातिशाख्य में इन्हें मा प्रमा प्रतिमा उपमा तथा सम्मा कहा गया है :—

मा प्रमा प्रतिमोपमा संमा च चतुरक्षरात् ।
चतुरुत्तरमुह्यन्ति पञ्चच्छन्दांसि तानि ह ॥ १७/१९

ये पाँच नाम विभिन्न ग्रन्थों में भिन्न भिन्न हैं । तैत्तिरीयब्राह्मण ३.३.१ में मा प्रमा प्रतिमा अस्रीवि और विराट् नाम हैं। यही क्रम आपस्तम्ब श्रौतसूत्र का है। ये पांचों अनादिष्टच्छन्द: हैं । उक्ता में एक चरण में एक ही वर्ण होता है अत: इसके गुरु व लघु रूप से दो भेद कुल होते हैं । अत्युक्ता के कुल भेद ४ होते हैं १ सर्वगुरु २ आदिलघु ३ आदिगुरु तथा ४ सर्वलघु । मध्या के कुल भेद ८ हैं जो आठ गणों के रूप में प्रसिद्ध हैं । तीनों अक्षरों के गुरु होने पर 'नारी' नामक छन्द होता है । रगण से घटित पद्य 'मृगी' होता है । ऐसे ही अन्यों के भी नाम हैं । इससे दुगुनें अर्थात् १६ भेद प्रतिष्ठा जाति के तथा ४२ भेद सुप्रतिष्ठा के हैं । इन पाँचों जातियों में कुल छन्द:प्रकार ६२ हैं ।

गायत्री से प्रारम्भ कर जगती तक के सात छन्दोभेदों को प्रथम सप्तक में गिनते हैं इन्हें बृहच्छन्द: कहा जाता है । ये जातियाँ क्रमश: गायत्री उष्णिक् अनुष्टुप् बृहती पंक्ति त्रिष्टुप् और जगती हैं । षडक्षर पाद की दृष्टि से गायत्री में कुल चौबीस अक्षर होते हैं । गायत्री जाति के लौकिक छन्दों में प्रत्येक पाद ६ अक्षर का ही होता है । इसके कुल ६४ भेद होते हैं जैसे सर्वगुरु के चारों चरण होने पर ऽऽऽऽऽऽ ऐसा प्रथम भेद । प्रत्येक चरण के सभी लघु हों तो । । । । । । ऐसा अन्तिम भेद शेष ६२ इनके मध्य के ही विविध प्रस्तार रूप हैं । उष्णिक् सप्ताक्षर जाति का भेद है इसके १२८ प्रस्तार होते हैं । अनुष्टुप् जाति के २५६ रूप, नवाक्षरा बृहती जाति के ५१२ प्रकार, दशाक्षरा पंक्ति के १०२४, एकादशाक्षरा त्रिष्टुप् के २०४८ भेद हैं, इन्द्रवज्रा उपेन्द्रवज्रा शालिनी रथोद्धता आदि त्रिष्टुप् के ही प्रकार हैं। द्वादशाक्षराबृहती के ४०९६ भेदों में ही द्रुतविलंबित, भुजंग प्रयात तथा वंशस्थ आदि आते हैं । बृहच्छन्दों के कुल ८१२८ भेद हैं ।

गायत्र्यादि वैदिक रूप से कुछ भिन्नता रखते हैं । यहाँ गायत्री के २४ अक्षर अभीष्ट हैं चाहे दो पादो में हों चांहे तीन या चार पादों में, प्रसिद्ध गायत्रीमंत्र त्रिपाद् है —तत्सवितु-र्वरेण्यम् । भर्गो देवस्य धीमहि । धियो यो न: प्रचोदयात् । वेद में अक्षरों के लघु गुरु होने का नियत क्रम भी नहीं है । लौकिक छन्दों में गुरु लघु का निश्चित क्रम होता है । एक या दो अक्षर कम होने पर या अधिक होने पर भी छन्द:स्वरूप बदलता नहीं है । गायत्री में २२, २३, २५ या २६ अक्षर भी हो सकते हैं । छन्द एकाक्षर न्यून होने पर निचृत् तथा दो अक्षर न्यून होने पर भुरिक् कहलाता है जैसे ऊपर बताये गायत्रीमंत्र में २३ अक्षर हैं अत: यह निचृद्गायत्री है । पूरा परिचय 'त्रिपाद् निचृद्गायत्री' है । एकाक्षर अधिक विराट् द्वयक्षराधिकस्वराट् कहलाता है । दो भिन्न भिन्न छन्दों के पादों से भी वैदिक पद्य बन जाते हैं । यदि बीच का पाद बड़ा है तो छन्द 'यवमध्य' कहलाता है यव की समानता से । यव का मध्य मोटा होता है । मध्य का भाग अर्थात् पाद छोटा होने पर 'पिपीलिकामध्य' कहलाता है । यही वस्तुत: छन्दस्त्व है । कहीं दैवी वृत्ति मध्य में है तो कहीं आसुरी वृत्ति, कहीं वह यवमध्य सी उभर कर है तो कहीं पिपीलिका मध्य सी अत्यन्त सिमट कर । विभिन्न प्राण वय:-उपादान- हैं तो छन्द: वयोनाध, उन प्राणों की अभिव्यक्ति की सीमा । अत एव वेद में छन्द आर्थिक है, लोक में केवल वाचिक । द्वितीय सप्तक को अतिच्छन्द कहा जाता है । इनका आरम्भ अतिजगती से तथा अवसान अतिधृति पर होता है मध्य में क्रमश: शक्वरी अतिशक्वरी अष्टि अत्यष्टि धृति हैं । इनमें प्रतिपाद में क्रमश: १३,१४,१५,१६,१७,१८ और १९ अक्षर होते हैं । इनके भेद क्रमश: ८१९२,

१६३८४, ३२७६८, ६५५३६, १३१०७२, २६२१४४ तथा ५२४२८८ होते हैं । हम इनमें प्रहर्षिणी (१३) वसन्ततिलका (१४ अक्षर पाद) मालिनी (१५) हरिणी (१७) शिखारिणी (१७) मन्दाक्रान्ता (१७) शार्दूलविक्रीडित (१९) जैसे २-२, ४-४ छन्दों से ही परिचित हैं । अतिच्छन्दों के कुल प्रकार १०४०३८४ हैं । तृतीय सप्तक को कृतिच्छन्द कहा जाता है । यहाँ कृति के सोपसर्ग नामान्तर हैं । ये है—कृति प्रकृति आकृति विकृति संकृति और अतिकृति । इनके पाद में क्रमशः २०, २१, २२, २३,२४, २५ और २६ अक्षर होते हैं । इनमें प्रत्येक के १०४८५७६, २०९७१५२,४१९४३०४,८३८८६०८, १६७७७२१६, ३३५५४४३२ तथा ६७१०८८९४ भेद क्रमशः होते हैं । कृतिच्छन्दों में कुल छन्दों भेद १३३१६९१५२ हैं। सभी जातियों के योग (६२+८१२८ +१०४०३८४ +१३३१६९१५२) का महायोग १३४२१७७२०६ (एक अरब चौंतीस करोड़ इक्कीस लाख सतत्तर हजार दौ सौ छः) है जो समस्त समवृत्तों का योग है । किसी एक ही जाति के दो निकटतम छन्दों के योग से निष्पन्न संकीर्ण छन्द उपजाति कहलाता है । जैसे त्रिष्टुप् जाति में इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा बिना किसी अन्य छन्द के व्यवधान के निकटतम हैं, इनमें एक चरण किसी एक (इन्द्रवज्रा) का हो तथा शेष तीन चरण दूसरे (उपेन्द्रवज्रा) के हों, अथवा दोनों के दो दो चरण हों । इनका संनिवेश तेरह प्रकार से हो सकता है । एक जाति में कुल छन्दों की संख्या से एक कम उपजाति के भेद होते हैं तथा ये तेरह तेरह होते हैं, इससे इन अरबों खरबों मिश्रित भेदों का अनुमान किया जा सकता है । उदाहरण के रूप में 'मध्या' जाति (तीन अक्षर का पाद) को लें, इसके कुल आठ भेद हैं । उनका संकर प्रथमद्वितीय , द्वितीयतृतीय तृतीयचतुर्थ, चतुर्थपञ्चम, पञ्चमषष्ठ, षष्ठसप्तम तथा सप्तमअष्टम, रूप में सात भेदों वाला होगा, अतः इसमें सात उपजातियाँ होंगी । प्रत्येक १३ तरह से निविष्ट हो तो ९१ भेद बनते हैं ।

प्रचिति छन्द में एक एक गण की वृद्धि से अगला छन्द बनता है । जैसे ९ गण या सत्ताईस अक्षर का एक भेद, इसका सन्निवेश लाखों प्रकार से । पुनः ३०,३३, ३६ इस प्रकार ९९९ अक्षरों का एक पाद ।

इनके अतिरिक्त अर्धसम और विषम में कोटि भेद, पुनः मात्रा छन्दों के अगणित भेद । यही रहस्य है छन्दों से विश्व के वितान का । शास्त्रों में 'नाच्छन्दसि वागुच्चरति' 'एष वै छन्दस्यः साममयः प्रथमोक्षन् वैराजः पुरुषः योऽन्नमसृजत, तस्मात् पशवोऽजायन्त, पशुभ्यो वनस्पतयो वनस्पतिभ्योऽग्निः' । 'छन्दोभ्य एव प्रथममेतद् विश्वं व्यवर्तत' ।

छन्दों में अतिच्छन्दों की महत्ता एवं व्याप्ति संहिता एवं ब्राह्मणवाक्यों में अनेकधा बतायी गयी है :—

(क) अतिच्छन्दसमुपदधाति, अतिच्छन्दा वै सर्वाणि छन्दांसि, सर्वेभिरेवैनं छन्दोभिश्चिनुते । वर्ष्म उ वा एषा छन्दसां यदतिच्छन्दा, यदतिच्छंद समुपदधाति वर्ष्मैवैनं समानानां करोति । तैत्ति.सं. ५/३/८/९

(ख) अतिच्छन्दो वै छन्दसामायतनम् । गोपथब्रा. ५० ५/४

(ग) अति वा एषा अन्यानि छन्दांसि यदतिच्छन्दाः /ताण्ड्यब्रा. ५/२/११

(घ) एषा वै सर्वाणि छन्दांसि यदतिच्छन्दाः । शतपथ. ३.३.२.११

(ङ) शरीराण्यतिच्छन्दा ।जै.ब्रा. २/५८
(च) छन्दसां वै यो रसोऽत्यक्षरत् सोऽतिच्छन्दसमभ्यत्यक्षरत् ।
तदतिच्छन्दसोऽतिछन्दस्त्वम् । ऐ. ब्रा. ४.३

३० छन्दों के देवता लोक वीर्य आदि जाननें के लिये भक्तिसाहचर्य का ज्ञान अपेक्षित है । निरुक्त ७.८.१ से ७.११.६ तक भक्तिसाहचर्य बताते हुए महर्षि यास्क ने छन्दों के विषय में कहा है कि- एतेष्वेव स्थानव्यूहेषु ऋतुच्छन्दस्तोमपृष्ठस्य भक्तिशेषमनुकल्पयीत (७.११.४) । यहाँ शरत् अनुष्टुप् एकविंश स्तोम और विराजसाम को पृथिव्यायतन, पंक्ति को अन्तरिक्षायतन तथा अतिच्छन्दों को द्यु-भाग निष्ठ बताया है । श्री ओझाजी को यह अनुपपन्न-अयुक्तियुक्त-प्रतीत होता है, इसका बन्धुसम्पत् से विरोध है । तदनुसार गायत्री त्रिष्टुप् जगती का पृथिवी अन्तरिक्ष और द्युलोक से संबंध है । अत: लोकदृष्टि से ये तीन, तथा प्रजापति के संबंध से अनुष्टुप्, इस प्रकार चार छन्द प्रमुख हैं । अन्य छन्दों का इनसे ही सम्बन्ध है । गायत्री में उष्णिक् का, अनुष्टुप् में बृहती, पंक्ति तथा विराट् का उपसंग्रह हो जाता है । अपने समर्थन में ऋग्वेद के दो मन्त्र उद्धृत किये हैं—
अग्नेर्गायत्र्ययभवत् सयुग्वोष्णिहया सविता सं बभूव ।
अनुष्टुभा सोम उक्थैर्महस्वान् बृहस्पतेर्बृहती वाचमावत् ॥१०.१३०.४
विराण् मित्रावरुणयोरभिश्रीरिन्दस्य त्रिष्टुबिह भगो अह्नः ।
विश्वान् देवान् जगत्या विवेश तेन चाक्लृप्त ऋषयो मनुष्याः ॥५

शौनक यास्क का अनुसरण करते हुए भी ऋतु और छन्दोभक्ति में मतभेद रखते हैं । उनके अनुसार गायत्री व अनुष्टुप् पृथ्वी से (बृहद्देवता १.११५) पंक्ति व त्रिष्टुप् अन्तरिक्ष से (१.१३०) तथा जगती व अतिच्छन्द द्युलोक से (२.१४) सम्बद्ध हैं ।

यह सब कुछ दृष्टि में रखकर श्री ओझाजी नें निर्णायक रूप से इन तीन प्रमुख छन्दों को लेकर सिद्धान्त रूप में अपनी बात कह दी है तथा व्यञ्जना से इससे भिन्न पक्ष का निषेध भी चतुर्थ चरण से कर दिया है ।

ब्राह्मणादि के पर्यालोचन से यह स्पष्ट है :—

(क) कतमे एते देवा इति ? छन्दांसीति बूयाद् गायत्रीं त्रिष्टुभं जगतीमिति । तैत्ति. सं. २.६.९.३-४
(ख) त्रीणि वै छन्दांसि यज्ञं वहन्ति गायत्री त्रिष्टुब् जगती । जै.ब्रा. १.१२०
(ग) गायत्रं छन्दोऽनुप्रजायस्व त्रैष्टुभं जागतम्, इत्येतावन्ति वै छन्दांसि ।(काठक सं. २६.७)
(घ) वाक् सुपर्णी छन्दांसि सौपर्णानि गायत्री त्रिष्टुप् जगती , (मैत्रा. सं. ३.७.३)

३१ 'समाजं रक्षति' इस अर्थ में सामाजिक पद का साधुत्व है ।

३२ चरकविमानस्थान १/३१ में 'उपयोगसंस्थातूपयोगनियमः' कहते हुए संस्था का अर्थ नियम किया गया है । यहाँ संस्था के विभाग, व्यवस्था ढाँचा आदि अर्थों की अपेक्षा स्थिति या नियम ही अधिक उपयुक्त है ।

३३ सविता सोम सरस्वती आदि देवता ही अध्यात्म में प्रसव द्युम्न आदि धर्मों में परिणत होकर तत्तद्धर्म-प्रयोजक माने जाते हैं। देवप्रयुक्त ये धर्म ही आत्मा के स्वभाव हैं। उज्ज्वलदत्त इस स्वभाव के ये दो रूप मानते हैं-

बहिर्हेत्वनपेक्षी तु स्वभावोऽथ प्रकीर्तितः ।
निसर्गश्च स्वभावश्च इत्येष भवति द्विधा ॥
निसर्गः सुदृढाभ्यासजन्यः संस्कार उच्यते ।
अजन्यस्तु स्वतः सिद्धः स्वरूपो भाव उच्यते ॥

संस्कारात्मक निसर्ग स्वभाव की सिद्धि के लिए ही अध्ययन तपश्चर्या योगाभ्यास आदि कर्म किये जाते हैं। (छन्दःसमीक्षा पृ. १०६, वेदधर्मव्याख्यान-द्वितीय भाग, पिण्डसमादेश पृष्ठ ११-१२)।

३४ आश्रय भाव को ज्ञान की दृष्टि से अद्वैत रूप में सामासिक पद्घति से देखने पर
(क) एक एवाग्निर्बहुधा समिद्ध एकः सूर्यो विश्वमनु प्रभूतः ।
एकैवोषा सर्वमिदं विभाति, एकं वा इदं वि बभूव सर्वम् ॥८.५९.२. ऋक्
(ख) अग्निरस्मि जन्मना जातवेदा धृतं मे चक्षुरमृतं म आसन् ।
अर्कस्त्रिधातू रजसो विमानोऽजस्रो धर्मो हविरस्मि नाम ॥३.२६.७. ऋक्

जैसे मंत्र है जो एक से ही विश्व का विकास मानते हैं। विज्ञान की दृष्टि से व्यास पद्धति में विश्ववितान को देखने पर विभिन्न देवों की कारणता बताने वाले मंत्र विस्तार से उसी भाव को कहते हैं। इस प्रकरण में छन्दों के अनुरोध से धर्मसू देवों द्वारा पिण्ड निर्माण बताया गया है जो निरुक्त के-माहाभाग्याद् देवताया एक आत्मा बहुधा स्तूयते (७.४.८) एकस्यात्मनोऽन्ये देवाः प्रत्यंगानि भवन्ति (९) - के अनुसार एक ही महादेव आत्मा के विभिन्न अंग है। तैतिरीय संहिता में देवों को स्पष्ट रूप में धर्मसू कहा गया है तथा वरुण को इनका राजा बताया गया है :—

सोमो राजा वरुणो देवा धर्मसुवश्च ये । ते ते वाचं सुवन्तां ते ते प्राणं सुवन्तां ते ते चक्षुः सुवन्तां ते ते श्रोत्रं सुवन्तां सोमस्य त्वा द्युम्नेनाभिषिञ्चा म्यग्नेस्तेजसा सूर्यस्य वर्चसेन्द्रस्येन्द्रियेण मित्रावरुणयोर्वीर्येण मरुता मोजसा क्षत्राणां क्षत्रपतिरस्यति दिवस्पाहि । १.८.१४.६-९ ।

यही यही यजुर्वेद माध्यन्दिनी संहिता में — सवित्रा प्रसवित्रा, सरस्वत्या वाचा, त्वष्ट्रा रूपैः, पूष्णा पशुभिः, इन्द्रेणास्मे, बृहस्पतिना ब्रह्मणा, वरूणेनौजसा, अग्निना तेजसा सोमेन राज्ञा विष्णुना दशम्या देवतया प्रसूतः प्रसर्पामि. (१०.३०) द्वारा प्रकारान्तर से कहा गया है। इसकी व्याख्या देवतानिवित्-दश देवाः-(पृष्ठ) के दो पद्यों से स्पष्ट होती है : —

अग्निः सोमः सविता सरस्वती वरुणपूषणौ त्वष्टा ।
अथ विष्णुश्च बृहस्पतिरिन्द्रो वरुणस्य संसृपो देवाः ॥१ ॥
तेजो द्युम्नं प्रसवं वाच मथौजः पशूँश्च रूपाणि ।
यज्ञं ब्रह्म तथेन्द्रियमिति ते देवाः सुवन्ति धर्माणि ॥२ ॥
संसृप्, हवि के प्रसंग में इसका निवर्चन करते हुए तैत्तिरीय ब्राह्मण कहता है : —

वरुणस्य सुषुवाणस्य दशधा इन्द्रियं वीर्यं परापतत् ॥
तत् संसृद्धिः अनुसमसर्पत् तत् संसृपां संसृप्त्वम् ।१.८.१.१ । यही शतपथ ब्रा.
तद् यदेनम् एताभिर्देवताभिः अनुसमसर्पत् , तस्मात् संसृपो नाम । ५.४.५.३
अथर्ववेद इन्हें संसिच् देवता कहता है वहाँ और भी स्पष्ट कथन है:—
संसिचो नाम ते देवा ये संभारान्त्समभरन् ।
सर्वं संसिच्य मर्त्यं देवाः पुरुषमाविशन् ॥११.८.१३
तस्माद् वै विद्वान् पुरुषम् 'इदं ब्रह्म' इति मन्यते ।
सर्वा ह्यस्मिन् देवता गावो गोष्ठ इवासते ॥११.८.३२

ये देव उत्पद्यमान पुरुष (जीवात्मा) के साथ अपने अपने धर्म से एकीभाव रूप से सर्पण करते हैं, अत: (सम् = एकीभाव से, सृप् = सर्पण करनेवाला होने से । संसृप् (बहुवचन में संसृपः) कहलाते हैं । यही भाव उपर्युद्धृत तै. ब्रा. का है । ब्रह्म-सिद्धान्त में विराट्सम्पत् रूप में यज्ञभाव से इन दस देवताओं का आवेश पुरुष में विस्तरश: बताया गया है । दशाक्षर विराट्छन्द नाम से वेद में प्रसिद्ध है । यज्ञ १० हैं, इन १० यज्ञों से देव शरीरभावों को प्राप्त होते हैं यही विराट् भाव है । इस आत्मा में ये अन्य दस धर्म अविनाभाव से युक्त हैं । अत: यह विराट् यज्ञ ही है, उसके दस अंग :—

छन्दोभि: सवनैः पृष्ठैर्ऋतुभिर्देवतागणैः ।
ऋग्भिश्च सामभिः प्राणैर्लोकैः स्तोमैर्विराड् भवेत् ॥ (ब्रह्मसिद्धांत पृ. ६२) हैं । इसी भांति रजोवाद में पुरुष एवम् उसके देह को वसुधानकोष का प्रतिनिधि बताते हुए कहा गया है : —

यदस्ति किञ्चिद् वसुधानकोषे सर्वं तदस्तीह च देहकोषे ।
सर्वं यथामुत्र हि पञ्चदेवाः प्राणास्तथा पञ्च वपुःस्वरूपम् ॥४९३
नातः परं किञ्चिदिहास्ति देहे पञ्चाणुधर्मा इह देहधर्माः ।
देवाः समस्ता वसुधानकोशः प्राणाः समस्ताश्च शरीरकोषः ॥४९४ ।
ये चेतनास्तेषु विदुस्तदित्थं दशात्मनस्ते सयुजोऽगुरैक्यम् ।
आत्मान एते दश, नाधिकाः स्युः ज्योतिः परं तत्र च मुख्यमेकम् ।४९८ ।
इस प्रकार आलम्बन के धर्म ही प्राकृत रूप से प्राणी में हैं, यह स्पष्ट हो जाता है । इनके बिना किसी का भी जन्म सम्भव नहीं है जो अम्भोवाद के इस कथन से प्रतीत होता है:—
यो जायमान स: हि जायते वै सर्वाभिराभिः सह देवताभिः ।
बहिर्महाकाशगता हि ये ये देवास्त एते दहरेऽपि तद्वत् ॥चतुस्सृष्टि १४

३५ इस आत्मत्रयसमष्टि को अनेकत्र आत्मा अथवा जीवात्मा कहा गया है :—

यो भौतिको यश्च महानथो यः क्षेत्रज्ञ आत्मा त इमे त्रयोऽपि ।
जीवात्मना स्नेहगतां प्रसिद्धं ते देहिनो देह-निवाहकत्वात् । ब्रह्मचतु०पृ८६
त्रिधात्मक्लृप्तिर्जगतः स्वरूपं तत्रैवं सर्वं स्थितमेतदस्ति । "८६
आलम्बनभाव जीवात्मा, प्राकृतभाव अन्तरात्मा, स्थायीभाव भूतात्मा, इनका सम्भूयरूप आत्मा है । यह पद्य ३६वें में मूल में ही कह दिया गया है ।

३६ अनुभावों के विषय में छन्द:समीक्षा का यह भाग मनन करने योग्य है: —अथ येऽनात्मभूता अपि अपृथग्भूता:, विशेषतो व्यभिचारिणोऽपि सामान्यतो नित्यानुगता बाह्यार्थास्तेऽवच्छेदका व्यञ्जकभावा दिग्-देश-काल-संवित्-संख्या-परिमाण साधर्म्याणि। एतैरवच्छिन्नमेव किञ्चिद्वस्तु व्यज्यते तत्र परिमाणं नाम अवयवसन्निवेशानुरोधेन जायमानम् अणुत्व-महत्त्व-ह्रस्वत्व-दीर्घत्वादिरूपम्, साधर्म्यं तु समानद्रव्य-गुणकर्मत्वम्। नैतान्यनपेक्ष्य वस्तुस्वरूपं धत्ते इत्यवच्छेदकामेषां तद् वस्तुच्छन्दत्वमिष्यते। पृ. १०६

बिल्कुल यही पाठ वेदधर्मव्याख्यान (द्वितीय व्याखयान) के पिण्डसमादेशप्रकरण में पृष्ठ १२ पर है। यहाँ स्पष्ट है कि ये अनुभाव आत्मभूत नहीं हैं तथापि कभी वस्तु से पृथक् नहीं होते हैं, अनेकत्र देखे जाने से ये व्यभिचारी हैं किन्तु किसी वस्तु के व्यक्तित्व के साथ नित्यसंबद्ध है, सर्वथा बाह्य हैं किन्तु अवच्छेदक हैं, ये हैं दिग्देशकालादि। इनसे अवच्छिन्न ही वस्तु की प्रतीति होती है अत: ये 'आत्मानात्म' हैं। देवदत्त आज कृश है कल स्थूल हो जावेगा तो भी देवदत्त ही है। न कृशत्व नियत हैं तो न स्थूलत्व, किन्तु इनमें से किसी भाव के बिना देवदत्त को देखा नहीं जा सकता है इस प्रकार आगमापायी होते हुए भी नित्यानुषक्त हैं। भाव-सत्ता-के अनुगत होने से ये अनुभाव हैं।

३७ मूल के ११८-११९ पद्यों द्वारा व्यभिचारी भाव की अनात्मता तथा अनात्मता का कारण बता दिया गया है।

३८ देवतानिवित्-सप्तमपाठ-में छन्दांसि प्रकरण के अन्तर्गत वाक् एवं प्राण दोनों को छन्द बताकर मा प्रमा प्रतिमा और अस्त्रीवय को प्राणमय छन्द कहकर वर्णमात्रागणभेद से तीन वाङ्मयछन्द बताकर सात छन्द माने हैं। इनमें दिक् देश काल संवित् और संख्या रूप ५ अवच्छेद धर्म वाले 'व्यक्ति' भावप्रधान पृथिवीलोक में 'मा' शब्द की प्रवृत्ति, अणुत्व-ह्रस्वत्व और दीर्घत्व के नियामक सन्निवेश रूप अवच्छेद धर्मवाले 'आकृति' भावप्रधान अन्तरिक्ष लोक में प्रमा' शब्द की, समान द्रव्य गुण कर्म रूप अवच्छेद धर्मवाले 'जाति' भाव प्रधानता वाले द्युलोक में 'प्रतिमा' शब्द की तथा अन्नरूप अवच्छेद धर्म वाली दिशाओं में अस्त्रीवि शब्द की प्रवृत्ति मानकर विश्वसंघटकता के आधार पर इन्हें देवच्छन्द कहा है। यजुर्वेद (एवम् अन्य संहिताओं) में गिने गये अन्य छन्दों का इनमें ही अन्तर्भाव भी बताया गया है जैसे अस्सी अक्षरों के व्यूह के लिए सिन्धु छन्दो नाम है, यह सिन्धु मा छन्द में ही गिना जावेगा संविद् रूप को लेकर अथवा संख्या रूप को लेकर। अन्य समुद्रआदि छन्द आकृतिप्राधान्य से प्रमा छन्द के अन्तर्गत हैं। यही विषय ब्रह्मविनय-परात्पर अनुवाक-में त्रिविध वयोनाध बल के अन्तर्गत विस्तार से लिया गया है तथा इसके अधिक ज्ञान के लिये 'आवरणवाद' के अध्ययन का निर्देश किया गया है। प्रासंगिक ५ पद्य ये हैं :—

मा च प्रमा च प्रतिमा च तिस्रोऽथास्त्रीवयश्चेति चतुर्विधं तत्।
छन्दो मितिर्माऽणु-महत्त्व-दैर्ध्य-क्षौद्र्यादिभिर्देशपरिस्तृतैर्या ॥१३६॥
प्रमीयते गोत्व-पशुत्व-पुंस्त्व-स्त्रीत्वदिभिर्व्यक्तिकुलप्रभेदात्।
सा च प्रमा नाकृति तुल्यता सा शुकेन्दुरादेर्विविधाकृतित्वात् ॥१३७॥
यत् प्रतिरूप्यं च यदानुरूप्यं यच्चाभिरूप्यं प्रतिमा मता सा।

'संवत्सरस्य प्रतिमा हि रात्र्यः स्युर्द्वादशेत्येवमपि प्रविद्यात् ॥१३८
इतोऽतिरिक्तानि तु सर्वरूपाण्याच्छन्दनानि क्व च सन्ति यानि ।
अस्त्रीवयस्तानि यथा त्रिलोक्या अभ्यन्तरे सन्ति दिशो बहिश्च ॥१३९
छन्दोविधा 'आवरणप्रवादे' निरूपिताः सन्ति निदेशरूपैः ।
तानापलप्या अखिला अपीमा भवन्ति युक्ता वयसां ग्रहीत्यै ॥१४०

यजुर्वेद १४/१८ के 'मा छन्दः प्रमा छन्दः प्रतिमा छन्दः अस्त्रीवयः छन्दः' मन्त्रभाग का शतपथ ८.३.३.५ द्वारा किया गया व्याख्यान -'अयं वै लोको मा, अयं हि लोको मित इव, अन्तरिक्षलोको वै प्रभा, अन्तरिक्षलोको ह्यस्मालोकात् प्रमित इव, असौ वै लोकः प्रतिमा, एष ह्यन्तरिक्षलोके प्रतिमित इव, अस्त्रीवयः छन्दः, अन्नम् अस्त्रीवयः, तद्यद् एषु लोकेष्वन्नम् तदस्त्रीवयः, अथो यदेभ्यो लोकेभ्योऽन्नं स्रवति तद् अस्त्रीवयः' ।

वेद और ब्राह्मण के इस उद्धरण को सामने रखकर श्री ओझाजी द्वारा दिये गये भाव और अर्थ से तुलना कर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि प्रकीर्ण विचारों को एकसूत्रता देकर वेद का वैज्ञानिक स्वरूप प्रकट करने का सर्वथा अनन्यसामान्य कार्य श्री ओझाजी ने किया है जो गत चार साढ़े चार सहस्र वर्षों से प्रायः भुला दिया गया था ।

इस पद्य में चतुर्थ चरण का अन्तभाग 'एतदन्यत्' है जिसे 'एतदन्नम्' भी माना जा सकता है । अध्याहाराल्पता तथा सीधापन इसमें है । मा प्रमा प्रतिमा के अन्तर्गत गिने से भिन्न सभी कुछ अस्त्रीवय है ऐसा विपरीत अर्थ संभव है जब कि 'अन्न' पाठ में ऐसा नहीं है शतपथ में अन्न ही अर्थ है अस्त्रीवि का दिगर्थ 'अस्त्रीविश्छन्दः तद्दिशः सोमो देवता' मैत्रा. २.१३.,१४ तथा काठक ३९.४ से बोधित है अवश्य किन्तु पद्य में अथवा पूर्व में पृथिव्यादि के साथ दिशा का उल्लेख न होने से दिशा अर्थ लेना दुःशक हैं ।

३९ एक का निर्वचन यास्क ने 'एकः इता संख्या' (३.१० निरुक्त) किया है । इण् गतौ धातु का निष्ठान्त स्त्रीलिंग 'इता' संख्या का विशेषण है । गत्यर्थक धातु का सदैव ज्ञान गमन और प्राप्ति इन तीन अर्थों में प्रयोग होता है । तदनुसार जानी हुई गई हुई तथा प्राप्त ये तीनों अर्थ 'एक' में संगत हैं । वस्तु को एकत्व के साथ अभिन्न रूप से अथवा वस्तु के साथ एकत्व को अभिन्न रूप से जाना जाता है अतः यह सर्वत्र जानी हुई सर्वत्र गत संख्या है यह प्रत्येक पदार्थ को सहज प्राप्त है, एक निरपेक्ष भाव से सर्वत्र है अतः इसकी सत्ता है । दो से प्रारम्भ कर परार्ध तक की सभी संख्याओं में एक का ही बार बार योग है अतः यह सारी संख्याओं में गयी हुई संख्या है । दो आदि की सत्ता निरपेक्ष नहीं है सापेक्ष है अतः वे सभी भातिसिद्ध हैं एक उन सबमें ज्ञानात्मक रूप में है ।

४० एक +एक =दो, एक +दो =तीन, तीन +एक =चार, इस प्रकार संख्या का क्रम होना चाहिये, यहाँ श्री ओझाजी नें एक दशत् (दस का वर्ग) शत (दशदशत् दशत् की दस आवृत्ति)तथा सहस्र संख्यायें ली हैं । इसका विशेष अभिप्राय है एक की विभूति बताना तथा इसी रूप में दस सौ तथा सहस्र की सृष्टि में स्वाभाविकता बताते हुए सृष्टि को यज्ञमूलक बताना ।

सौर मण्डल का प्राण यह सूर्य प्रकाशित होने से (दीव्यति इति) द्यौ कहलाता है साथ ही यह पृथिवी को व्याप्त करता है अतः व्याप्त्यर्थक अह धातु से (अह्नोति इति) अहः

(व्याप्तिकर्ता) कहलाता है । यद्यपि अह नित्य है तथापि रात्रि को विभाजक मानकर अह की अनेक विधाओं में विभागक्लृप्ति की गयी है । संक्षेप रूप से कहें तो विधाता ने एक अहः से सृष्टिरचना की है । यदि व्यास विधा-विस्तार रूप वैज्ञानिक पद्धति-से कहें तो एक के ही अवयवभूत अनेक अहों से सृष्टिरचना की है ।

संवत्सर के अवयवों में सोम की इस आहुति की दृष्टि से सोमयाग एकाह, दशाह, शताह और सहस्राह होते हैं । दशाह का यज्ञप्रक्रिया में शास्त्रीय नाम 'अहीन' है तथा शताह का रात्रि-सत्र । सोम की संवत्सर रूप अग्नि में एकाह, अहीन, रात्रिसत्र और अयन सत्र रूप से आहुति सोमाग्नि का विभिन्न रूपों में छन्दन ही है । यही सृष्टि है यही उसकी विभिन्नरूपता है । एक दशत् शत और सहस्र का यही भाव है जो देवतानिवित् (अष्टम पाठ महायज्ञ) में स्पष्ट किया गया है । इनका ब्रह्मचतुष्पदी में पद्य रूप इस प्रकार से है:—

पूर्णोऽथ संवत्सर एकमूर्तिः सोऽहर्गणस्तत्र यथेच्छमह्नाम् ।
एकं दशद् वाथ शतं सहस्रं विभाजकं यज्ञवि धौ प्रक्लृप्तम् ॥पृष्ठ ३२
एकाहयज्ञा बहवोऽप्यहीनाः स्यू रात्रिसत्रायनसत्र भेदाः ।
संवत्सरस्यावयवेषु सोमप्रचारको यज्ञविधिः स ॥
एतस्य सोमस्य हि योग्यतार्थं षाण्मासिकं मासचतुष्टयं च ।
तन्मासिकं चाह्निकमत्र कृत्वा संवत्सरः संस्क्रियते हविर्भिः ॥
तदग्निहोत्रं खलु याविहोत्रं हव्याध्वरं वा पशुबन्धमाहुः ।
सोमस्य चाङ्गानि भवन्त्यमूनि प्रधानतः सोम इहास्ति यज्ञः ॥
ये के च यज्ञाः प्रथितास्त एषां विकारभूता इह कामभेदात् ।
आत्मास्ति यो मानुष एष दैवः सम्पाद्यते स्वर्ग्य इह क्रियाभिः ॥

इसी भाँति अहोरात्रवाद में भी भिन्न भिन्न प्रसंगों में यह विषय दोहराया गया है :— (पृष्ठ ४२)
एकेन चाह्ना दशभिस्त्वहोभिः शतेन चाह्नां च सहस्रकेण ।
अन्यान्यसृष्टीरसृजद् विधाता सर्वं सहस्रेण तु वत्सराणाम् ॥४२ ।
आदावहोरात्रमुखप्रवर्त्यं यदग्निहोत्रं तदिहाह्निकं स्यात् ।
तत्रैकऋत्विग् दशहोतृक्लृप्त्या प्रकल्पितं यज्ञमिमं वहन्ति ॥५५
अन्ये तु यज्ञाः सकला अमीषां विकारभूता न ततः पृथक् स्युः ।
एकं दशद्वाथ शतं सहस्रं चाह्नां तु सोमस्य विभाजकं स्यात् ॥५७ ।

आह्निक सोम रस का ही दूसरा नाम सहः है यह शब्द सकारान्त नपुंसकलिंग 'सहस्र' है । सहः को सम्पूर्ण रूप में रखने वाला या देना वाला 'सहस् + र = सहस्र है । र का अर्थ देने वाला, लेने वाला, रखने वाला, काटने वाला, शुद्ध करने वाल है । सहस्र के इस स्वरूप के कारण ही ब्राह्मणग्रन्थ सर्वं वै सहस्रम्' कहते हैं । भाषाविज्ञानकी दृष्टि से सहस्र का अपभ्रंश हजह है जो बोलचाल में हजार है ।

४१ ब्रह्मविनय, ब्रह्मचतुष्पदी और ब्रह्मसमन्वय में एतद्विषयक विशद विवेचन किया गया है । निदर्शनार्थ उपयोगी दो पद्य विनय से उद्धृत हैं : —

यो निर्विशेषः, प्रभवन्ति तस्मात् सर्वे रसाः एकरसः स शश्वत् ।
निर्धर्मकोऽपि स्वयमेव धर्मानुद्भाव्य तैर्गच्छति धर्मिभावम् ॥१०८

निर्विशेष, पर, परावर और अवर रूप से प्रथित इन पुरुषों में पर अव्यय, परावर अक्षर और अवर क्षर है । क्षर और अक्षर से अतीत पर ही गीता में 'पुरुषोत्तम' कहा गया है । अव्यय मन अक्षर प्राण और क्षर वाक् है, वाक् ही भूतहै । अक्षर में क्षर पुर्‌रूप से, अव्यय में अक्षर पुररूप से, तथा अव्यय निर्विशेष में पुर्‌रूप से रहता है । पुर् के संबंध से ही ये सभी पुरुष कहे गये हैं : —

यद् दृश्यते तत् क्षरमेव सर्वम् तत्राक्षरोऽन्तः पुनरव्ययोऽन्तः ।
यदव्ययस्मान्तरतो मनस्तत् परात्परं नाम तुरीयमस्ति ॥पृ. ७०

४२ एक दश शत आदि के संबंधों की बोधक श्रुतियाँ भिन्न भिन्न निमित्त से अनेक हैं । यथाः—

(क) अयं वै प्राणो योऽयं पवते । यः वै प्राणः स आयुः । सोऽयमेक इवैव पवते, सोऽयं पुरुषेऽन्तःप्रविष्टः दशधा विहितः । शत ५.२.३.१० यह प्राण बृहत्यात्मक है उसी से आकाश की और समस्त भूतों की अवस्थिति है । :—

(ख) वाग् वै अनुष्टुप् प्राणो बृहती (ऐ.आ. २.१.६) सर्वं हीदं प्राणेन आवृतम्, सोऽयमाकाशः प्राणेन बृहत्या विष्टब्धः, एवं सर्वाणि भूतानि आपिपीलिकाभ्य : प्राणेन बृहत्या विष्टब्धानि इत्येवं विद्यात् ।

बृहती ३६ अक्षरों का छन्द हैं, १० प्राणों के (३६ x१०) ३६० अक्षर होते हैं ।एक एक अक्षर दशिनी विराट् है, ये ३६० अक्षर संवत्सर के ३६० अह है, शतायु पुरुष के ३६००० अक्षर होते हैं । यही बृहती सहस्र है । ऐतरेय श्रुति का कथन है: —

तदेतत् सहस्रं तत् सर्वम्, तानि दश, दशेति वै सर्वम्, एतावती हि संख्या दशदशतः, तत् शतम् । दशशतानि तत्सहस्रम्, तत् सर्वम् (२.३.४)

(ग) प्रत्येकमाहुर्बृहतीषु षट्त्रिंशदक्षराण्येव तदक्षरं तु ।
विराडिहाग्निः स दशाक्षरः स्यात् त्रीण्यत्र तत् षष्टिशतान्यहानि ॥
प्राणो हि तस्माद् बृहतीसहस्रात् सम्पद्यमानात् परतोऽस्ति सोऽयम् ।
प्रज्ञामयो ब्रह्ममयोऽथवा स्यात् स देवतात्माप्यथवाऽमृतात्मा ॥
अहोरात्रवाद पृ. ४४

४३ अक्षर का विशद विवेचन छन्दःसमीक्षा में हुआ है । मा प्रमा प्रतिमा भेदों वाले तीन अवच्छेदों से अवच्छिन्न प्राण छन्द है । इस प्राण (रूप छन्द) का यह अवच्छेद अवयवभूत जिन अन्य प्राणों से किया जाता है वे अवच्छेदक प्राण छन्द परिभाषा में अक्षर कहलाते हैं । (छं.स. पृ २८०) ।

अक्षरों का प्रातिस्विक-निजी-अवच्छेद मात्रा कहलाता है । किसी भी मात्रा से नियत या अनियत उन अक्षरों से अवच्छेद सिद्धि हो जाने पर उन अवच्छेदक अक्षरों की संख्या भेद से छन्दों का भेद होता है । जैसे अष्टाक्षरा गायत्री, एकादशाक्षरा त्रिष्टुप् तथा द्वादशाक्षरा जगती आदि । ये छन्द ही वस्तु के प्राण हैं । (छ.स. २९४)

वाचिक छन्दों के प्राण ये वाचिक अक्षर होते हैं, आर्थिक छन्दों के प्राण आर्थिक अक्षर हैं। आर्थिक अक्षरों के विषय में मूल ग्रन्थ की टिप्पणी में तैत्तिरीय ब्राह्मण से उद्धरण देते हुए समझाया गया है जिसका अभिप्राय निम्नलिखित है:—

उसने अहोरात्र रूप दो अक्षरों से बृहती का स्पर्श किया या बृहती पर वह प्रतिष्ठित हुआ। यहाँ प्रश्न है कि वह देवाक्षरा बृहती क्या है जिस पर प्रतिष्ठित हुआ। इसका उत्तर है कि संवत्सर की १२ पौर्णमासियाँ, १२ अष्टकाएँ तथा १२ अमावस्याएँ, यही ३६ अक्षरों वाली बृहती है जिस पर वह प्रतिष्ठित है। इससे स्पष्ट है कि अहोरात्र पौर्णमासी अष्टका और अमावस्या को छन्दपरिभाषा में अक्षर कहा गया है।

इसी भांति शतपथ ब्राह्मण में भी संवत्सर नाम से गृहीत क्रान्तिवृत्त के प्रदेशों को अर्धमास कहते हुए इनके २४ क्रमणों को गायत्रीके २४ अक्षर कहा गया है। धर्मों को अक्षर रूप से कथन करने वाले प्रसंगों से वेद और ब्राह्मण भरा पड़ा है।

४४ मूल पाठ 'अक्षरच्छन्द इहार्थसंख्या' था, संख्या को संस्था किया गया है। मिति अथवा मात्रा से वस्तु का स्वरूप 'संस्था' कहलाता है। मात्रा मिति का ही अन्य नाम है। मात्रा भी छन्द है और संस्था भी छन्द है। अर्थात् लक्षण रूप में मात्रा तथा लक्ष्य रूप में संस्था दोनों का ही छन्दस्त्व प्रसिद्ध है। जैसे क्रमशः दो तगण एक जगण और दो गुरु 'इन्द्रवज्रा' है, यह इन्द्रवज्रा की मात्रा का कथन है जो ऽऽ। ऽऽ। ।ऽ। ऽऽ रूप में इन्द्रवज्रा का लक्षण है। इस लक्षण से लक्षित अथवा इस मात्रा से घटित 'ये दुष्ट दैत्या इह भूमितोके' इन्द्रवज्रा की संस्था है, इन्द्रवज्रा का रूप है इन्द्रवज्रा का लक्ष्य है। ऐसे पद्य सैंकड़ों हजारों लाखों हो सकते हैं जो इन्द्रवज्रा कहलावेंगे। यह मात्रा और ऐसी सभी संस्थाएँ ' इन्द्रवज्रा' हैं।

ऐसे ही आर्थिक छन्दों में 'अष्टाक्षरागायत्री' अथवा 'चतुर्विंशत्यक्षरा गायत्री' मात्रा छन्द है जो गायत्री का लक्षण है अतः लक्षण छन्द है। अग्नि पृथिवी ब्राह्मण अष्टाक्षरा गायत्री की संस्था है अथवा लोक 'चतुर्विंशत्यक्षरा गायत्री' की संस्था है। गायत्री लक्षण के ये ही लक्ष्य हैं ऐसे सभी प्रकार के लक्ष्य गायत्री के विषय हैं।

इस प्रकार मात्रा व संस्था का छन्दस्त्व वाचिक और आर्थिक छन्दों में समान रूप से है।

वाचिक छन्दों में एक बात विशेष रूप से ध्यान में रखने योग्य है कि लौकिक एवं वैदिक छन्दों में एक विशेष अन्तर है। वैदिक छन्दों में केवल अक्षरगणना होती है न उनका गुरुत्व लघुत्व विचारणीय है और न लघु गुरु का क्रमिक सन्निवेश ही अपेक्षित है। लौकिक छन्दों में ऐसा नहीं होता है। यहाँ केवल मात्राओं की गणना वाले छन्द भी होते हैं केवल वर्ण (अक्षर) गणना वाले भी, मात्रा छन्दों को जाति तथा वर्णछन्दों को वृत्त कहते हैं। वृत्त भी दो तरह के हैं केवल अक्षरगणना तथा अक्षरों के गुरुलघु क्रम का सन्निवेश। इस सन्निवेश को 'गण' के रूप में सौकर्य के लिए, लेते हैं फलतः तीन भेद हो जाते हैं मात्राछन्द, अक्षरछन्द और गणच्छन्द। वेद में एकादशाक्षर पाद त्रिष्टुप् है किन्तु लोक में त्रिष्टुप् एक जाति है जिसका प्रथम रूप ऽऽऽऽऽऽऽऽऽऽऽ है तथा अन्तिम रूप । । । । । । । । । । । । । है। शेष इनके मध्य में २०४६ भेद और हैं। ऊपर बताया गया

इन्द्रवज्रा त्रिष्टुप् का ३५७वाँ भेद है जिसका आकार ऽऽ। ऽऽ। ।ऽ। ऽऽ है, यदि इसका प्रथम अक्षर लघु कर दिया जावे तो ।ऽ। ऽऽ। ।ऽ। ऽऽ के रूप का एक अन्य छन्द ३५८वाँ हो जावेगा जिसे उपेन्द्रवज्रा नाम दिया गया है। उक्ता से उत्कृति तक तथा दण्डक सभी गणछन्द हैं। अष्टाक्षर पाद अनुष्टुप् अक्षर छन्द है इसमें गणस्वरूप अर्थात् क्रमबद्ध लघुगुरुसन्निवेश आवश्यक नहीं है यद्यपि इसके भी भेद अनेकत्र गणरूप लिये हुए होते हैं। मात्रा छन्दों में केवल मात्रा गणना होती है ह्रस्व की एक मात्रा, दीर्घ की दो मात्रा, जैसे आर्या का प्रथम चरण १२ मात्रा का होता है ये १२ मात्राएँ न्यूनातिन्यून ६ दीर्घ अक्षरों से और अधिकाधिक १२ लघु अक्षरों से तथा ७,८,९,१० और ११ अक्षरों से भी प्राप्त की जा सकती हैं, फलतः १२ मात्राओं के यथावत् रहते हुए भी पिण्ड का स्वरूप ६,७,८,९,१०,११ और १२ अक्षरों से, सात रूप प्रकारों में प्रस्तुत किया जा सकता है, इस आधार पर यह कह सकते हैं कि मात्रा छन्दों में पिण्डपरिवर्तन सह्य होता है किन्तु अक्षर छन्दों में पिण्डपरिवर्तन सह्य नहीं होता है उतनी संख्या के अक्षर तो होने ही चाहिये। आर्थिक छन्दों में अक्षर की प्रधानता है किन्तु यहाँ संस्था में पिण्डपरिवर्तन हो जाता है 'अष्टाक्षरा गायत्री' सर्वत्र समान होने पर भी लक्ष्य या संस्था ब्राह्मण पृथिवी अग्नि एक दूसरे से नितान्त भिन्न हैं।

४५ समस्त व्यष्टि शरीर तथा लोक 'विश्व' कहलाते हैं। इनमें अर्थात् विश्व में प्रविष्ट अग्नि नर है। विश्व और नर का समवेत रूप 'वैश्वानर' है। यह भुवनपति वैश्वानर शरीर में आत्मा को प्रतिष्ठित रखता है तथा स्वयम् अनेक भागों में प्रादेश प्रादेश मात्र अवस्थिति से शरीर के भावों का सर्जक और धारक बना हुआ है। शतपथ :—

स च सः वैश्वानरः, इमे स लोकाः, इयमेव पृथिवी विश्वम् अग्निः नरः, अन्तरिक्षमेव विश्वं वायुः नरः, द्यौरेव विश्वम् आदित्यः नरः। ९.३.१.३

(ख) वैश्वानरो वै सर्वेऽग्नयः ।६.२.१.३५

(ग) अयमग्निः वैश्वानरः योऽयम् अन्तः पुरुषे, येनेदमन्नं पच्यते यदिदमद्यते, तस्यैष घोषो भवति यमेतत् कर्णावपिधाय श्रृणोति, स यदोत्क्रमिष्यन् भवति नैतं घोषं श्रृणोति १४.८.१०.१

इस आधार पर ब्रह्मचतुष्पदी के ये पद्य द्रष्टव्य हैं :—

१. द्यावापृथिव्याविदमन्तरिक्षं मर्त्यानि विश्वानि भवन्त्यमूनि।
अग्निश्च वायुश्च रविश्च तत्र प्राणास्त्रयस्ते नरसंज्ञकाः स्युः ॥पृ. ११२
२. प्राणो विशत्यत्र च तेन विश्वं विश्वं नयत्येष ततो नरोऽयम्।
त्रीण्येव विश्वानि नरास्त्रयस्ते विश्वानराः स्युः सहभाषितारश्चेत् ॥
३. वैश्वानरोऽग्निर्भुवनस्य यः पतिः स एष मुख्यः प्रणिधीयते तनौ।
आत्मानमस्मिन् प्रतितिष्ठति स्वयं प्रादेशमात्रेण विभज्य भूयसा ॥११३
४. प्रादेशसीमास्तु शिरश्च कण्ठं हन्नाभियोनीश्च वदन्ति मुख्याः।
ऊर्ध्वाधरं तिर्यगपीदमष्टप्रादेशमेवास्ति नृणां शरीरम् ॥११३।

यहाँ द्वितीय पद्य के द्वितीय चरण में 'विश्वं नयत्येष' अर्थकथनमात्र है व्युत्पत्ति या निर्वचन नहीं है। व्युत्पत्तिमूलक कथन रजोवाद —

विश्वान्यभिव्याप्य नृणन्ति तस्माद् विश्वानरा नाम भवन्ति देवा: ।१४४ पद्य
'नृनये'धातु भ्वादि में मित्त्वार्थ तथा क्र्यादि में पठित है ।
इसके अतिरिक्त अहोरात्रवाद पृ. २२-२४ में भी वैश्वानर का स्वरूप है ।

४६ विष्णोरेव नाभौ अग्निं चिनुते, औदुम्बरं भवति, ऊर्ग् वै उदुम्बर:, ऊर्जमेव मध्यतो दधाति यजमाने च प्रजासु च, तस्मान्मध्यत: प्रजा ऊर्ग् ऊर्जयति, प्रादेशमात्रं भवति, एतावती हि विष्णोर्नाभि: । (काठक २०/७) विष्णु ही यज्ञ है, प्रादेश उसका केन्द्र या यज्ञनाभि है, नाभिस्थ वैश्वानर चारों ओर प्रज्वलित होकर जीवन देता है । साधारणत: तर्जनी से अंगुष्ठ तक के फैले हुए हाथ का माप प्रादेश कहलाता है-अंगुष्ठस्य प्रदेशिन्या व्यास: प्रादेश उच्यते' देवीपुराण, देशमात्र का नाम भी प्रादेश है प्रदेश: एवं प्रादेश:, इस मान का प्रयोग प्राचीन वाङ्मय में पर्याप्त हुआ है —
'प्रमाणतो भीमसेन: प्रादेशेनाधिकोऽर्जुनात्' (उद्योगपर्व ५१.१९)
पुरुष (आत्मा) को प्रादेश मात्र'प्रादेशमात्रं पुरुषम्' (शान्तिपर्व २००/२२)
तथा हृदय को प्रादेश मात्र ' प्रादेशमात्रे हृदि नि:सृतं यत्' (शा. प. २४५/२८)
कहा है । शतपथ यज्ञात्मा विष्णु को 'प्रादेशमात्रो गर्भो विष्णु:' ६.५.२.८ कहते हुए शारीर यज्ञ में आत्मा की व्याप्ति को बताता है । प्रादेशमात्रं हीम आत्मनोऽभि प्राणा: । कौ. २.२, श्री ओझाजी १०½(साढे दस) अंगुल का माप देकर और भी स्पष्ट कर देते हैं तथा केवल हृदय को ही नहीं, ऊर्ध्वाधरकाय को प्रादेश मान से अष्ट प्रादेश बताकर इसका गायत्री छन्दस्त्व भी बता देते हैं । यही ब्रह्मचतुष्पदी में भी कहा है:—
यथा मनुष्यस्य शरीरमष्टप्रदेशमात्रं क्रमते स भूमा ।
प्रादेशके सार्द्धदशांगुलत्वात् स षोडशापूर्णशताङ्गुलत्वात् ॥ पृ. १०४

४७ यहाँ आये काय और निकाय पद चि चयने (स्वादिगण ५) धातु से घञ् लगा कर 'चाय' के च को क कर व्युत्न किये जाते हैं । यह कार्य 'निवास-चिति शरीर-उपसमाधानेष्वादेश्च क: (३.३.४१) सूत्र करता है । चय का अर्थ उपसमाधान अर्थात् एकत्रीकरण है । यह एकत्रीकरण निवास अर्थ देता है तो निकाय (ग्राम) चिति अर्थ देता है तो आकाय (अग्नि) तथा शरीर अर्थ देता है तो काय शब्द बनते हैं । निचीयन्तेऽस्मिन् इति निकाय:, निश्चित विधि में औत्तराधर्म-भाव बिना जहाँ चयन हो वह निकाय है, शरीर में इन वैश्वानरत्रय की तथा अन्य भी अनेक अग्नियों की चिति होती है अत: यह अग्निनिकाय ही काय भी है । काय या शरीर में इन वैश्वानरादि अग्नियों के लिए आधार और हव्य की चिति अस्थ्यादि धातुएँ हैं । भूतों का चयन भी यहाँ है ही, इस प्रकार आधान से लेकर उत्पन्न होने तक चिति की प्रक्रिया चलती है, इसी भाव की प्रधानता से यह काय है । यही कारण है कि चिकित्साशास्त्र में विशेषत: कायचिकित्सा में शारीराग्नि को प्रधान मान कर ही चिकित्सा होती है जैसा कि —

जाठर: प्राणिनामग्नि: काय इत्यभिधीयते ।
यस्तं चिकित्सेत् सीदन्तं स वै कायचिकित्सक: ॥

इस भोजतंत्र के वाक्य से प्रतीत होता है । चक्रपाणि (चरकटीकाकार) काय-चिकित्सा शब्द का 'कायस्य अन्तरग्ने: चिकित्सा' अर्थ करते हैं । स्वयं कृष्णात्रेय भी इस अग्नि का प्राधान्य बताते हुए कहते हैं :—

आयुः वर्णः बलं स्वास्थ्यम्, उत्साहापचयौ प्रभा ।
ओजः तेजोऽग्नयः प्राणाः चोक्ता 'देहाग्निहेतुकाः' ॥चिकि. स्था. १५/३
शान्तेऽग्नौ, म्रियते, युक्ते चिरञ्जीवत्यनामयः ।
रोगी स्याद् विकृते, मूलम्, अग्निस्तस्मान्निरुच्यते ॥४ ।
पाणिनीय शिक्षा में भी-आत्मा बुद्ध्या समेत्यार्थान् मनो युङ्क्ते विवक्षया ।
मनः 'कायाग्नि' माहन्ति स प्रेरयति मारुतम् ॥
कहा गया है । कृष्णात्रेय पुनर्वसु के ऊपर उद्धृत प्रथम पद्य में बहुवचनांत अग्नयः पद १२ अग्नियों को बताता है सात धातुओं की सात अग्नियाँ तथा पाँच भूतों की पाँच अग्नियाँ-इन स्थूल रूप में १२ अग्नियों का तथा इनकी धारक उदराग्नि का निकाय यह काय है, जो यजुर्वेद के 'वाजाय स्वाहा प्रसवाय स्वाहा.......मंत्र (१८.२८) की व्याख्या में भगवान् याज्ञवल्क्य के —
'त्रयोदशैतानि नामानि भवन्ति, त्रयोदश मासाः संवत्सरः, त्रयोदश अग्नेश्चिति पुरीषाणि, यावान् अग्निर्यावत्यस्य मात्रा, तावतैवैनमेतत् प्रीणाति' (९.३.३.९) व्याख्यान से स्पष्ट है यहाँ अधिदेव और अध्यात्म का सामञ्जस्य भी स्पष्ट होता है । पुरीष अग्नि से उद्भूत उत्तरोत्तर धातुवर्ग है । आयुर्वेद इसी आधार पर-

धातूनां सप्तसप्तानां भूतानां पञ्च पावकाः ।
त्रयोदश भवन्तयेवं सह जाठरवह्निना ॥

स्पष्टतः काय में त्रयोदश अग्नियों का निकाय स्वीकार करता है । यही सारा भाव श्री ओझाजी का है जो ब्रह्मविनय के—
वाग्वायुतेजोजलमृत्तिकाभिस्तूत्पद्यते मर्त्यमिदं शरीरम् ।
तदित्थमात्मन्यमृताश्च मर्त्याश्चीयन्त इत्यस्ति निकाय एषः ॥पृ. ५७ ।

इस पद्य से 'मर्त्यामर्त्य भावों के चयन से निकाय'. बताने में स्पष्ट है । यज्ञविज्ञान की सर्वविज्ञानमूलता भी इससे स्पष्ट है ।ब्रह्मचतुष्पदी पृ. ८२ भी द्रष्टव्य है ।

अग्नि को गायत्री कहने का अभिप्राय है कि अग्नि अष्टाक्षर है अग्निर्गायत्रच्छन्दाः (काठक- सं. ९.१३), अग्निर्वै गायत्री (शतपथ ३.४.१.१९) जैसे श्रुतिवाक्यों से यह स्पष्ट है । भिन्न भिन्न प्रवृत्तिनिमित्त को लेकर अग्नि के भिन्न भिन्न अष्टाक्षर हैं । मूलग्रन्थ की टिप्पणी में विराट् स्वराट् सम्राट् अभिभूः (क्वचित् प्रभूः) विभूः परिभूः प्रन्वी और प्रभूति ये आठ अक्षर अग्नि की शिवातनू के बताये हैं । इसी भाँति अग्नि की घोर तनु के स्निक् स्निहिति स्नीहिति उष्णा शीता उग्रा भीमा आदि बताये गये हैं (तै.आ. ४.२३) । अष्टवसु भी अग्नि के आठ अक्षर हैं ।

४८ श्रुतियों में पृथिवी का अग्नि से गहरा संबंध बताया गया है :— अग्निगर्भा पृथिवी (शत.१४.९.४.२१). । सा (अदितिः पृथिवी) अग्निं गर्भे बिभर्तु (शत. ६.५.१.११) । पृथिव्यसि जन्मना वशा, साग्निं गर्भमधत्थाः (मैत्रासं. २.१३.१५) । आग्नेयी पृथिवी (जै.ब्रा. ३.१८६) इसी भांति गायत्री व पृथिवी का भी संबंध है :—

अयं वै लोको गायत्री (ऐ. आ. १.३.४) । इयं वै गायत्री मै.सं. १.५) गायत्री वा इयं पृथिवी (शत. ४.३.४.९) ।

इस प्रकार पृथिवी भी अग्नि या गायत्री होने से अष्टाक्षरा है । अप् फेन मृत् सिकता शर्करा अश्मा अयः और हिरण्य पृथिवी के आठ अक्षर मूल में बताये गये हैं । शतपथ में इस विषय के उपसंहार में कहा गया है :— तद् यद् असृज्यत अक्षरत् तत्, यद् अक्षरत् तस्मादक्षरम्, यद् अष्टकृत्वः अक्षरत्, सैव अष्टाक्षरा गायत्री अभवत् । शत.६.१.३.१-६ । यही पृथिवी का भूत गायत्रीत्व है ।

४९ देवतानिवित् (१.४८) में मनोताओं के विषय में बताया गया है कि 'वाक् गौ और द्यौ ये तीन पूर्वदीय आज्य देवों के मनोता हैं, इनमें द्यौ अग्नि तथा तद्रूप में अष्टवस्वात्म है । (इस प्रकार द्यौ अष्टाक्षरात्मक है) । ज्योति गौ और आयु ये तीन उत्तरवेदीय आज्य देवों के मनोता हैं । अग्नि ही समस्त मनोता है अग्नि में सभी मनोता संगत होते है ।' इस प्रकार अग्निरूपात्मकता से अष्टाक्षरत्व उपयुक्त है ।

५० आदित्यों का यह द्वन्द्वभाग ताण्ड्यश्रुति में इस प्रकार बताया गया है :— एताभि र्वा आदित्या द्वन्द्वम् आर्ध्नवन् - मित्रश्चवरुणश्च, धाता चार्यमा च, अंशश्च भगश्च, इन्द्रश्च विवस्वाँश्च, एतासामेव देवतानाम् ऋद्धिम् ऋध्नुवन्ति ये एता उपयन्ति ।(२४.१२.४) इस ब्राह्मण ने द्वादश आदित्य की प्रसिद्धि को दृष्टि में रखकर किसी ऋङ्मंत्र से इन आठ आदित्यों की पुष्टि की है : — तदभ्यनुक्ता ५.
अष्टौ पुत्रासो अदितेर्येजातास्तन्वं परि देवा उप प्रैत् सप्तभिः
परामार्तण्डमास्यदिति ।६ । ऋग्वेद में यह ऋचा इस प्रकार है :—
अष्टौ पुत्रासो अदितेर्ये जातास्तन्वस्परि ।
देवाँ उप प्रैत् सप्तभिः परा मार्ताण्डमास्यत् ॥१०.७२.८
इस मंत्र के भाष्य में सायणाचार्य ने तैत्ति. आरण्यक के उद्धरण से भी ये ही आठ नाम गिनाये हैं :— ताननुक्रमिष्यामो मित्रश्चवरुणश्च धाताचार्यमा च, अंशश्च भगश्च, विवस्वानादित्यश्च (१.१३.३)

५१ अहोरात्रवाद में, द्यौ अथवा सूर्य के ये तीन मनोता सूर्यपृष्ठ के सर्जक रूप में बताये गये हैं:—

ज्योतिश्च गौरायुरिमे रसाः स्यु सूर्यस्य पृष्ठानि भवन्ति तेषाम् ।पृ.१२ । तैत्तिरीयसंहिता में — ज्योतिर्गौरायुरिति ज्ञाताः स्तोमा भवन्ति, ७/२/४/४ ज्योतिर्गौरायुरिति त्र्यहो भवति, इयं वावज्योतिः, अन्तिरक्षं गौः, असौ आयुः ।७.३.६.३ अनेकत्र पठित है ।

५२ यही अष्टमूर्ति शिव का रूप है । शतपथ में इनकी गणना इस प्रकार है:—
अग्निश्च पृथिवी च वायुश्चान्तरिक्षं चादित्याश्च द्यौश्च चन्द्रमाश्च नक्षत्राणि चैते वसवः । (११.६.३.६) ।

५३ महाभारत भीष्मपर्व में लोकगायत्री का यह स्पष्ट रूप बताया गया है :—
द्विविधानीह भूतानि चराणि स्थावराणि च ।
त्रसानां त्रिविधा योनिः अण्ड-स्वेद-जरायु-जाः ॥४/१०
जरायुजानां प्रवरा मानवाः पशवश्च ये ॥११ ॥
नानारूपधरा राजँस्तेषां भेदाश्चतुर्दश ।

वेदोक्ता: प्राणिनामन्ये येषु सत्त्वा: प्रतिष्ठिता: ॥१३॥
उद्भिज्जा: स्थावरा: प्रोक्ता: तेषां पञ्चैव जातय: ॥१४
तेषां विंशतिरेकोना महाभूतेषु पञ्चसु ।

चतुर्विंशतिरुद्दिष्टा गायत्री लोकसम्मता: ॥ १५ ॥ यह षडक्षर पादवाली चतुष्पदा गायत्री के रूप के छन्द:समीक्षा (पृ. २९५-६) में प्रस्तुत की गयी है । इसके चार पाद १ धातुपाद २ मूलपाद ३ जीवपाद (आरण्य पशु) ४ जीवपाद (ग्राम्य पशु) हैं । प्रथम पद को धातुपाद इसलिये कहा गया है कि इसमें पञ्च महाभूत गिनें गये हैं जो विश्वधातु हैं अर्थात् सभी के धारक हैं । स्थावर जाति से सम्बद्‌ध होने से द्वितीय पाद को मूल पाद कहा गया है । जीवों से संबद्ध होने से शेष दो जीव पाद हैं । इनमें भूतपाद अचेतन, मूलपाद अन्तश्चेतन तथा जीवपाद चेतनजातीय है । पिंगलच्छन्द:सूत्र (हलायुध वृत्ति युक्त निर्णयसागर प्रेस बंबई का प्रकाशन) की भूमिका (पृ. १६.१७) में भी यह विषय लघुपाठ के अनुसार हैं इसे ग्रन्थान्त में दी गयी सारणी से एक दृष्टि में देखा जा सकता है ।

यहाँ आकाश मूल है प्रथम अक्षर है तथा मनुष्य तूल है अन्तिम अक्षर हैं । आकाश से रासभ तक सभी २३ अक्षर मनुष्य के भोग्य हैं । मनुष्य केवळ भोक्ता है । आरण्य एवं ग्राम्य पशु मनुष्य के भोग्य तथा मूलपाद के भोक्ता हैं यद्यपि यह भोक्तृत्व मनुष्य जैसा नहीं है । अन्तश्चेतन होने से वनस्पति जगत् भी वायवादि का भोक्ता है किन्तु इसका भोक्तृत्व भी मन एवं बुद्धि का योग न होने से अत्यन्त क्षीण रूप में है । धातुपाद में विशुद्‌ध भोग्यत्व है, यही चतुष्पाद-विभाजन का आधार है ।

प्रकृत्या एकाकी चर पशु आरण्य तथा यूथ-समज या समाज के साथ रहने की प्रकृति वाले पशु ग्राम्य है । ग्राम का अर्थ समुदाय ही होता है ।यही जीवपाद के विभाजन का आधार है तथा इसका मूल श्रुति है एवं ब्राह्मणों में सैंकड़ों स्थलों पर सप्त आरण्य और सप्त ग्राम्य पशुओं का उल्लेख मिलता है किन्तु इदमित्थं रूप से इनकी नाम सहित गणना प्राय: नहीं है । जहाँ गणना का प्रसंग है वहाँ भाष्यकारों द्वारा शाखादि भेद से भिन्न भिन्न नाम है । जैसे ऐतरेयब्राह्मण के 'सप्तोषस्यानि च्छन्दांस्यन्वाह सप्त वै ग्राम्या: पशव: (२/७/८) के भाष्य में आचार्य सायण बौधायन के नाम से 'सप्त ग्राम्या: पशव: अजाऽश्वो गौर्महिषी वराहो हस्त्यश्वतरी च' (अजा अश्व गौ भैंस वराह हस्ती और खच्चर) गिनाकर आपस्तम्बमतानुसारियों का पद्य उद्धृत करते हैं :—

अजाविकं गवाश्वं च गर्दभोष्ट्रनरस्तथा ।
सप्त वै ग्राम्यपशवो गीयन्ते कविसत्तमै: ॥

तदनुसार अजा गवि गौ अश्व गर्दभ उष्ट्र और मनुष्यों की गणना है । काठक संहिता में अश्व गर्दभ पुरुष गौ अवि श्वा और अज गिना कर 'एतावन्तो वै ग्राम्या: पशव:, (१३.१) कहा गया है । इसी भाँति मैत्रायणी संहिता में पुरुष अश्व गौ अवि अज यव और व्रीहि की गणना कर 'ते सप्त ग्राम्या: पशव: (१.८.१-२) कहा गया है । देवतानिवित् (पृष्ठ ४९, पशव:) में ' पुरुष: अश्व: गौ: अवि: अज: इति पञ्च मेध्या: पशव:, ते ग्राम्या: । किंपुरुष: गौर: गवय: उष्ट्र: शरभ: इत्येते पञ्चामेध्या: पशव: । तेऽमी आरण्या: ।' की ५-५ रूप में मेध्यत्व अमेध्यत्व के आधार पर गणना की गयी है । इसका मूल संभवत: ऐत. ब्रा.

(२.६.८) है। यहीं 'अन्येत्वाहु:' कहते हुए श्री ओझाजी ने 'पुरुष: अश्व: गौ: अवि: अज: रासभ: अश्वतर:, इति सप्त ग्राम्या: पशव: । गोमायु: गोमृग: गवय: उष्ट्र: शरभ: हस्ती मर्कट: इत्यारण्या: सप्त पशव:" के रूप में मतान्तर उपन्यस्त किया है।

आवरणवाद की गणना महाभारत (भीष्मपर्व ४.१७-१९) के अनुसार है फलत: सञ्जय का यह मत व्यास का अभीष्ट हो सकता है ऐसा माना जा सकता है। जो भी हो यह न भूलना चाहिए कि ऐसे सभी प्रसंगों में ये शब्द इन स्थूल पशुओं के लिए न आकर प्रवृत्ति विशेष के मूल प्राण विशेष के बोधक हैं तभी इनसे सृष्टि की व्याख्या सम्भव है।

५४ महाभारत की इस उपर्युक्त गणना को भी अन्यरूप से मानी जाने वाली परम्परा को यहाँ बताया गया है १. पञ्च उद्‌भिद् २. पञ्च धातु तथा ३. अपाद् से बहुवाद तक के चतुर्दश जीव इस प्रकार २४ अक्षरों की लोकगायत्री का स्वरूप बनता है। टिप्पणी ५३ में महाभारत के मूल पद्य द्रष्टव्य हैं।

५५ इसकी भावभूमि कि वाक् ही यह विश्व है, विश्व में पृथिवी, पृथिवी में शरीर तथा शरीर में हृदय है। वाक् गायत्री है जिसकी व्याप्ति के ये चार पाद हैं जिनसे गायत्री चतुष्पदी है। प्रत्येक पाद में ६, ६ अक्षर हैं छ स्तोम ही वे अक्षर हैं जो त्रिवृत् पञ्चदश सप्तदश एक विंश त्रिपव (सप्तविंश) और त्रयस्त्रिंश हैं। पादों के आश्रय चार आकाश हैं। महाकाश और पृथिवीपरिच्छिन्न आकाश, यह आकाशयुग्म बहिराकाश हैं। शरीरावच्छिन्न आकाश और दहराकाश या हृदयाकाश, ये दो अन्तराकाश हैं तीन ब्रह्मगायत्रियाँ और तीन सूर्यगायत्री, इस प्रकार ये ६ चतुष्पदी गायत्रियाँ यहाँ इस एक पद्य से अभीष्ट है।

यह दहरोत्तर भाव चार प्रकार का होता है, दु:षम, सुषम, सम और विषम, यहाँ दु:षम दहरोत्तर है : — (संशयतदुच्छेदवाद)
अत्रोत्तरस्मिन् परमे तदन्तस्तदन्तरेऽन्यं दहरं प्रतीयात्।
तद् दु:षमं वा सुषमं समं वा वैषम्यतो वा प्रथते चतुर्धा ॥पृ. ३८॥
यत्रान्तरन्त:स्थितमेकमेवानेकं समं वा विषमं कथञ्चित्।
तत्र व्यवस्था यदि नास्ति रूपे तद् दु:षमं स्याद् दहरोत्तरत्वम् ॥
वाक् सर्वमेतत् पृथिवी तदन्तस्तदन्तरे प्राणिशरीरमस्ति।
तदन्तरे यद् हृदयं तु गायत्र्येषा चतुष्पादपि दु:षमं तत् ॥

चार आकाश के विषय में ब्रह्मचतुष्पदी—
आकाशमस्त्यावपनं मनस्तत् सुखेन भूम्ना परिपूर्णमाद्यम्।
पृथ्वीपरिच्छिन्नमिदं द्वितीयं चेत्थं महाकाशयुगं बहिर्धा ॥ पृष्ठ ६९
अन्त:शररीरोपहितं तृतीयं तथा चतुर्थं हृदयोपपन्नम्।
प्राणश्च वाचश्च मन:प्रभेदात् क्लृप्ता विभिन्ना: सदृशा: स्वधर्मैः ॥
यै यैस्तु धर्मै: परिपूर्णमाद्यं तैरेव च त्रीण्यपराणि सायात् ।
द्यावापृथिव्यौ हृदि सूर्यचन्द्रौ तताग्निवायू अपि विद्युदृक्षम्।
यदस्ति यन्नास्ति च खे बहिर्धा सर्वं तदत्रापि तथाऽऽहितं स्यात् ॥
परात्मपृथ्वीप्रहिता चतुष्पात् सा ब्रह्मगायत्र्युदितेयमाद्या ॥

जो कुछ बाह्याकाश में है अथवा नहीं है वह सब कुछ हृदयाकाश में भी वैसा का वैसा विद्यमान है। षड् स्तोमों की षडक्षरता आदि भी ब्रह्मचतुष्पदी में वर्णित है :—

पृथ्वी शरीरं हृदयं त्रयस्ते पादाः परात्मा च चतुष्पदी वाक् ।
एकैकपादे मनसः प्रवृत्ताः स्तोमामिधाः प्राणविधाश्च षट् स्युः ॥पृ. ६८
अग्निस्त्रिवृत्, पञ्चदशस्तथेन्द्रः, स्यादेकविंशोवि, ग्नयस्ते ।
सोमौ त्रयस्त्रिंशकसप्तविंशौ, सा ब्रह्मगायत्र्युदिता धुवं वाक् ॥

चतुर्विधाङ्घ्रिस्थितये चतुर्धाऽऽकाशाः स्युरेते दहरोत्तराः स्युः ।

वाक् का गायत्रीत्व तता ब्रह्मगायत्री सूर्यगायत्री चन्द्रगायत्री आदि का विशद स्वरूप ब्रह्मचतुष्पदी पृ ६७ से ७० तक वर्णित है । वहीं से द्रष्टव्य है । इनमें दहरोत्तर का आधार छान्दोग्योपनिषद् ८/१ है, गायत्री की आनन्दरूपता तृतीय अध्याय के बाहरवें खण्ड में हैं । संशयवाद पृ. ९६ पर ३२ अवमः स्वर्ग आहवनीयाख्यो दैवात्मकृतः भी द्रष्टव्य है ।

५६ असावेव संवत्सरो योऽसौ (आदित्यः) तपति (जैमि.ब्रा. २/२८) संवत्सरोऽसावादित्यः (तै. आः १०.६१.१) जैसी श्रुतियों से सूर्य का तथा इमेउलोकाः संवत्सरः (शत. ९.२.१.१७) जैसे वाक्यों से पृथिवी अन्तरिक्ष और द्यौ का संवत्सरत्व, संवत्सरो वै गायत्री (तै.सं. २.४.३.२, मै. सं. ३.१.११) जैसे वचनों से गायत्री का संवत्सरत्व स्पष्ट है । इनमें २४ पक्षों को गायत्री के २४ अक्षर मानकर इनका संवत्सर रूप में गायत्रीत्व बताया गया है जैसा कि काठक संहिता के
देवाश्च वा असुराश्च संयत्ता आसन्, तान् गायत्र्यन्तरातिष्ठद् ओजोवीर्य मन्नाद्यं परिगृह्य, संवत्सरो वावैनान् सोऽन्तरातिष्टत्, चतुर्विंशतिर्गायत्र्या अक्षराणि, चतुर्विशतिः संवत्सरस्यार्धमासाः, तेऽविदुर्यतवान् रा इयमुपावर्त्स्यति । (१०/७) ।
इस प्रवचन से स्पष्ट है । छन्दःसमीक्षा पृ. २७५ शतपथ से इसी विषय के दो उद्धरण दिये गये हैं जिनका मूल अन्वेष्टव्य है ।

५७ इस दशाग्नियों के विषय में श्री ओझाजी के अने ग्रन्थों में विवरण है । यहाँ अहोरात्रवाद के निम्नलिखित पद्य द्रष्टव्य है :—

स गार्हपत्याहवनीयधिष्ण्यात्मको विराडग्निरिहास्ति यज्ञः । पृ.४८ पद्य ७८

यहाँ गाहपत्य आहवनीय और घिष्ण्य अग्नियों के स्वरूप को (एक) विराट् अग्नि तथा इसे यज्ञ बताया गया है । इसी प्रसंग में घिष्ण्याग्नियों की आठ संख्या इनके योग को दस एवम् स्पष्टतः विराट् को सम्भूय रूप से एक बताया गया है:—

वेदिः प्रसिद्धा भवतीह यज्ञे पश्चार्धमस्या अनु गार्हपत्यः ।
पूर्वार्धमन्वाहवनीयकुण्डः स्याद् दक्षिणे तत्र च दक्षिणाग्निः ॥पृ. ४८ पद्य ७४
स एव सर्वोऽपरगार्हपत्यो वेद्यन्तमन्वर्हति पश्चिमं सः ।
अन्यस्तु तत्राहवनीय कुण्डः प्राच्यां तयोर्मध्यगता च वेदिः ॥पद्य ८५
मध्येऽष्टधिष्ण्याग्नय इत्थमेते दशाग्नयो नाम विराट् स एकः ।
योऽग्निस्तु तत्रा हवनीयनामा तस्मिन् समस्ता इह देवताः स्युः ॥८७

यह विराडग्नि यज्ञ सर्वत्र चल रहा है, यहाँ व्यष्टि शरीर और पृथिवी में तथा अन्त में विश्व में विराट् का स्वरूप बताया गया है :—

(क) शरीर - यथा शरीरं पुरुषेऽस्ति वेदिः शिरस्तु तत्राहवनीयकुण्डः ।
धिष्ण्याग्नयो हृद्यथ गार्हपत्यो योन्यादिनाभ्यन्तकृते प्रदेशे ।८८
योनिप्रदेशस्त्विह गार्हपत्यः स्यान्नाभिरस्याहवनी कुण्डः ।
प्रादेशमात्रस्त्विह योऽस्तिगर्भो विष्णुः स उक्तोऽत्र च सास्ति वेदिः ।९८

(ख) पृथ्वी - इयं हि पृथ्वी प्रथमास्ति वेदिः तत्पश्चिमे तिष्ठति गार्हपत्यः ।
प्राच्यां दिशि त्वाहवनीय एष प्रहूयते यत्र च सोम रश्मिः ।।९०

(ग) विश्व - पृथ्वी समग्रापि च गार्हपत्यो द्यौः सूर्यवत्याहरवनीयकुण्डः ।
धिष्ण्यान्तरिक्षं तदिहास्ति वेदि र्यस्तत्र यज्ञस्तदिदं तु विश्वम् ।।९१

इनका आधार शतपथब्रह्मण है । १०.४.३.२१ में दशाग्नियों को एक बताया गया है । 'अग्निं चिनुते' ऐसा शास्त्रीय व्यवहार लोक में प्रसिद्ध है । संख्या की दृष्टि से आठ धिष्ण्याग्नियाँ एक एक आहवनीय और गार्हपत्य, इस तरह १० अग्नियाँ प्रसिद्ध है । ऐसी स्थिति में 'अग्निम्' एक वचन रूप प्रयोग कैसे उपपन्न होगा, इसका उत्तर है जिसे हम अग्नि कहते हैं उसी के तो ये दस रूप हैं दस रूपों वाली यह अग्नि तो एक ही है, जैसे संवत्सर एक ही है भले ही अवयव रूप में अयन के आधार पर दो, ऋतु के आधार पर छ, मास के आधार पर बारह पक्ष के आधार पर चौबीस दिन के आधार पर ३६० तथा अहोरात्र के आधार पर ७२० भेद मानकर किसी भी रूप में ले । मूलपाठ इस प्रकार है :—

दश वा एतानग्नींश्चिनुते, अष्टौ धिष्ण्यान्, आहवनीयं च गार्हपत्यं च । तस्मादाहुर्विराडग्निरिति । दशाक्षरा हि विराट् । तान्नु सर्वा नेकमिवैवाचक्षते । अग्निरित्येतस्य ह्येवैतानि सर्वाणि रूपाणि । यथा संवत्सरस्याहोरात्राणि, अर्धमासाः, मासाः, ऋतवः, एवमस्यैतानि सर्वाणि रूपाणि ।

५८ यहाँ वाक् को अक्षर ब्रह्म कहते हैं जैसा अर्थ अयुक्त है वदन्ति का कर्म वाक् नहीं हो सकता है, वैसा अर्थ अभीष्ट होने पर वाचम् अक्षरब्रह्म वदन्ति जैसी योजना अपेक्षित थी । 'तस्य' नपुंसकलिङ्ग से भी वागक्षर का ही ग्रहण होता है वाक् का नहीं ।

५९ वाग् वै ब्रह्म (ऐतब्रा. ६/३, शत. ब्रा. २.१.४.१०,) ब्रह्मवाक् । (जै.ब्रा. २.३९२) सा या सा वाक् ब्रह्मैव तत् । (जै. उप. ब्रा. २.५.१.२) । आदि श्रुतियों से वाक् तथा ब्रह्म की एकरूपता स्पष्ट है । इनका आधार स्वयं वेद है । 'यावद् ब्रह्म विष्ठितं तावती वाक् ( ) वागेव विश्वा भुवनानि जज्ञे ( ) आदि ।

६० वाग्वै छन्दांसि (मैत्रा. सं. १.११.८, काठक सं. १४/८) । छन्दांसि वै वाक्(मै.सं. १.१०.८ काठक सं. ३६.३) ।. ऋक् यजुः साम रूप प्रत्येक अक्षर गायत्री, त्रिष्टुप् और जगती छन्द हैं । इन तीनों छन्दों से ही सभी यज्ञ पूर्ण होते हैं:—

ऋचाम् अग्निर्देवतम्, तदेव ज्योतिः, गायत्रं छन्दः, पृथिवी स्थानम् ।
यजुषां वायुर्देवतं तदेव ज्योतिः, त्रैष्टुभं छन्दः, अन्तरिक्षं स्थानम्,
साम्नामादित्यो देवतं तदेव ज्योतिः, जागतं छन्दः, द्यौः स्थानम् ।

इस प्रकार गोपथब्राह्मण पूर्वार्ध १.२९ से स्पष्ट है ।
'त्रीणि वै छन्दांसि यज्ञं वहन्ति गायत्री त्रिष्टुब् जगती । जै.ब्रा. १.१२०

६१ ये तीनों समुद्र वृत्तित्व संबंध के रूप में उदूढभाव से संहितात्मक एकरूपता से वर्तमान रहते हैं: —

त्रयः समुद्राः यजुषामिहाग्निर्ऋचां महोक्थं च महाव्रतं तु ।
साम्नां त एते त्रिविधाः समुद्रा उदूढवृत्यैव सह स्थिताः स्युः ॥संशयवाद पृ.३५
एवं तदैकैकसमुद्रमध्ये महान्ति चोक्थानि महाव्रतानि ।
अग्नींश्च तानाहुरुदूढवृच्या सह स्थितान्यत्र परस्परेण ॥

इस साहित्य को शांखायन-आरण्यक सप्तम अध्याय -संहितोपनिषत् में विस्तार के साथ बताया गया है । अहोरात्रवाद-यज्ञाधिकरण (पृ. ४४) में इन तीनों समुद्रों का तथा उनसे छन्द लोक और आत्मा का अनुवृति संबंध बताया गया है:—

यावन् महोक्थ्यं स ऋचां समुद्रो महाव्रतं सामसमुद्र एषः ।
अग्निस्त्वमीषां यजुषां समुद्रः त्रयः समुद्रा इह देवलोकाः ॥पद्य १५
छन्दांसि तान्वथ तानि चानु लोकाश्च लोकाननु चायमात्मा ।
एकैक आत्मायमतः शरीरी पृथक् समुद्रैः क्रियते समुद्रः ॥१६
यज्ञेषु यज्ञः प्लवतेऽधिरूढो देवेषु देवोऽहरहस्सु तद्वत् ।
ययाह्निकं मासिकमेष संवत्सरो यथाहानि महाव्रतं तत् ॥१७

महर्षिकुलवैभव में भी यह विषय भृगुः अङ्गिराः प्रसंग-में भिन्न रूप से इसी विषय को स्पष्ट करता है : — पृ. ५३-५७

छन्दो विदुर्वाग्नियतिं द्विधा तद् वाचो हि मर्त्यामृतजातिभेदात् ।
छन्दांसि मर्त्यानि विशेषतोऽष्टौ संकेतितार्थानि निदानशास्त्रे ॥११
आच्छन्दिता वाङ्मनसाविनाकृता, विज्ञानमाच्छन्दितमस्ति तन्मनः ।
वागेववा प्राणमयी मनोमयी मर्त्या भृता छन्दनमेति नो मनः ॥१२
विज्ञानमाच्छन्दितमुच्यते त्रिधा तद् ब्रह्म नाम्ना तदुपाधिरिन्द्रियम्
वेदः स शब्दो यदुपाधिरास्थितो विद्या तु संस्कार मुपाधिकमाश्रिता ॥१३
छन्दोऽमृतं वेद इति प्रसिद्धं वेदोऽयमृक्साम यजुस्त्रिधातुः ।
त्रिधा त्वयं विक्रमणं तु प्रतिष्ठा याज्ञो रसस्तेऽनुविधाः पृथग्वत् ॥१६
एकस्य यद् विक्रमणाद् दशेति तस्यापरं विक्रमणाच्छतं स्यात् ।
तस्यापरं विक्रमणात् सहस्रं तथा त्रिधा विक्रमते स विष्णुः ॥२७

**ब्रह्मचतुष्पदी पृ. १६-१८ वेदस्वरूप भी द्रष्टव्य है । इनका आधार शतपथ आदि ब्राह्मण है :—**

त्रयो हि वै समुद्राः, अग्निर्यजुषाम् महाव्रतं साम्नाम्, महदुक्थमृचाम् ।।१२ ।
एतेभ्यो हैवास्य समुद्रेभ्यश्छन्दांसि पुनराप्यायन्ते, छन्दांस्यनुलोकः,
लोकमनु आत्मा, आत्मानमनु प्रजाः पशवः ।१३, शत. ९.५.२
पुरुषो वै संवत्सरः (शत. ब्रा. १२.४.४.१) पुरुषो वै समुद्रः (जैब्रा ३.६.७.५)
संवत्सरो वै समुद्रः (तै.सं. ७.५.१.२-३) ।

६२ एतम् उ हैव बह्वृचा महदुक्थे मीमांसन्ते, एतम् अग्नौ अध्वर्यवः, एतं महाव्रते छन्दोगाः, एतम् अस्याम्, एतम् अन्तरिक्षे, एतं दिवि, एतम् अग्नौ, एवं वायौ एवं चन्द्रमसि, एतं नक्षत्रेषु, एतम् अप्सु, एतम् ओषधीषु एतं सर्वेषु भूतेषु एतम् अक्षरेषु, एतमेव ब्रह्म इत्युपासते, शांखायन ८/५

त्रयी का सत्यत्व ब्रह्मचतुष्पदी आदि में अनेकधा बताया गया है :—

त्रय्यां हि भूतान्यखिलानि सन्ति, त्रयीं तु विद्यामिह सत्यमाहुः ।
प्रतिष्ठितं सर्वमिदं हि सत्ये तत्तायते सत्यमितो हि यज्ञात् ।ब्र. चतु. पृ. २९
ब्रह्मसमन्वय में ब्रह्म इन्द्र विष्णु का सत्य रूप से साधर्म्य बताया गया है :—

ब्रह्मेन्द्र विष्णवो नित्यमविनाभाविनोऽन्विताः ।
त्रयं संहितमैवेतत् सत्यं सामान्यथानृतम् ।।पृष्ठ ८९ पद्य १५४
सत्यमात्मास्य सर्वस्य सत्ये सर्वं प्रतिष्ठितम् । पृ. ९० पद्य १६३

ब्राह्मण उपनिषत् और संहिता इनका आधार है:—

तत्सत्यम्, सदिति प्राणितीत्यन्नम् यमित्यसावादित्यः, तदेतत् त्रिवृत ।
तस्य वा एतस्य ब्रह्मणो नाम सत्यमिति, तानि ह वा एतानिऐत आ. २.१.५
त्रीण्यक्षराणि सति यमिति, तद् यत् 'सत्' तदमृतत्म्, अथ यत् 'ति' तत्
मर्त्यम्, अय यत् 'यम्' तेनोभे यच्छति । छान्दोग्य उप. ८/३/५
तद् वै तदेतदेव तदास सत्यमेव, स यो हैतं महद्यक्षं प्रथमजं वेद 'सत्यं ब्रह्म' इति, जयतीमाँल्लोकान् ।बृहदारण्य. ५/४/१

आप एवेदमग्र आसुः ता आपः सत्यमसृजन्त, सत्यं ब्रह्म, ब्रह्म प्रजापतिम्, प्रजापतिर्देवान्, ते देवा सत्यमेवोपासते । ६/५/१

६३. ७६ से ८० तक ये पाँच पद्य सदसद्वाद-प्रकृतिविमर्शाख्य द्वितीय प्रस्थान के त्रिविकल्प प्रकृत्यद्वैत विमर्श के तृतीय विकल्प द्वैताद्वैत सिद्धान्त (पृष्ठ २८-२९) में १२ वें, १३ वें १५,वें, १६वें, १४वें पद्य के रूप में पढ़े गये हैं ।यहाँ ७७ वें श्लोक का चतुर्थचरण वहाँ १३ वें में 'स विज्ञानमयो घटः स्यात्' के रूप में है जो प्रस्तुत की व्याख्या जैसा ही है। आन्तरिक घट को प्रमामय बताने की अपेक्षा उसे विज्ञानमय कहना स्पष्टतर कथन है। आवरणवाद में 'प्रमा' उपयुक्त है । यहाँ ७९ वें पद्य के द्वितीय चरण में 'आन्तरं तत्' है। वहाँ १७ वे पद्य में आन्तरं तम्' है । घट के लिए प्रयुक्त सर्वनाम तत् का यहाँ पुंस्त्व अभीष्ट होने से 'तम्' ही उपयुक्त है । स्थितस्य समर्थनम् के रूप में यहाँ तत् रूपादिकं

का विशेषण मानकर अर्थ किया गया है। ८० वें पद्य का उत्तरार्ध वहाँ तदान्तरं ज्ञानमयं प्रतीयात् तस्मिन् घटः कर्ममयोऽस्ति बाह्यः' (१४) अर्थ में अंतर नहीं है।

६४ महर्षि ने 'प्रत्यक्षाप्रत्यक्षाणां संयोगस्याप्रत्यक्षत्वात् पञ्चात्मकं न विद्यते (४.२.२) तथा 'गुणान्तराप्रादुर्भावाच्च न त्र्यात्मकम्' (३) से शरीर में आकाश का कारणत्व नहीं माना है। आगे अष्टम अध्याय में भी 'द्रव्येषु पञ्चात्मकत्वं प्रतिषिद्धम्' (२.४) द्वारा पञ्चात्मकता का द्रव्य में स्पष्ट निषेध किया गया है। श्री ओझाजी इससे कुछ असहमत जो सदसद्वाद के—

यदप्यवोचद् भगवान् कणादः पञ्चात्मकं नास्ति शरीरमेतत्।
पञ्चात्मकं मास्तु तथापि तत्र व्योम्ना विनाङ्गायतनं कथं स्यात् ॥पृ. ३३ पद्य ५७

पद्य से स्पष्ट है। यहाँ आवरणवाद में इस विषय को तथा इसके अस्वारस्य को दृष्टि में रखकर ८२ वाँ व इसके बाद के पद्य हैं। इन्हें समझने के लिये सदसद्वाद के निम्नलिखित चार पद्य आधार रूप मे उपयोगी हैं:—

यदास्य चासङ्गसमन्वयो न प्रसङ्गहेतुर्भवतीति तन्न।
निरञ्जनाकाशसमन्वयेन प्रायः समस्तं भवतीह वस्तु ॥१.३३ पद्य ५३
यत्रापि सुश्लिष्टतमा इवस्युर्नितान्तरुद्धा अणवोऽश्मखण्डे।
तेषां पृथक्त्वव्यवहारहेतुं तत्रान्तराकाशमुशन्ति विज्ञाः ॥५४
नो चेत्स आकाश इहान्तरे स्यात् तदाणवो नैव पृथक् स्थिताः स्युः।
परःशतैरप्यणुभिः समेतैरनन्तरैः स्यादणुरेक एव ॥५५॥
तथा चयं पृथिवी न सूर्यो नेन्दुर्न वान्योऽपि च पुद्गलः स्यात्।
तस्मादणुस्थूल विशेष रूपा व्यक्तिस्तदाकाशसमन्वयात् स्यात् ॥५६

वाक्यपदीय की स्वोपज्ञटीका 'आकाशो हि सर्वेषां मूर्तानामधिकरम्, अवकाशदानाद् हि तदाकाशम्,' के रूप में अमूर्तआकाश को सभी मूर्त पदार्थों का अधिकरण कहती है यहाँ स्पष्ट ही अवकाश को आकाश कहा गया है, ऐतरेय आरण्यक 'आवपनमाकाशः, आकाश इदं सर्वम् ओप्यते' (२.३.१) के रूप में आकाश को आवपन कहता है। इसी आधार पर ब्रह्मचतुष्पदी में मनो भवेदावपनं वियत् तत्, (पृ.११) मन और आकाश का आवपन रूप से साधर्म्य बताया गया है, तैत्तिरीय ब्रा. १.१.६.८ के भाष्य में 'आवपनं बीजावापक्षेत्रम्' के रूप में आकाश को बीजो का वपन क्षेत्र कहा है। तैत्तिरीय सं. में 'अयं वै लोक आवपनं महत्' (३.९.५.५) पृथ्वी को महत् आवपन बताया गया है वैसा ही आवपन आकाश है।

६५ सदसद्वाद (पृ. २९) के इस पद्य में यही बात और भी स्पष्ट कही गयी है:—

ज्ञानात्मकुम्भं मनसा दधानो बलं प्रयुंक्ते स यथा मृदेषा।
पात्रेऽम्बुवद् ज्ञानघटस्य तस्याकृतौ प्रतिष्ठां लभते प्रविश्य ॥१६ पात्र में निहित जल की आकृति जैसे पात्र जैसी हो जाती है वैसे ही कुम्भकार के मन में निहित ज्ञानात्मक घट की आकृति में प्रवेश करके ही बाहरी घट आत्मलाभ (प्रतिष्ठाप्राप्ति) कर पाता है। ज्ञान घट जैसे साँचा हो और बाहरी घट उस साँचे में ढलकर निकला हो। यह यथार्थ है क्यो कि

कुम्भकार की बलप्रवृत्ति मानसघट को दृष्टि में रखकर ही होती है। संशयतदुच्छेदवाद का यह निम्न उद्घृत पद्य भी आकृति के महत्त्व को बता रहा है :— पृ.११

इत्थं विभिन्नावरण प्रभावतो विभिन्नवस्तूनि विभान्ति सर्वत:।
छन्दांसि तान्या कृतयश्च ता इमा: स्युर्जातयो व्यक्त च आसु चान्तरा॥
आवरण या आवृति छन्द है छन्द ही आकृतियाँ है और आकृतियों में ही जातियाँ और व्यक्ति हैं।

६६ उदाहृत गज हय रथ कंस आदि नाम ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार हैं जो ११६वें पद्य की टिप्पणी में मूलत: उद्धृत है (देखिये ११६ की टिप्पणी) लगभग ऐसा ही पाठ गोपथब्राह्मण का है :— शिल्पानि शंसति, यदेव शिल्पानि, एतेषां वै शिल्पानामनुकृतिर्हि शिल्पमधिगम्यते, हस्ती कंसो वासो हिरण्यमश्वतरी रथशिल्पं, शिल्पं हास्य समधिगयते य एवं वेद। (उत्तरभाग ६/७)।
टिप्पणी ६५ का संशयवाद का 'इत्थं विभिन्ना.' पद्य भी द्रष्टव्य।
सायण इस प्रसंग में कंस का अर्थ आदर्श (दर्पण) कहते हैं जो अनुपयुक्त है। जबकि ऋग्विग् अन्तत: कंसेन चतुर्गहीतास्तिस्र आज्याहुतीरैन्द्री प्रपदंजुहोति' (ऐतबा. ३७/७) में कंसेन-कांस्यपात्रेण तथा 'अपस्मै सुराकंस हस्त आदधाति (३९.६) में सुराकंसम् सुरया पूर्णं कांस्यपात्रम् अर्थ करते हैं।

कंस एक विशेष मान का वाचक है इसका यह अर्थ कासा शब्द में राजस्थानी में आज भी जीवित है एक मनुष्य के एक समय के योग्य पूर्ण आहार का कांस्य-पात्रवर्ग। कंस के निर्माण में न केवल आकार अपितु मान का ध्यान भी रखा जाता है जो उसके शिल्प की पूर्णता का द्योतक है

६७ यहाँ आया सीमा शब्द छन्द अर्थ में प्रयुक्त है। देखिये भाव-साम्य एकं जलं छन्दसि भेदतो यथा सरित् सर-सागर-निर्झरादिभि:। उल्लोल-वीची-भ्रमि-पेन बुद्बुदादिभिश्च रूपैं: प्रतिपद्यते पृथक् ॥ संशयवाद पृ.११ पद्य ११७। यहाँ छन्द विषयक भेद से दर्शित सरित् सर आदि रूपान्तर जैसे बताये गये है वैसे ही सीमाविषयक भेद से ह्रद पुष्करिणी आदि प्रस्तुपद्य में हैं। वयोनाध जहाँ छन्द बताया गया है वहीं सीमा भी, फलत: सीमा का छन्द अर्थ प्रधानता: आकृति के सन्दर्भ में उचित है।

६८ ईश्वर एक और विश्व अनन्त, यह सदसद्वाद (पृष्ठ १८) में

द्रव्यं द्विधास्तीश्वरविश्वभेदाद् यदीश्वराख्यं तदिहैकमेव।
तदक्रियं निर्गुणमस्ति, विश्वं त्वनेकरूपं सगुणं सकर्म ॥१७॥
निर्लक्षणं कर्मगुणानपेक्षं दिग्देशकालातिगतं विशुद्धम्।
रूपं यदस्तीश्वरमेतदाहुर्न भेदकं तत्र तस्तदेकम् ॥१८॥
रूपं विशिष्टं गुणकर्मभिर्यत् सापेक्षमेतद् गुणकर्मभेदात्।
तत्तारतम्याच्च भवत्यनन्तं जीवाश्च मूर्तानि च तस्य भेदा: ॥१९॥
द्रव्य के इस द्वैविध्य को 'इत्येके आहु:' द्वारा एकीय मत बताकर 'परे आहु:' द्वारा 'किसी एक ही अर्थ' को सत्ता निम्न उद्घृत पद्य द्वारा बतायी गयी है :—

इत्येक आहु:पर आहुरेको दिग्देशकालैरमितोऽस्ति नित्य: ।
विभु: स्वयम्भूरिह कश्चिदर्थो द्रव्यं, गुणै: कर्मभिरस्य भेदा: ॥२० ॥
इन दोनों मतो को निरस्त कर तृतीय मत द्रव्यो की अनन्तता काकेचित् पुन: प्राहु रिमानि सन्ति द्रव्यान्यनेकानि विलक्षणानि । विभिन्नशक्तीनि सनातनानि, स्वाभाविकास्तदगुण कर्म-भेदा: ॥२३ ।
आवरणवाद के इस पद्य में 'तदर्थ' शब्द उद्घृत २० वें पद्य की ओर संकेत कर विश्व के मूल उस एक अर्थ का निषेध करता है । पद्य का मूलभाव २३ वें पद्य के भाव का संवादी है ।

६९. पद्य में दिये गये द्रव्य वस्तु प्रतिष्ठा के लक्षण व्युत्पत्तिमूलक हैं । वेदधर्मव्याख्यान पिण्ड-समादेश (पृष्ठ १०) में

'धर्मसमावायो हि धर्मो वस्तु-द्रव्य-अर्थादिशब्दै: धर्मिशब्देन चाख्यायते, तत्र हि धर्मिणि बहवो धर्मा वसन्तीति वसुत्वम्, तत्र धर्मा द्रवन्ति, धर्मव्यत्यासे चासौ धर्मी स्वरूपान्तरे द्रवतीति वा तस्य द्रव्यत्वम्, धर्मसमुदाय एवायं पुरुषैरर्थ्यते, न तु धर्मिणि मगृहीत्वा धर्मं ग्रहीतुं शक्नोतीति अस्य अर्थत्वम्'
इस प्रघक से स्पष्ट है, तदनुसार द्रवन्ति गुणाधिधर्माणि आश्रट्टयत्वेन यदधिकरणं तद् द्रव्यम्, वसन्ति यस्मिन् तद् वस्तु प्रतिष्ठिन्ति गुणादि. यस्यां सा सा प्रतिष्ठा, यह अधिकरण- मूल व्युत्पत्ति है ।

यहाँ प्रथम चरण 'द्रव्यं सदेवास्ति वसन्ति यस्मिन्' था जो ठीक नहीं था, लक्षण द्रव्य का है वस्तु का नहीं, अत: वसन्ति को द्रवन्ति करके पाठ ठीक किया गया है ।

७० ब्रह्मचतुष्पदी में 'महान्' को आकृति योनि कहा गया है । विभिन्न योनिगत अनेकानेक शारीरिक आकार भेद 'महान्' से ही होते हैं:—
सर्वासु योनिष्वपि मूर्तयो या विभन्ति, ता आकृतय: पृथक् स्यु: ॥पृ. १०३
नरो गजोऽश्वो महिषो वृष श्येसन्ति नाना कृतयोऽत्रजीवा: ।
महान्त एते हि यथास्वभावास्तथेच्छयैवाकृतय: पृथक् स्यु: ॥
यथास्य मूलप्रकृतिस्तथाकृतिर्गर्भे मनोवृत्त्यनुसारिणी भवेत् ।
विराजिहीर्षत्यशनं मुखाग्रतो दन्त्य रसैरोष्ठयुगं ततो दृढम् ॥
वि: पक्षी, आजिहीर्षति - आहर्तुमिच्छति, अशनम्-भोजनमे
भिन्ना महान्तस्तत एव भिन्ना नर: पशु: पक्ष्यथवा परे ये ।पृ. १०४
यावन्मनुष्यं तु समानकर्मा श्रद्धा विभेदादिहमुच्छभेद: ॥
एकैक एषां महत: प्रमाणतो नियम्यते सा नियति: पृथक् पृथक् ॥
यो यस्य भूमा नियत: सात: क्षुद्रोऽपि भूमानमुपैति तं तम् ।
भूमानमाप्यैष निवर्तते स्वं यस्यैष भूमा नियतो महान् स: ॥

इस प्रकार प्राणियों का शुक्रच्छन्दस्त्व, रजश्छन्दस्त्व, योनिश्छन्दस्त्व, मातृगर्भच्छन्दस्त्व मनोवृत्तिच्छन्दस्त्व आदि स्पष्ट है । प्रतिव्यक्ति इन भावों की भिन्नता आकृतिभिन्नता का हेतु है । छन्द:समीक्षा में भी यह विषय लिया गया है ।

७१ व्याम-मनुष्य दाहिनी व बाँयी दिशाओं में अपने दोनों हाथों को पूरे फैलाकर खड़ा होता है तो एक सीध में आये दोनों हाथों की वक्ष: स्थल सहित लम्बाई को 'व्याम' कहते हैं :—

बाह्वोश्च तिर्यक् ततयो: सपाण्यो: सवक्षसोरस्ति मितिस्तथैव ।
व्यामप्रमाणं तु नृणां शरीरं तिर्यक् तथोर्ध्वाधरमाहुरेके ॥ब्र.चतु. पृ. ११३

व्यामव्यायाम और न्यग्रोध तीनों समार्थक हैं। प्राचीनकाल से आज तक प्रयुक्त हैं। महाभारत वनपर्व में किर्मीरवध हेतु भीम ने एक दशव्याम वृक्ष उखाड़ा जैसे अनेकव्याम के मानार्थ प्रयोग है :—

ततो भीमे महाबाहुरारुज्य तरसा द्रुमम् ।
दशव्याममथोद्विद्धं निष्पत्रमकरोत्तदा ॥११/३

आज भी बाँसबाड़ा क्षेत्र में वनवासी 'बाम' रूप में इसी अर्थ में इसका प्रयोग करते हैं। Beam और उसके पूर्वजों से भी इस शब्द का संबंध है।

मनुष्य शरीर की साधारण छन्दसीमा एक व्याम अथवा साढ़े तीन हाथ अथवा अपनी अंगुलियों के माप से ८४ अंगुल है। इसकी पर सीमा ५ हाथ अथवा १२० अंगुल है। ब्रह्मचतुष्पदी (पृष्ठ १०४) में बताया गया है :—

यथा मनुष्यशरीरमष्टप्रादेशमात्रं क्रमते स भूमा ।
प्रादेशके सार्धदशांगुलत्वात् स षोडशापूर्णशतांगुलत्वात् ॥
अथांगुली भिस्तु निजाभितत् व्यामप्रमाणं प्रथते शरीरम् ।
यत् पौरुषं मानमिहांगुलीनां विंश शतं तत् पुनरूर्द्ध्वबाहु ॥
सार्धत्रिहस्तं स्यान्नियतै: प्रमाणै: सोऽयं नियत्या महतो विकाश: ॥

इसी मानविभिन्नता को सामुद्रिकशास्त्र ने पुरुषों के भिन्न भिन्न वर्ग बनाकर व्यक्त किया है। वराहमिहिर ने बृहत्संहिता में पुरुषलक्षणध्याय (६७वाँ) तथा पञ्च मनुष्यविभाग (अध्याय ६८ वाँ) में विस्तारपूर्वक इस विषय को लिया है जो स्पष्ट ही धर्मसू देवों के तथा नियति महान् के कार्य को बता रहा है :—

अष्टशतं षण्णवति: परिमाणं चतुरशीतिरिति पुंसाम् ।
उत्तमसमहीनानामंगुलसंख्या स्वमानेन ॥६७/१०५
विंशतिवर्षा नारी पुरुष: खलु पञ्चविंशति भिरब्दै: ।
अर्हति मानोन्मानं जीवितभागे चतुर्थे वा ॥६७/१०७
भूजलशिख्यमिलाम्बरसुरनररक्ष:पिशाचकतिरश्चाम् ।
सत्त्वेन भवति पुरुषो लक्षणमेतद् भवति तेषाम् ॥६७.१०८
एवं नराणां प्रकृति: प्रदिष्टा यल्लक्षणज्ञा: प्रवदन्ति 'सत्त्वम्' ११४

आवरणवाद के ३२-३३ वें पद्य में बताये भाव यहाँ ग्रह-बल के तारतम्य के आधार पर बताये गये हैं :—

ताराग्रहैर्बलयुतै: स्वक्षेत्रस्वोच्चगैश्चतुष्टयगै: ।
पञ्चपुरुषा: प्रशस्ता जायन्ते तानहं वक्ष्ये ॥६८.१

जीवेन भवति हंसः, सौरेण शराः, कुजेनरुचकश्च ।
भद्रो बुधेन, बलिना मालव्यो दैत्यपूज्येन ॥२ ॥

यहाँ बृहस्पति के संबंध से 'हंस' सूर्य के संबंध से 'शश' मंगल से 'रुचक' बुध से 'भद्र' तथा शुक्र 'मालव्य' नामक पुरुषवर्ग का संबंध बताया गया है । ये पाँच प्रशस्त वर्ग है ।

इनमें सूर्य (अग्नि) चन्द्र (श्रद्धा आपः) के बल से वैशिष्य:—
सत्वमहीनं सूर्याच्छारीरं, मानसं च चन्द्रबलात् ।
यद्राशिभेदयुक्तावेतौ तल्लक्षणः स पुमान् ॥६८/३
तद्धातु-महाभूत-प्रकृति-द्युति-वर्ण-सत्त्व-रूपाद्यैः ।
अबलरवीन्दुयुतैस्तैः संकीर्णा लक्षणैः पुरुषाः ॥४ ॥
हंस ९६ अंगुल, शश ९९ अंगुल, रुचक १०२, भद्र १०५ अंगुल तथा मालव्य १०८ अंगुल मान का होता है (पद्य ७), यही प्रमाण आयुर्वेदसम्मत है:—

स्वं स्वं हस्तत्रयं सार्धं वपुः पात्रं सुखायुषोः ।
न च यद् युक्तमुद्रिक्तैरष्टामिर्निन्दितैर्निजैः ।अष्टांगहृदय शारीर ३/१०६
अरोमशासितस्थूलत्वदीर्घत्वैः सविपर्ययैः ॥

वाग्भट के इस स्थल का आधार चरक संहिता है । वहां (विमानस्थान ८ वें अध्याय में) प्रमाणतश्चेति —शरीरप्रमाणं पुनर्यर्था स्वेनागुंलिप्रमाणेनोपदेक्ष्यते उत्सेध-विस्तार-आयामैर्यथाक्रमम् ।१३१ ।इस प्रकार शरीर के एक एक अवयव का पृथक् मान बताकर अन्त में केवल अर्थात् सम्पूर्ण शरीर का मान बताया है केवलं पुनः शरीरम् अंगुलपर्वाणि चतुरशीतिः तदा यामविस्तारसमं समुच्यते ।१३२ । तत्र आयुर्बलमोजः सुखैश्वर्यं वित्तम् इष्टाश्चापरे भावा भवन्त्यायत्ताः प्रमाणवति शरीरे । विपर्ययस्तु हीनेऽधिके वा ॥१३३ ।
श्री ओझाजी ने सुश्रुतसंहिता के मान को लिया है :—
सविशमंगुलशतं पुरुषा यामः इति ।(सूत्रस्थान ३५, १२) भवन्ति चात्र श्लोका : —
पञ्चविंशे ततो वर्षे पुमान् नारी तु षोडशे ।
समत्वागतवीर्यौ तौ जानीयात् कुशलो भिषक् ॥१३ ॥
देहः स्वैरंगुलैरेष यथावदनुकीर्तितः ।
युक्तः प्रमाणेनानेन पुमान् वा यदि वाङ्गना ॥१४ ॥
दीर्घमायुरवाप्नोति वित्तं च महदृच्छति ।
मध्यमं मध्यमैरायुर्वित्तं, हीनैस्तथावरम् ॥१५ ॥ तथा अरम् इतिच्छेदः इस मान में अत्यधिक ह्रास या वृद्धि विकारजन्य होती है :—

चतुर्युगाशीतिरिहांगुलीनां शरीरमात्रास्त्यधरोत्तरा या । चतुष्पदी पृ. ११३
तत् स्वांगुलीभिर्ध्रियतेऽथ भिन्नप्रमाणमत्रोदयते विकारात् ॥

इस विकार का संकेत उपरिउद्धृत वाग्भटपद्य 'अष्टाभिः निन्दितैः' में किया गया है जो चरक के 'अष्टेनिन्दितीय अध्याय' (सूत्रस्थान २१ वाँ) में विशद व्याख्यात है वे ' इह खलु शरीरमधि कृत्याष्टौ पुरुषा निन्दिता भवन्ति, तद्यथा अतिदीर्घश्च अतिह्रस्वश्च अतिलोमाच अलोमा च अतिकृष्णश्च अतिगौरश्च अतिस्थूलश्च अतिकृशश्चेति

(२१.३) इनमें भी सर्वाधिक निन्दित अतिस्थूल और अतिकृश है (४) सुश्रुत ने भी इसे प्रमुख रूप से लिया है
अत्यन्तगर्हितावेतौ सदा स्थूलकृशौ नरौ ।
श्रेष्ठो मध्यशरीरस्तु कृशः स्थूलात्तु पूजितः ॥सूत्र १५/३५

इन सबका आधार स्वयं वेद हैं : — अथैतानष्टौ विरूपानालभतेऽतिदीर्घं चातिह्रस्वं च, अतिस्थूलं चातिकृशं च, अतिशुक्लं चातिकृष्णं च, अतिकुल्वं चातिलोमशञ्च ।यजुर्वेद माध्यन्दिन संहिता ३०.२२) ।
वियच्छन्दः से आकाश का छन्दस्त्व स्पष्ट है । देशकाल और दिक् आकाश ही है अतः देशकाल भी छन्द के ह्रासवृद्धि के कारण है । वेद ब्राह्मण के इस रहस्य को दृष्टि में न रखनें से चरक सुश्रुत के टीकाकार इन दोनों के भेद को सही रूप से नहीं समझ पाये, सुश्रुत की १२० अंगुलियों को १०८ के बराबर मानते हैं सुश्रुत की अंगुलियों को छोटी मानकर । जब स्वांगुलि दिया गया है तो अंगुलि के छोटे बड़े होने का कोई अर्थ ही नहीं है । कालनिष्ठ अन्तर यहाँ है । सुश्रुत अत्यन्त प्राचीनकाल के हैं तदपेक्षया चरक अर्वाचीन हैं उसमें भी संभव है यह प्रतिसंस्कृत पाठ हो जो प्रतिसंस्कर्ता दृढबल के काल को बताता है । प्रादेश संबंधी विवरण टिप्पणी संख्या ४६ में द्रष्टव्य है ।

७२ मृग एक ओर हरिणवर्ग को बताता है वहीं दूसरी ओर पशु समान्य अर्थ भी देता है । सिंह के पर्यायवाचक मृगेन्द्र मृगदृष्टि मृगाशन जैसे शब्दों से तो यह स्पष्ट है ही शाखा-मृग को भी देखा जा सकता है । दक्षिण भारतीय भाषाओं में आज भी 'मृगम्' व्यवहृत है । मुर्ग जो पक्षी है, मृग का ही रूपान्तर है, शुतुर मुर्ग उष्ट्र-मृग का अपभ्रंश है अतः मृग को वन्य पशुपक्षी के लिए तथा पशु को ग्राम्य पशु पक्षी के लिए लिया जा सकता है ।

७३ यही छन्दःसमीक्षा (पृ. १२७, २७४) तथा पिंगलछन्दःसूत्रभूमिका (पृ.३४) में भी कहा गया है कि ह्रस्व करने की इच्छा से किसी दुबले पतले हाथी को बन्दर नहीं बनाया जा सकता है और न किसी अत्यन्त पुष्टांग कीड़े को बड़ा बनाकर बन्दर बनाया जा सकता है । तरूण कपि के समान शरीर वाले भी नरशिशु की महान् चेष्टाओं से भी, मुग्धता आदि दूर कर तरुण कपि जैसी उछल-कूद गमनागमन प्रौढि उस नरशिशु में पैदा नहीं की जा सकती है भले ही शरीर-परिमाण में समता हो । 'तरुणकपिवद् गमनागमनप्रवृत्ति प्रौढिं कर्तुं पारयामः' के साक्ष्य में आवरणपाठ 'बलैर्गतागतै ही उपयुक्ततर है जैसा अनुवाद में संकेत दिया है ।

७४ पद्य १०२-१४ का आधार माध्यान्दिन वाजसनेय संहिता अध्याय १५ की चौथी पाँचवी कण्डिका हैं । यहाँ एव आदि ४० छन्द गिनाये गये हैं । श्लोकानुरोध से क्रम में अन्तर आ गया है, संहिता के क्रम को अनुवाद में रखकर उसका ज्ञान कराने का उद्देश्य लिया गया । संहिता के प्रमाण पर वचो को व्यचो किया गया है, मनः के साहचर्य से वचः हो जाना सहज था, तथैव भी अपनी प्रसिद्धि के कारण तथा छन्दःपादपूर्ति के कारण स्थान पा गया, दोनों ही जगह तथैवः किया गया है । तैत्तिरीय संहिता ४.३.१२ मैत्रायणीसंहिता २.८.१९, काठक संहिता १७/१९ तथा काण्वसंहिता १६/४-८ में भी इन छन्दों की

गणना है । कहीं एक दो नामों में स्वल्प से भेद से अन्य कोई अन्तर नहीं है । माध्यन्दिन शतपथब्राह्मण ८/५/२/१-१७ में इनकी व्याख्या है ।

७५ ये १२ छन्द काण्वसंहिता १५/२०-२१, तैत्तिरीय संहिता ४/३/७/१३-२४, में भी इसी प्रकार हैं । इस पद्य में 'इत्याह च विश्वदेवः' जैसा एकवचनान्त पद श्री ओझाजी की एक विशेष मान्यता को प्रकट करता है । यजुर्वेद के ऋषियों के विषय में नाना मत हैं । एक मत यह है कि इनमें आयी हुई ऋचाओं के वे ही ऋषि हैं जो ऋग्वेद के मन्त्रों के हैं । दूसरा मत है कि तैत्तिरीय संहिता में दिये हुए काण्डर्षि भी तत् काण्ड के ऋषि हैं । एक मंत्र के अनेक द्रष्टा हो सकते हैं । फलस्वरूप तैत्तिरीय का चतुर्थकाण्ड विश्वेदेव देवतादृष्ट होने से वैश्वदेव काण्ड कहलाता है 'विश्वान् देवान् ऋषीन् तेषु विदुः वेदविदो जनाः' के रूप में काण्डानुक्रमणी का यह वाक्य यही बताता है । महर्षि दयानन्द सरस्वती भी विश्वदेव ऋषि ही मानते हैं । श्री ओझाजी ऋषियों को मंत्रों का रचयिता मानते हैं । उनके अनुसार यह व्यक्तिवाचक नाम है । इसे और भी स्पष्ट कर देता उनका 'एतानि पूर्वैस्पप लक्षणानि प्रोक्तानि सर्वाणि जगन्ति तावत् (पद्य १०६) पद्य में पढ़ा हुआ प्रोक्तानि पद ।

७६ सिकतानिवपन में करणभूत 'अग्ने तव श्रवो वयो महि भ्राजन्तेऽअर्चयो विभावसो . . .' (यजु. १२/१०६-१११) मन्त्रोक्त छ ऋचाओं की वैश्वानराग्निस्वरूपता की सिद्धि का यह प्रसंग है । इसके माध्यम से छन्दों की समुद्र आदि व्यवहारसत्ता का निदान देने के अभिप्राय से उदाहरण रूप में शतपथ की पंक्तियों का यह पद्यानुवाद है । वे पंक्तियाँ "अनन्तानि वा अहोरात्राणि, अनन्ताः सिकताः एवमुहास्यैता अहोरात्रैः सम्पन्ना अन्यूना अनतिरिक्ता उपहिता भवन्ति । अथ कस्मात् समुद्रियं छन्दः इति ? अनन्तो वै समुद्रः, अनन्ता हि सिकताः, तस्मात् समुद्रियं छन्दः । (७.२.३.३९) इस प्रकार समुद्र के साम्य से 'समुद्रे भवम्' समुद्रियम् व्युत्पत्ति से यह उपचार है ।

छन्दों के नाम की एक अत्यन्त लम्बी तालिका वैदिक वाङ्मय में है । उसका एक स्थूल आकलन यहाँ दिया जा रहा है :—

(क) एव आदि ४० छन्द तथा पृथिवी आदि १२ छन्द तो यहाँ मूल में दिये ही गये हैं ।

(ख) माच्छन्दः प्रमाच्छन्दः प्रतिमाच्छन्दो अस्रीवयश्छन्दः पंक्तिश्छन्दः उष्णिक् छन्दो बृहती छन्दोऽनुष्टुप् छन्दों विराट्छन्दो गायत्रीछन्दस्त्रिष्टुप् छन्दो जगती छन्दः (यजु. १४/१८) । ये १२ छन्द । काठक ३९/४०, तैत्तिरीय सं. ४/३/७/१-१२ में भी है ।

(ग) वयोविशेष के साथ छन्दोविशेष के संबंध को बताने वाले प्रजापति मयन्द आदि १९ छन्द यजुर्वेद १४/९-१० में बताये गये हैं जो इस प्रकार है :—

मूर्धावयः प्रजापतिश्छन्दः, क्षत्रवयो मयन्दं छन्दः, विष्टम्भो वयोऽधि पतिश्छन्दः, विश्वकर्मावयः परमेष्ठीछन्दः, वस्तोवयो विवलं छन्दः, वृष्णिर्वयो विशालं छन्दः, पुरुषोवयस्तन्द्रं छन्दः, व्याघ्रोवयोऽनाधृष्टं छन्दः, सिंहो वयश्चदिश्छन्दः, पष्ठवाड्वयोबृहती छन्दः, उक्षावयः ककुप् छन्दः, ऋषभोवयः सतोबृहती छन्दः । (१४/९) अनड्वान् वयः पंक्तिश्छन्दः, धेनुर्वयोजगती छन्दः, त्र्यविर्वयस्त्रिष्टुप् छन्दः, दित्यवाड्वयः

विराट्छन्दः, पञ्चाविर्वयो गायत्री छन्दः, त्रिवत्सोवयः उष्णिक् छन्दः, तुर्यवाड्वयोऽनुष्टुप् छन्दः ।(१४/१०)।

वेद को काव्य मात्र मानकर इसे आलंकारिक वर्णन के रूप में लेकर उपचार आदि के आधार से रूपकादि अलंकारों तक सीमित रह जाना, आवरणवाद के छन्दःस्वरुप को समझ लेने पर कथमपि ग्राह्य नहीं होगा जब कि संहिताओं में 'मा छन्दः तत् पृथिवी, अग्निर्देवता, तेन छन्दसा तेन ब्रह्मणा तया देवतया अंगिरस्वद् ध्रुवासीद । प्रमाछन्दः, तदन्तरिक्षम्, वायुर्देवता, । प्रतिमाच्छन्दः , तद् द्यौः, सूर्योदेवता । अस्रीवीश्छन्दः तद्दिशः सोमो देवता । गायत्री छन्दः, तदजा, बृहस्पतिर्देवता । त्रिष्टुप् छन्दः, तद् हिरण्यम् इन्द्रोदेवता, जगती छन्दः, तद् गौः, प्रजापतिर्देवता । अनुष्टुप् छन्दः, तदायुः, मित्रो देवता । उष्णिक् छन्दः, तच्चक्षुः, पूषा देवता । विराट छन्दः तदश्वः वरुणः देवता । बृहती छन्दः- तत्कृषिः, पर्जन्यो देवता । पंक्ति छन्दः, तत् पुरुषः, परमेष्ठी देवता (मैत्रायणी सं. २/१४/९३-९७) । जैसे स्पष्ट कथन हैं तथा ब्राह्मणो में १ अहर्वै वियछन्दः (शतपथ ८.५.२.५) २. कि छन्दः का देवता, योऽयमवाड्प्राण इति यज्ञायज्ञियं छन्दः वैश्वानरो देवता (शत. १०.३.२.८) । ३. विच्छन्दाश्छन्दो वायुर्देवताः प्राणाः ।(शत. १०.३.२.१२)।४. वायुर्वै निकायश्छन्दः (शत. ८.५.२.५)। ५. पशवो वै चतुरुत्तराणि छन्दांसि । (तांड्य४/४/६) । ६- पशवो वै प्रगाथः । (कौषी. १५/४) ७- पशवो वै बृहती (मैत्रा. सं. २/३/७) ८-आ छदिस्त्वा छन्दो दधे । (मैत्रा. सं. १.६.१४,२२) । ९ - ऋक् छन्द, वष्टकार छन्द,(मैत्रा २/१३/१७) यह सब कुछ देखना समझना चाहिये यह निर्देश आदेश और अपेक्षा श्री ओझाजी की 'तथान्यान्यपितानि विद्यात्' के कथ्न से स्पष्ट है ।

७७ इस पद्य में 'वियन्ते' पद से छन्दोभंग हो रहा है । आर्षवाङ्मय में छन्द संबंधी ऐसी बातों को दोष नहीं माना जाता है तथापि लय में विषम व्याघात होता है अतः इसे 'तास्ता अनन्ताः प्रतिमा वियन्ते यथैकयैव धियका तदित्थम्' के रूप में लिया जा सकता है । श्री ओझाजी की पदरचना सहजगति के रूप में है उसमें प्रयास की गन्ध भी नहीं है, इस दृष्टि से इसे मूल में परिवर्तित नहीं किया । यथा वा प्रतीक से दे दिया ।

७८ वैशेषिक दर्शन में दिशा का लक्षण 'इत इदमिति यतः तद् दिश्यं लिङ्गम्'(२/२/१०) द्रव्यत्वनित्यत्वे वायुना व्याख्याते । ११) तत्त्वं भावेन ।(१२) कार्यविशेषेण नानात्वम् (१३)। आदित्य संयोगाद् भूतपूर्वाद् भविष्यतो भूताच्च प्राची । (१४) तथा दक्षिणा प्रतीची उदीची च ।(१५)। एतेन दिगन्तरालानि व्याख्यातानि' ।(१६) इन सात सूत्रों में दिया गया है । अपनी र्पा से दार्शनिक विचारो का उद्भव करना तथा वेद के प्रमाण से उन्हें प्रतिष्ठित करना वर्तमान दर्शन निपश्चितों की सरणि है जब कि दर्शन का स्वरूप ही है कि वेद में इन विचारों को क्रमबद्ध शास्त्रीय रूप में देखना । इस विपरीत दृष्टि का परिणाम यह हुआ कि इन दिशा जैसे पदार्थों का भातिसिद्ध अस्तित्व प्रमुख रूप ले बैठा, सृष्टि में इनकी सर्जकता भी है यह सभी दार्शनिक भुला बैठे । श्री ओझाजी का लक्षण दिग् के देवत्व को छन्दस्त्व को स्पष्ट करता है केवल सापेक्षव्यवहासाधन मात्र ही दिशाओं को नहीं बताता है । ऊपर उद्धृत २.२.१३वें सूत्र की व्याख्या से श्री चन्द्रकान्त भट्टाचार्य के भाव वैदिक मूल को पकड़ते हुए से लगते हैं — सूत्रकार की आन्तरिक भावना यह प्रतीत होती है कि काल और दिशा आकाश से भिन्न तत्त्व नहीं हैं । आकाश

के अस्तित्व को सूत्रकार ने स्पर्श वाले द्रव्य, आत्मा एवं मन से भिन्न सिद्ध करने में पूरा बल लगाया है और काल दिशा के भेद को उसी में समझ लिया है। इनके द्रव्यत्व नित्यत्व और एकत्व को वायुपरमाणु तथा सत्ताजाति के समान कहकर संतोष कर लिया हैं। इसके अतिरिक्त काल व दिशा में कोई विशेष गुण समवेत नहीं रहता है। वस्तुतः आकाश एक तत्त्व ही कार्यभेद से काल व दिशा के रूप में नाना वर्णित हुआ है। उसी कार्यभेद का दिशा की दृष्टि से अग्रिम सूत्रों में निर्देश है। (उदयवीर शास्त्री विद्योदय, भाष्य) किस प्रकार यह एकीय मत के रूप में निरपेक्षभाव से व्यक्त कर दिया गया बिना किसी प्रकार के टिप्पण से, यदि श्री ओझाजी के

(१) छन्दोभिराच्छादनमेति दिग्भिः (अहोरात्रवाद)

(२) यतो वस्तुव्यवच्छित्तिश्छन्द आयतनं च तत्।
देश आयामविस्तारौ दिक्कालौ छन्दसि स्फुटाः ॥ ब्रह्मसमन्वय पृ. ३७ पद्य ३८३

(३) यं वा यथा यत्र विलोकचमः स कार्यपर्यायधृतोऽस्तिलोकः।
छन्दांसि वेदाँश्च दिशश्च यज्ञान् सहान्ववेतानि वदामि लोकम् ॥रजोवाद २२४

(४) देवता निवित-दिक्प्रतिपत्ति-पृ. ६०-६१ एवम् अन्यत्र भी प्रतिपादित दिक्स्वरूप देखा हुआ होता तो ब्राह्मणों व वेदों के

१. अथ यत्तत् श्रोत्रमासीत्ता इमा दिशोऽभवन् ।जै उब्रा. २.१.२.४

२. आनुष्टुभीर्दिशः ।शत. ६.५.२.७

३. ता. (दिश.) उ एव विश्वे देवाः जै. उ. ब्रा २.१.२.४

४. दिशः समित्, ता प्रजापतिःसमिन्द्धे। मैत्रा. सं. ४.९.२३

आदि वाक्यों तथा मंत्रों के स्पष्ट अर्थ बुद्धिगम्य होने लगते हैं।

७९ विश्व के यावन्मात्र पदार्थ अनवरत असंख्य क्रियाओं के परिणाममात्र ही है वार्ष्यायणि ने विकारों की इन समस्त उपाधियों को जायते अस्ति विपरिणमते वर्धते अपक्षीयते विनश्यति' (इति निरुक्त १.२.८) इन छ भाव विकारों की श्रृंखला में निबंद्ध करते हुए गिना दिया है जो यहाँ 'सत्तां गृहीत्ता, मिह कालः माहु' के रूप में व्यक्त है ता अस्ति से लेकर विनश्यति के पूर्व क्षण तक 'सत्ता' ही है। इसे ही भगवान् भर्तृहरि ने —

अध्याहितकलां यस्य 'कालशक्ति' मुपाश्रिताः।
जन्मादयो विकाराः षट्, भावभेदस्य योनयः ॥ (वाक्यपदीय १)

काल के इस महत्त्व को भगवान् पाणिनि की 'कल शब्दसंख्यानयोः' (१.३३२ कलते) कल किल पिल क्षेपे (१०.५९, कालयति) तथा कल गतौ संख्याने च (१०.२५३, कलयति) धातुएँ स्पष्ट करती हैं। पाणिनि से पूर्ववर्ती आचार्य काशकृत्स्न इनके अतिरिक्त 'मल मल्ल कल कल्ल धारणे' (१.२४६, कलति) के द्वारा धारण अर्थ भी पढ़ते हैं। चन्नवीर धारण का अर्थ घर्षण तथा कलति का अर्थ मन्थति देते हैं जो धृ रूपवाली सभी धातुओं के (धृङ् अवध्वंसने (१.६७५ सायण) धृङ् अवस्थाने (६.११५) धृञ् धारणे (१.६२९ सा.) तथआ धृत्रयोहानौ (९.२५ साणण) के अर्थ का उपलक्षक है। अत एव भर्तृहरि ने 'तमस्य लोकतंत्रस्य सूत्रधारं प्रचक्षते।
प्रतिबन्धाभ्यनुज्ञाभ्यां, तेन विश्वं विभज्यते ॥ (वाक्यदीय ३) के रूप में काल की प्रतिबंध

और अभ्यनुज्ञा क्रियाओं द्वारा सर्वप्रभुता बताते हुए छन्दस्त्व सिद्ध किया है। श्री ओझाजी द्वारा समर्थित 'प्रयोजकभाव भी मर्तृहरि ने स्पष्ट

'प्रयोजकास्तु ये भावा: स्थितिभागस्य हेतव: ।
तिरोभवन्ति ते सर्वे यत: आत्मा प्रहीयते ॥

इस प्रकरण में बताया है। श्री ओझाजी 'स्थित्युपपादका धर्मा बन्धव:' कहकर बन्धुता बताते हैं वही यहाँ 'स्थितिभागस्य हेतव:' के रूप में है। सूर्यसिद्धांत में लोकान्तकृत् और लोककलनात्मक रूप से काल को दो भागों में लिया गया है। अति अदि बन्धने धातु से अन्त का अर्थ बन्धन लें जैसा कि सिद्धान्त राद्धान्त वेदान्त 'काल्यायन्या तेऽन्तं करवाणि' (बृहदारण्यकोप निषद् में याज्ञवल्क्योक्ति) जैसे स्थलों पर स्पष्ट है तो लोकबन्धनकृत 'यम' काल ही है तथा कला कला चलकर उस बन्धन को खोलता भी है:—

लोकानामन्तकृत् काल:, कालोऽन्य: कलनात्मक: ।
सद्विधा स्थूलसूक्ष्मत्वाद् मूर्तश्चामूर्तउच्यते ॥१.१०
काल का कलनात्मक रूप जो मूर्त है 'प्राण' से प्रारम्भ होता है
प्राणादिकथितो मूर्त स्त्रुट्याद्योऽमूर्तसंज्ञक: ।
षड्भि: प्राणैर्विनाडी स्यात् तत्षष्टय नाडिका स्मृता ॥१.११

त्रुटि और प्राण का मानदण्ड ये सूर्यादिग्रह और नक्षत्र हैं जो अनन्त आकाश में मानचिह्न हैं और विश्व के प्रयोजक भाव हैं। भर्तृहरि कहते हैं :—

मात्राणां परिणामा ये कालवृत्यनुयायिन: ।
नक्षत्राख्या पृथक् तेषु चिह्नमात्रं तु तारका: ॥

इस प्रकार आकाश छन्द के अवान्तर भेद देश दिक् और काल को बताते हुए श्री ओझाजी ने वैदिक विज्ञानपक्ष को समझनें का प्रस्थान आवरण वाद से प्रस्तुत कर दिया है।

८० आदित्यमण्डल से काल आदि का संबंध :—
स्मृति: प्रत्यक्षमैतिह्यमनुमानचतुष्टयम् ।
एतैरादित्यमण्डलं सर्वैरेव विधास्यते ॥तैत्ति.आर. १.२.१
सूयो मरीचिमादत्ते सर्वस्माद् भुवनादधि ।
तस्या: पाकविशेषेण स्मृतं कालविशेणम् ॥ २
एवं नाना समुत्थाना: काला: संवत्सरं श्रिता: ।
अणुशश्च महशश्च सर्वे समवयन्ति तम् ॥४
अस्त्रीविछन्द सोमदेवतात्मक दिशाएँ हैं, संवत्सर व सोम का संबंध ऋतु की दृष्टि से प्रसिद्ध ही है :—

(क) अस्त्रीवीश्छन्द:, तद्दिश:, सोमो देवता। मैत्रा.सं. २.१३.१४
(ख) अस्त्रीवयश्छन्द: ताद्दिश: सोमो देवता (काठक सं. ३९.(४) ३९

(ग) सोमश्चतुरक्षरया श्रीवीर्नक्षत्राणि, सोमाय चतुरक्षराय छन्द से स्वाहा (मैत्रा. संहिता १/११/१०)

(घ) सोमश्चतुरक्षरया चतुष्पदः पशूनुदजयत्, सोमश्चतुरक्षरया स्त्रीवीर्नक्षत्राणि । काठक संहिता । १४/४/

८१ मूल पाठ 'जीवितमस्ति वस्तुन्यच्छाद' था जिसे 'वस्तुनस्तच्छाद' के रूप में ठीक किया गया है

८२ विश्वरूप वसन में मा प्रमा प्रतिमा और अस्त्रीवय ये चारों छन्द माने जानें का कारण अथवा आधार यही है कि इन में वस्तु के घटक सभी भाव समाहित हैं । 'संख्यादि परिच्छेदे माशब्दस्य, तत्तदर्था-यतनताम् आशयापदवाच्यायां वस्तुभूप्रतिष्ठायां प्रमा-शब्दस्य, तुलितके च (प्रतिमाशब्दस्य, (छन्दःसमीक्षा पृ. १०३) इसका विस्तार पृ. १०७-१०८ में) दिक्काल युत्योश्च अस्त्रीवयश्छन्दसः प्रसिद्धत्वात्' से यह स्पष्ट है । मा भूमि, प्रमा अन्तरिक्ष, प्रतिमा द्युलोक, और अस्त्रीवय अन्न है । इस प्रकार अत्ता और आद्य तथा प्रतिष्ठा का भाव इनसे पूरी तरह व्यक्त है । अतः ये चारों अग्नि (वयः) के विश्वरूप वसन (वयोनाध) हैं जिससे संपूर्ण वयुन बना है । इसका कुछ और स्पष्टीकरण ब्रह्मसमन्वय में है :—

संवत्सरो विश्वरूपं सोऽग्निर्द्वादशमासभृत् ।
षष्टित्रिशत्यहोरात्रमहानि द्विःकृतान्यतः ॥पृ. ८० पद्य ६२
संवत्सरः षड्ऋतवो मासद्वयविभागतः । ६३........
देवैर्वेदैश्च भूतैश्च लोकैः प्राणैः पशुव्रजैः ।
आग्नेयाक्षितिभिः षड्भिर्विश्वरूपं तदक्षितम् ॥
छन्दोभिर्ऋकपभिःहस्तोमैः पृष्ठैर्भूतैश्चह दैवतैः ।
षडभिश्च सौम्याक्षितिभिर्विश्वरूपं तदक्षितम् ॥ (शतपथ ११/१/१५)
वेदमंत्रों में आदित्य को भी विश्वरूप कहा गया है :—

आदित्यं गर्भं पयसा समञ्जन्त्सहस्रस्य प्रतिमां विश्वरूपम् ।
परिवृङ्धिहरसा माभिमृक्षः शतायुषं कृणुहि चीयमानः ॥तै. सं. ४/२/१/१०
आदित्य के वसन भी विश्वरूप —

विश्वरूपाणि वांसासि आदित्यानां निबोधत । दैवरात संहिता आरण्यक
इसी भांति मा प्रमा आदि के ये प्रयोग भी इन्हीं अर्थों के उपोद्बलक हैं:— 'सहस्रस्य प्रमा असि, सहस्रस्य प्रतिमा असि, सहस्रस्य विमा असि, सहस्र स्योन्मा असि, साहस्रोऽसि । (तै.सं. ४.४.११, १८.२०)
मूलग्रन्थ की टिप्पणी में बताया गया है कि सुजातो ज्योतिषा' मंत्र के भाष्य में माधव बहुरूपार्थक विश्वरूप शब्द को वस्त्र का विशेषण मानते हुए व्याख्या करते हैं जो यज्ञ प्रकरण के अनुरोध से है, वस्तुतः वैज्ञानिक व्याख्या नहीं है । वैसे भी यह स्पष्ट है कि चित्र वस्त्र अग्निके वस्त्र नहीं हो सकते हैं । आदित्यं गर्भम् जैसे अनेक मंत्रों में विश्वरूप को सर्वरूप जगद्रूप जैसे अर्थ में ही लिया गया है । महीधर भी 'कृष्णाजिन' रूप अर्थ

ही करते हैं, उव्वट फिर भी ठीक हैं जो वास: का विभूतय: अर्थ करते हैं । नीचे पद्य ११६ की मूलस्थ टिप्पणी में उद्धृत मंत्र में वाक् का विशेषण विश्वरूपा है जो जगद्रूपार्थक ही है । सर्वरूप से भिन्न अर्थ में देवों के साथ वर्णविशेष के वस्त्रों का संबंध बताया गया है जो भी अन्ततोगत्वा स्वरूपत: आच्छादक अर्थ में ही पर्यवसित होता है ।

(क) सारागवस्त्रैर्जरदक्ष: । वसन्तो वसुभि: सह । तै.आ. १/३/५
(ख) शुक्लवासा रूद्रगण: । ग्रीष्मेणा वर्तते सह । ८
(ग) ऋभूणां तन्निबोधत । कनकाभानि वासांसि १/४/१
(घ) अतिताम्राणि वासांसि अष्टिवज्रिशताघ्ने च १/५/१

वस आच्छादन से वास: छन्द ही है । छन्दोमयवास श्रीमद्भागवत पुराण के
स्वमायां वनमालाख्यां नानागुणमयीं दधत् ।
वासश्छन्दोमयं पीतं ब्रह्मसूत्रं त्रिवृत् स्वरम् ॥१२.११.११
इस पद्य में विष्णुस्वरूपवर्णन में बताया गया है । वसिष्ठ-स्मृति में भी
छादनाच्छन्द उद्दिष्टमाकृतेर्वाससी यथा ।
आत्मा संछादितो देवैर्मृत्युभीतैश्च वै पुरा ॥

आदित्यैर्वसुभी रुद्रैस्तेन छन्दासि तानि वै ।

आगे पद्य १२९ की टिप्पणी में छन्दों के विभिन्न रूप बताये गये हैं जो वहाँ द्रष्टव्य हैं ।

८३ मूल टिप्पणी में शिल्प का छन्दस्त्व बताया गया है जिसका सारार्थ इस प्रकार है— 'शिल्प दो प्रकार का है अपूर्व कौशल और प्रतिरूप । निम्नलिखित मंत्रों येभि: शिल्पै:, येभिरादित्यस्तपति, यत्ते शिल्पं कश्यपम्,- में स्वरूपकौशल को शिल्प बताया गया है । साथ ही उद्धृत शातपथी श्रुति ३.२.१.५ प्रतिरूपकरण को शिल्प कहती है । ऐतरेय ब्राह्मण ६/२७ की उद्धृत श्रुति में छन्दोमय आत्मा के संस्करण को शिल्प कहा गया है । भले ही यहाँ साक्षात् रूप में शिल्प को छन्द नहीं कहा गया है तथापि छन्दोमय आत्मा का शिल्प से संस्करण शिल्पों का छन्द के साथ सन्निकर्ष बता रहा है, इसी विज्ञान से शिल्प में छन्दोभाव का व्यवहार है ।

लगभग ऐसे भाव और यही भाषा गोपथ ब्राह्मण (उत्तर ६/७) में हैं :— शिल्पानि शंसति, यदेव शिल्पानि, एतेषां वै शिल्पानामनुतिर्हि शिल्पमधिगभ्यते, हस्ती कंसो वासो हिरण्यम् अश्वतरी स्थशिल्पम्, शिल्पं हास्य समधिगम्यते, य एवं वेद, आत्मसंस्कृतिर्वै शिल्पानि, आत्मानमेवास्य तत् संस्कुर्वन्ति ।
प्राणा: शिल्पानि (कौषीतकि ब्रा. २५.१२.१३ शिल्पैर्हि सर्वं कुर्वन्ति (काठक ८/५) प्राणशिल्प हैं, प्राण छन्द हैं, ये वय हैं वयोनाध हैं, इस दृष्टि से भी शिल्प छन्द हैं । शील समाधौ (१/३४१) शील उपधारणे (१०.२६५) धातु से औणादिक प प्रत्यय के योग से शिल्प की व्युत्पत्ति मानी गयी है । सम् एकीभाव आचारों ओर से, धि -धा का किप्रत्ययान्त रूपरखना, इस प्रकार समाधि या समाधान शिल्प है जो सीमाभाव प्रधान है । छन्द भी सीमा है, शिल्प समाधिरूप में वस्तुनिर्माण में छन्द ही है ।

पूज्य श्री ओझाजी ने शिल्प का ऐसा ही व्यापक रूप लिया है । जैसे :—

(क) यज्ञप्रजापतिर्द्वेधा जीवोऽन्यः सोऽन्य ईश्वर ।
तस्मात् सर्वोऽप्ययं द्वेधा जैवोऽन्यः सोऽन्य ऐश्वरः ॥ब्रह्मसम. पृ. १६२ पद्य ९९
छत्रामत्रे कूर्चमञ्चौ शाला माला घटः पटः ।
अपूर्वं प्रतिरूपं वा शिल्पं जीवस्य सृष्टयः ॥१००
सूर्यचन्द्रपृथिव्याद्या गिरिवायुजलाग्नयः ।
चराचरा भूतसर्गा भवन्तीश्वर सृष्टयः ॥१०१

(ख) अपूर्वरूप- प्रतिरूप - भेदात् शिल्पं द्विधान्तर्जगतो बहिस्तत् ।
प्रणीयते चेत्तदपूर्वरूपं पूर्वं बहिस्तत्र न तादृशोऽर्थः ॥संशयवाद पृ. ११५, पद्य ६५
बहिर्यथा तद्वदयं पुरोऽन्तः करोति तद्वच्च बहिः करोति ।
तदेतदुक्तं प्रतिरूपशिल्पं ततश्च सिद्धं द्विविधं जगत्तत् ॥६६
बहिर्जगच्च द्विविधं प्रतीमः स्वतः स्थितं जीवधिया च कलृप्तम् ।
सूर्येन्दुशैलप्रमुखाः स्वतःस्थाः, गृहांश्वमत्रादि तु कृत्रिमं स्यात् ॥६७

(ग) अपूर्वशिल्पे प्रतिरूपशिल्पे ज्ञानस्वभावो द्विविधः प्रतीतः ।
अपूर्वरूपाणि करोत्यकस्माद् गृह्णाति रूपाणि यथास्थितानि ॥पृ. १२८ पद्य २१४
शिल्पप्रज्ञधर्मतापि प्रादर्शि—

(घ) हस्तक्रियाकौशलमंत्र कर्मस्फूर्तिश्च वाक्पाटवमेवमादिः ।
प्रज्ञस्य धर्मो न महान् नवायं क्षेत्रज्ञ आत्माधिकरीति तस्मिन् ॥ ब्र. चतु. पृ.१०५
ईशउपासना में प्रपत्ति जैसी भक्ति में भी शिल्प योग—

(ङ) ग्रन्थं प्रचार्येह सदर्थबोधं राष्ट्रं प्रतिष्ठाप्य विशिसंस्थाम् ।
शिल्पं विनिर्माय महोपकारं यज्ञेन तेनेश मसावुपास्ते ॥संशय पद्य ८४

(च) उपासना सा यदि जीवतंत्र जीवोऽर्पयेदीश्वरतन्त्रमध्ये ।
प्रजापतेः शिल्पमयं स्वशिल्पैः संसृज्य संस्कृत्य करोति ऋद्धम् ॥१३४
वनोदयः प्राकृतधर्म ऐशे तन्त्रे निविष्टः स हि शिल्पयोगात् ।
आरामतामेति तदिनथमैशे स्वबुद्धियोगोऽस्ति सभक्तियोगः ॥१३४
अपूर्वमर्थं विदधद्बहिर्धा पुष्णाति विश्वं स च भक्तियोग : ॥१३५

यद्यपि इन उदारहणों से द्विविध शिल्प का स्वरूप बहुत कुछ अवगत हो जाता है तथापि छन्दःसमीक्षा (पृ. १२६, २७३) के 'यत्र प्रकृतिदृष्टार्थस्य भूयसा वैरूप्यमेव संसाधयितुमिष्यते तद् अपूर्वकौशलकरणं शिल्पम्। प्रतिरूपमयत्र तु प्रकृतिदृष्ट स्यर्थस्यभूयसानुरूप्यमेव संसाघेयितुमिष्यते तत् प्रतिरूपकरणं शिल्पम् ।

यह अपूर्व शिल्प भले ही दैशिक अवच्छेद रूप हो या परिमाणावच्छेदरूप हो, मा प्रमा से पृथक् नहीं है, इसी भांति प्रतिरूपकरण भी प्रतिभाव से भिन्न नहीं है 'फलतः शिल्प का भी अन्तर्भाव मा प्रमा प्रतिमा में ही होता है ।

८४ छन्दःसमीक्षा (पृ. १०६) 'अथान्ये व्यभिचारिणः सर्वे धर्माः सञ्चारिभावाः, यथा आर्द्रत्व उष्णत्ववेशभूषादयः सांयोगिकार्थाः । एतेऽप्यनात्मभूता एव । तेषां सत्वासत्वयोः तद्-वस्तु स्वरूपस्य तटस्थत्वात्' के आधार पर ११८-११९ पद्यो का अर्थ व्याख्यात किया गया है ।

८५ उपचारसंबंधी यह प्रकरण छन्द:समीक्षा (पृ. ११०-१२७, १८ पृष्ठ, तथा २७३-२८४ १२ पृष्ठ) में पर्याप्त विस्तार से विचारा गया है। उपचार का स्वरूप स्पष्ट करने के लिये १ अग्निवास: २ संवेशोपवेशौ ३ शिल्पम् ४ एति च प्रेति च ५ संस्कार: ६ द्रविणम् ७ छन्दोभाषा तथा ८ जलवातौषधि, विभागों में एक-एक कर गम्भीर विचार प्रस्तुत किये गये हैं। इस प्रकरण से अनेक वैदिक रहस्य स्पष्ट होते हैं तथा वेदार्थ की वैज्ञानिक प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त होता है। उपचार के संबंध में ही छन्द शब्द के १ विष २ रह: ३ रुचि ४ अभिलाष: ५ वश्यता ६ स्वैराचार ७ निष्प्रतिबन्ध और ८ विरेचन (व्यावर्तन) इन आठ अर्थों पर विचार कर वाङ्मय से प्रदत्त उदाहरणों के साथ औपचारिक अवच्छेद अर्थ इनकी गतार्थता बतायी गयी है।

छन्दोभाषा के संदर्भ में सूर्यमण्डल, सूर्य की एकाश्वता, सप्ताश्वता तथा बृहतीसम्बद्धता आदि अनेक विषयों का विशद प्रतिपादन है। इनमें कुछ विषय पूर्व में आ गये हैं तथा कुछ अब व्याख्यात हैं। १८-२० पृष्ठों की इस वस्तु को कतिपय पद्यों द्वारा यहाँ (आवरणवाद मे) संकेतरूप में प्रस्तुत किया गया है।

८६ इस प्रसंग के प्रारम्भ में छन्द:समीक्षा (पृ. ११०) में शातपथी श्रुति के उद्धरण के साथ स्पष्ट रूप में कहा गया है कि 'ननु एवमपि परिच्छेदप्रतिष्ठा तुलितकातिरिक्तार्थस्य सर्वथा छन्दस्त्वं नास्तीत्यनवक्लृप्तम् - छन्दोविशेषाणां गायत्र्यादीनामेवमर्थव्यतिरेकेणैवा द्यापि भूयसोपचारदर्शनात् अर्थात् पुन: यह प्रश्न उपस्थिति होता है कि परिच्छेद प्रतिष्ठा व तुलितकत्व रूप मा प्रमा प्रतिमा से भिन्न अर्थच्छन्द नहीं है यह कथन सर्वथा अनुपन्न है क्योकि परिच्छेदादि तीनों अर्थों से भिन्न अर्थ मे भी गायत्री आदि छन्दविशेषों का प्रयोग मिलता है" (छन्द: समीक्षा, भूमिका पृ ११५)। उदाहरण रूप में

(क) स वा एति च प्रेति चान्वाह, गायत्रीमेवैतदर्वाचीं च पराचीं च युनक्ति। पराची अह देवेभ्यो यज्ञं वहति, अर्वाची मनुष्यान् अवति। तस्माद् वा एति च प्रेति चान्वाह (शतपथ १.४.१.४) (ख) यद् वेति च प्रेति च अन्वाह (५) यद् उ एव एति च प्रेति च अन्वाह, प्र इति वै रेत: सिच्यते, आ इति प्रजायते, प्रेति पशव: वितिष्ठन्ते, एति समावर्तन्ते, सर्वं वै इदम् एति च प्रेति च तस्माद् वै एति च प्रेति चान्वाह। सोऽन्वाह प्र वो राजा अमिद्यव इति तन्नु प्रेति भवति। 'अग्न आयाहि वोतय' इति तद्वेति भवति। ६-७, यह प्रेति-एति, एति-प्रेति क्रिया चक्र है जिससे उपलक्षित अर्थ को गायत्री कहा गया है।

प्र-प्राणन, आअपानन, के इस व्यापार को विभिन्न रूपों में रजोवाद निश्वासोसोच्छ्वास में पद्य ५३८ से ५६१ तक स्पष्ट किया गया है। अन्यत्र भी फुटकल रूप में यह प्रसंग उसी ग्रन्थ में है जो वहीं द्रष्टव्य है।

८७ यहाँ १२३ से १२८ तक क्रमांक के इन आठ मंत्रों में १२४, १२४क, १२७, १२७ क तथा १२८ क्रम के पाँच मंत्र अस्यवामीय सूक्त के हैं। वेद के वैज्ञानिक स्वरूप को समझने में यह सूक्त अतीव महत्त्व का है।

यहाँ मंत्रों के मूल पाठ में कुछ परिवर्तन किया गया है। १२३ वें मंत्र का पूर्वार्ध ४.४५.१ ऋचा का पूर्वार्ध है तथा उत्तरार्ध १.१६४.३ ऋचा का पूर्वार्ध है। इन्हें पूरे पूरे मंत्र के रूप

में लेकर १२३ वें तथा १२४ क क्रम पर सन्निविष्ट किया गया है। मूल का १२६ वाँ पद्य १२४ वाँ, १२३ का उत्तरार्ध १२४ क, १२४ वा १२५, १२५ वाँ १२६, १२७वाँ १२७वाँ है। पञ्चवादं पितरं द्वादशारं मंत्र १२७क अतिरिक्त रूप से प्रासंगिक होने से लेकर बढाया गया है, १२८ वाँ १२८ वाँ ही है। दो बार 'क' 'क' संख्या देकर मूल ग्रन्थ की संख्या को ज्यो का त्यों रहने दिया गया है।

द्वादशार तया द्वादशाकृति शब्द आकाश के १२ विभाग बताते हुए ३०-३० अंश की मेषादि राशियों के अस्तित्व के सूचक हैं। ऐसा न मानने पर १२ की संख्या का कोई अर्थ नहीं है और न द्वादशाकृति के आकृति का ही कोई अर्थ है। ज्योतिष के इतिहास अथवा स्वरूप पर विचार करते समय इस तथ्य को ओझल नहीं होने देना चाहिये। ऐसा ही एक मंत्र अथर्ववेद का द्वादश प्रधयश्चक्रमेकं त्रीणि नभ्यानि क उतच्चिकेत।
तत्राहतास्त्रीणि शतानि शङ्कवः षष्टिश्च खीला अविचाचलाये ॥१०.८ भी है जहाँ '१२ प्रधियों का एक चक्र' संवत्सर को बताया गया है। अस्य वामीय सूक्त में भी यह मंत्र (१.१६४.४८) है।

इन मंत्रों के उद्धरण का तात्पर्य श्री ओझाजी ने १२९ से १३२ तक के चार पद्यों द्वारा स्पष्ट कर दिया है। वेद में छन्दों को कहीं पशु कहीं सूर्याश्व अथवा अश्व कहीं सदन कहीं साध्यदेव कहीं अग्नि का शरीर कहीं व्रज-गोस्थान कहा गया है। इन सबका अभिप्राय समझने हेतु दिशानिर्देश इन १२८-१३२ पद्यों में है।


८८ इस पद्य का मूल स्रोत 'सोऽब्रवीत् प्रजापतिः छन्दांसि:.... एतमध्वानमनुसमचरत्' मूल टिप्पणी में यथावत् दे दिया गया है। यहाँ प्रजापति सूर्य है, सात छन्द रथरूप हैं जो स्पष्ट हैं। वेद और ब्राह्मणों के ये विषय पुराणों में बाहुल्य से आये हैं। केवल श्रीमद्भागवत पुराण में ही छन्दों की यह विविधरूपता देखिये :—

१. छन्दांसि 'अनन्तस्य शिरः' गृणन्ति।२.१.३१
२. वाचां बह्नेः मुखं क्षेत्रं छन्दसां 'सप्तधातवः'। २.७.११

छन्दांसि साक्षात् तत्र 'सप्त धातवः', त्रयीमयात्मन्।८.७.२८

३. 'छन्दः सुपर्णैः' ऋषयो विविक्ते।३.५.४०
४. छन्दांसि यस्य 'त्वचि' बर्हि रोम।३.१३.३५
५. तार्क्ष्येण 'स्तोत्रवाजिना'। ४.७.१९
'गरुडो भगवान्' स्तोत्र-स्तोमश्छन्दोमयः।६.८.२९
६. यत्र 'हयाः' छन्दोनामानः सप्त।८.३.३१
७. छन्दोमयं यदजयार्पितषोडशारं 'संसारचक्रम्'। ७.९.२१-२२
८. खेभ्यश्च छन्दांसि 'ऋषयः'।८.३.३९
९. छन्दोमयो 'देवऋषिः पुराणः'। ८.७.३०, यहाँ पुराण प्राचीन अर्थ में विशेषण न होकर पुर् में गतिशील पुरसंघटक 'देवप्राण' अर्थ में है।
१०. यस्य छन्दोमयो 'ब्रह्मदेहः' 'आवपनं' विभो! १०.८०.४५
११. यद्यसौ छन्दसां लोकम् आरोक्ष्यन् 'ब्रह्मविष्टपम्'। ११.१७.३१

# टिप्पणीक्रमांक ८८ की समाप्ति पर परिलेख प्रथम



सप्त च्छन्दांसि चतुरुत्तराण्यन्तो अन्यस्मिन्नध्यार्पितानि ॥
कथ स्तोमाः प्रतितिष्ठन्ति तेषु तानि स्तोमेषु कथमार्पितानि ॥१॥
कथं गायत्री त्रिवृतं व्याप कथं त्रिष्टुप् पञ्चदशेन कल्पते ॥
त्रयस्त्रिंशेन जगती कथमनुष्टुप् कथमेकविंशः ॥१॥
अथर्व. कां. ८, अ. ५ ऋ ११ ।२०


गौरं शोण नी. कृ. कपिशं सारङ्गं शुक्लं

अस्मिंश्चनिर्दिष्टे संवत्सरचक्रे यद्यपि निर्देशलाघवाय एकस्मादेव स्थानादारब्धानि सर्वाणि च्छन्दांसि, अथापि तेषामारम्भणीयस्थानानि देवताविशेषैः प्रतिपत्तव्यानि। अग्नितारातो गायत्र्याः १. सवितृत उष्णिहः २. सोमादनुष्टुभः ३. बृहस्पतेश्च बृहत्याः ४. वरूणात् पङ्क्तेः ५. इन्द्रादेव त्रिष्टुभः ६. अथ विश्वेभ्यो देवेभ्यो जगत्या ७. उपक्रमणात्। एतदभिप्रायेणै तेषां देवानाम —

अग्नेर्गायत्र्यभवत् सयुग्वोष्णिहया संविता संबभूव।
अनुष्टुभा सोम उक्थैर्महस्वान् बृहस्पतेर्बृहती वाचमावत् ॥ (ऋ १० ।१३० ।४)

## टिप्पणीक्रमांक ८८ की समाप्ति पर —परिलेख द्वितीय

### सप्तदेवच्छन्दोमय-सौररथचक्रपरिलेख: —



वायु पुराण (अध्याय ५२) ब्रह्माण्डपुराण पूर्वभाग (२२) विष्णु पुराण द्वितीय अंश (अध्याय ८.९.१०) तथा मत्स्यपुराण आदि प्रमुख रूप से द्रष्टव्य है।

गायत्री आदि सात छन्दों के पक्ष प्रष्टि आदि रूपों का सोपपत्तिक विशद वर्णन छन्दः समीक्षा पृ. २७८ में इस प्रकार बताया गया है :—

सूर्यो हि दिविच्छन् त्रिशत्युत्तरषष्टितमे दिवसे पुनः प्राक्तनं स्थानम् आगच्छन् यं पन्थानम् आश्रयति तद् अयनं वृत्तंत्रिशत्युत्तरषष्ट्यंशौ : अंकितं याम्योत्तरतः च एकांशेन विपुलं द्रष्टव्यम्। तदीययाम्यरेखातः दक्षिणतः द्वयंशान्तरेऽपरारेखा तावदंशांकिता, ततोऽपि दक्षिणेन अंशान्तरे अन्या, ततः रेखाः कार्या। तदित्थम् अष्टरेखाभिः सप्तपर्वा सूयमार्गः। तत्र सर्वदक्षिणे पर्वणि पञ्चदशभिः पञ्चदशभिः अंशैः विभागे कृते चतुर्विंशतिः विभागा लभ्यन्ते, तदतः चतुर्विंशत्यक्षरा इयं गायत्री द्रष्टव्या ।१।

तदुत्तरपर्वणि च पादार्धोनैः त्रयोदशभिः त्रयोदशभिः अंशैः अष्टाविंशतिः विभागाः विभागाः स्युः, ततः तावदक्षरा सा इदम् उष्णिक् संसिद्धा ॥२॥

ततोऽपि उत्तरपर्वणि सपादैकादशांशैः कृत्वा द्वात्रिंशद् विभागलाभात् तावदक्षरा सेयम् अनुष्टुप् सिध्यति ।३।

अथ मध्यमपर्वणि सूर्यबिम्बाधिष्ठिते दशभिः दशभिः अंशैः मर्यादायां षट्त्रिंशद्विभाग सिद्धौ तावदक्षरायाः बृहत्याः सिद्धिः ।४। एवं तदुत्तरपर्वणि नवांशैः कृत्वा चत्वारिंशदक्षरायाः पंक्तेः ।५। तदुत्तरश्च पादोनपादेन सपादैकादशकलात्मकेन सहितैः अष्टशैः कृत्वा चतुश्चत्वारिंशदक्षरायाः त्रिष्टुभः ।६। तथा सर्वोतर पर्वणि सार्धसप्तांशैः कृत्वा अष्टाचत्वारिंशदक्षरायाः जगत्याश्च संसिद्धिः द्रष्टव्या ।७।

पूज्य स्वामी श्री सुरजनदासजी द्वरा किया हुआ इसका सारानुवाद (पृष्ठ १२५ भूमिक भाग) निम्नलिखित है :—

सूर्य आकाश में भ्रमण करता हुआ ३६६ (मूलके अनुसार ३६०) दिनों में पुनः अपने पूर्वस्थान पर आता हुआ जिस मार्ग का आश्रय लेता है वह ३६० अंशो से अंकित अयनवृत्त दक्षिण व उत्तर की ओर एक एक अंश बड़ा है। अयनवृत्त की दक्षिण रेखा से दक्षिण की ओर दो अंशों की दूरी पर एक रेखा, (फिर) दो अंशों (की दूरी) से अंकित दूसरी रेखा बनानी चाहिये। उस रेखा से भी दक्षिण की ओर एक रेखा तथा उससे भी दक्षिण की ओर पाँच अंशो की दूरी पर एक रेखा और बनानी चाहिये। इसी प्रकार उत्तर की रेखा से उत्तर की ओर भी तीन रेखा बनानी चाहिये। इस प्रकार आठ रेखाओं से सात पर्व वाला सूर्य का मार्ग है जिस पर सूर्य भ्रमण करता है। उस मार्ग में सब से दक्षिणवर्ती पर्व में १५-१५ अंशों से विभाग करने पर २४ विभाग सिद्ध होते हैं। इसलिये इस पवामाला छन्द गायत्री २४ अक्षरों वाला है। इस सर्वदक्षिण पर्व से $१२\frac{१}{२}$, $१२\frac{१}{२}$ अंशों से २८ विभाग बनते हैं। इसलिये इस पर्व वाला छन्द उष्णिक् २८ अक्षर वाला है। इससे भी उत्तरवर्ती पर्व पर $११\frac{१}{४}$, $११\frac{१}{४}$ अंशो के विभाग से खगोल के दूर विभाग सिद्ध होते हैं। अतः इस पर्व का छन्द अनुष्टुप् ३२ अक्षरों वाला है। इसके

बाद वह पर्व जो मध्यवर्ती है तथा जिस पर सूर्य अवस्थित है उसके १०, १० अंशों म ३६ विभाग होते हैं। अत: इस पर्व पर रहने वाला पंक्ति छन्द ४० अक्षर वाला है। इस पर्व से उत्तरवर्ती पर्व पर पादोनपाद अर्थात् ४५ अक्षरों वाला होता है। इसके बाद सर्वोत्तर- वर्ती पर्व को साढ़े सात अंशों से विभक्त करने पर खगोल के ४८ विभाग होते हैं, अत: इस पर्व पर रहने वाला छन्द जगती ४८ अक्षरात्मक है।

श्री ओझाजी ने छन्द:समीक्षा में 'सूर्यमण्डलपरिलेख' भी दिया है (पृ. २७९) पण्डितवर्य मोतीलालजी शर्मा शतपथविज्ञानसाष्य में 'सप्त देव च्छन्दोमय' सौररथ चक्र परिलेख दिया है। दोनों परिलेख यहाँ दिये जा रहे हैं, सम्भूय अध्ययन विषय कोस्पष्टता के लिए विशेष उपयोगी है।

संशयतदुच्छेदवाद (पृ.९२) में शुक्ल कृष्णमार्ग प्रसंग में संक्षेप में यह विषय दिया गया है :—

यावत् खगोलं परितोऽवलोके तत् पञ्चधा भक्तमित: प्रतीम: ।<br>
पृथ्वी परिक्रामति सूर्यमेतं येनाध्वना मध्यमभाग एष: ॥<br>
भूमार्गतो भू: कुटिला ध्रुवद्वयान्तर्वैषुवं मध्यममण्डलं भुवि ॥<br>
ततश्च वृत्तत्रयमस्ति दक्षिणे तथोत्तरे सप्तसु दृश्यते रवि: ॥<br>
द्वादशाष्टचतुरंशत: क्रमाद् वैषुवादुदगवाक् त्रयं त्रयम् ।<br>
छन्दसां भवति तैश्च सप्तभि: छन्दितो रविरुदूह्यते हयै: ॥

साथ के परिलेखवृत्ताकार में देखिये मध्य में बृहती पर सूर्य है, इससे उत्तर में केन्द्र से परिधि की ओर क्रमश: १२, ८, ४ अंशो पर पंक्ति त्रिष्टुप् और जगती छन्द हैं। इसी भांति अवाक् अवाची अर्थात् दक्षिण में अनुष्टुप् उष्णिक् और गायत्री हैं। बृहती सहित ये छ छन्द सूर्य के सप्त अश्व है। (परिलेख प्रथम व द्वितीय)

८९ वय: वयुन की कुक्षि में अन्न रूप से है तथा वयुन का स्वरूपसम्पादक है अत: आत्म धर्म तो है ही किन्तु कतिचिद् वयोभाग कतिपय अनात्मधर्मों के रूप में भी होता है। यह कथन का वास्तविक अभिप्राय है।

९० ये ही भाव अत्यन्त सुस्पष्ट रूप में रजोवाद के प्रारम्भ में मितिप्रतिज्ञा सूत्र में इस प्रकार बताये गये है :—

यत्वाहुरेकेस्ति हि विभ्वखण्डं ह्यानन्तमेकं किमपीह वस्तु ।<br>
ततोऽखिलं विश्वमिदं प्रजातं, नैतन्मतं साधु वयं तु विद्म: ॥७ ॥<br>
यदत्र पश्यामि मितं तदीक्ष्यते, पृथ्वी मिता द्यौश्च मितान्तरं मितम् ।<br>
मितंच गृह्णाति हि गृह्णती मति, स्तस्मादमीषां मितमस्ति कारणम् ॥८ ॥<br>
यदेतमारम्भणमस्ति तद् ध्रुवं मितं स्वरूपेण च संख्ययापि च<br>
मिता अवस्थाश्च मिता विशेषका मितास्य सृष्टिर्मितमेव तज्जगत् ॥९

संख्यातुमीष्टे न कदाप्यणूँस्तान् तथाप्यनन्ता अणवो न सन्ति ।
यदप्रमाणं हि तदप्रमाणं न सप्रमाणं हि तदप्रमाणम् ॥१० ॥

९१ यहाँ पद्य के चतुर्थ चरण में 'नेत' था जिसे 'तेन' करके हेतु में लेते हुए 'अत:' अर्थ किया गया है । ऊपर टिप्पणी ९० में उद्धृत नवम दशम पद्य इस पद्य के भाव के समर्थक है ।

९२ मितमितग्राहिमतिर्न चामितं, का पदच्छेद 'मिता मितग्राहिमति: न च अमितं गृह्णाति' है । मितग्राहिमति में कर्मधारय है अत: मितग्राहिणी का स्त्रीत्व हट कर इन् का मूलरूप जिसे व्याकरण में पुँस्त्व या पुंवद्भाव कहा गया है आ जाता है, मितग्राहिमति का विशेषण मिता है । ऊपर ९० में उद्धृत 'मितं च गृह्णाति हि गृह्णती मति: 'पद्यभाग इसे स्पष्ट करता है ।

९३ इसी पद्य के उत्तरार्ध में तथा १४३-१४४ पद्यो में पर्यय के उदाहरण दिये गये हैं। सदसद्वाद के चतुर्थ प्रस्थान अभिकार्यवाद में पर्याय के निम्नलिखित उदाहरण दिये गये हैं (पृष्ठ ३८)

लोष्टो घट: पिण्डकपालमित्थं केनापि रूपेण मृदो ध्रुवं स्यु: ।
न कारणं कार्यमिहास्ति किञ्चित् पर्यायरूपाणि मृदस्तु तानि ॥१५ ॥

वेदधर्मव्याख्यान, (द्वितीय भागधर्मचतुर्व्यूह समादेश पृ. ८) में भी पर्याय कटककुण्डल स्वस्तिकरूचकादीनां सुवर्णं कारणमुच्यते, कटकादयस्तु पर्याया उच्यन्ते' के रूप में इन्हीं उदाहरणों से बताया गया है ।सम्भवत: इनउदाहरणों में पातञ्जल महाभाष्य आधार है:—

'एवं हि दृश्यते लोके, मृत् कयाचिदाकृत्या युक्ता पिण्डो भवति, पिण्डाकृतिमुपमृद्य घटिका: क्रियन्ते, घटिकाकृतिमुपमृद्य कुण्डिका: क्रियन्ते । तथा सुवर्णं कयाचिदाकृत्या युक्तं पिण्डो भवति, पिण्डाकृतिमुपमृद्य रुचका: क्रियन्ते, रुचकाकृतिमुपमृद्य कटका: क्रियन्ते, कटकाकृतिमुपमृद्य स्वस्तिका: क्रियन्ते प्रथमपाद प्रथम आह्निक कट कडा, रूचक -अंगूठी, कण्डभूषण, माल्य प्रथमाध्या स्वास्तिक त्रिभुजाकार शिरोभूषण ।

९४ प्रस्तुत एवम् अग्रिम पद्य के जैसे भाव संशयतदुच्छेदवाद (पृष्ठ ६९) तथा ब्रह्मसिद्धान्त (पृ.२२४) में भी व्यक्त हुए हैं:—

(क) इत्थं प्रवाहोऽयमनाद्यनन्त: प्रवर्तमान: प्रतिपद्यते यत् ।
तस्मान्न पूर्वत्वपरत्वभावं न कार्य कारणते च मन्ये ॥सं. ६३

(ख) अयं प्रवाह: प्रथमं कदा पुरा प्रावर्ततान्तोऽस्य कदेति के विदु: ।
अनाद्यनन्त: सततं सनातनो बलप्रवाहो ब्रहते स एकवत् ॥ब्रसि. २२४ पृ.
या क्रमधारेह रसे प्रवाहिता सानाद्यनन्ता न विम्यते यत: ।
तस्मादविश्रान्तनिरन्तरक्रमादनाद्यनन्तं जगदेतदिष्यते ॥
नित्यानुवृत्तक्षणिकस्य दृश्यते हेतुर्नतूत्थाननिपातयो: पृथक् ।
प्रावाहिकस्यापि पृथङ् न दृश्यते हेतु: प्रवाहे सततानुवर्तिनि ॥२३२

# दशवादरहस्य-गत आवरणवाद-टिप्पणी

१ यहाँ यह ध्यान रहे कि वय: वयोनाध और वयुन के त्रिक से आवरण के कथन की भाँति ज्योति यज्ञ और वयुन का त्रिक नहीं है । ये तीनों स्वतन्त्र हैं । प्रथम विकल्प है वय और वयोनाध से वयुन, दूसरा विकल्प ज्योति है जो स्वयं ही वय है तथा वयोनाध है, इनकी युति से वस्तु निष्पति है । तृतीय विकल्प यज्ञ है, विश्व के यावन्मात्र पदार्थ प्राण वाक् मनोमय हैं, इनका उत्तरोत्तर भोज्यभोक्तृभाव यज्ञ है और यह यज्ञ ही पदार्थों का जनक है । इस प्रकार आवरणवाद यहाँ तीन विकल्पों में बताया गया है ।

२ 'वयुनम्' विकल्प से सम्बद्ध सभी पद्य पूर्व में 'आवरणवाद' में आ चुके हैं । यहाँ का तृतीय पद्य आवरणवाद का आरम्भक पद्य है । चतुर्थ पद्य आवरणवाद का चतुर्थ पद्य है । पञ्चम पद्य आवरणवाद के सप्तम अष्टम पद्यों का अर्धभाग है तथा थोड़ा सा पाठ भेद है वहाँ 'छन्दो वयोनाध इति प्रतीयाच्छन्द स्तदत्रं कुरुते पिनद्धम्' सप्तम का पूर्वार्ध तथा 'छन्दस्यभेदाच्च वयस्यभेदात् प्राणो द्विधा तत्र वय: प्रधानम्' अष्टम का उत्तरार्ध है । वहाँ के ६-७ पद्य आवरणवाद के अनुभाव प्रकरण में क्रमश: ९०, ९२ क्रम के पद्य है । अत: विस्तार से टिप्पणी में वहीं द्रष्टव्य है ।

३ ब्रह्मविनय:अव्ययानुवाक में मन के चित् और चेतना रूप में दो भेद बताये गये है इनमें चित् नाभिगत कन्दल है, इससे उठी हुई तथा चारों ओर व्याप्ति से सम्पन्न आवरण रूप चेतना है, चित् की चेतना रूप प्रसार सीमा ही वर्ष्म वपु शरीर यत् वयुन है । मूल पद्यों से इसका स्पष्ट रूप सामने आ जाता है : — पृष्ठ ९७

विच्चेतना चेति मनो द्विधा, यच् चित् कन्दलं नाभिगतं, तदुत्था ।
सा चेतना व्याप्तिमती समन्ताद्, यावत् प्रमाणादियदेव वर्ष्म ॥६७३
या चेतना याच्चिदुभे अपीमे दिग्देशकालाप्रमिते अरूपे ।
प्राणेन धर्त्रा प्रमितेन योगात् प्रमाणतस्ते भवतो गृहीते ॥ ६७४
तावत् प्रमाणात्वियमत्र या वाक् तयाभिपन्ने भवतोऽप्युभे ते ।
नाभौ तत: कन्दलपिण्ड एव क्षेत्रं समन्तात् प्रसृतं वपु: स्यात् ॥६७५

इस दृष्टि से मूल मे 'कन्दलमस्य नाभौ' में आये 'अस्य' पद से प्रकान्त भास्कर को तो लिया ही गया है प्रकरण के अनुसार यह वयुन का ग्राहक भी है । आगे के पद्य में पदार्थों को स्वत:प्रकाश परत:प्रकाश तथा रूपप्रकाश में विभाजित कर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि विश्व के यावन् मात्र पदार्थ ज्योति:समुत्थ हैं । षोडश गुणात्मक ज्योति: के विषय में शान्तिपर्व में कहा गया है : —

ज्योति: पश्यति रूपाणि रूपं च बहुधा स्मृतम् ।
ह्रस्वो दीर्घस्तथा स्थूलश्चतुरस्रोऽनुवृत्तवान् ॥१८४.३३
शुक्ल: कृष्णस्तथा रक्त: पीतो नीलारुणस्तथा ।
कठिनश्चिक्कण: श्लक्ष्ण: पिच्छिलो मृदुदारुण: ॥३४ ॥
एवं षोडशविस्तारो ज्योतीरूपगुण: स्मृत: ।

४ प्रजापति एवं वेद रूप द्विधा विभक्त यह यज्ञ ही वयुन या पदार्थजात है यह है आवरण-वाद का तृतीय विकल्प जो १० से १७ तक ८ पद्यों में व्यक्त किया गया है।

५ 'प्राणो वै दिव: (शत. ब्रा. ६.७.४.३) तथा 'प्राणोऽ सौ (द्यु) लोक:' (१४.४.३.११) जैसे श्रुतिवाक्यों से द्यौ का प्राणत्व अथवा प्राण का द्यौरूप प्रसिद्ध है।

६ 'भुजपालनाभ्यवहारयो:' धातुसूत्र से भुज के दोनों अर्थ पालन और अभ्यवहार प्रसिद्ध हैं ही किन्तु 'भुजोऽनवने'(१.३.६६) सूत्र से पालन भिन्न अर्थ में आत्मनेपदत्व की विधि है, फलत: रक्षा अर्थ में परस्मैपदत्व नियमित हो जाता है। यहाँ इन दोनों अर्थों में श्री ओझाजी का इस धातु का दोनों पदों में प्रयोग विषय-विभाग को स्पष्ट रूप से बता रहा है।

७ यज्ञ का यह स्वरूप वेदवीथिपथिकों को दृढ़ हो जावे इस दृष्टि से श्री ओझाजी ने अनेकत्र इस परिभाषा को दिया है :—

(क) चित्तस्य वाचश्च य उत्तरोत्तरि: क्रम: सयज्ञो मत ऐतरेयके।
मनोऽस्ति वाचो मनसोऽस्ति वागियं प्राणस्य यज्ञस्य हि ते सुवर्तनी ॥पृ.२९ ब्र. चतु
(ख) चित्तस्य वाचश्च य इत्थमुत्तरोत्तरि क्रमो यज्ञमिमं प्रचक्ष्महे ॥ २४६ वाँ पद्यरजोवाद
(ग) इत्थं च वाचो मनसो य उत्तरोत्तरिक्रमो यज्ञमिमं विदु: श्रुतौ ।ब्र.वि.पृ.११२ पद्य ८५४
(घ) चेद् वर्तनी वाक् च मनश्च युक्ते प्राणं तु संचारयत: स यज्ञ: ॥ब्र.सिद्धा पृ.८६ पद्य २९१
(ङ) प्राणे हुता वाग् लते मनस्त्वं वाक्त्वं मन: प्राणहुतं क्रमेण।
इत्थं मनो वागथ वाङ्मन: स्यात् पश्यत्यमुं यज्ञमिहैतरेय: ॥संशय. पृ. ६४
चित्तस्य वाच: क्रम उत्तरोत्तरी यज्ञ: स इत्याह तथैतरेयक: ।
(च) अहोरात्रवाद पृ. ४५ पर पद्य ३९ क ब्रह्मचतुष्पदी का संवादी पद्य। स्वयम् श्री ओझाजी ने ऐतरेयब्राह्मण को इसका मूल बताया है। अन्यत्र भी यह यज्ञस्वरूप प्रतिपादित है :—

(क) अयं वाव यज्ञो योऽयं पवते, तस्य वाक् च मनश्च वर्तन्यौ, वाचा च ह्येष एतन्मनसा च वर्तते। जै उपनिषद्ब्राह्मण ३.४.२.१

(ख) अयमु वै पवते स यज्ञ:, तस्य मनश्च वाक् च वर्तनि:, मनसा चैव हि वाचा च यज्ञे वहति। गोपथब्राह्मण, पूर्वभाग ३/२

(ग) अयं वै यज्ञो योऽयं पवते तस्य वाक्च मनश्च वर्तन्यौ वाचाहि मनसा च यज्ञोवर्तत इति । ऐत ब्राह्मण २५/८

८ वस्तुदर्शन में वेद ही माध्यम हैं, इसका यहाँ संकेत मात्र है, ब्रह्मचतुष्पदी छन्दोवेदा: — के अन्तर्गत २० से २२ पृष्ठों पर ३२ पद्यों में इसका विशद विवेचन है। पण्डितवर्य मोतीलाल जी शास्त्रीजी के ग्रन्थों में अनेकत्र इसका सुन्दर स्पष्ट प्रतिपादन परिलेखों सहित हैं, शतपथ हिन्दी विज्ञानभाष्यप्रथम खण्ड द्रष्टव्य है। यहाँ 'अस्ति:' श्तिप् प्रत्ययान्त प्रतिपादिक है। 'अस्ति' अव्यय भी है।

९ वेद और प्रजापति का यह स्वरूप समस्त ओझावाङ्मय में विभिन्न प्रकारों में विस्तार से प्रतिपादित है। यहाँ इसके उपोद्बलक कतिपय वचन ब्रह्मचतुष्पदी एवं ब्रह्मविनय में उद्धृत हैं :—

(क) वेदा: स्वरूपं त्रिभिरस्यवेदै: प्रजापतेर्जीवनमस्ति यज्ञ: ।ब्र.च. पृ. १६

(ख) प्रजापतेरेव समग्रवेदा भवन्ति तस्य श्वसितानि वा ते।
प्रजापतिर्न व्यतिरिच्य वेदान् प्रजापतिर्वेद इति ब्रवीमि ॥२४

(ग) उद्यन्ति वेदा: परित: प्रजापते: प्रजापतावेव पुन: प्रतिष्ठिता:।
विना च वेदैर्न भवेत् प्रजापति: प्रजापतिं वेदमयं ततो विदु: ॥
(घ) एकैक आत्मा स दशाङ्ग इत्थं प्रजापतिर्नाम भवेत् प्रसिद्ध: ॥३९ ॥
(ङ) संस्थाविशेषात् पुरुष: स एव प्रजापति: कथ्यत इत्थमाहहु: (ब्र. विनय पृ.९४ पद्य ३८
(च) वेदैश्च यज्ञैश्च पशुप्रजाभि: स पुरुषो य: परिमण्डितोऽभूत्।
प्रजापतिं तं ब्रुवते त्रिवीर्यं स एष आत्मा ससृजे प्रजा: स: ॥
आत्मा वै प्रजापति: (शत. ४.५.९.२) एष वै प्रत्यक्षं यज्ञो यत् प्रजापति (शत. ४.३.४.३) प्रजापतेर्वा एतानि शमश्रूणि यद्वेद: (तै. ३.३.९.११) स एव पुरुष: प्रजापति रमवत् (शत. ६.१.१.५) जैसे शतश: वाक्य श्री ओझाजी के आधार हैं।

१० यत् इण गतौ धातु का शतृप्रत्ययान्त रूप है, जू: का अर्थ आकाश वाक् आदि है। शतपथ का प्रवचन है- एष हि यन् एव इदं सर्वं जनयति, एतं यन्तम् इदम् अनुप्रजायते, तस्माद् वायुरेव यजु:, अयमेवाकाशो जू: यद् इदम् अन्तरिक्षम् एतं हि आकाशमनु जवते तदेतद् यजु:, वायुश्च अन्तरिक्षं च यच्च जूश्च तस्माद् यजु: (१०.३.५.१.२) 'य आकाश: स इन्द्र:' के अनुसार यन्वायु जू:इन्द्र, इस प्रकार यजु इन्द्रवायु का द्वन्द्व यहाँ बताया गया है। भगवान् व्यास ने उपमा के माध्यम से इनके साहचर्य को—

"जैत्रेण विधिनाऽऽहूत वायुरिन्द्रमिवाध्वरे" कर्णपर्व १६/२५

११ 'तनु विस्तारे' धातु से तनु: शब्द व्युत्पन्न है अत: देवों से तायमान यज्ञ ऐसा अर्थ है, इस यज्ञ से देवों का महिम रूप में विस्तार होता है अत: भी यह देवतनु है।

१२ यहाँ आवरणवाद के अनेक नाम देने का अभिप्राय यह है कि जहाँ भी आवरणभाव पाया जावे चाहे मूल प्राण हों छन्द हों ज्योति हो यज्ञ हो अथवा माया हो आवरण की प्रधानना से वह आवरणवाद ही है।

# ब्रह्मविनयगत आवरणवादानुगम से सम्बद्ध टिप्पणियाँ

१ यद्यपि विनय के ३२ पृष्ठ पर ३७६ वें पद्य से ३८३ वें पद्य तक ८ पद्यों में आवरणवाद का स्वरूप संक्षेप में बताया गया है जिसका यहाँ अनुवाद किया गया है तथापि आवरणवाद का विषय विनय में अनेकत्र है। उनका निर्देश यहाँ प्रस्तुत है :—

(क) व्यक्तिबलत्रयाख्यान (पृष्ठ ४९-५२, पद्य ११२-१५९ ४८ पद्यों) में नाद्य वय और वयुन को व्यक्ति बल का निर्माता बताकर इन नाद्य आदि के स्वरूप का विस्तार से स्वरूप वर्णन है।

(ख) विराजि विवर्तरुपाणि (पृष्ठ ९१, ६००-६०५ ६ पद्य) में वयोनाध वय वयुन का अशीति अर्क आदि के रूप में विचार।

(ग) बल नाना विध्यात् सर्वदोषपरिहार: (पृ. १०६-१०८ पद्य ७८७-८०९ २३ पद्य) रस में बल की प्रवर्तक और निवर्तक रूप द्विधा प्रवृत्ति से संवरणरूप सृष्टि में दोषों का अभाव बताना।

(घ) गद्यमय परात्पर (पृ. १४५) विचार में वयुन वय और वयोनाध की दो दो विधा बताकर उन पर विचार।

२ आवरणवादानुगम में रस और बल को प्रधान मानकर आवरण का विचार किया गया है जो पूर्व दोनों ग्रन्थों से सर्वथा भिन्न है। यहाँ वयोनाध बल है, बल या वयोनाध से धादित रस वय है। इसी से सच्चिदानन्द ब्रह्म और उसके विवर्त का यहाँ संक्षिप्त विचार है। क से घ तक ऊपर बताये प्रकरणों में इन्हीं का व्याख्याकल्प विस्तृत विचार है। आवरणवाद के स्वरूप को समझनें के लिए इन सबका विचार अपेक्षित है।